# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

## अष्टम पुष्प : ( सत्र : 2024-2025 )

## जन्म शताब्दी वर्ष : 2025


**न्यासी मंडल**

डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष)

श्रीमती आशा रावत (सचिव)

श्रीमती मालती मिश्रा (न्यासी)

श्रीमती रेखा अवस्थी (कोषाध्यक्ष)

डॉ. रचना मिश्रा,

श्रीमती प्रमिला मिश्रा व संकल्प मिश्र



**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास**

नेह निकुंज, बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.)

नीलकंठ धाम, ग्राम-धवर्रा (नौगांव), जिला-महोबा-471201 (उ.प्र.)

# अनुक्रम


1. पं. गणेश प्रसाद मिश्र : तपस्वी जीवन, प्रेरक व्यक्तित्व 7
2. ममता व करुणा की प्रतिमूर्ति मां शांति मिश्रा 9
3. अध्यक्षीय मनोगत : 12
4. कार्यक्रम विवरण :
    1. श्री रामनवमी शोभा यात्रा 37
    2. मतदान उत्सव 39
    3. श्रीमती शांति मिश्रा जी की सप्तम पुण्यतिथि पर सुंदरकांड एवं सप्तम पुष्प लोकार्पण 41
    4. माता जी की पुण्यतिथि पर सुंदरकांड 45
    5. वृक्षारोपण अभियान 46
    6. वृक्षारोपण अभियान 47
    7. चौबीसवीं स्वास्थ्य परिचर्चा 48
    8. सप्तम पुष्प लोकार्पण 52
    9. वृक्षारोपण अभियान 55
    10. अधिवक्ता सम्मान समारोह 57
    11. योग शिविर एवं समर कैंप 59
    12. स्व. कुलदीप सक्सेना जी की स्मृति में पौधारोपण 61
    13. संस्कृत पाठशाला में सामग्री वितरण 63
    14. ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर 65
    15. पच्चीसवीं परिचर्चा 69
    16. विश्व पर्यावरण दिवस 72

| | | |
|---|---|---|
| 17. | वट सावित्री पर्व | 74 |
| 18. | विशेष अवसरों पर वृक्षारोपण अभियान | 76 |
| 19. | समृद्ध किसान-समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन (उद्घाटन समारोह) | 79 |
| 20. | समृद्ध किसान-समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन (समापन समारोह) | 86 |
| 21. | सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रासलीला | 90 |
| 22. | दद्दा जी की जन्म शताब्दी पर वृक्षारोपण अभियान | 91 |
| 23. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 96 |
| 24. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 98 |
| 25. | प्रतिभा सम्मान समारोह | 100 |
| 26. | चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल का उद्घाटन | 103 |
| 27. | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर | 106 |
| 28. | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर | 108 |
| 29. | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर | 110 |
| 30. | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर | 113 |
| 31. | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर | 115 |
| 32. | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर | 117 |
| 33. | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर | 119 |
| 34. | 42वां मेदांता स्वास्थ्य शिविर (प्रथम दिवस) | 120 |
| 35. | दद्दा जी की जन्म शताब्दी पर 42वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर (द्वितीय दिवस) | 124 |
| 36. | हर घर तिरंगा अभियान | 129 |
| 37. | न्यास मुख्यालय में ध्वजारोहण | 131 |
| 38. | अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव हेतु बैठक | 133 |
| 39. | सतना हाफ मैराथन : 2024 (पंचम संस्करण) | 137 |
| 40. | तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामलीला (प्रथम दिवस) | 147 |
| 41. | सम्पूर्ण रामायण (द्वितीय दिवस) | 151 |
| 42. | सम्पूर्ण रामायण (तृतीय दिवस) | 153 |
| 43. | श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर स्वास्थ्य शिविर | 156 |
| 44. | अपना सपना हरा भरा सतना अभियान | 158 |


| | | |
|---|---|---|
| 45. | 'अपना सपना-हरा भरा सतना अभियान' | 160 |
| 46. | डॉ. मानिकचंद्र गुप्ता जी के पूर्वजों की स्मृति में वृक्षारोपण | 162 |
| 47. | जन्मदिवस पर पौधारोपण | 165 |
| 48. | आगामी कार्यक्रमों हेतु बैठक | 167 |
| 49. | जन्म दिवस पर पौधारोपण एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर | 170 |
| 50. | चलता फिरता मुफ्त अस्पताल एवं स्वास्थ्य शिविर | 173 |
| 51. | कलेक्ट्रेट एवं महदेवा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर | 176 |
| 52. | स्वास्थ्य शिविर में सम्पूर्ण जाँचें | 179 |
| 53. | पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की अष्टम पुण्यतिथि पर भक्तमाल कथा एवं श्रद्धांजलि सभा | 181 |
| 54. | सतना महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी के जन्मदिन पर वृक्षारोपण अभियान | 184 |
| 55. | सेवा न्यास की कार्य योजना बैठक | 185 |
| 56. | वृक्षारोपण अभियान | 188 |
| 57. | 43वां नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर | 189 |
| 58. | स्व. श्रीमती बिमला रानी मल्होत्रा की स्मृति में सौ वृक्षों का रोपण | 191 |
| 59. | अष्टम व्याख्यानमाला | 193 |
| 60. | एक पात्रीय नाट्य मंचन (श्रीराम) | 199 |
| 61. | एक पात्रीय नाट्य मंचन (योद्धा सन्यासी) | 201 |
| 62. | प्रयागराज महाकुंभ शुभारंभ (श्रीमद्भागवत कथा) | 202 |
| 63. | श्रीमद्भागवत कथा का समापन व पूर्णाहुति | 204 |
| 64. | 76वां गणतंत्र महोत्सव सतना | 205 |
| 65. | 76वां गणतंत्र महोत्सव धवर्रा | 207 |
| 66. | सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार (बसंत पंचमी) | 208 |
| 67. | सरस्वती पूजन समारोह | 210 |
| 68. | पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (प्रथम दिवस) | 211 |
| 69. | पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (द्वितीय दिवस) | 213 |

70. पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (तृतीय दिवस) 215
71. पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (चतुर्थ दिवस) 217
72. भजन संध्या एवं मनमोहक जीवंत प्रस्तुतियाँ 219
73. पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (पंचम दिवस) 220
74. पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (षष्टम् दिवस) 222
75. भजन संध्या एवं संगीतमय सजीव झांकियाँ 223
76. पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (सप्तम दिवस) 224
77. महाशिवरात्रि महोत्सव 225
78. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 227
79. "भूले बिसरों का महाकुंभ मिलन" एवं सम्मान समारोह 230
80. चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल स्वास्थ्य शिविर 233
81. चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल स्वास्थ्य शिविर 234
82. पौधारोपण अभियान 236
83. चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल स्वास्थ्य शिविर 238
84. गंगाजल पूजन एवं वितरण शुभारंभ 240

5. मुद्रित सामग्री 251

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र : तपस्वी जीवन, प्रेरक व्यक्तित्व

## स्व. गणेश प्रसादजी : एक तपस्वी जीवन




**जन्मतिथि : 18.07.1924 ( श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत् 1981 )**
**स्मृतिशेष : 01.11.2016 ( कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत् 2073 )**

श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीय तिथि विक्रम संवत 1981 तदनुसार 18 जुलाई, 1924 को पं. नीलकंठ मिश्र (दाऊजी) के इकलौते पुत्र के रूप में जन्म लेने वाले पं. गणेश प्रसाद मिश्र (ददाजी) का जीवन राष्ट्र एवं समाज के लिए समर्पित रहा। नौगाँव नगर के निकट ग्राम धवर्रा निवासी पं. गणेश प्रसाद मिश्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पीढ़ी के स्वयंसेवक रहे। पोस्टमास्टर से जीवन के कॅरियर की शुरुआत कर झाँसी में संघ प्रचारक बने। सन् 1948 में महात्मा गांधी हत्या के आरोप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध के समय छह माह का कारावास हुआ। आपातकाल में भूमिगत रहकर 18 माह सक्रिय रहकर कार्य किया। हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत के प्रकांड विद्वान् पं. गणेश प्रसाद मिश्र एक मृदुभाषी, अनुशासनप्रिय व्यक्ति थे। उन्होंने कृषि कार्य में रुचि रखते हुए चिकित्सा के क्षेत्र में 'वैद्य' की उपाधि प्राप्त की। पुराने लोग उन्हें आज भी 'बड़े डॉक्टर साहब' के नाम से जानते हैं। 'दद्दाजी' के नाम से सुविख्यात वे तृतीय वर्ष शिक्षित होकर आजीवन संघ के सक्रिय स्वयंसेवक रहे। शिक्षक के नाते अनेक संघ शिक्षा वर्गों में एक-एक माह शिक्षक बनकर जाते रहे। शिक्षादान जैसे कार्य में उनकी विशेष रुचि होने से उन्होंने गणित, अंग्रेजी संस्कृत के विषय में बी.ए., एम.ए. के अनेक छात्र-छात्राओं को सदैव ज्ञानोपार्जन कराया। सरस्वती शिशु मंदिर, नौगाँव में आचार्य से लेखापाल तक उनका शानदार प्रदर्शन रहा। वे आजीवन गौसेवा में रत रहे। अपने अंतिम समय में पांच गायों की सेवा-सुश्रूषा ही उनका मुख्य कार्य हो गया था। सागर संभाग में जब कोई प्राइवेट आई.टी.आई. नहीं

थी तो उन्होंने कंपनी बाग ईसानगर रोड नौगाँव में आई.टी.आई. प्रारंभ की, जो उत्तरोत्तर उन्नति करती गई। उनको चार पुत्रियाँ, एक पुत्र, पुत्रवधू व पौत्र हैं। शिक्षा के प्रति उनकी रुचि का ही परिणाम था कि उन्होंने अपनी चारों पुत्रियों को मास्टर डिग्री तथा बी.एड. तक शिक्षित कराया। वहीं एक पुत्री व पुत्र को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी कराई। सभी पुत्रियाँ भी शिक्षकीय कार्य में हैं। वहीं पुत्र संघ के प्रचारकों की श्रेणी में आकर अ.भा. विद्यार्थी परिषद् के प्रांत अध्यक्ष, प्रांत प्रमुख व प्रांत संगठन मंत्री महाकौशल प्रांत के दायित्वों का निर्वहन करता रहा है। डॉ. राकेश मिश्र भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाहजी के कार्यकारी सचिव के रूप में दिल्ली में कार्यरत रहे हैं। वर्तमान में भाजपा मुख्यालय में वे अनेक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

श्री मिश्रजी ने अयोध्या आंदोलन में 1990 की कार सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। 1992 में विवादित ढाँचा विध्वंस में छतरपुर जिले के दो कारसेवकों में से वे एक थे, जो वहाँ पहुँच सके। 1990 की कश्मीर की 'एकता यात्रा' में डॉ. मुरली मनोहर जोशीजी के नेतृत्व में यात्रा के समापन में लाल चौक पर तिरंगा ध्वज फहराने के लिए गए। भारत भ्रमण व संस्कृति परिचय में उनकी गहन रुचि रही। लेह-लद्दाख में सिंधु दर्शन यात्रा रही हो या अमरनाथ की यात्रा, वे हर जगह सपत्नीक सहभागी रहे। अरुणाचल प्रदेश का परशुराम कुंड हो या कन्याकुमारी में धनुषकोटि तथा गंगोत्री में गौमुख तक की दुर्गम यात्रा या गंगासागर का पवित्र जल, सभी दुर्गम स्थानों पर आम पर्यटक की तरह उन्होंने यात्राएँ कीं। अपने अनुभवों का लेखन साझा किया। साधनों की शुचिता व नैतिकता के पक्षधर श्री मिश्र ध्येय के प्रति समर्पित, दृढ़ निश्चयी व कठोर परिश्रमी रहे। जब लोग त्योहारों में प्रसन्नता मनाते, वे अपने कार्य में मौन रूप से लगे रहकर दीन-दु:खियों की सेवा में लगे रहते थे।

93 वर्ष को आयु में वे पूर्ण स्वस्थ थे। 16 अप्रैल, 2016 को अचानक हुए मस्तिष्क आघात में वे कोमा में चले गए। नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) व डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में तीन माह तक गहन चिकित्सा हुई। न्यूरो चिकित्सकों के लिए इतनी उम्र का यह पहला केस था, जिसमें रोगी इतनी तीव्र गति से ठीक होकर पुन: नौगाँव अपने घर पर ही विश्राम करने लगा। डॉक्टरों का मत था कि इनकी गौसेवा, खानपान, दिनचर्या से ही इनका जीवन प्रेरणादायी है। 1 नवंबर, 2016 को प्रात: 6:30 बजे वे इस लोक से मुक्ति पाकर गोलोक धाम को प्रस्थान कर गए। अंतिम संस्कार में देश-विदेश की महान् हस्तियों के शोक संदेश प्राप्त हुए। संपूर्ण जिले के प्रमुख व्यक्तियों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की। दिल्ली से लेकर गाँव तक शोक की लहर दौड़ गई।

**ऐसे महान् प्रेरक व्यक्तित्व को प्रणाम और विनम्र श्रद्धांजलि!**

**॥ विनम्र प्रणाम ॥**

# ममता व करुणा की प्रतिमूर्ति मां शांति मिश्रा

## पति : स्व. श्री गणेश प्रसाद मिश्र ( दद्दाजी )




**जन्मतिथि : 02.08.1927 ( श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी, विक्रम संवत् 1984 )**
**स्मृतिशेष : 15.04.2017 ( वैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत् 2074 )**

ममता की मूर्ति, करुणामयी, सौम्य, मृदुभाषी एवं शांत, यथानाम तथागुण मां 'शांति देवी' ने हमेंशा कर्तव्यों के प्रति सचेत रहते हुए अपने नाम को चरितार्थ किया। 2 अगस्त, 1927 को सिंगरावन कलाँ (मायका) में पुराने जमींदार की बेटी के रूप में जन्म लेकर बड़े ही लाड़-प्यार में पली थीं। मात्र तेरह वर्ष की उम्र में विवाह-बंधन में बँधकर एक अत्यंत सामान्य परिवेश में आ गईं और उनकी परीक्षाओं का दौर प्रारंभ हो गया।

पति स्व. श्री गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में रचे-बसे, घर-बार छोड़कर देशसेवा हेतु चले जाने के पश्चात् पतिपारायण होकर दोनों कुलों की मर्यादाओं का निर्वहन बड़ी दृढ़ता के साथ किया। पाक-कला में निपुणता, ससुराल की अकेली बहू द्वारा सभी का मान-सम्मान आदि दायित्वों का निर्वहन करते हुए वे ससुराल में अपनी बड़ी ननद (स्व. इंद्रा बाई), जो मां तुल्य थीं, की प्रिय बन गईं।

सन् 1948 में पति झाँसी में पोस्टमास्टर की सेवा से त्याग-पत्र देकर संघ कार्य में प्रचारक हो गए। गांधीजी की हत्या के समय पति के छह माह जेल में रहने पर उन्होंने बड़े साहस के साथ अपने वृद्ध सास-ससुर एवं ननद का सहयोग किया। वे बड़ी धर्मपरायण, कर्तव्यनिष्ठ, मृदुभाषी एवं स्पष्ट बोलनेवाली थीं। संपूर्ण परिवार को एक सूत्र में बाँधने की कला में निपुण थीं, जिससे हर व्यक्ति अपने आप को उनसे जुड़ा हुआ पाता था।

विवाह के लगभग 10-12 वर्ष की कठिन परिस्थितियों के पश्चात् उन्होंने क्रमशः

चार पुत्रियों (आशा, मालती, रेखा व डॉ. रचना) तथा एक पुत्र (डॉ. राकेश) को जन्म दिया। उन परिस्थितियों में भी उन्होंने पति व ननद के सहयोग से पुत्रियों को बेटों जैसा लालन–पालन व शिक्षा–दीक्षा प्रदान की। अपने पुत्र–पुत्रियों में भेद न करते हुए उन्होंने सभी का समान लालन–पालन कर उन्हें संस्कारों का धनी बनाया, जिसकी वजह से आज उनकी जीवन–बगिया हरी–भरी और खुशहाल है।

धर्म में उनकी गहन रुचि थी। प्रत्येक तीज–त्यौहार को व्यवस्थित एवं पूरे मनोयोग से मनाती थीं। सोते समय 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' का पाठ जरूर करती थीं। लोककथाओं का उनके पास अथाह भंडार था, जिसका वे समय व परिस्थिति को देखते हुए उपयोग करके बच्चों का मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन कर उनका ज्ञानवर्धन भी करती थीं। शिक्षा के प्रति गहन रुचि होने के कारण उन्होंने पति (दद्दाजी) के सहयोग से अपने आपको पढ़ने–लिखने में पूर्णरूपेण दक्ष कर लिया। पुस्तकें व दैनिक समाचार–पत्र उनकी नियमित दिनचर्या के भाग थे।

उनमें नेतृत्व के भी गुण थे। धवर्रा गाँव में वार्ड मेंबर का चुनाव वे हमेंशा निर्विरोध जीतीं और उप–प्रधान के पद पर रहते हुए उन्होंने अपने कर्तव्यों को भी बखूबी निभाया। पग–पग पर उन्होंने अपने पति का साथ दिया। आपातकाल के दौरान अठारह महीने तक जब दद्दाजी भूमिगत रहे, तब उन्होंने मां एवं पिता की भूमिका बखूबी निभाई और दद्दाजी के देशहित के कार्यों में पूर्ण सहयोग दिया।

भारत–भ्रमण एवं संस्कृति–परिचय में भी उनकी गहन रुचि रही। दद्दाजी के साथ चारों धाम की तीर्थयात्रा, लेह–लद्दाख में सिंधुदर्शन, अमरनाथ एवं गौमुख जैसी दुर्गम यात्राओं में भी सहभागी रहीं। जटाशंकर धाम एवं अबार माता के दर्शन उनके जीवन का महत्त्वपूर्ण पड़ाव था। गौसेवा के प्रति उनका विशेष रुझान था। जब भी समय मिलता, वे गौसेवा में लग जाती थीं।

स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सदैव सतर्क रहतीं एवं अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखती थीं। उनके इस व्यवस्थित जीवन के कारण उनकी स्मृति तीक्ष्ण थी एवं दाँत मजबूत थे। वे बिना चश्मे के लिख–पढ़ लेती थीं। छोटी–मोटी घरेलू दवाइयाँ व नुस्खे उन्हें खूब आते थे। गाँव में वे अनेक महिलाओं व बच्चों की देसी दवाई भी कर देती थीं। इसलिए लोग 'बाई का बटुआ' पूछते रहते थे।

90 वर्ष की आयु में 15 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में अपने पुत्र डॉ. राकेश मिश्र के निवास पर अचानक हृदयाघात के कारण उन्हें डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में ले जाया गया। पुत्रवधू प्रमिला एवं संकल्प (पोते) ने वरिष्ठ चिकित्सकों से उचित चिकित्सीय परामर्श किया; किंतु विधि की नियति के अनुसार वे स्वर्गवासी हो गई। पूरे परिवार में अचानक हुई इस दु:खद घटना से शोक की लहर दौड़ गई।

उस समय उनके पुत्र डॉ. राकेश मिश्र भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक, भुवनेश्वर (उड़ीसा) में थे। यह खबर मिलते ही वहाँ श्रीमती शांति मिश्रा के लिए शोक-सभा एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंतिम संस्कार में देश-विदेश के कई महान् व्यक्तियों के शोक संदेश प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के प्रमुख व्यक्तियों, राजनेताओं एवं अधिकारियों ने स्वयं अंतिम संस्कार में उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**माँ, दादी, परदादी, नानी एवं परनानी सभी रिश्तों को प्रेरणा प्रदान करनेवाली महान् व्यक्तित्व की धनी स्व. शांति मिश्रा को शत-शत नमन एवं वंदन!**

**॥ विनम्र प्रणाम ॥**

# अध्यक्षीय मनोगत :

## 'सेवा परमो धर्मः' के सूत्र पर चल रहा सेवा न्यास

मनुष्य जब समाज के लिए कुछ करता है तब उसे संतुष्टि के साथ ही जीवन की सार्थकता का अनुभव होने लगता है। इसी सोच के आधार पर, भारत के हृदय भाग बुंदेलखंड में विराट व्यक्तित्व और महान कर्मयोगी पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की स्मृतियों को संजोने, उनके सेवाभावी संदेश से समाज को सशक्त बनाने तथा दया, करुणा और ममता की प्रतिमूर्ति माता शांति मिश्रा जी की प्रेरणा से 2017 में पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) के नाम पर स्थापित पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में जो निरंतर कार्य किये हैं। वह स्वयं में संतुष्टि का आधार है और प्रेरणा का स्रोत हैं। स्थापना के आठ वर्ष पूरे हो चुके हैं और हर वर्ष सेवा न्यास ने सेवा भावी होकर समाज को सशक्त बनाने हेतु क्रियाशील रहा है। विभिन्न वर्गों के लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया गया। इस वर्ष को सेवा न्यास के प्रेरणाश्रोत पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया गया। जन्म शताब्दी वर्ष पर धवर्रा ग्राम में विराट बुंदेलखंड किसान सम्मेलन के माध्यम से जहां कृषि और कृषकों को सबल बनाने के लिए अविस्मरणीय आयोजन हुआ, वहीं स्वस्थ समाज के निर्माण के अभियान में नया अध्याय "चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल" के माध्यम से जुड़ा।

स्थापना के बाद से ही न्यास के द्वारा किए गये स्थायी एवं सामयिक कार्यों की सूची लंबी है। न्यास की ओर से भीमकुंड में सभा मंडपम का निर्माण, 43 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, किसानों की समृद्धि के लिए किसानों को सब्जी का प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराना, प्रतिभा सम्मान समारोह, मैराथन का आयोजन, माघ मेला, महाकुंभ में शिविर, स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया गया। न्यास के सेवा कार्यों को संकलित कर प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी अष्टम पुष्प प्रकाशित करते हुए सुखद अनुभूति हो रही है।

दद्दा जी जैसे विराट व्यक्तित्व स्वयं के लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए ही जन्म लेते हैं। समाज और राष्ट्र के लिए उनमें जो सेवा और समर्पण का भाव था, उससे वे महान साधक के रूप में सदैव स्मरणीय रहेंगे और चिरस्मरणीय बनाने हेतु सेवा न्यास कार्य कर रहा है।

न्यास के प्रेरणास्रोत पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की जन्म शताब्दी पर कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन महोबा, प्रयागराज छतरपुर सतना एवं मैहर जिले में किया गया। उनके जन्म शताब्दी वर्ष में 'संपर्क-संवाद-सेवा-समाधान' कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों से संपर्क किया तथा उनसे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को समझकर उसके समाधान का प्रयास किया गया। इस दौरान लोगों से मिले स्नेह ने भाव विभोर किया।

इस बात के लिए भी सुखद अनुभूति हो रही है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने अपनी स्थापना के आठ साल की अल्प अवधि में ही समाज के हर वर्ग और क्षेत्र के लिए वह कर दिखाया, जिसकी कल्पना सामान्यतया नहीं की जा सकती है। समाज की सेवा हो या संस्कृति का संरक्षण, समृद्ध और सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग हो या बुन्देलखंड की बुलंद विरासत को बचाने की बात, सामूहिक पाणिग्रहण संस्कार और कन्या के विवाह में आर्थिक सहयोग हो या सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार, पर्यावरण की रक्षा हो या स्वच्छता अभियान, स्वस्थ समाज का निर्माण हो या प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का अवसर देना, हर दृष्टि से "सेवा परमो धर्मः" और "नर सेवा नारायण सेवा" को चरितार्थ करते हुए न्यास ने मानवता की सेवा के लिए एक ऐसी लकीर खींची है, जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। "सर्वे भवन्तु सुखिनः" को साकार करने के उद्देश्य के साथ ही नित्य प्रतिदिन सेवा न्यास ने मानवता की जो सेवा की है, उससे महज एक क्षेत्र विशेष नहीं, बल्कि राष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी पहचान बना ली है।

देश के विविध शहरों में कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज सेवा, संस्कृति का संवर्द्धन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में न्यास के इस वर्ष के कार्यों का लेखा जोखा न्यास द्वारा प्रकाशित अष्टम पुष्प में प्रकाशित करते हुए बड़ी प्रसन्नता हो रही है। मानवता की सेवा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग, प्रतिभाओं का प्रोत्साहन, बौद्धिक संवर्धन एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों का संकलन इसमें प्रस्तुत किया जा रहा है।

**1. सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया :** स्वस्थ समाज का निर्माण के लिए सेवा न्यास निरंतर सक्रिय रहा है। सेवा न्यास की ओर से अब तक 43 वृहद स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन छतरपुर, सतना, प्रयागराज, महोबा एवं मैहर जिले के विभिन्न स्थानों पर किया जा चुका है, जिसमें गरीब लोगों को मुफ्त उपचार, दवाइयाँ, ऑपरेशन व आवागमन की सुविधा भी प्रदान की जाती रही है। अभी तक 1,13,373 महिला एवं पुरुष लाभान्वित हुए हैं। इन आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के हजारों मरीजों की विभिन्न बीमारियों की हज़ारों रुपये में होने वाली

महँगी जाँचें पूर्णतः निःशुल्क की गईं। इसी तरह 16,480 आंख एवं कान के मरीजों के बीच चश्मा एवं श्रवण यंत्रों का वितरण किया जा चुका है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में असमर्थ लोगों को नेत्र का उपचार प्राप्त हुआ तथा कान की मशीनें पाकर लोग भाव विह्वल हो गए।

**2. अपना सपना-हरा भरा सतना :** न्यास ने पर्यावरण संरक्षण के लिए "अपना सपना, हरा भरा सतना" अभियान 2020 से चलाया, जिसके तहत सतना एवं मैहर जिले में कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण करते हुए धरती पर हरियाली लाने का प्रयास किया है। इसके तहत विभिन्न गांवों में वृक्षारोपण किया गया। लगाये गये पौधों की देखरेख एवं सुरक्षा के लिए नियमित ग्रीन एम्बुलेंस का संचालन किया जाता है। लोगों को न्यास की ओर से विशेष अवसरों पर वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित भी किया जाता है। वृक्षारोपण हेतु हजारों की संख्या में फलदार पौधे विभिन्न अवसरों पर वितरित किए गए। "पॉलीथीन मुक्त भारत" अभियान के तहत न्यास की ओर से अब तक दो लाख से अधिक कपड़े के थैले वितरित किए गए हैं और यह अभियान निरंतर जारी है। प्लास्टिक का चूरा बनाने वाली मशीन सेवा न्यास ने धवर्रा गांव के स्वसहायता समूह को दान में दी है, जिससे प्लास्टिक खेतों को खराब न कर सके।

**3. उन्नत खेती, समृद्ध किसान :** सेवा न्यास कृषकों की आर्थिक उन्नति, उन्नत वैज्ञानिक तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनके लाभ हेतु राज्य सरकारों से पहल करके विभिन्न प्रकार के विभागों की प्रदर्शनी का आयोजन और संचालन में सहयोग प्रदान करता रहा है। गाँव आत्मनिर्भर बने, इस दिशा में विभिन्न गांवों एवं कार्यक्रमों में दस हजार किसानों को सब्जियों के बीज वितरित किए गए। धवर्रा के निकटस्थ गांवों एवं हर खेत तक बिजली पहुंचाकर न्यास ने इस क्षेत्र की तस्वीर बदलने में महती भूमिका निभाई है। हर किसान की आमदनी कई गुना बढ़ जाने से प्रसन्नता का वातावरण है।

**4. प्रतिभाओं को प्रोत्साहन :** सेवा न्यास सांस्कृतिक क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों में पुस्तकें, कॉपी, पेन, छाता, घड़ी, पेंसिल, ड्रेस, टीशर्ट, बिस्तर, चादर, कंबल, बस्ते, ट्रॉफी, क्रीड़ा उपकरण कलेंडर के वितरण के साथ-साथ लोगों में राष्ट्रप्रेम, स्वदेश एवं समरसता का भाव भी जाग्रत करता है। मेधावी एवं विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहनस्वरूप नकद पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र भी प्रदान करता है। सतना, मैहर, महोबा एवं छतरपुर जिले में स्कूल बैग एवं घड़ियों का वितरण जरूरतमंद छात्रों के बीच निरंतर किया जा रहा है। अब तक 5563 छात्रों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया है।

**5.पेयजल :** स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दृष्टि से कैट कंपनी द्वारा

अभी तक सौ शासकीय विद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों को बिना बिजली के चलने वाले पोर्टेबल आर.ओ. दिए जा चुके हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक हैं। विद्यालयों में 500 लीटर की दो सौ टंकियों के वितरण व फिटिंग करके न्यास ने बालिकाओं के पेयजल एवं शौचालय हेतु पानी उपलब्ध कराया है। जरूरतमंदों को हर दिन आर.ओ दिये जा रहे हैं। धवर्रा गाँव में पेयजल हेतु पानी टंकी बनकर तैयार है। पूरे नौ ग्रामों में (निकटतम क्षेत्र) घर-घर नल की लाइनें बिछाई जा रही है। इससे हर घर तक जल पहुंच जाएगा।

**6. सामूहिक विवाह एवं कन्या विवाह में आर्थिक सहयोग :** न्यास की ओर से सामूहिक विवाह का आयोजन एवं पुत्री के विवाह में आर्थिक मदद दी गई। इसमें अब तक 88 जोड़ियों का विवाह धूम-धाम से किया जा चुका हैं। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से भी निर्धन लोगों की पुत्री के विवाह में अब तक 624 लोगों को आर्थिक मदद दी गई है। इसमें गृहस्थी जीवन के लिए सम्पूर्ण सामान दिया जाता है।

**7. धर्मो रक्षति रक्षित :** सेवा न्यास की ओर से धर्म नगरी प्रयागराज में इस वर्ष हुए महाकुंभ में शिविर लगाया गया, जो आस्था व आध्यात्म का केंद्र बना रहा। इस शिविर में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, दिल्ली, बिहार, तेलंगाना, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल समेत 29 राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने निःशुल्क भोजन एवं विश्राम किया। साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों एवं प्रवचन के माध्यम से पुण्य अर्जित किया। इस दौरान अष्टोत्तरशत श्रीमद्भागवत् ज्ञान यज्ञ, माघ महात्म्य कथा एवं श्री राम कथा का आयोजन किया गया। प्रयागराज में माघ मेले में प्रतिवर्ष अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें धार्मिक चेतना जगाई जाती है। बुंदेलखंड एवं विन्ध्य क्षेत्र के श्रद्धालु प्रतिवर्ष माघ माह में संगम तट पर कल्पवास करते हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन, संगीतमय भागवत-श्रीराम कथा, श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ, रामलीला मंचन, भजन-कीर्तन, सत्संग, पूजा-पाठ, गौ-सेवा, भोजन, भंडारों के साथ-साथ धार्मिक पुस्तक वितरण जैसे कार्यों को करते हुए सनातन धर्म के उत्थान, सत्कर्म हेतु सेवा न्यास प्रेरित कर संस्कृति एवं सभ्यता का प्रचार-प्रसार करता है। सेवा न्यास धार्मिक एवं सांस्कृतिक जागरण के लिए कार्य करता है। सेवा न्यास का उद्देश्य भूले हुए संस्कारों को पुनः स्थापित करने का है। यह कार्य तीव्र गति से चल रहा है। इसी कड़ी में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जाता रहा है। यह विधि-विधान पूर्वक बसंत पंचमी को संपन्न किया गया। माघ मेला परिसर में संत महंतों की उपस्थिति में संपन्न इस कार्यक्रम की अपनी महत्ता है। इससे पूर्व भी न्यास द्वारा यज्ञोपवीत संस्कार कराया जाता रहा है। अब तक 125 बटुकों का यज्ञोपवीत कराया जा चुका है। इसके अलावा व्यक्तिगत रूप से निर्धन लोगों के पुत्र

के उपनयन में आर्थिक मदद दी गई है। इस तरह अब तक 237 लोगों को आर्थिक मदद दी गई है। सेवा न्यास की ओर से श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रीराम जन्म से राज्याभिषेक तक एवं सांस्कृतिक चेतना के अग्रदूत, युवाओं के प्रेरणाश्रोत एवं विश्व को सनातन से अवगत करानेवाले स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 11 एवं 12 जनवरी, 2025 को सतना में दो दिवसीय एकल पात्रीय नाट्य (मोनो प्ले) का आयोजन किया गया। इसकी प्रस्तुति ख्यातिप्राप्त राष्ट्रीय नाटककार श्री दामोदर रामदासी जी(पुणे) द्वारा की गई। इसमें दोनों दिनों में हजारों नौजवानों एवं मातृशक्ति ने सहभाग किया।

**8. संस्कृत भाषा की उन्नति के लिए कार्य :** न्यास की ओर से संस्कृत भाषा के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जाते रहते हैं। संस्कृत पाठशाला भीमकुंड में 93 छात्रों की व्यवस्था सेवा न्यास करता है। इसमें वैदिक पाठ एवं पढ़ाई का आयोजन किया जाता है। संस्कृत के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप दस हजार रुपये की नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। अब तक 564 मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन किया गया है। मैहर, चित्रकूट की संस्कृत पाठशालाओं में छात्रों को टीशर्ट, पैंट, लेखन सामाग्री, कंबल, शाल व मां अन्नपूर्ण के चित्र भेंट किए गये।

**9. ग्रीन एम्बुलेंस का संचालन :** "अपना सपना-हरा भरा सतना" पेड़ों के वृक्षारोपण एवं संरक्षण हेतु एक सर्वसुविधा युक्त एंबुलेंस निरंतर चल रही है। न्यास की ओर से लगाए गए पौधों की सुरक्षा के लिए ग्रीन एम्बुलेंस का संचालन सतना में नियमित किया जाता है। इसके माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए पौधों की देखभाल की जाती है। न्यास की ओर से अबतक 4625 पेड़ लगाये गये हैं। अब तक 15000 पेड़ों का नि:शुल्क वितरण किया गया है। किसानों नें फलदार वृक्ष अपने-अपने खेतों में लगाया है।

**10. कंबल बैंक :** ठंड से बचाव के लिए न्यास की ओर से कंबल बैंक का संचालन किया जाता है। इसके द्वारा गरीबों को ठंड के मौसम में कंबल उपलब्ध कराया जाता है। अब तक 6000 कंबल जरूरतमंदों के बीच वितरित किये गये।

**11. स्वच्छता अभियान :** न्यास की ओर से सतना एवं मैहर जिले में व्यापक पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता है। सुरक्षित मासिक धर्म के लिए महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया जाता है। सतना जिले का यह अभियान अत्यंत लोक प्रिय हो गया है। अब तक 10,000 सेनेटरी पैड का वितरण सेवा वस्तियों में किया गया।

**12. श्री रामलीला का भव्य आयोजन :** न्यास के सहयोग से शारदीय नवरात्रि पर ओरछा में दस दिनों तक श्री रामलीला का भव्य आयोजन गया। वर्ष 2022 में

ऋषिकेष एवं कुरुक्षेत्र में रामलीला का आयोजन किया गया। इस वर्ष चित्रकूट में अंतर्राष्ट्रीय रामलीला का तीन दिवसीय भव्य आयोजन हुआ। इसका प्रसारण अंतरर्राष्ट्रीय स्तर पर भी किया गया है। इसे लगभग 60 लाख लोगों ने देखा।

**13. मैराथनों का आयोजन :** न्यास की ओर से खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए बुन्देलखंड मैराथन एवं सतना हाफ मैराथन का पांच बार आयोजन किया गया। सतना का नाम ख्याति प्राप्त मैराथनों में जुड़ गया। इसमें देश के लगभग सभी राज्यों के 11,432 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। यह आयोजन काफी उपयोगी और लोक प्रिय रहा। मैराथन देखने जहां लाखों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौड़ का विभिन्न समाचार चैनलों की ओर से सीधा प्रसारण किया गया। जिसे देश ही नहीं दुनिया के लोगों ने भी देखा। इसकी सूची पुस्तक में संलग्न है।

**14. वैचारिक गोष्ठियाँ :** समाज के बौद्धिक विकास के लिए समसामयिक विषयों पर सेवा न्यास विभिन्न प्रकार की विचार गोष्ठियाँ भी आयोजित करता है। हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर व्याख्यान माला का आयोजन किया, जिसमें विशेष विषयों पर हुई इन परिचर्चाओं में राष्ट्रीय वक्ताओं ने अपना व्याख्यान दिया। अभी तक आठ व्याख्यानमालाओं का आयोजन छतरपुर, म.प्र. में किया जा चुका है।

**15. चलता फिरता मुफ्त अस्पताल :** दद्दाजी जी की जन्म शताब्दी वर्ष में "आपके द्वार-आपका अस्पताल" कार्यक्रम के तहत सर्व सुविधा युक्त "चलता फिरता मुफ्त अस्पताल" की सौगात मिली। इस अस्पताल में 23 प्रकार की जाँचें एवं 28 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है। जाँच के लिए आधुनिकतम एटीएम एवं टेलीमेडिसीन सुविधा उपलब्ध है, जिससे प्रख्यात चिकित्सकों से सीधा संवाद होता है। इस चलता फिरता अस्पताल के द्वारा इस वर्ष 1250 लोगों की जाँच की गई एवं दवाइयाँ दी गई। अब तक 52 बस्तियों में 2420 लोगों की जाँच की गई एवं दवाइयाँ दी गई।

इस अष्टम पुष्प में 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक न्यास द्वारा किये गये सेवा कार्यों एवं अन्य गतिविधियों का संकलन के रूप में आपके सम्मुख प्रस्तुत है।

विक्रम नववर्ष 2082 की हार्दिक शुभकामनाओं सहित।

दिनांक : 31.03.2025

**—डॉ. राकेश मिश्र**
(अध्यक्ष)

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना ( म.प्र. )

## विविध कार्यक्रमों का विवरण ( 2024-25 )

( 01.04.2024 से 31.03.2025 तक )

| क्र.सं. | माह | दिनांक एवं दिन | कार्यक्रम का नाम | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अप्रैल-2024 | 17.04.2024 (गुरुवार) | श्री रामनवमी शोभा यात्रा | सतना (म.प्र.) |
| 2 | | 26.04.2024 (शुक्रवार) | मतदान उत्सव | सतना (म.प्र.) |
| 3 | | 28.04.2024 (रविवार) | श्रीमती शांति मिश्रा जी की सप्तम पुण्यतिथि पर सुंदरकांड एवं सप्तम पुष्प लोकार्पण | नीलकंठ धाम, धवर्रा (नौगाँव),जिला-महोबा-471201 (उ.प्र.) |
| 4 | | | सप्तम पुण्यतिथि पर पुस्तक लोकार्पण | 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 5 | | | माता जी की पुण्यतिथि पर सुंदरकांड | 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001 |
| 6 | | | वृक्षारोपण अभियान | बिरला रोड संतोषी माता हनुमान मंदिर,सतना-485001 (म.प्र.) |
| 7 | | 30.04.2024 (मंगलवार) | वृक्षारोपण अभियान | बिरला रोड संतोषी माता हनुमान मंदिर,सतना-485001 (म.प्र.) |
| 8 | मई-2024 | 08.05.2024 (बुधवार) | चौबीसवीं स्वास्थ्य परिचर्चा | 142, नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली-110001 |
| 9 | | 11.05.2024 (शनिवार) | सप्तम पुष्प लोकार्पण | 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 10 | | 12.05.2024 (रविवार) | वृक्षारोपण अभियान | बिरला रोड संतोषी माता हनुमान मंदिर,सतना-485001 (म.प्र.) |
| 11 | | 19.05.2024 (रविवार) | अधिवक्ता सम्मान समारोह | 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 12 | | 20.05.2024 (सोमवार) | योग शिविर एवं समर कैंप | मुख्तियारगंज वेंकटेश लोक वेंकटेश मंदिर व पुलिस परेड ग्राउंड सिविल लाइन, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 13 | | 22.05.2024 (बुधवार) | स्व. कुलदीप सक्सेना जी की स्मृति पौधारोपण | नर्मदेश्वर मंदिर परिसर, भरहुत नगर,सतना-485001 (म.प्र.) |
| 14 | | 23.05.2024 (गुरुवार) | संस्कृत पाठशाला में सामग्री वितरण | श्री नारायण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भीमकुंड बाजना, छतरपुर (म.प्र.) |
| 15 | | 24.05.2024 (शुक्रवार) | ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर | सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णनगर, सतना (म.प्र.) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 | जून-2024 | 01.06.2024 (शनिवार) | पच्चीसवीं परिचर्चा<br>विषय : "नई भारतीय न्याय संहिता" | 142,नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली-110001 |
| 17 | | 05.06.2024 (बुधवार) | विश्व पर्यावरण दिवस | मैत्री पार्क, सतना (म.प्र.) |
| 18 | | 06.06.2024 (गुरुवार) | वट सावित्री पर्व | यूसीएल रोड, हनुमान मंदिर, सतना (म.प्र.) |
| 19 | | 12.06.2024 (बुधवार) से 08 (सोमवार) तक | विशेष अवसरों पर वृक्षारोपण अभियान | विविध परिसर सतना (म.प्र.) |
| 20 | जुलाई-2024 | 18.07.2024 (बुधवार) | समृद्ध किसान-समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन (उद्घाटन समारोह) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा (उ.प्र.) |
| 21 | | 19.07.2024 (गुरुवार) | समृद्ध किसान-समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन (समापन समारोह) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा (नौगाँव), जिला-महोबा (उ.प्र.) |
| 22 | | 22.07.2024 (सोमवार) | दद्दा जी की जन्म शताब्दी पर वृक्षारोपण अभियान | बिरला रोड स्थित स्वामी रामकृष्ण विवेकानंद मिशन विद्यालय, सतना (म.प्र.) सतना (म.प्र.) |
| 23 | | 23.07.2024 (मंगलवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शासकीय हाई स्कूल कामता टोला, सतना (म.प्र.) |
| 24 | | 24.07.2024 (बुधवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शासकीय हायर सेकेंडरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकुरिया टोला, सतना (म.प्र.) |
| 25 | | 25.07.2024 (गुरुवार) | प्रतिभा सम्मान समारोह | शा.उ.मा.विद्यालय घूरडॉग, सतना (म.प्र.) |
| 26 | | 27.07.2024 (शनिवार) | चलता फिरता-मुफ़्त अस्पताल का उद्घाटन | 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 27 | | 29.07.2024 (सोमवार) | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण | अमौधा, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 28 | अगस्त-2024 | 01.08.2024 (गुरुवार) | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण | मटेहना, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 29 | | 02.08.2024 (शुक्रवार) | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण | बिरला सीमेंट फैक्ट्री, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 30 | | 03.08.2024 (शनिवार) | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण | नई बस्ती एवं बस स्टैंड, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 31 | | 06.08.2024 (मंगलवार) | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण | हरिजन बस्ती, महादेवा सतना-485001 (म.प्र.) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32 | अगस्त -2024 | 07.08.2024 (बुधवार) | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण | शासकीय इंदिरा कन्या महाविद्यालय, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 33 | | 08.08.2024 (गुरुवार) | नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण | बिट्स इंजीनियरिंग कॉलेज, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 34 | | 10.08.2024 (शनिवार) | 42वाँ मेदांता हेल्थ चेकअप कैंप (प्रथम दिवस) | सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णा नगर, सतना (म.प्र.) |
| 35 | | 11.08.2024 (रविवार) | दद्दा जी की जन्म शताब्दी पर 42वाँ नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप (द्वितीय दिवस) | सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णा नगर, सतना (म.प्र.) |
| 36 | | 14.08.2024 (बुधवार) | हर घर तिरंगा अभियान | बम्हनगवां, सतना (म.प्र.) |
| 37 | | 15.08.2024 (गुरुवार) | न्यास मुख्यालय में ध्वजारोहण | 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 38 | | 24.08.2024 (शनिवार) | अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव हेतु बैठक | तुलसीपीठ, आमोद वन, चित्रकूट (सतना, म.प्र.) |
| 39 | सितंबर-2024 | 08.09.2024 (रविवार) | सतना हाफ मैराथन : 2024 | शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय, व्यंकट क्रं. 1, का खेल मैदान, सतना (म.प्र.) |
| 40 | | 14.09.2024 (शनिवार) | तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामलीला (प्रथम) | श्री रामचरितमानस मंदिर, श्री तुलसी पीठ चित्रकूट (म.प्र.) |
| 41 | | 15.09. 2024 (रविवार) | तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामलीला (द्वितीय) | श्री रामचरितमानस मंदिर, श्री तुलसी पीठ चित्रकूट (म.प्र.) |
| 42 | | 16.09.2024 (सोमवार) | तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामलीला (तृतीय) | श्री रामचरितमानस मंदिर, श्री तुलसी पीठ चित्रकूट (म.प्र.) |
| 43 | | 17.09.2024 (मंगलवार) | श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर स्वास्थ्य शिविर | सतना (म.प्र.) |
| 44 | | 26.09.2024 (गुरुवार) | अपना सपना हरा भरा सतना' अभियान | जे.आर. बिरला मार्ग, सतना (म.प्र.) |
| 45 | अक्तूबर-2024 | 01.10.2024 (मंगलवार) | अपना सपना हरा भरा सतना' अभियान | सिद्धार्थनगर चौराहा, जे. आर. बिड़ला मार्ग सतना (म.प्र.) |
| 46 | | 03.10.2024 (गुरुवार) | डॉ. मानिकचंद गुप्ता जी द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में वृक्षारोपण | नवरंग पार्क, बिरला रोड सतना (म.प्र.) |
| 47 | | 04.10. 2024 (शुक्रवार) | जन्मदिवस पर पौधारोपण | एस.एस.ग्रांड होटल के पास जे.आर. बिड़ला रोड, सतना (म.प्र.) |
| 48 | | 16.10.2024 (बुधवार) | आगामी कार्यक्रमों हेतु बैठक | नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 49 | अक्तूबर-2024 | 21.10.2024 (सोमवार) | जन्म दिवस पर पौधारोपण एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण | नई बस्ती एवं आदर्श नगर हवाई पट्टी सतना (म.प्र.) |
| 50 | | 22.10.2024 (मंगलवार) | चलता फिरता मुफ्त अस्पताल एवं स्वास्थ्य शिविर | कृष्णनगर, बस स्टैंड सेवा बस्ती सतना (म.प्र.) |
| 51 | | 24.10.2024 (गुरुवार) | कलेक्ट्रेट एवं महदेवा में स्वास्थ्य परीक्षण | कृष्णनगर, बस स्टैंड सेवा बस्ती सतना (म.प्र.) |
| 52 | | 25.10.2024 (शुक्रवार) | स्वास्थ्य शिविर में संपूर्ण जाँच | मल्लाह टोला धवारी, सतना (म.प्र.) |
| 53 | नवंबर-24 | 02.11.2024 (शनिवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की अष्टम पुण्यतिथि पर भक्तमाल एवं श्रद्धांजलि सभा | नीलकंठ धाम, धवर्रा (नौगाँव), जिला महोबा-471201 (उ.प्र.) |
| 54 | | 11.11.2024 (सोमवार) | श्री योगेश कुमार जी के जन्मदिन पर वृक्षारोपण अभियान | खेरमाई माता मंदिर परिसर, सतना (म.प्र.) |
| 55 | | 17.11.2024 (रविवार) | सेवा न्यास की कार्य योजना बैठक | 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 56 | | 28 एवं 29.11.2024 (गुरु. एवं शुक्र.) | वृक्षारोपण अभियान | खेरमाई मंदिर एवं यादव पेट्रोल पम्प, बिरला रोड सतना-485001 (म.प्र.) |
| 57 | दिसंबर-2024 | 12.12.2024 (गुरुवार) | 43वाँ नि: शुल्क स्वस्थ्य शिविर | ग्राम पुरवा, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 58 | | 18.12. 2024 (बुधवार) | स्व. बिमला रानी मल्होत्रा की स्मृति में सौ वृक्षों का रोपण | अमृत पार्क, मैत्री पार्क के सामने हवाई पट्टी, सतना-485001 (म.प्र.) |
| 59 | | 22.12.2024 (सोमवार) | अष्टम व्याख्यानमाला | महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम, छतरपुर (म.प्र.) |
| 60 | जनवरी-25 | 11.01.2025 (शनिवार) | एक पात्रीय नाट्य मंचन (श्रीराम) | टाउन हॉल, सिमरिया चौराहा, सतना, (म.प्र.) |
| 61 | | 12.01.2025 (रविवार) | एक पात्रीय नाट्य मंचन (योद्धा संन्यासी) | टाउन हॉल, सिमरिया चौराहा, सतना, (म.प्र.) |
| 62 | | 13.01.2025 (सोमवार) | प्रयागराज महाकुंभ शुभारंभ (श्रीमद्भागवतकथा) | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 63 | | 20.01.2025 (सोमवार) | श्रीमद्भागवत कथा का समापन व पूर्णाहुति | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 64 | | 26.01.2025 (रविवार) | 76वाँ गणतंत्र महोत्सव सतना | 'नेह निकुंज' बम्हनगवाँ रीवा रोड, सतना (म.प्र.) |
| 65 | | 26.01.2025 (रविवार) | 76वाँ गणतंत्र महोत्सव धवर्रा | पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा, (नौगाँव) महोबा (उ.प्र.) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 66 | फरवरी, 2025 | 3.02.2025 (सोमवार) | सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार (बसंत पंचमी) | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 67 | | 3.02.2025 (सोमवार) | सरस्वती पूजन समारोह | "नेह निकुंज" बम्हनगवां रीवा रोड, सतना (म.प्र.) |
| 68 | | 04.02.2025 (मंगलवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (प्रथम दिवस) | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 69 | | 05.02.2025 (बुधवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (द्वितीय दिवस) | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 70 | | 06.02.2025 (गुरुवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (तृतीय दिवस) | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 71 | | 07.02.2025 (शुक्रवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में (अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा) चतुर्थ | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 72 | | 07.02.2025 (शुक्रवार) | भजन संध्या एवं मनमोहक जीवंत प्रस्तुतियाँ | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 73 | | 08.02.2025 (शनिवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (पंचम दिवस) | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 74 | | 09.02.2025 (रविवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्राजी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (षष्टम दिवस) | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 75 | | 09.02.2025 (रविवार) | भजन संध्या एवं संगीतमय सजीव झांकियाँ | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 76 | | 10.02.2025 (सोमवार) | पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (सप्तम दिवस) | सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| 77 | | 26.02.2025 (बुधवार) | महाशिवरात्रि महोत्सव | नीलकंठ धाम, धवर्रा (नौगाँव), जिला महोबा-471201 (उ.प्र.) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **78** | **मार्च-2025** | 08.03.2025 (शनिवार) | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) |
| **79** | | 09.03.2025 (रविवार) | "भूले बिसरों का महाकुंभ मिलन" एवं सम्मान समारोह | मेलाधिकारी कार्यालय, महाकुंभ मेला, त्रिवेणी, प्रयागराज (उ.प्र.) |
| **80** | | 22.03.2025 (शनिवार) | चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल स्वास्थ्य शिविर | टिकुरिया टोला की सेवा बस्ती सतना, (म.प्र.) |
| **81** | | 23.03.2025 (रविवार) | चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल स्वास्थ्य शिविर | वार्ड क्रमांक 37 डिलौरा की सेवा बस्ती सतना, (म.प्र.) |
| **82** | | 27.03.2025 (गुरुवार) | वृक्षारोपण अभियान | संतोषी माता मंदिर, सतना, (म.प्र.) |
| **83** | | 29.03.2025 (रविवार) | चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल स्वास्थ्य शिविर | बी.एल. स्कूल डेलोरा-65, सतना, (म.प्र.) |
| **84** | | 30.03.2025 (रविवार) | गंगाजल पूजन एवं वितरण अभियान शुभारंभ | नेह निकुंज बम्हनगवाँ, सतना, (म.प्र.) |

**जगत प्रकाश नड्डा**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष**

**भारतीय जनता पार्टी**

दिनांक : 16 जुलाई, 2024

**<u>संदेश</u>**

स्वर्गीय पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की जन्म शताब्दी पर मेरी तथा भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं की और से विनम्र श्रद्धांजलि।

श्री गणेश प्रसाद मिश्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे तथा सामाजिक कार्यों में उनकी सहभागिता रही। आपातकाल के दौरान तत्कालीन सरकार के विरुद्ध आपने मुखरता से इसका विरोध किया।

मुझे यह जान कर प्रसन्नता हुई की पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी के जन्म शताब्दी पर महोबा में **'समृद्ध किसान समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन'** का आयोजन किया जा रहा है जिससे किसानों, नौजवानों एवं क्षेत्रीय जनता को काफी लाभ पहुंचेगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अग्रिम शुभकामनाएँ।

**'समृद्ध किसान समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन'** के आयोजन हेतु मेरी मंगलकामना॥

भवदीय

ज. प्र. नड्डा

(जगत प्रकाश नड्डा)

6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली-110 002 | दूरभाष: 011-23500000

**श्री भूपेन्द्र यादव**
केंद्रीय पर्यावरण,
वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री



## वीडियो संदेश का शब्दांकन

नमस्कार, आज मैं सबसे पहले **पं. गणेश प्रसाद मिश्रा सेवा न्यास** को बधाई देना चाहता हूं कि न्यास ने एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ करके एक बहुत नई और अच्छी पहल की है। वैसे तो मैं स्वयं भी **पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी** से परिचित रहा हूं और मैंने देखा है कि उन्होंने अपने जीवन में बहुत सरलता से, सादगी से और सेवा और समर्पण भाव से जीवन को जिया है। मैं **डॉ. राकेश मिश्र जी को बधाई देना चाहता हूं** कि उन्होंने उनकी स्मृति में सेवा न्यास बना करके आज क्षेत्र में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अपने आप को जोड़ा है। **एक पेड़ मां के नाम एक ऐसा अभियान है,** जो हम अपनी मां के साथ या मां की स्मृति में जो पेड़ लगाएंगे, उससे धरती माता की सेवा कर सकते है। हम जानते हैं कि दुनिया के बढ़ते हुए पर्यावरणीय संकट का निदान सरकारी नीतियों, सामुदायिक विभिन्न प्रकार की सुधारवादी पद्धतियों को अपनाना, उसके साथ ही साथ विभिन्न सस्टेनेबल लाइफ स्टाइल के विषयों को जीना, ये संकट का हल है। लेकिन, एक सकारात्मक पहल और हो सकती है वो सकारात्मक पहल है, धरती माता के नाम एक पेड़ लगाना।

लोग पेड़ लगाते बहुत है, लेकिन पेड़ को बचाते बहुत कम हैं। पेड़ लगाना ये हमारा केवल एक औपचारिक कार्य नहीं होगा, जब अपनी मां के नाम पर हम पेड़ लगाएंगे, तो पेड़ बड़ा होगा, वो पेड़ भविष्य में फल देगा, उस पेड़ की हम रक्षा करेंगे, ये भी हमारा दायित्व है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि अगर आप एक पेड़ मां के नाम लगा रहे हैं, तो आज इसको लगाकर भूलना मत। आने वाले पांच साल तक, दस साल तक अपनी मां के सम्मान में या अपनी मां की स्मृति में जो पेड़ लगाते हैं उसको संभालना और चिंता भी हम सबको

करना होगा। न्यूनतम एक-एक पेड़ की अगर हम चिंता करेंगे, तो मैं ये मानता हूं कि ये काम बहुत बड़ा होगा।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस योजना का शुभारंभ किया था। ये योजना आज केवल भारत में नहीं, ये दुनिया भर में एक जन भागीदारी से बने हुए सकारात्मक जन-आंदोलन का रूप लेकर इसके लिए हमको प्रयास करना है। इसलिए आपके द्वारा जो ये एक पेड़ अपने मां के नाम पर आज लगाया जा रहा है। इसको सोशल मीडिया में सांझा करें, इस नवाचार को सांझा करें। प्रकृति की पूजा ही सबसे बड़ी पूजा है और हमारे यहां कहा जाता है **'प्रकृति रक्षति रक्षितः' जो प्रकृति की रक्षा करता है, प्रकृति उसकी रक्षा करती है।**

आपके द्वारा लगाया गया एक पेड़, केवल छाया देने वाला वृक्ष नहीं, पक्षियों के लिए भोजन देने वाला, हमारी बायोडायवर्सिटी को बढ़ाने वाला, धरती के तापमान को रोकने वाला, धरती में जमीन के बंजरीकरण को रोकने वाला, धरती को हरा-भरा, शस्य श्यामला बनाने वाला, ये बहुत बड़ा योगदान होगा। आप सब इस योगदान में और मैं ये मानता हूं कि **पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास** ने जो ये कार्य किया है, ये रुकना और थमना नहीं चाहिए। ऐसे और सारे सरकारी, गैर सरकारी, सभी संगठनों को आगे आना चाहिए, शिक्षा संस्थानों को आगे आना चाहिए, हमारे स्काउट्स, गाइड्स, एनएसएस जैसे वॉलिंटियर, ऑर्गेनाइजेशन को आगे आना चाहिए, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों को आगे आना चाहिए और सबसे ज्यादा मध्य प्रदेश में तो मैं कहना चाहता हूं कि मां नर्मदा जी के किनारे-किनारे ये पेड़ लगने चाहिए, ये नर्मदा जी की भी सेवा होगी, धरती की भी सेवा होगी। आइए, आज इस एक पेड़ मां के नाम अभियान से जो आपने अपने आपको को जोड़ा है। उसमें तो मैं आप का स्वागत करता हूं और इस अभियान को मजबूत बनाकर एक हरी भरी धरती की ओर आप चलें। पुन : आप सबको बहुत-बहुत शुभकामनाए।

॥ धन्यवाद ॥

**श्री गिरिराज सिंह जी**
केंद्रीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार




## वीडियो संदेश का शब्दांकन

मेरा सौभाग्य है कि **पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी** की जन्म शताब्दी पर मुझे दो शब्द कहने का मौका मिला है, वो प्रथम पंक्ति के स्वयंसेवक ही नहीं थे, **राष्ट्रवादी थे, देशभक्त थे** और जीवन के सरोकार से जुड़े हुए कामों में जीवन प्रयत्न लगे रहे और इस काम में आज अनेकों लोग उनके अनुवाई बनकर ये काम कर रहे हैं। ऐसे में मैं समझता हूं, उन्होंने जो अपने जीवन में एक छाप छोड़ी है वह अनुकरणीय है। लेकिन, मैं उनके योग्य पुत्र हम लोगों के मित्र **डॉ. राकेश मिश्र जी** को मैं कोटि-कोटि धन्यवाद देता हूं।

ऐसे पिता के पुत्र हैं, जिन्होंने जीवन में एक कृति करके रखा है, एक बड़ी रेखा खींची है, सामाजिक रेखा खींचा है। बहुत कम लोग मिलते हैं, आप उनकी कृति को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। मैं उनके जन्म शताब्दी के अवसर पर उनके चरणों में मैं श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।

**श्री भागीरथ चौधरी जी**
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री,
भारत सरकार



## आडियो संदेश का शब्दांकन


मैं आज पं. गणेश प्रसाद जी मिश्र जन्मशताब्दी वर्ष में मेरी तरफ से सबको बहुत–बहुत हार्दिक शुभकामनाएं। धवर्रा, नौगांव में 18 जुलाई, 2024 को किसान सम्मेलन आयोजित होनी की सूचना से मुझे बहुत प्रसन्नता मिली है। धवर्रा की धरती पर जन्म लेकर संपूर्ण बुंदेलखंड में सेवा का संदेश देने वाले महान कर्मयोगी पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्‌दा जी की जन्म शताब्दी वर्ष समापन के अवसर पर होने वाला यह कार्यक्रम किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी होगा। यह आयोजन पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कर रहा है, जिसके अध्यक्ष एवं दद्‌दा जी के सुपुत्र डॉ. राकेश मिश्र जी ने अपने पिता की बताई बातों के रास्ते पर चलते हुए अपने को समाज सेवा के लिए समर्पित किया है।

न्यास की ओर से समाज के विभिन्न वर्गों की उन्नति के लिए निरंतर इस तरह के आयोजन होते रहते हैं। किसानों के बीच उन्नत बीज वितरण कार्यक्रम करना, जैविक खाद की उपयोगिता के लिए लोगों को प्रेरित करना, और किसानों को समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य करना जैसे वृक्षारोपण, ग्रीन एंबुलेंस, का संचालन एवं मैराथन का आयोजन जैसे अनेकों कार्य ही सेवा न्यास का अद्‌भुत प्रयास है।

आशा है यह कार्यक्रम भी पूर्णतः सफल होगा और कृषि क्षेत्र के लोगों के लिए भी उन्नति का मार्ग प्रस्तुत करेगा। किसान सम्मेलन की सफलता की शुभकामनाएं। पं. गणेश प्रसाद जी मिश्र दद्‌दा जी को सादर नमन विनम्र श्रद्धांजलि। मैं आज कोई कारण बस इस कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सका उसके लिए मैं सबसे क्षमा प्रार्थी हूं। और मैं आशा करता हूं की पं. गणेश प्रसाद

जी मिश्र जन्म शताब्दी समारोह के शुभ अवसर पर इस देश के अन्नदाताओं के लिए किसानों के लिए संपूर्ण बुंदेलखंड के सभी किसान भाइयों के लिए यह एक प्रेरणा स्रोत होगा। मैं इसके लिए विशेष तौर पर उनके सुपुत्र डॉ. राकेश मिश्रा का भी आभार व्यक्त करता हूं और साधुवाद देना चाहूंगा की जिन्होंने इस परपाटी को बनाए रखा है। इसके लिए सभी को बहुत-बहुत मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। सबको मेरा नमस्कार!

**डॉ. मोहन यादव जी**
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश



## वीडियो संदेश का शब्दांकन

पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की जन्मशताब्दी समारोह के कार्यक्रम में मेरी अपनी ओर से शुभकामनाएं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रथम पीढ़ी के स्वयं सेवक और प्रचारक शिक्षा विद पंडित गणेश प्रसाद मिश्र जी का जीवन हम सबके लिए बहुत ही आदरणीय और श्रद्धा का केंद्र रहा है। उन्होंने न केवल राष्ट्रवादी विचारों के लिए अपना जीवन अर्पित किया बल्कि अपने द्वारा किए गए कामों से आज भी जनता के दिलों में अमिट छाप छोड़ते हैं। उनकी स्मृति में आयोजित उनके जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना में कई प्रकार के पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद सभी कामों को लेकर के एक अलख जगाने का काम किया है।

मेरी ओर से इस पूरे आयोजन के प्रति शुभकामना है। और उम्मीद करेंगे की शिक्षा के साथ चिकित्सा, स्वास्थ्य पर्यावरण, काम की आज अत्यंत आवश्यकता है। ऐसे में इन कामों को लेकर चलने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, मैं उसकी सराहना भी करता हूं और हमारे मित्र डॉ. राकेश मिश्र जी जो इस काम को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं, उनके प्रति मैं शुभकामनायें व्यक्त करता हूं। सारे आयोजन के प्रति भी शुभकामना।

उनका यह आयोजन सतना से लग करके उत्तर प्रदेश के बॉर्डर तक उनका कार्य क्षेत्र रहा है। यह पूरे क्षेत्र में सभी प्रकार के कामों के लिए पूरी निष्ठा से काम करते रहें, और मेरे सरकार की ओर से जो भी जरूरत होगी वह सभी मदद करेंगे अच्छे कामों में सरकार सदैव साथ रहती है। मेरी अपनी ओर से शुभकामनाएं।

॥ धन्यवाद ॥

कुंवर मानवेन्द्र सिंह

सभापति
विधान परिषद उत्तर प्रदेश

पत्रांकः १५८७८सभा.वि.प.
विधान भवन,
लखनऊ

दिनांक : 16 JUL 2024

पण्डित गणेश प्रसाद मिश्रः तपस्वी जीवन, प्रेरक व्यक्तित्व

हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत के प्रकांड विद्वान पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी एक मृदुभाषी, अनुशासनप्रिय व्यक्ति थे। आपने कृषि कार्य में विशेष रुचि रखते हुए इस क्षेत्र में नित नए प्रयोग किए, जिसका लाभ किसानों को मिला। चिकित्सा के क्षेत्र में आपने 'वैद्य' की उपाधि प्राप्त की। पुराने लोग आपको आज भी 'बड़े डॉक्टर साहब' के नाम से जानते हैं। 'दद्दाजी' के नाम से सुविख्यात आप आजीवन संघ के सक्रिय स्वयंसेवक रहे। शिक्षादान जैसे कार्यों में आपकी विशेष रुचि होने के कारण आपने गणित, अंग्रेजी, संस्कृत के विषय में बी.ए., एम. ए. के अनेक छात्र–छात्राओं को सदैव ज्ञानोपार्जन कराया। सरस्वती शिशु मंदिर नौगाँव में आचार्य से लेखापाल तक आपका शानदार प्रदर्शन रहा। आप आजीवन गौसेवा में रत रहे। अंतिम समय में पाँच गायों की सेवा–सुश्रूषा ही आपका मुख्य कार्य हो गया था। संभाग में जब कोई प्राइवेट आई. टी. आई. नहीं थी तो उन्होंने कंपनी बाग ईसानगर रोड नौगाँव में आई. टी. आई. प्रारंभ की, जो उत्तरोत्तर उन्नति करती गई। दद्दाजी एक दूरदर्शी व्यक्ति थे।

आपके पुत्र डॉ. राकेश मिश्र अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के प्रांत अध्यक्ष, प्रांत प्रमुख व प्रांत संगठन मंत्री महाकोशल प्रांत के दायित्वों का निर्वहन करते आ रहे हैं। श्री मिश्रजी ने अयोध्या आंदोलन में, 1990 की कार सेवा में बढ़–चढ़कर भाग लिया। 1990 की कश्मीर की 'एकता यात्रा' में आप डॉ. मुरली मनोहर जोशी जी के नेतृत्व में यात्रा के समापन में लाल चौक पर तिरंगा ध्वज फहराने के लिए गए। भारत भ्रमण व संस्कृति परिचय में आपकी गहन रुचि रही। साधनों की शुचिता व नैतिकता के पक्षधर श्री मिश्र ध्येय के प्रति समर्पित, दृढ़ निश्चयी व कठोर परिश्रमी रहे। जब लोग त्यौहारों में प्रसन्नता मनाते थे तब, वे अपने कार्य में मौन रूप से लगे रहकर दीन–दुःखियों के साथ सेवा में लगे रहते थे। कुष्ठ रोगियों को समाज में हीन भावना से देखा जाता था, लेकिन दद्दाजी ने अपने क्षेत्र के कुष्ठ रोगियों की सेवा करना अपना धर्म समझते थे।

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के जिन क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति रहती थी उन्होंने वहां वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित किया। खेतों की मेड पर पौधे लगाने का कार्य आरभ किया। गोबर के खाद के उपयोग के लिये लोगों को न सिर्फ जागरूक किया बल्कि यह कार्य आरभ भी कराया। 18 जुलाई, 2024 को पण्डित गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) के जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर हो रहे किसान सम्मेलन के आयोजन की अनन्त शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

(कुँवर मानवेन्द्र सिंह)

**निर्मला भूरिया**
मंत्री
मध्यप्रदेश शासन
महिला एवं बाल विकास विभाग

कार्यालय-ई-319, वी.बी.-3,
तृतीय तल, मंत्रालय, वल्लभ भवन
भोपाल (म.प्र.)-462004
फोन : 0755-2708768
E-mail: minister.wcd@mp.gov.in

पत्र क्र. 395 भोपाल, दिनांक 17.07.2024

## संदेश

यह अत्यंत हर्ष का विषय है, कि बुंदेलखण्ड के महान कर्मयोगी पंडित गणेश प्रसाद मिश्र जी की जन्म शताब्दी वर्ष के समापन के उपलक्ष्य में उनके जन्म स्थान ग्राम धवर्रा (नौगांव) जिला महोबा में विशाल किसान सम्मेलन "समृद्ध किसान- समृद्ध बुंदेलखण्ड" का आयोजन दिनांक 18 जुलाई 2024 को किया जा रहा है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में किसानों की समृद्धी एवं किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण और सक्रिय प्रयास किये गये हैं और इसके सुखद परिणाम भी सामने आ रहे हैं। इस अभियान को गति प्रदान करने एवं किसानों में जागरूकता के उददेश्य से वृहद किसान सम्मेलन आयोजित करने के महाप्रयास के लिये मैं, डॉ राकेश मिश्र, अध्यक्ष, पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास को साधुवाद देती हूँ। निश्चित रूप से इस प्रकार के सुव्यवस्थित एवं प्रभावी प्रयास से बडी संख्या में कृषक बंधु लाभांवित होंगे।

मुझे आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि देश के ख्यात नाम कृषि विशेषज्ञों एवं पद्म पुरस्कार प्राप्त महानुभावों की सहभागिता एवं मार्गदर्शन से सम्मेलन में शामिल किसानों को भी अत्यंत लाभ मिलेगा।

हार्दिक शुभकामनायें।

(निर्मला भूरिया)

डॉ. राकेश मिश्र जी,
अध्यक्ष,
पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास,
सतना, मध्यप्रदेश

**Brajesh Pathak**
@brajeshpathakup

आज जनपद महोबा में पं० गणेश प्रसाद मिश्रा जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित "समृद्ध किसान - समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

@narendramodi
@PMOIndia
@BJP4India
@BJP4UP

Translate post





**Satish Sharma BJ...**
@SatishSharmaBBK

जनपद महोबा में पं.गणेश प्रसाद मिश्र जी की जन्म शताब्दी  के अवसर पर आयोजित समृद्ध किसान – समृद्ध बुलेन्दखण्ड सम्मेलन के मुख्य अतिथि मा. उपमुख्यमंत्री श्री @brajeshpathakup जी के साथ सम्मिलित हुआ।
श्री गणेश प्रसाद मिश्र राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक रहे तथा सामाजिक कार्यों में उनकी सहभागिता रही ,आपातकाल के दौरान तत्कालीन सरकार के विरुद्ध आपने मुखरता से इसका विरोध किया।
सफल जन्म शब्ताब्दी कार्यक्रम के लिए मा.राकेश मिश्रा जी का बहुत बहुत बधाई
एवं पं. गणेश प्रसाद जी को शत् शत् नमन।
इस अवसर पर मा.जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता जी , मा.विधायक श्री राकेश गोस्वामी जी, पूर्व सांसद श्री गंगा चरण राजपूत जी,  राष्ट्रीय मंत्री श्री राम नरेश तिवारी जी सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## कार्यक्रम : श्री रामनवमी शोभा यात्रा

**दिनांक : 17 अप्रैल, 2024 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा रावना टोला सिटी कोतवाली के पीछे गुरुद्वारे से प्रारंभ होकर सुभाष पार्क में श्री राम दरबार मंदिर में पूजा पाठ के उपरांत समापन हुआ।

कैंसर जन जागरूकता व पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाए जा रहे अभियान एवं "अपना सपना-हरा भरा सतना" के अंतर्गत ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से पौधों की देखभाल के लिये प्रेरित किया गया। अभी तक सेवा न्यास की ग्रीन एंबुलेंस सतना नगर में लोगों को प्रेरित करते हुये बड़ी संख्या में इस जागरूकता कार्यक्रम में शोभा यात्रा में झांकियां निकाली गईं। बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं सेवा व्रतियों के ऊपर जगह-जगह पुष्प वर्षा करते हुए नगर वासियों ने स्वागत किया।

समाज को त्यौहारों पर जागरूक करने वाले साहित्य के माध्यम से कैंसर महामारी से बचाव हेतु सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने उपाय बताए। प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा में समाजसेवियों भक्तजनों ने पुष्प वर्षा करते हुए सेवा न्यास की गतिविधियों पर आधारित झांकियों का जगह-जगह स्वागत किया गया।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने दूर दराज गांव देहात से आए हुए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### इनकी रही उपस्थिति :

श्री राजीव व्यास, श्री विष्णु पांडेय, श्री रवि द्विवेदी, श्री अजय मिश्र, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती शीलम सैनी, श्री सुनील यादव, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा, श्रीमती संगीता सोनी, श्री शंकर सोनी, मधु बाल्मीकि, पूनम यादव, श्रीमती संध्या





*श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, श्रीमती शीलम सैनी, श्री सुनील यादव, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती नीलम कुशवाहा, डॉ. राकेश मिश्र, श्री विवेक श्रीवास्तव (जबलपुर) श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती पूनम यादव, श्रीमती संध्या यादव*

यादव, श्रीमती चंदा शर्मा, श्रीमती राखी परोहा, श्रीमती पूजा वर्मा, श्रीमती वैष्णवी सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती सुभद्रा पांडे, श्री हर्ष पांडे, श्रीमती प्रतीक्षा पांडे, श्री प्रेमलाल शर्मा, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





*श्री रामखेलावन पांडेय, श्री सुनील यादव, श्री विजय सिंह पटेल, श्री विनय श्रीवास्तव, श्रीमती मनीषा सिंह, डॉ. राकेश मिश्र*




*शोभा यात्रा में कैंसर से वचाव हेतु प्रचार रथ*



**कार्यक्रम : मतदान उत्सव**

दिनांक : 26 अप्रैल, 2024 ( शुक्रवार )
कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना-485001 ( म.प्र. )

## सतना वासियों ने अधिक मतदान कर भाजपा की विजयशाली परंपरा का निर्वाहन किया : डॉ. राकेश मिश्र

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने रामा कृष्ण कॉलेज पोलिंग बूथ क्रमांक 119 भरहुत नगर में पहुंचकर सपरिवार मतदान किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर स्वच्छ एवं निरपेक्ष लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सतना लोकसभा के समस्त बूथों में जाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि निर्भीक होकर बिना किसी लालच में आए हुए लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए वोट करें। उन्होने पोलिंग बूथों में पहुंचकर मतदाताओं का उत्साह वर्धन किया।

डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि द्वितीय चरण के मतदान में सतना लोकसभा के नागरिको ने अपनी जिम्मेवारी और कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए मतदान किया है। लोकतंत्र में हरेक वोट महत्त्वपूर्ण है। लोकतंत्र का महापर्व अर्थात लोकसभा चुनाव एक सजग नागरिक होने के नाते अपना मताधिकार का प्रयोग करना हमारा दायित्व है।

इस मतदान की अपनी महत्ता है, क्योंकि यह मतदान एक सशक्त, सुरक्षित और सुदृढ़ राष्ट्र के लिए है, जो विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय और यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को मजबूत बनाते हुए विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए है। आपके बहुमूल्य वोट के बिना यह अनुष्ठान पूर्ण नहीं होगा।






*डॉ. राकेश मिश्र : गली नं. 9, राजेंद्र नगर, श्री कृष्णा पांडेय, श्री महेंद्र पांडेय ( पार्षद )
बी.टी.आई. ग्राउंड, रीवा रोड सतना श्री संजीव गुप्ता, श्री विजय सिंह पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी, नीलू, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री संजय कुमार सिंह*




*भरहुत नगर, रामाकृष्णा कॉलेज (मतदान दिवस)*
*डॉ. राकेश मिश्र, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री संकल्प मिश्र, श्री बलराम गुप्ता,*
*श्री नितिन मिश्रा, श्री विजय सिंह पटेल एवं श्री राजेश त्रिपाठी 'नीलू'*

भाजपा के पक्ष में किया गया आपका प्रत्येक वोट से देश को विकास के पथ पर गतिमान करेगा औरसशक्त, समृद्ध सनातन स्थापित होगा।

सतना लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय उम्मीदवार श्री गणेश सिंह जी को विजयी बनाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में सतना की जनता ने भरपूर मतदान कर सशक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में एक पुष्प अर्पित किया है।



## कार्यक्रम : श्रीमती शांति मिश्रा जी की सप्तम पुण्यतिथि पर सुंदरकांड एवं सप्तम पुष्प लोकार्पण

**दिनांक : 28 अप्रैल, 2024 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : नीलकंठ धाम, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला महोबा-471201 ( उ.प्र. )**

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सप्तम पुण्य स्मृति पर आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम







माता पिता की पूजा करना व उनके विचारों पर चलकर कार्य करना सीखना हो तो डॉ. राकेश मिश्र से बढ़कर कोई बड़ा उदाहरण नहीं हो सकता। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा पूज्य माता जी श्रीमती शांति मिश्रा जी की सप्तम पुण्यतिथि के तहत विभिन्न कार्यक्रमों में रमाशंकर मनीषी जी ने उद्गार व्यक्त किये। आज के आयोजन में बड़ी संख्या में संत, महंत, किसान व गांव वासियों ने धवर्रा गांव में शांति मिश्रा जी की पुण्यतिथि पर अनेकों महानुभावों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके तहत सुंदरकांड पाठ, श्रद्धांजलि सभा, सामग्री वितरण, सप्तम पुष्प पुस्तक विमोचन सहित पूर्ण आहुति एवं भंडारा कार्यक्रम नीलकंठ धाम धवर्रा (नौगांव) में आयोजित हुए। पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि पुत्र हो तो डॉ. राकेश मिश्र जैसा। जो सबको साथ लेकर चलते हैं। उनकी चारों बहिनों के साथ पूरा गांव जिस तरह से एकजुट रखकर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कर रहे हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

**"शांति मिश्रा जी की आत्मा तृप्त होगी सेवा कार्यों को देखकर : गुड्डन पाठक ( पूर्व विधायक )**

कार्यक्रम में पूर्व विधायक पुष्पेंद्र नाथ पाठक ने सभा को संबोधित करते हुए पूज्य माताजी श्रीमती शांति मिश्रा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. राकेश मिश्र को समाज सेवा के कार्य में लाने हेतु माता जी की ही प्रेरणा थी। जिसके चलते आज डॉ. राकेश मिश्र ने अपने ग्राम धवर्रा सहित नौगांव, छतरपुर, सतना एवं प्रयागराज सहित विभिन्न स्थलों में जहां से बड़ी संख्या में स्वास्थ्य परीक्षण, बच्चों को पठन-पाठन सामग्री, खेल सामग्री तथा गरीब कन्याओं के विवाह तथा हरा-भरा सतना के तहत हजारों की तादाद में पौधारोपण सहित समाज सेवा के कार्यों की एक लंबी श्रृंखला विगत कई वर्षों से निरंतर अनवरत जारी है।

**"संस्कृत भाषा व संस्कृति उत्थान में सतत सक्रिय हैं डॉ. राकेश मिश्र : स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज भीमकुंड धाम"**

भीमकुंड धाम के महंत स्वामी श्री शंकर्षणाचार्य जी महाराज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा समाज सेवा के द्वारा अतुलनीय कार्य किये जा रहे हैं।आपने कहा कि ऐसे पुत्र बड़े ही विलक्षण होते हैं जो अपने माता-पिता की कीर्ति को आगे तक लेकर जाते हैं, अपने माता-पिता की सेवा कार्यों की श्रृंखला को आगे बढाते हुए अनेकों कार्य किए गए हैं।आपने कहा कि वह डॉ. राकेश मिश्र तथा उनके माता-पिता से भली भांति परिचित हैं इसलिए व्यक्तिगत तौर पर उनके माता-पिता के द्वारा पुनीत कार्यों से भलीभांति परिचित हैं।

**पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में दद्दा जी की प्रतिमा पर हुई पुष्पांजलि :**

खेल परिसर में पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की प्रतिमा पर अतिथियों के द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों को पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के श्री जनार्दन देव मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन संकल्प मिश्रा एडवोकेट द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सप्तम पुष्प पुस्तक का विमोचन भी किया गया। जिसमें सेवा न्यास द्वारा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। है। मंच के माध्यम से बच्चों को उपहार स्वरूप पठन पाठन सामग्री, टॉफ़ी, बस्ते, कलैंडर इत्यादि भी भेंट किये गये।साथ ही भेंट स्वरूप भारत माता का दिव्य कैलेंडर भी सभी आए हुए अतिथियों को भोजनोपरान्त प्रदान किया गया।


**"सेवा न्यास मुख्यालय सतना में हुआ संदरकांड पाठ व श्रद्धांजलि सभा"**

सतना में सेवा न्यास मुख्यालय पर श्रद्धांजलि सभा व हनुमान चालीसा पाठ

आयोजित किया गया। जिसमें राजीव व्यास, मनीषा सिंह ने माता जी के संबंध में विचार व्यक्त किये। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर भविष्य में वृक्षारोपण का संकल्प लिया।

### इनकी रही उपस्थिति :

इस अवसर पर सेवा न्यास की सचिव श्रीमती आशा रावत, मालती मिश्र, श्रीमती रेखा अवस्थी, सूरज देव मिश्र, संतोष गंगेले कर्मयोगी, मंटू खरे, मोनू शर्मा, हरसू महाराज, सुशील द्विवेदी, अमित राय, राधे शुक्ला, बिट्टू चौरसिया, दुर्गा दीक्षित, प्रतीक सक्सेना, गोलू गिरि, सुभाष दीक्षित, रमेश यादव पूर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष महोबा, एडवोकेट सीमा सिंह राजपूत पटनहा, ब्रजेश अग्रवाल, नरेन्द्र मिश्र, साहित्य मिश्र, विष्णु तिवारी, श्रीराम रिछारिया सहित बड़ी संख्या में महोबा, छतरपुर, बेलाताल, भीमकुंड, प्रयागराज, पन्ना, बॉंदा, टीकमगढ़, निवाडी, झाँसी, सतना, दिल्ली एवं क्षेत्र वासियों की बड़ी संख्या उपस्थिति रही।




*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष द्वारा*
*पूज्य माता जी श्रीमती शांति मिश्रा जी को श्रद्धांजलि*




*संदरकांड पाठ करते सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र,*
*श्री संतोष गंगेले,श्री विकास द्विवेदी, श्रीराम रिछारिया एवं ग्रामीण जन*

कार्यक्रम में सप्तम पुष्प पुस्तक का विमोचन भी किया गया। जिसमें सेवा न्यास द्वारा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। है। मंच के माध्यम से बच्चों को उपहार स्वरूप पठन पाठन सामग्री, टॉफ़ी, बस्ते, कलैंडर इत्यादि भी भेंट किये गये।साथ ही भेंट स्वरूप भारत माता का दिव्य कैलेंडर भी सभी आए हुए अतिथियों को भोजनोपरान्त प्रदान किया गया।






*सप्तम पुष्प का लोकार्पण करते स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज भीमकुंड धाम,*
*डॉ. राकेश मिश्र, श्री जनार्दन देव मिश्र, रमाशंकर मनीषी जी*
*एवं पूर्व विधायक पुष्पेंद्र नाथ पाठक*





*न्यास की सचिव श्रीमती आशा रावत, मालती मिश्र,*
*श्रीमती रेखा अवस्थी जी एवं समस्त क्षेत्र वासियों द्वारा पुष्पांजलि*





## कार्यक्रम : माता जी की पुण्यतिथि पर सुंदरकांड

**दिनांक : 28 अप्रैल, 2024 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पूज्य माता जी की पुण्यतिथि पर सतना में सेवा न्यास मुख्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ आयोजित किया गया। जिसमें राजीव व्यास, मनीषा सिंह ने माता जी के संबंध में विचार व्यक्त किये। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर भविष्य में वृक्षारोपण का संकल्प लिया।





*न्यास मुख्यालय पर श्रद्धांजलि सभा व हनुमान चालीसा पाठ करते सेवा न्यास के कार्यकर्ता।*





*पूज्य माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री रवि द्विवेदी, श्री नितिन मिश्रा, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नीरज द्विदेवी, श्री हेमराज गुप्ता, श्रीमती शीलम सैनी।*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 28 अप्रैल, 2024 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : बिरला रोड संतोषी माता हनुमान मंदिर, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा आयोजित अपना सपना हरा भरा सतना अभियान के तहत बिरला रोड संतोषी माता हनुमान मंदिर में वृक्षारोपाण किया गया। इसमें श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, श्री नितिन मिश्रा, श्री सुनील यादव, श्री महेंद्र सिंह, श्री विजय सिंह पटेल,श्रीमती रश्मि सैनी, श्री अनिल सैनी, श्री निहाल गुप्ता, श्री विपिन अग्रवाल, पुजारी मंदिर (शुक्ला जी) न्यास के कई कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर वृक्षारोपण अभियान जारी रखते हुए पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूकता का संकल्प लिया गया।




श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, श्री नितिन मिश्रा, श्री सुनील यादव, श्री महेंद्र सिंह, विजय सिंह पटेल, रश्मि सैनी, श्री अनिल सैनी, श्री निहाल गुप्ता, श्री विपिन अग्रवाल, पुजारी मंदिर (शुक्ला जी) न्यास के अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 30 अप्रैल, 2024 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : बिरला रोड संतोषी माता हनुमान मंदिर, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा आयोजित अपना सपना हरा भरा सतना अभियान के तहत बिरला रोड संतोषी माता हनुमान मंदिर में वृक्षारोपाण किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी श्री आर के गर्ग, श्री शिवबाबू सिंह, श्री शमशेर बहादुर सिंह, श्री रामसजीवन दाहिया, श्री रामभजन तिवारी, श्री मोहनलाल कुशवाहा, श्री दयाराम शर्मा, श्री अयोध्या प्रसाद शुक्ल, श्री दयाशंकर पयासी, श्री बलवंत सिंह बघेल, श्री नरेश प्रसाद श्रीवास्तव, श्री महेश प्रसाद चतुर्वेदी, श्री रामबहादुर सिंह, श्री देवीराम क्षत्री, श्री सतेन्द्र कुमार द्विवेदी, वेदान्ती प्रसाद मिश्रा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री सुनील यादव, श्री विजय सिंह पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं समाजसेवी प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वृक्षारोपण अभियान जारी रखते हुए पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूकता का संकल्प लिया गया।





वरिष्ठ समाजसेवी आर के गर्ग, शिवबाबू सिंह, शमशेर बहादुर सिंह, रामसजीवन दाहिया, रामभजन तिवारी, मोहनलाल कुशवाहा, दयाराम शर्मा, उपस्थित रहे।





## कार्यक्रम : चौबीसवीं स्वास्थ्य परिचर्चा

**विषय : कोरोना वैक्सीन ( कोविशील्ड ) के साइड इफेक्ट्स का 'दुष्प्रचार या हकीकत**
**दिनांक : 08 मई, 2024 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 142, नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली-110001**

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 24वीं परिचर्चा में देश विदेश से जुड़े 1236 लाभार्थी

## प्रधानमंत्री मोदी जी ने दूसरे देशों को भी वैक्सीन देने का किया पुण्य कार्य : डॉ. राकेश मिश्र

## कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड के साइड इफेक्ट अफवाह है : डॉ. संदीप मित्तल

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड के साइड इफेक्ट्स का दुष्प्रचार या हकीकत ? विषय पर ऑन लाइन 24वीं परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर संदीप मित्तल (पल्मनोलॉजिस्ट मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम) ने देश विदेश से जुड़े 1236 लाभार्थियों जिसमे सतना, मैहर, रीवा, प्रयागराज, पन्ना, छतरपुर, मुंबई, दिल्ली, हरियाणा के अलावा अन्य प्रदेशों व यू एस ए, यूके, विदेशो में निवास करने वाले प्रवासी भारतीय लाभार्थियों के 130 प्रश्नों के सटीक जवाब देते हुए डॉक्टर संदीप मित्तल ने कहा कि कोविड के पांचवें साल में हम पहुंच चुके हैं। दुनिया के जितने भी प्रमुख देश हैं सभी देशों में फाइजर, कोवैक्सीन, कोविशील्ड वैक्सीन लगी हुई है।




डॉक्टर संदीप मित्तल ने बताया कि वैक्सीन का 19 करोड लोगों का सर्वे किया गया। पहले हफ्ते के अंदर मेजर समस्या नहीं आई। पहले डोज के बाद 10 दिन के

अंदर हल्का बुखार आना, जहां वैक्सीन लगी है हल्की सूजन होना भर इंपैक्ट देखा गया। अध्ययन से पता चला है कि कोविड वैक्सीन 10 करोड़ में 66 लोगों में ही साइड इफेक्ट देखा गया।

**"प्रधानमंत्री मोदी जी ने दूसरे देशों को भी वैक्सीन देने का पुण्य कार्य किया : डॉ. राकेश मिश्र"**

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने परिचर्चा संचालन करते हुये कहा कि महामारी के दौर में हमारे प्रधानमंत्री जी ने 140 करोड़ भारतीयों के प्राणों की रक्षा कॉविड-19 से की। साथ ही अन्य कई देशों में निवास करने वाले विदेशी नागरिकों के भी जीवन रक्षक कोरोना वैक्सीन देने का कार्य किया है। देश के सभी नागरिकों की ओर से मोदी जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

**कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड के साइड इफेक्ट अफवाह है : डॉ. संदीप मित्तल**

कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड के साइड इफेक्ट को लेकर अन्य देशों के द्वारा अफवाह फैलाई जा रही है।भारत के कुछ राजनीतिक लोगों द्वारा भ्रांतियां और भ्रम फैलाया जा रहा है। जिससे हमें दूर रहना चाहिए।

सचिन त्रिपाठी सतना ने पूछा कि जल्दबाजी में वैक्सीन लॉन्च किया गया है क्या?

डॉ. संदीप मित्तल ने लाभार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि नई टेक्नोलॉजी के प्रयोग में लाई गई है कोरोना वैक्सीन की टेस्टिंग 1, 2, 3, 4 फेसों में अच्छे से किया गया है।डॉक्टर मित्तल ने आगे कहा कि वैक्सीन लगने से 99% लोगों को फायदा हुआ है।

लाभार्थियों ने प्रश्न पूछा कि वैक्सीन लगने से क्या प्रजनन क्षमता पर फर्क पड़ता है? डॉ. मित्तल ने प्रश्न के जवाब में कहा कि कोविड-19 की वैक्सीन लगने से प्रजनन क्षमता में कोई भी असर नहीं होता। यह भ्रांति है।

लाभार्थियों ने प्रश्न पूछा कि क्या बच्चों को वैक्सीन नहीं लगना चाहिए?डॉक्टर मित्तल ने कहा कि कोविड बीमारी से बचाव के लिए वैक्सीन की ज़रूरत नहीं है।

**कोरोना वैक्सीन डीएनए चेंज नहीं कर सकता : डॉ. मित्तल**

लाभार्थियों ने पूछा कि कोविड वैक्सीन लगने से मनुष्यों में डीएनए चेंज कर सकता है क्या? डॉक्टर मित्तल ने कहा कि कोविड की वैक्सीन लगने से हमारा डीएनए चेंज नहीं होता है बल्कि हमारा इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत होता है।

लाभार्थियों ने पूछा कि क्या कोविड वैक्सीन से हमें कोई नुकसान होता है?

डॉ. मित्तल ने प्रश्न के जवाब में कहा कि 2 वर्ष बीत जाने के बाद कोई साइड इफेक्ट नहीं हुआ है। यह उसी तरह है जैसे बुखार आने पर क्रोसिन दवाई ली जाती है

और उससे कोई नुकसान नहीं होता। वैक्सीन लगने के तीन हफ्ते के अंदर ही साइड इफेक्ट दिखेगा और आज इतने वर्षों के बाद ना के बराबर चांस हैं।

लाभार्थियों ने पूछा कि कोविशील्ड लगाने से कार्य क्षमता कम हुई है क्या?

डॉ. मित्तल ने प्रश्न के जवाब में कहा कि यह सब भ्रांतियां हैं। इसका कोई भी साइड इफेक्ट नहीं है।वैक्सीन तो बूस्टर का काम करती है।

लाभार्थी ने पूछा कि क्या अभी भी वैक्सीन लग रही है?

डॉ. मित्तल ने प्रश्न के जवाब में कहा कि नहीं अभी वैक्सीनेशन नहीं चल रहा है।हां डॉक्टर की सलाह पर वैक्सीन लगाई जा सकती है।

छतरपुर के प्रदीप खरे ने प्रश्न पूछा कि अभी भी कुछ हॉस्पिटलों में एडमिट करने के लिए कोविड टेस्ट किया जाता है क्या यह सही है? डॉ. मित्तल ने प्रश्न के जवाब में कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। अगर कोई व्यक्तिगत टेस्ट करवाना चाहता है तो अलग बात है।

सौरभ सिन्हा गुड़गांव ने प्रश्न पूछा कि जो लोग कोविशील्ड वैक्सीन के संदर्भ में अफवाह फैला रहे हैं इनके खिलाफ कोई दंड का प्रावधान है या नहीं?

डॉक्टर मित्तल ने मुस्कुराते हुए कहा कि यह विषय सुप्रीम कोर्ट के सरकारी वकील संकल्प मिश्रा जी बता सकते हैं। निश्चित तौर पर इसमें भारत की दंड संहिता के हिसाब से दंड का प्रावधान है।

संजय गुप्ता प्रयागराज ने प्रश्न किया कि नवजात बच्चों को वैक्सीन लगानी चाहिए या नहीं डॉक्टर मित्तल ने प्रश्न के जवाब में कहा कि नवजात बच्चों को कोविड वैक्सीन नहीं लगानी चाहिए। जो भी वैक्सीनेशन का कार्य बच्चों के लिए होता है वह 6 माह के बाद ही होता है।

प्रकाश जी बांदा से ऑनलाइन जुड़कर प्रश्न पूछा कि कोवैक्सीन कोविशील्ड दोनों वैक्सीनों में लोग कोवीशील्ड की चर्चा क्यों कर रहे हैं?

डॉ. मित्तल ने जवाब में कहा कि कोवैक्सीन पुरानी पद्धति से व कोविशील्ड नई पद्धति से बनी है जो की पूरी तरह से सुरक्षित है अभी हाल ही में यू एस ए से यह चर्चाओं में है।

विजय सिंह पटेल सतना ने पूछा कि दवाओं या कोविशील्ड के साइड इफेक्ट है या नहीं?

डॉक्टर मित्तल ने प्रश्न के जवाब में कहा कि कोई भी दवा हो तो साइड इफेक्ट होते हैं।जैसे कि क्रोसिन बुखार में लेने से साइड इफेक्ट के कारण दवा लेने से मना नहीं करते या फिर टीवी की दवा में भी साइड इफेक्ट होता है लेकिन हम दवा लेते हैं इसी प्रकार से वैक्सीन है।

डॉ. मित्तल ने आगे कहा कि पहले के समय में रेल में यात्रा करने के दौरान प्लेटफार्म में पानी भरकर पानी पीते थे, लेकिन जबसे मिनरल वाटर पीने लगे हैं तब से बीमारियां कम हो रही है।

पुष्पेंद्र नाथ पाठक गुड्डन भइया पूर्व विधायक ने पूछा कि हमारे गांव में हार्ट अटैक कम उम्र में अधिक हो रही है इसका क्या कारण है?

डॉ. मित्तल ने प्रश्न के जवाब में कहा कि कम उम्र में हार्ट अटैक हमारी लाइफस्टाइल से हो रहे हैं। जैसे की हमारे परिवार में कभी किसी को हार्ट की बीमारी हो तो हमें भी हो सकता है। इसके चांसेस बन जाते हैं। कुछ बीमारियां जेनेटिक होती हैं।


श्रीमती मनीषा सिंह सतना ने प्रश्न किया कि सांस लेने में तकलीफ के क्या कारण हैं?

डॉक्टर मित्तल ने प्रश्न के जवाब में कहा कि कभी-कभी ऐसा हो सकता है। डॉक्टर से परामर्श लेकर उपचार करना चाहिए।

लाभार्थियों ने प्रश्न पूछा कि अभी भी लोग मास्क लगा रहे हैं क्या कारण है?

डॉ. मित्तल ने प्रश्न के जवाब में कहा की भीड़ में मास्क लगाना चाहिए हमें सुरक्षा मिलेगी। यह अच्छी आदत है। भारत के विभिन्न प्रांतो व यू एस ए, यूके अन्य देशों से जुड़े लाभार्थियों ने स्वास्थ्य परिचर्चा के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य परिचर्चा बहुत ही उपयोगी रही। साथ ही उन्होंने डॉ. राकेश मिश्र जी के सराहनीय प्रयास के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

परिचर्चा के अंत में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ने 24वीं स्वास्थ्य परिचर्चा में जुड़े लाभार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया और आने वाले दिनों में पुन : एक नये विषय पर परिचर्चा होगी।



*डॉ. मित्तल जी व डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा कोविशील्ड पर फैले भ्रामक पर चर्चा*

## कार्यक्रम : सप्तम पुष्प लोकार्पण

**दिनांक : 11 मई, 2024 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित सेवा कार्यों के संकलन 'सप्तम पुष्प' पुस्तक का लोकार्पण (शनिवार) को सेवा न्यास के मुख्यालय 'नेह निकुंज' बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना में किया गया।




लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महाकोशल प्रान्त के प्रान्त कार्यवाह श्री उत्तम बनर्जी जी, कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व क्षेत्र संघचालक श्रीश्रीकृष्ण माहेश्वरी जी, सतना के महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी विशिष्ट अतिथि ने सर्वप्रथम सेवा न्यास के प्रेरणा स्रोत परम पूज्य दद्दा एवं बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने मंचासीन अतिथियों को ओरछा की रामलला ओरछाधीश की पुस्तिका व अंग वस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

**"डॉ. राकेश मिश्र जी अपने माता पिता के सपनों को कर रहे हैं साकार : श्रीकृष्ण माहेश्वरी"** पूर्व क्षेत्र संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि हर संतान का पहला कर्तव्य होता है कि अपने माता-पिता के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलें और उनके सपनों को साकार करें। आज के दौर में साक्षात उदाहरण के तौर पर डॉक्टर राकेश मिश्रा जी हमारे समाज को नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। डॉ. श्री कृष्ण माहेश्वरी ने आगे कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी अपने माता पिता के सपनों को साकार कर रहे हैं। उत्कृष्ट रूप देने के लिए स्वयंसेवकों की लंबी फौज तैयार की है। जिसके माध्यम से समाज को नई दिशा देने का कार्य किया जा रहा है।

**"सेवा न्यास का कार्य हम सबके लिए अनुकरणीय : श्री उत्तम बनर्जी ( प्रांत कार्यवाह ) :** श्री उत्तम बनर्जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत ने

अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा न्यास के द्वारा वर्ष भर में समाज सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की लंबी श्रृंखला है जिसे देखकर हमारे नगरवासी प्रेरणा लें और पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की पूरी टीम को मैं साधुवाद देता हूं जिनके द्वारा सेवा न्यास को ऊंचाइयों में पहुंचने का कार्य समाज सेवा के क्षेत्र में नई इबारत लिखी जा रही है।

श्री उत्तम बनर्जी ने आगे कहा कि हमारे प्रवास अन्य जिलों शहरों में भी होते रहते हैं लेकिन जिस प्रकार से समाज सेवा के लिए समर्पण भाव डॉ. राकेश मिश्र जी की टीम में दिखता है वह हमें कहीं भी देखने को आज तक नहीं मिला।

**"नागरिक चेतना का कार्य कर रहा है सेवा न्यास : श्री योगेश ताम्रकार"** नगर के प्रथम नागरिक श्री योगेश ताम्रकार ने कहा कि हम नगर निगम के माध्यम से लाखों पेड़ लगाने का कार्य किया है और आगे भी करते रहेंगे। लेकिन डॉ. राकेश मिश्र जी का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। अपना सपना हरा भरा सतना अभियान के अंतर्गत सेवा न्यास के द्वारा जो भी पौधारोपण हुआ आज सब विशाल वृक्ष बनकर तैयार हैं, जिससे कि यह प्रदर्शित होता है कि सेवा के लिए पूरा समर्पण भाव के साथ मानव कल्याण के लिए कार्य कर रहा है।

**"सामाजिक सांस्कृतिक सेवा कार्यों के सदैव ऐसे ही चलते रहेंगे : डॉ. राकेश मिश्र"** डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्य आगे भी जारी रहेंगे। डॉ. राकेश मिश्र ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी के समक्ष सतना गौरव दिवस के अवसर पर सेवा न्यास ने संकल्प लिया था कि वर्ष में दो बार नि:शुल्क मैडिकल कैंप लगाकर पीड़ित मानवता की सेवा करने का कार्य करेंगे।

विगत समय में महत्त्वपूर्ण सेवा न्यास के द्वारा जो कैंप लगाए गए थे मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर हमारे क्षेत्र में कैंसर पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उसमें नियंत्रण करने के भाव से सेवा न्यास के द्वारा समाज को कैंसर मुक्त करने के लिए पुनः जुलाई माह में देश के बड़े डॉक्टरों की टीम के द्वारा नि:शुल्क कैंसर पीड़ित मरीजों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

पूर्व के स्वास्थ्य शिविरों से ऐसा पता चला है कि हमारे क्षेत्र में तंबाकू का सेवन अत्यधिक होने से दूर दराज गांव देहात में निवास करने वाले नागरिकों को मुंह का कैंसर, गले का कैंसर ज्यादा हो रहा है। इसके नि:शुल्क इलाज के लिए सेवा न्यास के द्वारा आयुष्मान भारत मरीज़ों को नि:शुल्क इलाज में मदद की जाती है।

## सेवा न्यास की लघु फ़िल्म का हुआ प्रदर्शन

सेवा न्यास द्वारा आयोजित वर्ष भर की गतिविधियों का फ़िल्म रूप में प्रदर्शित कर जीवंत कार्यों को देखकर अतिथि प्रसन्न हो गये।सबने मिलकर सेवा न्यास को आशीर्वाद प्रदान किया।

## इनकी रही उपस्थिति :

डॉ. सुनील अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सतीश शर्मा, सर्व समाज के अध्यक्ष श्री संजय शाह, श्री कमलजीत सिंह सेठी, श्री सुधीर सिंह तोमर, श्री संजय पांडे, श्री बी.डी. पांडेय, श्री रोहित अग्रवाल, श्री अनंत सोनी, श्री अजय कुमार शुक्ला, श्री रवि प्रताप सिंह, श्री शंकर दयाल त्रिपाठी, श्री हरीश अग्रवाल, श्री विष्णु शंकर मिश्रा, श्री शिवनारायण शुक्ला, श्री संजय शुक्ला, श्री राम विशाल पांडे, श्री राम प्रकाश मिश्रा, श्री जय नारायण पांडे, श्री आयुष सिंह चंदेल, श्री कामता पांडे, श्री श्यामलाल गुप्ता, श्री बाल्मिक शुक्ला, श्री प्यारेलाल शर्मा, श्री शंकर लाल सोनी, श्री विपिन अग्रवाल, डॉ. सुरेश चंद्र राय, डॉ. गुरु प्रसाद रिछारिया एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता व दूर दराज गांव देहात से आए हुए ग्रामीण जन उपस्थित रहे।







*श्री योगेश ताम्रकार, श्री उत्तम बनर्जी जी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व क्षेत्र संघचालक श्रीश्रीकृष्ण माहेश्वरी जी, डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा सप्तम पुष्प का लोकार्पण एवं न्यास के उपस्थित कार्यकर्ता*

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 12 मई, 2024 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : बिरला रोड संतोषी माता हनुमान मंदिर, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अपना सपना-हरा भरा सतना अभियान के अंतर्गत डॉ. राकेश मिश्र के मार्गदर्शन में श्री हनुमान मंदिर परिसर यूसीएल रोड में बादाम, नींम, बरगद, पीपल, कदम का पौधा रोपण किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने से और उसकी सेवा कर उसे पालने पोसने से हमें पुण्य की प्राप्ति होती है।

डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि सेवा न्यास के द्वारा किए जा रहे कार्यों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं को चाहिए कि नवीन स्थान का चयन करें एवं भौतिक परीक्षण करने के उपरांत नए स्थान पर वृक्षारोपण करें। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाए की हमारे समाज में प्रतिदिन हजारों की संख्या में जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, पूर्वजों की पुण्यतिथियां होती हैं। न्यास व्यक्तिगत रूप से संपर्क करने के उपरांत उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधारोपण करने का संकल्प दिलवाएं और पुण्य के भागीदारी बनें।

### पेड़ हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें : डॉ. राकेश मिश्र

श्री हनुमान मंदिर यूनिवर्सल केबिल रोड में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। डॉ. राकेश मिश्र ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि पेड़ हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें। अपना सपना हरा-भरा सतना अभियान की समीक्षा करते हुए अब द्वितीय चरण में वृक्षारोपण की योजना बनाई गई।आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में सभी कार्यकर्ताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रकृति ने हमें जीवन के साथ-साथ बहुत कुछ दिया है। जीवन जीने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

इसलिए हम सबका परम कर्तव्य है की प्रकृति के संरक्षण के लिए अपना अमूल्य समय निकालकर सेवा भाव से कार्य करें।

### सतना में 3700 पौधे वटवृक्ष बनकर तैयार हो गये : सुनील यादव

हमें अपार ख़ुशी है कि अब तक 3700 नन्हें पौधे वृक्ष बनकर तैयार हो चुके हैं। आज से द्वितीय चरण के वृक्षारोपण का अभियान प्रारंभ किया गया है। आज संतोषी माता मंदिर में पांच वृक्ष लगाकर पंच परमेश्वर के रूप में जो पेड़ लगायें गये उनमें डॉ. राकेश मिश्र व प्रमिला मिश्रा की विवाह वर्षगांठ पर, प्रज्जवल सेन, लक्ष्य सिंह,

सुनील पटेल के जन्मदिन पर एवं सीताराम चौदहा की स्मृति, स्व. विनोद अग्रवाल जी की स्मृति में वृक्षारोपण कर उनके परिवार जनों को धन्यवाद दिया गया। उन्होंने कहा कि इन सबको प्रेरित किया गया और उन्होंने पुण्य कार्य किया। हम आभारी हैं।

### आज के पौधारोपण में इनकी रही उपस्थिति :

अपना सपना-हरा भरा सतना अभियान के प्रमुख सुनील यादव, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा, श्री सतेंद्र द्विवेदी, श्री शिवम् शुक्ला, श्री महेन्द्र तिवारी, श्री अनिल सैनी, श्री लवकुश सिंह बघेल, श्री सत्येंद्र द्विवेदी, श्री अंकित सोनी, श्री विपिन अग्रवाल, श्री अनुराग तिवारी, श्री अंकित सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू व पर्यावरण प्रेमी सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पं. प्रभुनाथ शुक्ला पुजारी जी ने वृक्षों को अगरबत्ती व प्रसाद लगाया व सभी को वितरण किया।





न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी, अभियान के प्रमुख सुनील यादव, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा, श्री सतेंद्र द्विवेदी, श्री शिवम् शुक्ला, श्री महेन्द्र तिवारी, जी एवं न्यास के उपस्थित कार्यकर्ता।





## कार्यक्रम : अधिवक्ता सम्मान समारोह

**दिनांक : 19 मई, 2024 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. ) 485001**

डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास चार दिवसीय प्रवास के अंतर्गत सेवा न्यास मुख्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से वार्षिक कैलेंडर हेतु कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

### अधिवक्ताओं के लिये होगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन : डॉ. राकेश मिश्र

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि सतना गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सेवा न्यास द्वारा वर्ष में दो बार नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने का संकल्प लिया था इस तारतम्य में सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर में कैंसर रोग से पीड़ित मरीजों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री बद्री विशाल पाठक, उपाध्यक्ष श्री शरद मिश्रा, सचिव श्री शैलेश पांडे, सह सचिव श्री आदित्य मिश्रा,कोषाध्यक्ष श्री प्रकाश नारायण मिश्रा, ग्रंथपाल श्री यशवर्धन द्विवेदी, कार्यकारिणी सदस्य श्री केशव प्रसाद त्रिपाठी, श्री आशीष कुमार शर्मा, श्री अनिल कुमार शुक्ला, श्री विनय गर्ग, श्री आशुतोष निरंजन पांडे को सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए अंग वस्त्र, माता अन्नपूर्णा का दुर्लभ चित्र,आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि का चित्र व सेवा न्यास की समस्त गतिविधियों पर आधारित सप्तम पुष्प भेंटकर उनका सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सेवा न्यास की गतिविधियां प्रेरणादायक बी.बी. पाठक : ( अध्यक्ष बार एसोसिएशन सतना )

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बद्री विशाल पाठक ने सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा जी समाज सेवा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बहुत ही कम समय में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने नए

कीर्तिमान अर्जित किए हैं। हम सब अधिवक्ता सेवा न्यास से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करें जिससे सही मायने में पीड़ित मानवता की सेवा हो सके।

कार्यक्रम का सफल संचालन राजेश त्रिपाठी नीलू क मीडिया प्रभारी ने किया व श्रीमती मनीषा सिंह ने आभार व्यक्त किया।

**इनकी रही उपस्थिति :**

श्री राजीव व्यास, श्री अजय मिश्रा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती नीलम कुशवाहा, श्री कमलेश्वर अग्रवाल, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा, श्री बृजेश सिंह, श्री सचिन त्रिपाठी, श्री विष्णु नारायण पांडे, श्री पीएल शर्मा, श्री बलराम गुप्ता, श्री नीरज त्रिपाठी, श्री लखन लाल शुक्ला, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






## कार्यक्रम : योग शिविर एवं समर कैंप

**दिनांक : 20 मई, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : मुख्तियारगंज वेंकटेश मंदिर व पुलिस परेड ग्राउंड**
**सिविल लाइन, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत संपर्क संवाद सेवा समाधान अभियान में मुख्तियारगंज वेंकटेश लोक वेंकटेश मंदिर परिसर व पुलिस परेड ग्राउंड सिविल लाइन में आयोजित योग शिविर एवं ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। सेवा न्यास द्वारा निरंतर विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से सर्वे भवंतु सुखिन: के उद्देश्य से नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी भाव के साथ समाजसेवाके कार्य सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे हैं।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि हम सबको अपने-अपने जन्म दिवस के शुभ अवसर पर एक पौधा रोपण अवश्य ही करना चाहिए। सेवा न्यास के द्वारा अब तक हजारों की संख्या में पौधा रोपण किया गया जो की 100% जीवित हैं। आज धीरे-धीरे विशाल वृक्ष का रूप ले रहे हैं।। सेवा न्यास द्वारा निरंतर विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से सर्वे भवंतु सुखिन: के उद्देश्य से नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसी भाव के साथ समाजसेवाके कार्य सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे हैं।

डॉ. राकेश मिश्र ने आगे कहा कि कोरोना काल में हमने ऑक्सीजन के महत्त्व को समझा है। एक-एक ऑक्सीजन सिलेंडर के लिए हम सबको भटकना पड़ता था। हमने पेड़ों के महत्त्व को समझा है आज हमारे समाज में पेड़ लगाने के लिए हमारे नगर के लोग जागरूकता का परिचय देते हुए स्वयं सेवा न्यास कार्यालय में संपर्क करके अपने वैवाहिक वर्षगांठ अपने जन्म दिवस हुआ अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में पौधा रोपण कर रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब प्रत्येक घर के सामने एक-एक विशाल वृक्ष होगा। हम सबको संकल्प लेकर अपने घरों के सामने पौधा रोपण करना चाहिए, जिससे कि हम उसकी सेवा कर सके और आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके। वायुमंडल का तापमान दिन प्रतिदिन अनियंत्रित होने से रोकने एवं पर्यावरण को संतुलन करने के लिए एक मात्र वृक्ष ही साधन है।

### हमारे द्वारा रोपण किए पौधों को बढ़ता हुआ देखकर संतुष्टि की अनुभूति होती है : विजय प्रताप सिंह

वरिष्ठ समाजसेवी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे द्वारा रोपण किए गए पौधे को जब हम बढ़ता हुआ देखते हैं तो ऐसा लगता है कि हम अपने पूर्वजों की

सेवा कर रहे हैं। साथ ही आगे उन्होंने कहा कि जब हम आते जाते हुए उन्हें देखते हैं ऐसा प्रतीत होता है मानो हमारे पूर्वजों के दर्शन हो रहे हैं। उन्हें देखकर हमें संतुष्टि की अनुभूति होती है।

डॉ. राकेश मिश्र ने उपस्थित प्रबुद्ध जनों एवं छात्र छात्राओं को अपने जन्म दिवस के अवसर पर पौधारोपण करने का संकल्प दिलाया।

### भोजन व पानी बर्बाद न करने हेतु बच्चों को दिलाया संकल्प : मनीषा सिंह

पानी बचाने, व अनाज की बर्बादी रोकने डॉ. राकेश मिश्र ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि उतना ही लें थाली में व्यर्थ न जाए नाली में।भोजन की थाली में हम सबको अपने-अपने घरों में यह आदत बनानी चाहिए कि थाली में उतना ही लें जितना हम ग्रहण कर सकते हैं।अन्नपूर्णा माता का सम्मान करते हुए हमें माता बहिनों द्वारा बनाये भोजन को बर्बाद नहीं करना चाहिए।

### इनकी रही उपस्थिति :

श्री प्रदीप अवस्थी, डॉ. अरुण त्रिवेदी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री विष्णु नारायण पांडे, श्री रवि शंकर द्विवेदी, श्री पुरुषोत्तम दास अग्रवाल, श्री सुनील तिवारी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्रीमती रीमा त्रिपाठी, श्री अजय द्विवेदी एवं प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।



*प्रतिभागियों को धनवंतरी जी का चित्र देते हुए न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*





*योगाभ्यास करते हुए बालक एवं बालिकाएँ*

## कार्यक्रम : स्व. कुलदीप सक्सेना जी की स्मृति में पौधारोपण

**दिनांक : 22 मई, 2024 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : नर्मदेश्वर मंदिर परिसर, भरहुत नगर,सतना ( म.प्र. ) 485001**

क्षेत्र के मशहूर एंकर व जनप्रिय स्वर्गीय कुलदीप सक्सेना जी की जन्म तिथि पर उनके पुत्र सुशांत सक्सेना द्वारा पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "अपना सपना-हरा भरा सतना" अभियान से प्रभावित होकर अपने पिता जी की याद में मान्या हेल्थ सेंटर के सामने नर्मदेश्वर मंदिर परिसर, भरहुत नगर में नीम का पौधारोपण किया सुशांत सक्सेना ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा अपना सपना हरा-भरा सतना अभियान चलाया जा रहा है। आज हमने अपने पिता स्वर्गीय कुलदीप सक्सेना जी की याद में पौधारोपण किया है।

### ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा पांच वर्षों तक पौधों की करते हैं सेवा : डॉ. राकेश मिश्र

डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि सेवा न्यास के द्वारा जो भी पौधारोपण किया जाता है ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा 5 वर्षों तक उसकी सेवा करते हुए खाद, पानी, मिट्टी समय-समय पर कीटनाशक दवाइयां छिड़काव करते हुए उसे एक बच्चे की तरह पहले पाला-पोशा जाता है। क्योंकि हमारे शास्त्रों में ऐसा कहा गया है एक पौधा रोपण करने में उसकी सेवा करने पालन पोषण करने में वही पुण्य की प्राप्ति होती है जो हमें 100 पुत्रों के पालन पोषण उसकी सेवा करने से मिलता है। आप सभी से अनुरोध है कि आप भी अपनों की याद में पेड़ लगायें व पुण्य लाभ पायें।

### अपना सपना-हरा भरा सतना अभियान सराहनीय कार्य : प्रमोद तिवारी

अनुपमा कॉन्वेंट स्कूल के संचालक एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री प्रमोद तिवारी ने कहा कि श्री कुलदीप सक्सेना जी हमारे बहुत ही परम मित्र थे। हम लोगों ने जल बचाओ अभियान में साथ में काम किया। आज उनके जन्म दिवस पर डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। पूर्व पार्षद श्री राजेश सिंह गहरवार ने कहा कि श्री कुलदीप सक्सेना जी हमारे मार्गदर्शक थे। समाज सेवा के प्रति पूरे समर्पण भाव से कार्य करने वाले व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। डॉ. राकेश मिश्र जी की उपस्थिति में श्री सुशांत सक्सेना जी के द्वारा अपने पिता की जन्मतिथि के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण किया गया है जो की बहुत ही पुनीत कार्य है। आज हम सब मिलकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

**इनकी रही उपस्थिति :**

श्री कुलदीप सक्सेना चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं संस्थापक सुशान्त सक्सेना, श्रीमती सुषमा सक्सेना, श्री राजदीप सक्सेना, श्री प्रमोद तिवारी, श्री राजेश सिंह गहरवार, श्री राकेश तिवारी, श्री रोहित सिंह, श्री अभिनव सिंह दीक्षित, श्री कान्हा श्रीवास्तव, श्रेयांश श्रीवास्तव, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्रीमती वंदना बागरी, विजय सिंह पटेल, राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।



## कार्यक्रम : संस्कृत पाठशाला में सामग्री वितरण

**दिनांक : 23 मई, 2024 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : श्री नारायण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भीमकुँड बाजना, छतरपुर ( म.प्र. )**

### संस्कृत पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच जन्मदिन मनाकर किये उपहार वितरित : डॉ. राकेश मिश्र

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष ने अपने जन्मदिन के अवसर पर श्री नारायण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भीमकुंड बाजना, छतरपुर में पहुंचकर विभिन्न सांस्कृतिक प्रकल्पों का अवलोकन किया। सबसे पहले अबार माता पहुंचकर दर्शन किये व सत्यनारायण भगवान की पूजा अर्चना की। अपने परिवार जनों के साथ ग्रामीणों के साथ संवाद किया।डॉ. राकेश मिश्र ने पुरोहितों को सम्मानित किया व सामग्री वितरण किया। इसलिए दैनिक जीवन में शब्दों के महत्त्व को समझते हुए हमें मीठी वाणी ही बोलना चाहिए है और अपने बच्चों को भी वेद भाषा संस्कृत का अभ्यास करना चाहिए।संस्कृत विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच आकर मुझे ऐसा लगा जैसे कि मैं अपने बचपन में लौट आया हूं। यहाँ का प्राकृतिक वातावरण सबके लिए प्रेरणादायी है।

यहां के बच्चों की दिनचर्या प्रात: से लेकर रात्रि विश्राम तक शास्त्र अनुरूप शिक्षा दी जा रही है। जैसे हमें प्रतिदिन पूजा पाठ हवन करना चाहिए। मत्रों का जाप करना चाहिए प्रतिदिन वेद पुराणों का पढ़ना चाहिए और योग को अपनाना चाहिए क्योंकि ऐसा कहा गया है कि स्वस्थ शरीर में ईश्वर का वास होता है।

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा संस्कृत शाला में किया जा रहा सहयोग महत्त्वपूर्ण : स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज

डॉ. राकेश मिश्र का श्री नारायण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्यनरत बच्चों ने संस्कृत भाषा के वेद मत्रों के साथ भक्ति भाव विभोर होकर स्वागत किया। डॉ. मिश्र ने वेद की शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से बातचीत कर उन्हें उपहार वितरित किए, साथ ही साथ पूज्य आचार्य गणों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### भीमकुंड व अबार माता के विकास में डॉ. राकेश मिश्र जी का अमूल्य योगदान : श्री प्रद्युम्न सिंह ( पूर्व राज्य मंत्री )

मध्यप्रदेश में छतरपुर जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल भीमकुंड का सौन्दर्य बढ़ाने में

मिश्र जी का बढ़ा योगदान दिया है। दिल्ली में व्यस्त रहते हुए भी अपनी जन्मभूमि पर जन्मदिवस मनाना इनकी क्षेत्र के विकास के लिए इच्छा शक्ति दर्शाता है।





*श्री नरेन्द्र मिश्रा, श्री नीरज भार्गव, श्री दुर्गा प्रसाद दीक्षित आदि कार्यकर्ता*



*श्री प्रद्युम्न सिंह जी द्वारा स्वागत*



*जन्मदिन पर प्रसिद्ध तीर्थस्थल भीमकुंड में डॉ. राकेश मिश्र, श्रीमती प्रमिला मिश्रा एवं परिवार जन*

## कार्यक्रम : ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर

**दिनांक : 24 मई, 2024 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णनगर, सतना ( म.प्र. )**

**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णनगर के विवेकानंद सभागार में आयोजित :** व्यक्तित्व विकास ग्रीष्मकालीन शिविर का भव्य समापन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संस्कार भारती के प्रांत अध्यक्ष व विद्यालय समिति के अध्यक्ष श्री मणिकांत माहेश्वरी, विद्यालय व्यवस्थापक श्री विकास पांडे प्राचार्य गणेश प्रसाद मिश्रा शाला समिति के संयोजक श्री लव कुश मिश्रा, शारदा कौशिक, श्री विभाष बनर्जी व सरस्वती विद्यापीठ के अध्यक्ष संपत जी ने सर्वप्रथम चित्रकला आर्ट एवं क्राफ्ट तत्पश्चात प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी में प्रमुख रूप से सुलेख लेखन पेंटिंग, रंगोली एवं आर्ट एंड क्राफ्ट कलाओं का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी में विशेष रूप से मिट्टी के गणेश जी आकर्षण का केंद्र रहे। डॉ. राकेश मिश्र ने प्रदर्शनी के शुभारंभ में कहा कि श्री गणेश उत्सव में हम सबको मिट्टी से निर्मित भगवान गणेश की स्थापना करना चाहिए और पूजा करना चाहिए।

समापन अवसर के मंचासीन अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर माता सरस्वती की वंदना के साथ आराधना की एवं प्रदर्शनी की भूरि-भूरि प्रसंसा की ओर बच्चों का हौसला बढ़ाया।

### 25 दिवसीय ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ समापन : श्री विकास पांडेय

ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर समापन के अवसर पर मंचासीन अतिथियों को विद्यालय प्राचार्य श्री गणेश प्रसाद मिश्रा ने तिलक लगाकर, श्रीफल व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

विद्यालय व्यवस्थापक विकास पांडे ने शिविर के महत्त्व व आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से भैया बहनों का सर्वांगीण विकास होता है। डॉ. राकेश मिश्र ने कहा वृक्षारोपण अभियान हम सब के लिए अनुकरणीय है।

विकास पांडे ने 25 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि अभिरुचि कक्षाओं के विषय अंग्रेजी संभाषण, वैदिक गणित, संगीत( गायन, वादन,

नृत्य)चित्रकला(आकृति चित्रण, कलात्मक अक्षर चित्रण) सुलेख, विविध कलात्मक गतिविधियाँ (पेपर कटिंग, रंगोली, अल्पना, मूर्तिकला) घोष, क्रीड़ा गतिविधियाँ (खोखो, कबड्डी, टेबिल टेनिस, कैरम, शतरंज) में भैया-90, बहिनें-87, योग-177, शिशु वर्ग-65, बालवर्ग-85, किशोर /तरुण-27, विद्यालय की संख्या-102, अन्य विद्यालय-75, कुल विद्यालयों की संख्या : 27 अध्यनरत भैया बहिनों ने 25 दिवसीय ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर में हिस्सा लिया।

### समर कैंप आयोजन से भैया बहिनों के व्यक्तित्व का विकास होता है : डॉ. राकेश मिश्र

ग्रीष्मकालीन व्यक्तित्व विकास शिविर समापन अवसर के मुख्य अतिथि डॉ. राकेश मिश्र जी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सेवा संपर्क संवाद एवं समाधान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। भैया बहिनों को स्वस्थ और स्वच्छ समाज की संरचना के लिए पांच संकल्प आवश्यक रूप से लेना चाहिए।

- पहला संकल्प धूम्रपान मदिरा पान एवं नशा से दूर रहते हुए नशा मुक्त समाज का निर्माण करें।
- दूसरा संकल्प अन्न और जल की बर्बादी को रोकने का संकल्प लें, किसी भी सार्वजनिक कार्य के अवसर पर अन्न बर्बाद ना हो और पानी का दुरुपयोग ना हो।
- तीसरा संकल्प हम अपने आवास, विद्यालय एवं आसपास को हमेशा स्वच्छ रखें।
- चौथा संकल्प पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हम अपने जन्म दिवस पर वृक्षारोपण करें एवं लगे हुए वृक्षों की सुरक्षा करें।
- पांचवा सबसे महत्त्वपूर्ण संकल्प अपने माता-पिता परिवार और समाज में बुजुर्गों का सम्मान करें।

डॉ. मिश्र ने आगे कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर में जब हम प्रवेश करते हैं तो मंदिर जैसी अनुभूतियां होती हैं। हम सब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से छात्रों का व्यक्तित्व का विकास होता है।

डॉ. मिश्र ने कोरोना काल का वर्णन करते हुए कहा कि चुनौतियों पर विजय प्राप्त करना हो तो हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी से सीखना चाहिए क्योंकि बहुत ही कम समय में कोरोना महामारी से बचाव के लिए वैक्सीन का मेक इन इंडिया निर्माण हुआ और देशवासियों के प्राणों की रक्षा हुई।

## डॉ. राकेश मिश्र ने विगत वर्षों में सतना को सेवा कार्यों से नई पहचान दी : श्री मणिकांत माहेश्वरी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री मणिकांत माहेश्वरी ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा जी के द्वारा समाज सेवा क्षेत्र में विगत वर्षों में अनुकरणीय कार्य किया है। सतना ही नहीं इसकी गूंज पूरे देश में फैली हुई है भैया बहनों को वह नगर वासियों को डॉक्टर राकेश मिश्रा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से प्रेरणा लेकर समर्पण भाव से समाज सेवा के लिए कार्य करना चाहिए।

## कौन कहता है भगवान आते नहीं गोपियों की तरह तुम बुलाते नहीं : श्री गणेश गोविंद

कौन कहता है भगवान आते नहीं गोपियों की तरह तुम बुलाते नहीं एवं यह चमक यह दमक सब कुछ सरकार तुम ही से है मनमोहक गीत विद्यालय की बहनों ने सामूहिक गायन व नृत्य किया। उपस्थित अभिभावक व अतिथियों, विद्यालय आचार्यों ने तालियां बजाकर भैया बहनों का सम्मान किया।




*समर कैंप आयोजन का दीप प्रज्ज्वलन करते श्री मणिकांत माहेश्वरी जी एवं डॉ. राकेश मिश्र जी*




प्राचार्य गणेश प्रसाद मिश्रा डॉ. राकेश मिश्र जी का सम्मान करते हुए




सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्णनगर में मनमोहक गीत विद्यालय की बहिनों द्वारा

## कार्यक्रम : पच्चीसवीं परिचर्चा

**विषय: "नई भारतीय न्याय संहिता : भारतीयों को सुलभ न्याय का मार्ग"**
**दिनांक : 01 जून, 2024 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 142, नार्थ एवेन्यू, नई दिल्ली-110001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 25वीं परिचर्चा का आयोजन शनिवार को किया गया। इस परिचर्चा में प्रमुख रूप से श्री आर.एस. गोस्वामी सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल आफ दिल्ली ने 'नई भारतीय न्याय संहिता : भारतीयों को सुलभ न्याय का मार्ग' विषय पर सभी प्रश्नों के सरल भाषा में उत्तर दिए व नई भारतीय न्याय संहिता की विशेषताएं भी बताईं। परिचर्चा का शुभारंभ डॉ. राकेश मिश्र ने ऑनलाइन माध्यम से देश विदेश से जुड़े हुए पत्रकारों, अभिभाषकों व आम नागरिकों का स्वागत करते हुए कहा कि कोरोना काल के बाद ऑनलाइन परिचर्चा ने विश्व में विशेष स्थान प्राप्त किया है। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा समसामयिक विषयों पर संवाद का आयोजन किया जाता है।




देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने नई भारतीय न्याय संहिता कडी मेहनत व सबसे चर्चा करके बनाई है। जो की देशवासियों के लिए वरदान साबित होगी। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री आर.एस. गोस्वामी ने सर्वप्रथम सेवा न्यास के प्रेरणा स्रोत पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी व माता जी के साथ मधुर संबंधो को याद करते हुये नमन किया। डॉ. राकेश मिश्र के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र द्वारा विगत कई वर्षों से नागरिकों के कल्याणार्थ निरोगी एवं स्वस्थ समाज के उद्देश्य से नि:शुल्क मेडिकल कैंपों के माध्यम से समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित आज की 25 वीं परिचर्चा "नई भारतीय न्याय संहिता : भारतीयों को सुलभ न्याय का मार्ग" में देश के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कानूनविद श्री आर.एस. गोस्वामी जी के साथ वार्ता में 1680 लोग आनलाइन जुड़े थे। 56 लोगों ने अपने सवाल गोस्वामी जी से पूछे। जिनका उत्तर बड़ी ही सरल व सहज भाषा में दिये।

### प्रस्तुत है वार्ता का सारांश

देश में 1 जुलाई, 2024 से ब्रिटिश काल के समय के बनाए कानून खत्म हो जाएंगे इन कानूनों के लागू होने के बाद ये बड़े बदलाव होंगे।

- आईपीसी कानून में 511 धाराएं थीं जबकि नए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में 358 धाराएं होंगी। नए कानून में 21 नए अपराधों को भी सम्मिलित किया गया है।
- सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) में 531 धाराएं होंगी। नए कानून में सीआरपीसी की 177 धाराओं को बदला गया है और 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं। नए कानून को लाते हुए 14 धाराएं समाप्त भी गई हैं। गिरफ्तारी, जाँच और मुकद्दमा चलाने आदि की प्रक्रिया सीआरपीसी में होती है.
- भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत 170 धाराएं होंगी, जबकि अभी तक इसमें 166 धाराएं हैं। मुकद्दमे के सबूतों को कैसे साबित किया जाएगा, बयान कैसे दर्ज होंगे, यह सब अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत 170 धाराओं के तहत ही होगा। नए कानून लाने में 24 घाराओं में बदलाव किया गया है और 2 नई धाराएं भी साक्ष्य अधिनियम में जोड़ी गई हैं। नए कानून में पुरानी 6 धाराओं को समाप्त भी किया गया है।
- नए कानूनों में नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषियों को अब फांसी की सजा दी जा सकेगी। गैंगरेप के मामलों में 20 साल की कैद या आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा नाबालिग के साथ गैंगरेप को नए अपराध की श्रेणी में रखा गया है।
- नए कानूनों में मॉब लिंचिंग, यानी जब 5 या इससे ज्यादा लोगों का एक समूह मिलकर जाति या समुदाय आदि के आधार पर हत्या करता है, तो ग्रुप के हर सदस्य को आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी।
- आतंकवाद, मॉब लींचिंग और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले अपराधों के लिए सजा को और सख्त बनाया गया।
- नए कानून में 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा के प्रावधान को भी शामिल किया गया है। 6 तरह के अपराधों में कम्युनिटी सर्विस की सजा का प्रावधान भी किया गया है। नये कानून में केस का निपटारा करने के लिये टाइमलाइन होगी। इसमें फॉरेंसिक साइंस के इस्तेमाल का भी प्रावधान होगा।
- राजद्रोह को अब अपराध नहीं माना जाएगा। नए कानून की धारा 150 के तहत एक नया अपराध जोड़ा गया है। इसके तहत भारत से अलग होने,

पृथकतावादी भावना रखने या भारत की एकता एवं संप्रभुता को खतरा पहुँचाने को अपराध बताया गया है। यह देशद्रोह का अपराध होगा।

- नए कानून में आतंकवादी कृत्य, जो पहले गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम जैसे खास कानूनों का हिस्सा थे, इसे अब भारतीय न्याय संहिता में शामिल किया गया है। नए कानूनों के तहत जो भी शख्स देश को नुकसान पहुंचाने के लिए डायनामाइट या जहरीली गैस जैसे खतरनाक पदार्थों का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें आतंकवादी माना जाएगा।
- पॉकेटमारी जैसे छोटे संगठित अपराधों पर भी नकेल कसने का प्रावधान नए कानूनों में किया गया है। इस तरह के संगठित अपराधों से निपटने के लिए राज्यों के अपने कानून थे।

परिचर्चा को सफल बनाने व विशेष योगदान के लिए डॉ. राकेश मिश्र ने एडवोकेट श्री प्रतीक गोस्वामी, श्री सारांश व श्री संकल्प मिश्र सहित देश विदेश से जुड़े आम नागरिकों व शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।






*वरिष्ठ अधिवक्ता श्री आर.एस. गोस्वामी जी द्वारा विषय सम्बोधन।*






*नई भारतीय न्याय संहिता पर परिचर्चा करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी एवं न्यास के कार्यकर्ता।*

## कार्यक्रम : विश्व पर्यावरण दिवस

**दिनांक : 05 जून, 2024 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : मैत्री पार्क, सतना ( म.प्र. )**

### "विश्व पर्यावरण दिवस पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का संकल्प अभियान"

### "अपना सपना-हरा भरा सतना अभियान जन-जन का अभियान बन रहा : डॉ. राकेश मिश्र"

विश्व पर्यावरण दिवस पर डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "अपना सपना-हरा भरा सतना" के अंतर्गत बुधवार को मैत्री पार्क हवाई पट्‌टी में जल एवं पर्यावरण संरक्षण संकल्प अभियान का आयोजन किया गया।

### "एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की : प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने"




सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी का संदेश वाचन करते हुए सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज "एक पेड़ माँ के नाम अभियान" की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने की है। डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि हमारे नगर में कंक्रीट का जाल चारों ओर फैला हुआ है। वायुमंडल को संतुलित करने के लिए जल का संरक्षण करने के लिए हर नागरिक को जागरूक होना चाहिए। पानी की एक भी बूंद बर्बाद ना होने पाए। साथ ही पेड़ों के संरक्षण उनकी सेवा करने के महत्त्व का वर्णन करते हुए कहा कि एक पेड़ को तैयार करने व उसकी सेवा करने में 100 पुत्रों की सेवा के समान पुण्य की प्राप्ति होती है।

## मैत्री पार्क सतना में पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

पर्यावरण व जल संरक्षण हेतु नगर के प्रबुद्ध जनों, समाजसेवियों, स्कूल कॉलेज में अध्यनरत छात्र-छात्राओं द्वारा यह संकल्प लिया गया कि हम अपने जन्म दिवस पर, वैवाहिक वर्षगांठ पर व अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि पर उनकी याद में एक-एक पौधा रोपण करेंगे। साथ ही पानी की एक-एक बूंद का संरक्षण करेंगे। नगर वासियों से आग्रह किया कि पानी का संरक्षण करें साथ ही विशेष अवसरों पर पौधा रोपण भी करें।

## इनकी रही उपस्थिति :

पर्यावरण, जल संरक्षण संकल्प कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री वेदप्रकाश पांडे, श्री अंकित त्रिपाठी, श्री अतुल मिश्रा, श्रीमती रुचि त्रिपाठी, श्रीमती कंचन मिश्रा, श्री दिवाकर कुशवाहा, श्री वी.के. द्विवेदी, श्री अंकित कुशवाहा, श्री अजीत राजपूत, श्री अखिलेश कुशवाहा, श्री सागर विश्वकर्मा, श्री प्रिंस साहू, श्री नमन दहायत, श्री अमन साहू, श्री प्रतीक दहायत, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा, श्री मुकेश लोधी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*श्री वेदप्रकाश पांडे, श्री अंकित त्रिपाठी, श्री अतुल मिश्रा, श्रीमती रुचि त्रिपाठी, श्रीमती कंचन मिश्रा, श्री दिवाकर कुशवाहा, श्री वी.के. द्विवेदी, एवं न्यास के कार्यकर्ता संकल्प लेते हुये।*

## कार्यक्रम : वट सावित्री पर्व

**दिनांक : 06 जून, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : हनुमान मंदिर, यूसीएल रोड, सतना ( म.प्र. )**

वट सावित्री के महान पर्व के उपलक्ष्य में डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "अपना सपना-हरा भरा सतना" के अंतर्गत यूसीएल रोड, हनुमान मंदिर में बट वृक्ष का पौधा रोपण किया गया।




पानी का संरक्षण करने के लिए हर नागरिक को जागरूक होना चाहिए। पानी की एक भी बूंद बर्बाद ना होने पाए। साथ ही पेड़ों के संरक्षण व उनकी सेवा करने के महत्त्व को बताया गया। पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण हेतु नगर के प्रबुद्ध जनों, समाजसेवियों द्वारा यह संकल्प लिया गया।

### महिलाओं ने बरगद की पूजा करके पेड़ लगाने का लिया संकल्प : मनीषा सिंह

वृक्षारोपण में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि आज पति की लंबी आयु को मनाया जाने वाला पर्व है।सेवा न्यास के द्वारा जो भी पौधारोपण किया जाता है वह 5 फीट का पौधा, ट्री गार्ड सहित रोपण किया जाता है। साथ ही ट्री गार्ड में आपके द्वारा बताए गए परिवार जन के नाम का उल्लेख होता है।

ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा सेवा न्यास के कार्यकर्ता प्रतिदिन पौधों की देखभाल करते हैं। साथ ही समय-समय पर उसमें कीटनाशक, खाद, मिट्टी व पानी डालकर निरंतर पौधों की सेवा करते हैं।

आज हम सब संकल्प लें कि हम अपने जन्म दिवस पर, वैवाहिक वर्षगांठ पर व अपने पूर्वजों की पुण्यतिथि पर उनकी याद में एक-एक पौधा रोपण करेंगे।

### इनकी रही उपस्थिति :

श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्री सुनील यादव, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा, श्री अनिल सैनी, श्री संजय सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





*वट सावित्री पर्व पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा*
*बरगद का वृक्ष लगाया गया और महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा की*

## कार्यक्रम : विशेष अवसरों पर वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 12 जून, 2024 ( बुधवार ) से 08 जुलाई, 2024 ( सोमवार ) तक**
**कार्यक्रम स्थल : विविध परिसर सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान अपना सपना-हरा भरा सतना के अंतर्गत न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी के मार्गदर्शन में नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से विशिष्ट लोगो के जन्म दिवस, जयंती एवं स्मृति दिवस पर वृक्षारोपण किया गया। यह आयोजन सतना के अलग-अलग स्थानों पर किया गया।




*12 जून, 2024 (बुधवार) को दुर्गा मंदिर सतना में श्री दिलीप आशुदानी जी के परिवारजनों एवं न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण*




*16 जून, 2024 (रविवार) को संतोषी माता हनुमान मंदिर, सतना में स्व. श्री विनोद अग्रवाल जी के पुत्र विपिन अग्रवाल जी के द्वारा अपने पिताजी की पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण*



*19 जून, 2024 (बुधवार) बिड़ला रोड, यादव पेट्रोल पंप, सतना में श्री महेंद्र सिंह जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता*



*22 जून, 2024 (शनिवार) डॉ. प्रतिमा अग्रवाल जी द्वारा जन्मदिवस के अवसर पर दुर्गा मंदिर के सामने, बड़इया टोला, सतना में वृक्षारोपण*



*25 जून, 2024 (मंगलवार) को श्री शेखर शेतपाल जी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर एकलव्य नगर, बिड़ला रोड, सतना में वृक्षारोपण किया गया*




*30 जून, 2024 (रविवार) को एकलव्य नगर, बिड़ला रोड, सतना में श्री संजय गुप्ता जी के जन्मदिवस अवसर पर वृक्षारोपण किया गया।*




*08 जुलाई, 2024 (सोमवार) को श्रीमती राधा मिश्रा जी द्वारा अपनी सासू मां स्वर्गीय श्रीमती श्रवण कुमारी मिश्रा जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर संतोषी माता के बगल में हनुमान मंदिर, यूसीएल रोड, सतना में पौधारोपण किया गया।*

**कार्यक्रम : समृद्ध किसान-समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन**
**(उद्घाटन समारोह)**

**दिनांक : 18 जुलाई, 2024 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला महोबा ( उ.प्र. )**

"पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी आजादी के लिए मां भारती की रक्षा में रहे तत्पर : बृजेश पाठक (उपमुख्यमंत्री)"

"दद्दा जी की स्मृति में चल रहा शासकीय हाईस्कूल मानपुरा का उन्नयन होगा हायर सेकेंडरी में : उदय प्रताप सिंह (स्कूल शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन)"

## पशुपालन व कृषि से दोगुनी किसानों की आमदनी

"डॉ. राकेश मिश्र ने लाखों सब्जियों के बीजों का किया वितरण : लखन पटेल (राज्य मंत्री मध्यप्रदेश)"

"जब से योगी जी सी.एम. बने गांव-गांव का हुआ विकास : डॉ. राकेश मिश्र"

"चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल का हुआ भव्य उद्घाटन : (ब्रजेश पाठक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री"




"दद्दा जी ने विश्व कल्याण के लिए किया कार्य अतुलनीय : नरेन्द्र कश्यप (उत्तर प्रदेश राज्य मंत्री)"

किसान है देश की रीढ़, डॉ. राकेश जी करते हैं सबकी सेवा : मणिकांत माहेश्वरी (अध्यक्ष, संस्कार भारती महकौशल प्रांत)

अतिथियों व किसानों को अनुपम उपहार के साथ पौधों का हुआ वितरण

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि :** श्री उदय प्रताप सिंह (मध्यप्रदेश परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री), श्री लखन पटेल जी, पशु पालन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), नरेन्द्र कश्यप, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री गौरीशंकर जी (विधायक उरई), कुँ. कामाख्या प्रसाद सिंह जी, (विधायक महाराजपुर), श्रीमती आभा कुमार जी, (उपाध्यक्ष, सुलभ इंटरनेशनल) पद्मश्री उमाशंकर पांडे जी उत्तर प्रदेश, पद्मश्री बाबूलाल दहिया जी, पद्मश्री कंवल सिंह चौहान जी (हरियाणा) श्री वेद प्रकाश टंडन

(चेयरमैन, अन्तर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव समिति, डॉ. वंदना टंडन व अतिथियों ने दद्दा जी के श्री चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया व उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

उत्तर प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्रा जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने अपनी संस्कृति विरासत की रक्षा के लिए इनका समाज सेवा के लिए संपूर्ण परिवार समर्पण भाव से कार्य कर रहा है जो की प्रेरणा का स्रोत है। पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी आजादी के लिए मां भारती की रक्षा में तत्पर रहे। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का अद्वितीय कार्य बुंदेलखंड क्षेत्र में उनहोंने किया वह आज भी याद किया जाता है।

डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।

आगे उन्होंने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी अपने पिताजी के सपनों को साकार कर रहे हैं।

"दद्दा जी की स्मृति में चल रहा शासकीय हाईस्कूल मानपुरा का उन्नयन होगा हायर सेकेंडरी में : उदय प्रताप सिंह स्कूल शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन"

मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर परम पूज्य दद्दा जी को नमन करता हूं। दद्दा जी ने अपना जीवन समाज कल्याण व पुण्य यज्ञ के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। डॉ. राकेश मिश्र जी चाहे कोई भी क्षेत्र हो मदद करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। विगत वर्षों पूर्व जो विद्यालय पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की पुण्य स्मृति में प्रारंभ किया गया था, उस स्कूल को हायर सेकेंडरी तक उन्नयन किया जाएगा। शासन के द्वारा आर्थिक सहयोग से भव्य भवन भी बनाया जाएगा।

## "डॉ. राकेश मिश्र ने हजारों सब्जियों के बीजों का किया वितरण : श्री योगेश ताम्रकार ( महापौर )"

सतना नगर निगम महापौर श्री योगेश ताम्रकार ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि मन समर्पित तन समर्पित चाहता हूं देश को और कुछ दूं। महापौर जी ने आगे कहा कि किसी भी काम को एक बार करना सरल होता है, लेकिन बार-बार करना अकल्पनीय है। डॉ. राकेश मिश्र जी का उदाहरण देते हुए महापौर श्री योगेश ताम्रकार ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा हजारों पैकेट सब्जियों के बीज जो वितरण किया था, उनके द्वारा हम अपने-अपने घरों में सब्जियों को उगा रहे हैं।

## जब से योगी जी मुख्यमंत्री बने गांव-गांव का हुआ विकास : डॉ. राकेश मिश्र

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथजी बने हैं तब से हमारे क्षेत्र का व गांव देहातों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। एक समय ऐसा था जब हमारा क्षेत्र विकास से कोसों दूर हुआ करता था, लेकिन आज हमारे गांव में पावर हाउस, खेलसौर ऊर्जा, गौशाला, स्वच्छता, हर घर नल जल योजना के माध्यम से खुशहाली है।

## चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल का हुआ भव्य उद्घाटन : श्री ब्रजेश पाठक (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री)

डॉ. राकेश मिश्रा ने कहा की मेरी कर्मभूमि सतना है। विगत वर्षों पूर्व हमने प्रायोगिक तौर पर चलता फिरता अस्पताल का प्रयोग किया था। जिसमें सेवा बस्तियों में निवास करने वाले मरीजों की जाँच के उपरांत नि:शुल्क दवाइयां दी जाती थीं। जिसके सुखद परिणाम प्राप्त हुए हैं।आज "आपका अस्पताल आपके द्वार" के लिये मरीजों की सेवा के लिए नागरिकों को समर्पित किया जा रहा है। जिसमें फुल बॉडी चैकअप एटीएम जिसके माध्यम से 23 प्रकार की शरीर के रोगों की नि:शुल्क जाँचें तुरंत होगी, साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा उनका उचित जाँच के उपरांत नि:शुल्क दवाइयां भी दी जावेगी।

## दद्दा जी ने विश्व कल्याण के लिए किया अतुलनीय कार्य : श्री नरेन्द्र कश्यप (उत्तर प्रदेश राज्य मंत्री)

उत्तर प्रदेश शासन के मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि डॉक्टर मिश्रा सर्व समाज के शुभचिंतक हैं सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। दद्दा जी ने विश्व कल्याण के लिए कार्य किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम पीढ़ी के प्रचारकके रूप में उनका संस्कारवान समाज का निर्माण अतुलनीय व प्रेरणादायक

## किसान है देश की रीढ़ : श्री मणिकांत महेश्वरी (अध्यक्ष, संस्कार भारती, महकौशल प्रांत)

संस्कार भारती के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने कहा कि किसी भी देश की विकास की रीढ़ किसान होता है जब किसान प्रगति करता है तब हमारा देश भी प्रगति करता है। राकेश जी निरंतर गाँव एवं युवाओं के प्रगति के लिए कार्य करते हैं।

### अतिथियों व किसानों को अनुपम उपहार के साथ पौधों का हुआ वितरण

समृद्ध किसान समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन में किसानों एवं अतिथियों को प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निःशुल्क कपड़े का बड़ा थैला, सब्जियों के बीज, भगवान राम की फ़ोटो, चाबी के छल्ले एवं फलदार पौधे भेंट किये गये।

### किसानों के लिये 18 विभागों की प्रदर्शनी की सराहना : श्री एस.पी. सिंह बघेल ( राज्य मंत्री, भारत सरकार )

पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में आयोजित किसान प्रदर्शनी में 18 प्रकार की प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से बाल विकास, सेवा एवं पौस्टिक आहार विभाग, महोबा जिला स्वास्थ्य समिति महोबा, धानुका एग्रोटेक लिमिटेड, पशुपालन विभाग, सुलभ इंटरनेशनल, वन विभाग, रोजगार के अलावा अनेक प्रकार की प्रदर्शनियों लगाईं गई। जिसको देखने के लिए सभी स्टालों में किसानों ने उत्सुकता के साथ नई-नई जानकारियां, खेती को लाभ का व्यापार बनाने, जैविक खेती के अलावा पशुओं के संरक्षण संवर्धन विभागों द्वारा विस्तार से किसानों को जानकारियां दी।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति :

समारोह में पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की आदमकद अष्ट धातु की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में श्री बृजेश पाठक (उप मुख्यमंत्री उ.प्र.) श्री नरेन्द्र कश्यप (राज्य मंत्री) श्री राव उदय प्रताप सिंह, श्री लखन पटेल, श्री योगेश ताम्रकार, श्री गंगाचरण राजपूत (पूर्व सांसद महोबा), श्रीमती दर्शना सिंह (सांसद राज्य सभा), श्री राकेश गोस्वामी (विधायक महोबा), श्री राम नरेश तिवारी (राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा), श्री उमेश शुक्ला (पूर्व विधायक छतरपुर), कुं. मानवेन्द्र सिंह (पूर्व मंत्री), श्रीमती रेखा यादव (पूर्व विधायक), श्री पुष्पेंद्र पाठक (पूर्व विधायक), श्री के. के. श्रीवास्तव (पूर्व विधायक), पी.एल. तंतुवाय (पूर्व विधायक), वैभव अरजरिया (अध्यक्ष), बबलू बुधौलिया (चेयरमैन नगरपालिका राठ) श्री उमाशंकर मिश्र, श्री चन्द्रभान सिंह गौतम (ज़िलाध्यक्ष भाजपा), श्री अवधेश गुप्ता (महोबा ज़िलाध्यक्ष) सहित बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश के समाजसेवी व अधिकारियों ने भाग लिया।





मंचासीन श्री राव उदय प्रताप सिंह (मंत्री), श्री लखन पटेल, श्री नरेन्द्र कश्यप (मंत्री)



श्री बृजेश पाठक (उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश) मेडिकल वैन में होने वाली जाँचों की जानकारी लेते हुए



*वृक्षारोपण करते श्री बृजेश पाठक (उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश)*
*श्री रामनरेश, श्री लखन पटेल, श्री सतीश शर्मा (मंत्री) आदि।*



*श्री बृजेश पाठक जी, श्री सतीश शर्मा (मंत्री) एवं डॉ. राकेश मिश्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए*




*मंचासीन श्रीमती आभाकुमार, पद्‌म श्री उमाशंकर पांडे, श्री लखन पटेल,*
*श्री कामाख्या प्रताप सिंह (विधायक), श्री उदय प्रताप सिंह (मंत्री),*
*डॉ. वेद प्रकाश टंडन, श्री नरेन्द्र कश्यप (मंत्री)*

## कार्यक्रम : समृद्ध किसान-समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन (समापन समारोह)

**दिनांक : 18 जुलाई, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**

धवर्रा गांव में 18 जुलाई, 2024 को जिस तरह विविध प्रकार के आयोजनों का संगम हुआ, वह अपने आप में कई छाप छोड़ने में कामयाब रहा। शासन-प्रशासन, राजनेता, किसान, नारी शक्ति के साथ ही लोगों का जमावड़ा ऐसा था कि लोग देखते ही दंग होते रहे। पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा (नौगांव) में समाज और राष्ट्र के निर्माण में समर्पित महान कर्मयोगी, साधक और शिक्षाविद पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दा जी की जन्म शताब्दी वर्ष के समापन पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से धवर्रा में "समृद्ध किसान-समृद्ध बुंदेलखंड" कार्यक्रम के तहत आयोजित भव्य किसान सम्मेलन एवं कार्यशाला की चर्चा चारो तरफ हो रही है। प्रत्यक्षदर्शी स्थानीय लोगों और किसानों की नजर में यह अपने आप में ऐतिहासिक आयोजन था। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीस जिलों के किसानों के हिस्सा लेने से धवर्रा गांव प्रफुल्लित हुआ। हजारों क्षेत्रवासियों ने दद्दा जी को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी तथा लोगों ने 'दद्दाजी अमर रहें' के नारों से गुंजायमान किया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि व्यस्तता एवं दूरस्थ होने के बावजूद भारत सरकार, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर दद्दा जी के प्रति श्रद्धा, मेरे लिए सहयोग और धवर्रा गांव के प्रति स्नेह दिखाया, उसके लिए सभी के प्रति न्यास आभारी है। डॉ. मिश्र ने उन समाचार पत्रों के संपादकों एवं स्थानीय पत्रकारों का आभार जताया, जिन्होंने दद्दाजी पर केन्द्रित विशेषांक के प्रकाशन के साथ ही आयोजन से संबंधित समाचारों का नियमित व प्रमुखता से प्रकाशित करके सहयोग किया। कार्यक्रम में आए तीनों पद्मश्री के साथ ही विशेषज्ञों के लिए भी आभार जताया। डॉ. मिश्र ने आयोजन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं, भाग लेने के लिए आने वाले किसानों, स्थानीय लोगों, प्रशासनिक महकमे को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### स्व. गणेश प्रसाद मिश्र स्मृति शासकीय हाईस्कूल मानपुरा को मिलेगी 12वीं तक की उन्नति :

पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी के जन्म शताब्दी वर्ष के समापन पर स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए विशेष सौगात मिली। दद्दा जी के नाम पर चल रहे शासकीय हाईस्कूल

मानपुरा नौगांव विद्यालय को बारहवीं तक की मान्यता मिली, जिससे स्थानीय छात्रों को सहूलियत होंगी।

## ग्रीन एम्बुलेंस में अब जुड़ा चलता फिरता अस्पताल का मेडिकल वैन

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से 'अपना सपना-हरा भरा सतना' के तहत चल रहे ग्रीन एम्बुलेंस के बाद उसमें "आपके द्वार-आपका अस्पताल" कार्यक्रम के तहत सर्व सुविधा युक्त "चलता फिरता मुफ्त अस्पताल" की सौगात मिली। इस मौके पर उद्घाटित इस अस्पताल में 23 प्रकार की जाँचें एवं 28 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध होंगी। जाँच के लिए आधुनिकतम सुविधायें उपलब्ध हैं. टेलीमेडिसीन सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे प्रख्यात चिकित्सकों से सीधा संवाद हो सकेगा। इस अस्पताल से बुखार, सर्दी, जुकाम, पेट दर्द, खून की कमी, विटामिन, चोट, घाव, उल्टी, दस्त आदि की दवाइयां मुफ्त दी जाएंगी। दद्दा जी स्वयं वैद्य थे और उनके सेवा भाव को देखते हुये उनके पौत्र संकल्प मिश्र (एडवोकेड) ने जन्म शताब्दी वर्ष में यह वहाँ स्प्रेम जनता के लिए समर्पित किया।

## धवर्रा में दिखा कृषि विशेषज्ञों एवं विशिष्ट जनों का संगम

जन्मशती वर्ष के समापन के अवसर पर आयोजित सम्मेलन में पांच हजार किसान एवं महिलाओं के बीच ही कृषि वैज्ञानिक एवं तकनीकी अधिकारियों का संगम दिखा. उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बीस जिले के लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। सम्मेलन के माध्यम से किसानों में नई ऊर्जा का संचार किया गया।

## तीन पद्म पुरस्कार से पुरस्कृत महानुभावों ने बांटा अनुभव

कृषि व ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कार्य करने के लिए पद्म पुरस्कार से सम्मानित महानुभावों ने अपना अनुभव बांटा, जिससे उपस्थित किसान लाभान्वित हुए। सम्मेलन में पद्म श्री उमाशंकर पांडेय जी उत्तर प्रदेश, श्री कंवल सिंह चौहान (हरियाणा) एवं श्री बाबूलाल दाहिया (मध्य प्रदेश) ने अपने अनुभवों को परोसा।

## बेमिसाल रहा आतिथ्य सत्कार

किसान सम्मेलन में आने वाले अतिथियों के सत्कार की बेमिसाल व्यवस्था थी। सुबह के जलपान से लेकर रात्रि भोजन की व्यवस्था की गई थी. इसमें हजारों लोगों ने समरसता भोज में हिस्सा लिया। आयोजन को लेकर पंजीयन, आवास, सामग्री वितरण, स्वागत, पेयजल, सजावट, पर्चा-प्रसार, पंडाल व टेंट व्यवस्था, पार्किंग, लाईट व साउंड, होडिंग व बैनर, स्वच्छता एवं वाहन संबंधी कार्यों का संपादन जिस व्यवस्थित तरीकों से हुआ, उसका हर कोई कायल होता गया। सभी व्यवस्थाओं में

लगे कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र, थैला, कैलेंडर, एवं चाबी का छल्ला देकर प्रोत्साहित किया गया।

### पांच हजार फलदार वृक्षों का हुआ वितरण :

किसान सम्मेलन के दौरान सेवा न्यास की ओर से पांच हजार से अधिक फलदार वृक्षों (अमरुद,आम, आंवला, जामुन, नीम व पीपल) का वितरण किया गया। सम्मेलन के दौरान उन किसानों ने भी अपना अनुभव बांटा, जिन्हें पूर्व में सेवा न्यास की ओर से पौधे दिए गए थे और वे आज फल देने लगे हैं। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं अतिथियों ने वृक्षारोपण कर दद्दा जी के जीवन को स्थायी बनाया।

### किसानों हेतु 18 विभागों की लगाई गई थी प्रदर्शनी :

सम्मेलन के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी लगाई गई थी, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, उद्यमिता विभाग समेत 18 विभागों की ओर से प्रदर्शनी लगाई गई थी। इन प्रदर्शनियों के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम ने किया मंत्रमुग्ध :

किसान सम्मेलन के बाद बांसुरी संस्था मथुरा की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी को मुग्ध कर दिया। भगवान श्री कृष्ण की विविध लीलाओं से लोग नाचते रहे। इस कार्यक्रम के कारण लोग दिनभर की थकान भूल गए।

यह कृष्ण लीला में क्षेत्र की बड़ी संख्या उपस्थित रही। राधाकृष्ण की फूलों की होली ने अपार छाप क्षेत्रवासियों प छोड़ी। रात्रि भोज के बाद 11 बजे समापन हुआ।



*अतिथि सत्कार करते सेवा न्यास के कार्यकर्ता*




*श्री गंगाचरण राजपूत (पूर्व सांसद), श्री एस.पी.सिंह बघेल (मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी, पंचायती राज, राज्य मंत्री, भारत सरकार) एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र*



*श्री लखन पटेल (पशुपालन राज्य मंत्री), श्री राव उदय प्रताप सिंह (स्कूल शिक्षा मंत्री), श्री नरेन्द्र कश्यप (पिछड़ा वर्ग एवं दिवयांगजन कल्याण मंत्री उ.प्र.), को स्मृति भेंट करते डॉ. राकेश मिश्रा (अध्यक्ष सेवा न्यास)*




*संबोधन : डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष सेवा न्यास)*

## कार्यक्रम : सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रासलीला

**दिनांक : 18 जुलाई, 2024 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला-महोबा ( उ.प्र. )**




पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा (नौगांव) में समाज और राष्ट्र के निर्माण में समर्पित महान कर्मयोगी, साधक और शिक्षाविद पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दा जी की जन्म शताब्दी वर्ष के समापन पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की ओर से धवर्रा में आयोजित भव्य किसान सम्मेलन के समापन पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ब्रज धाम वृन्दावन की बांसुरी संस्था की ओर से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रासलीला में कलाकारों की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी दर्शकों को मुग्ध कर दिया। भगवान श्री कृष्ण की विविध लीलाओं से लोग नाचते रहे। इस कार्यक्रम के कारण लोग दिनभर की थकान भूल गए और भक्ति की धारा में बहने लगे।



इस कृष्ण लीला में क्षेत्र के लोगों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। राधाकृष्ण की फूलों की होली ने अपार छाप क्षेत्रवासियों पर छोड़ी।






*सांस्कृतिक कार्यक्रम में रासलीला की प्रस्तुति करते बांसुरी संस्था मथुरा के कलाकार*

## कार्यक्रम : दद्दा जी की जन्म शताब्दी पर वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 22 जुलाई, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : स्वामी रामकृष्ण विवेकानंद मिशन विद्यालय, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दा जी) की जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि सभा व वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन स्वामी रामकृष्ण विवेकानंद मिशन विद्यालय में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा बागरी (राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन), विशिष्ट अतिथि श्री उत्तम बनर्जी (प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकोशल), कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री योगेश ताम्रकार (महापौर, नगर निगम, सतना) व स्वामी रामकृष्ण विवेकानंद मिशन संस्थान के संचालक श्री प्रसन्न जीत राय, श्री राजेश चतुर्वेदी 'पालन' (स्पीकर नगर निगम), सेवा न्यास के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री राजीव, विकास एवं अपना सपना हरा भरा सतना अभियान के प्रमुख श्री सुनील यादव ने सर्वप्रथम पूज्य दद्दा जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त की।




ज्ञातव्य हो कि डॉ. राकेश मिश्र ने दद्दा जी की जन्म शताब्दी पर 100 पेड़ लगाने का संकल्प लिया था। इसी श्रखंला में स्वामी रामकृष्ण विवेकानंद मिशन स्कूल बिरला रोड में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अपना सपना हरा-भरा सतना अभियान के अंतर्गत बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन किया गया।

### भगवान भोलेनाथ ने अपने गले में विष धारण कर हमें दिया अमृत जल गंगा : श्री उत्तम बनर्जी ( प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ )

श्री उत्तम बनर्जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को समुद्र मंथन की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रावण मास का आज प्रथम सोमवार है। श्रावण मास के आध्यात्मिक महत्त्व को बताते हुए उन्होंने आगे कहा कि भगवान भोलेनाथ ने समुद्र मंथन से प्राप्त विष को अपने गले में हलाहल विष को धारण कर नीलकंठ कहलाए। भगवान भोलेनाथ ने अपनी जटाओं में गंगा को धारण करते हुए विश्व कल्याण के लिए अमृत रूपी गंगाजल हमें प्रदान किया। सभी बच्चे आज यहां से संकल्प लेकर जाएं की प्रकृति का संरक्षण करने के लिए मानवता के कल्याण के लिए हमें सकारात्मक रहना चाहिए। पौधारोपण के महत्त्व को बताते हुए श्री उत्तम बनर्जी ने कहा कि हम कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ते हैं और पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है। इसलिए हमें ऑक्सीजन देने वाले पौधों का रोपण करना चाहिए। साथ ही पौधों की सेवा करने से हमें पुण्य की प्राप्ति होती है।

### जल एवं प्रकृति संरक्षण में पेड़ों का है महत्त्व : प्रतिमा बागरी ( राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन )

श्रीमती प्रतिमा बागरी (राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन) ने जल के महत्त्व को बताते हुए कहा कि जल के बिना हमारा जीवन संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि इस समय प्रचंड गर्मी का माहौल है लेकिन जब हम पेड़ों की छाया में जाते हैं तो हमें सुकून की प्राप्ति होती है। इसलिए सभी छात्र-छात्राओं को यह चाहिए कि अपने जन्म दिवस के अवसर पर एक पौधारोपण अवश्य करें।जो पौधा रोपण करें उसकी सेवा भी करते रहें। आज पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास इस कार्य को बखूबी कर रहा है। जब हम पेड़ लगाते हैं तो हमें ऑक्सीजन मिलती है। साथ ही वर्षा भी अधिक होती है। हम सब का परम कर्तव्य है कि पर्यावरण का संरक्षण करें।

### डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा विगत वर्षों पूर्व लिया गया संकल्प साकार हो रहा है : श्री योगेश ताम्रकार ( महापौर )

श्री योगेश ताम्रकार महापौर ने कहा कि आज मुझे रामकृष्ण विवेकानंद मिशन में आकर बहुत ही प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है। जब बिरला मंदिर का निर्माण होना था, तब देश के सुप्रसिद्ध उद्योगपति श्री बिरला जी ने हमारे परम पूज्य पिता श्री शंकर प्रसाद जी ताम्रकार जी से कोलकाता के बेलूर मठ मंदिर जैसा ड्राइंग बनाने के लिए आग्रह किया था। ठीक बेलूर मठ की तर्ज पर ही सतना में रामकृष्ण विवेकानंद मिशन बिरला मंदिर का निर्माण कार्य कराया गया है। जहाँ आज हम कार्यक्रम कर रहे हैं।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ने सतना को हरा भरा करने का जो संकल्प लिया था, आज वह संकल्प निश्चित तौर पर पूरा हो रहा है। प्रतिदिन पौधा रोपण नागरिकों के जन सहयोग से होता है, जो कि हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। योगेश ताम्रकार ने आगे कहा कि हम अपने घरों के आसपास खुली जगह में पौधारोपण अवश्य करें, जिससे कि वायुमंडल संतुलन हो सके। आज हमें इस बात की अधिक आवश्यकता है कि हम पेड़ों का संरक्षण करें। सतना में ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से डॉ. राकेश मिश्र जी और उनकी टीम ने करके दिखा दिया है। कि वृक्ष को पुत्र समान पालना चाहिए। यह कार्य सेवा न्यास कर रहा है।

### स्वामी विवेकानंद हैं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत: श्री प्रसन्नजीत राय

स्वामी रामकृष्ण विवेकानंद मिशन के संचालक श्री प्रसन्न जीत राय ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण गुरुदेव की आज्ञा से स्वामी विवेकानंद जी ने बेलूर मठ की स्थापना की थी। स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। युवाओं का आवाहन करते हुए उन्होंने कहा था कि उठो जागो जब तक... मंजिल ना मिले, तब तक रुको मत।

### स्वामी रामकृष्ण विवेकानंद मिशन स्कूल में पौधे किए गए भेंट : श्रीमती मनीषा सिंह

पूज्य दद्दा जी की जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि सभा व वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए सभी पर्यावरण प्रेमियों, छात्र-छात्राओं, विद्यालय के शिक्षकों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया व सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने आभार व्यक्त किया।

### इनकी रही उपस्थिति :

श्री पालन चतुर्वेदी (स्पीकर नगर निगम), श्री नरेन्द्र गुप्ता (डब्बू जी), श्री राजीव व्यास, श्रीमती अंजना तिवारी, श्री शारदा तिवारी पार्षद, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती मधु वाल्मीकि, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री विजय पटेल, श्री अनिल सैनी, श्री शिवम् बडौलिया, श्रीमती पूनम यादव, श्री महेन्द्र तिवारी, श्री जे पी गुप्ता, श्री करूणेश अनुरागी, श्री अनिल चौरसिया, श्री अनिल द्विवेदी, श्रीमती रमा उइके,सुश्री आयुषी तिवारी, प्राचार्या चटर्जी मैडम एवं समस्त शिक्षक परिवार एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।





*कार्यक्रम का उद्‌घाटन करती श्रीमती प्रतिमा बागरी (राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन), श्री उत्तम बनर्जी (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत कार्यवाह), श्री योगेश ताम्रकार (महापौर, नगर निगम, सतना), श्री राजेश चतुर्वेदी पालन (स्पीकर), श्री नरेन्द्र गुप्ता (डब्बू), श्री प्रसन्नजीत राय*




*श्री उत्तम बनर्जी जी, श्रीमती प्रतिमा बागरी जी (मध्य प्रदेश शासन, राज्य मंत्री)*
*न्यास के कार्यकर्ता एवं श्रीरामकृष्ण विवेकानंद मिशन विद्यालय के छात्र*




*श्री योगेश ताम्रकार जी श्रीरामकृष्ण विवेकानंद मिशन विद्यालय के छात्र एवं छात्रायें*



*पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी पर दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देते छात्र छात्रायें व अतिथि।*

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 23 जुलाई, 2024 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : शासकीय हाई स्कूल कामता टोला, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने शासकीय हाई स्कूल कामता टोला में प्रतिभाओं को किया सम्मानित :

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "प्रतिभा सम्मान समारोह" के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल कामता टोला में कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर किया गया। विद्यालय में प्रथम स्थान पर फौजिया बानो, दूसरा स्थान रैना गुप्ता, तीसरा स्थान रानी प्रजापति ने प्राप्त कर अपने विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। उनको सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम किया गया।सम्मानित होकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे व सेवा न्यास को धन्यवाद दिया। सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र, अंग वस्त्र, माँ अन्नपूर्णा माता व प्रभु श्री राम का दुर्लभ चित्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षक व शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया।

सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि हमारे प्रेरणा स्रोत परम पूज्य दद्दा जी अपने जीवन काल के दौरान छात्र-छात्राओं व आर्थिक अभाव के कारण ऐसे छात्र जो अपनी पढ़ाई पूरी करने में असमर्थ हैं उन्हें मदद करने के लिए सदैव भूमिका निभाई है। दद्दा जी से प्रेरणा लेकर डॉ. राकेश मिश्र जी के मार्ग दर्शन में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

ज्ञात होगा कि सेवा न्यास के द्वारा प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जन जागरूकता के माध्यम से नागरिकों को प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने हेतु संकल्प लिया गया। साथ ही उन्हें कपड़े का बड़ा थैला भेंट किया गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति :

प्राचार्या डॉक्टर रश्मि भटनागर, श्री शिवम बड़ोलिया जी, श्रीमती मनीषा सिंह जी, सुनीता तिवारी जी, श्रीमती विनीता रावत जी, श्रीमती स्निग्धा सिंह, श्रीमती पुष्पा गुप्ता, श्री अनवर पाशा, श्री अनिरुद्ध सिंह, श्री नरेन्द्र सोनी, श्रीमती रीना नामदेव, श्रीमती साधना त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि सैनी विद्यालय स्टाफ एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





*छात्राओं को सम्मानित करतीं प्राचार्या डॉक्टर रश्मि भटनागर,*
*श्रीमती मनीषा सिंह,श्री शिवम बड़ोलिया जी एवं न्यास के कार्यकर्ता*



*शासकीय हाईस्कूल, कामता टोला, सतना*

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 24 जुलाई, 2024 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टिकुरिया टोला, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "प्रतिभा सम्मान समारोह" के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकुरिया टोला की प्रार्थना सभा में आयोजित किया गया।

कक्षा 10वीं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के मार्गदर्शन में प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एवं अपने गुरुजनों व परिवार जनों का मान बढ़ाने वाले प्रतिभावान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अंकित वर्मन, दूसरा स्थान कुमारी आकांक्षा दहिया, तीसरा स्थान हिमांशु जायसवाल ने प्राप्त कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए आज सेवा न्यास द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने सेवा न्यास का आभार व्यक्त किया।

सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र, अंग वस्त्र, मॉं अन्नपूर्णा माता का दुर्लभ चित्र व कपड़े का थैला भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षक व शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति :

प्राचार्या श्रीमती रंजना सिंह, श्रीमती लता शर्मा, श्रीमती उषा किरण पटेल, श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती सुधा सोनी, श्री देशराज प्रजापति, श्रीमती मंजुला तिवारी, श्रीमती स्मिता सिंह, श्रीमती नीतू सिंह, श्री शशि भूषण ओझा, श्री नरेन्द्र सिंह, श्री राम लखन वर्मा, श्रीमती पुष्पा पाठक, श्रीमती करुणा सिंह, कुमारी अनुपम सोनी, श्रीमती अनीता पाठक, बालकृष्ण सोनी, स्नेह लता सिंह, श्रीमती सुमन शुक्ला, श्री सुरेश कुमार सोनी, श्रीमती दीपा शुक्ला, श्री भारत प्रसाद मिश्रा, श्री विनोद सिंह, श्रीमती मंजूला त्रिपाठी, श्रीमती रश्मि रसिया, श्रीमती सुनीता यादव, श्रीमती अगरी बेगम, श्रीमती सविता त्रिपाठी, श्रीमती प्रभा त्रिपाठी, श्रीमती मान्यता सक्सेना, श्री राजकुमार चौरसिया, श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, श्री संतोष कुमार बर्मन, श्रीमती शिव प्यारी प्रजापति, श्रीमती मनीषा सिंह जी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू व सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*प्राचार्या श्रीमती रंजना सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह एवं*
*न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा छात्राओं को सम्मान*




*प्राचार्या श्रीमती रंजना सिंह, एवं न्यास के कार्यकर्ता द्वारा छात्राओं को सम्मान*




*प्राचार्या श्रीमती रंजना सिंह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकुरिया टोला,*
*के सभी शिक्षक गण एवं न्यास के कार्यकर्ता।*

## कार्यक्रम : प्रतिभा सम्मान समारोह

**दिनांक : 25 जुलाई, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : शा.उ.मा. विद्यालय घूरडॉग, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान प्रतिभा सम्मान समारोह के अंतर्गत शा.उ.मा. विद्यालय घूरडॉग में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि दद्दा जी ने अपने जीवन काल के दौरान शिक्षा के महत्त्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समाज में हर वर्ग को शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे।

डॉ. राकेश मिश्र जी के मार्गदर्शन में सतना जिले की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का कार्य सेवा न्यास द्वारा किया जा रहा है।

### समाज सेवा का पर्याय हैं डॉ. राकेश मिश्र : श्री राजकुमार पांडे ( प्राचार्य जी )

प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री राजकुमार पांडे ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी हमारे विद्यालय में हर वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में समाज सेवा के भाव को जागृत करने का कार्य करते आ रहे हैं। आज उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को डॉ. राकेश मिश्र जी से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के लिए कार्य करना चाहिए। डॉ. राकेश मिश्र जी समाज सेवा के क्षेत्र में पर्याय बन चुके हैं। सेवा न्यास के द्वारा राष्ट्रीय स्तर की मैराथन दौड़ में देश भर के प्रतिभागी हिस्सा लेते हैं।हमारे विद्यालय से भी छात्र छात्राएं मैराथन दौड़ में अपना पंजीयन करवाते हैं। साथ ही उनके द्वारा समाज के हर वर्ग के लिए सेवा न्यास परिवार के द्वारा कार्य किया जा रहा है, जो की हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।

सेवा न्यास द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घूरडॉग में कक्षा दसवीं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले ओम त्रिपाठी, राज सतनामी, हिंद प्रताप डोहर को प्रमाण पत्र, दीवाल घड़ी सेवा न्यास की संपूर्ण गतिविधियों पर आधारित सप्तम पुष्प, अंग वस्त्र, चित्र व कपड़े का थैला भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य राजकुमार पांडे का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने किया।

## अपना सपना-हरा भरा सतना एवं ग्रीन एम्बुलेंस से पौधारोपण की शुरुआत की थी डॉ. राकेश मिश्र ने : श्रीमती मनीषा सिंह

देश में पौधारोपण का काम सतना ज़िले में ग्रीन एम्बुलेंस चलाकर डॉक्टर राकेश मिश्र ने कीर्तिमान स्थापित किया है। आज सेवा न्यास द्वारा सतना में किए जा रहे वृक्षारोपण अभियान को हमारे प्रधानमंत्री जी ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाने की बात कही है वह हमसे मिलती जुलती है। पेड़ तो लगाना आसान है, लेकिन उनका बच्चे की तरह लालन पालन करना ज़रूरी है। यह काम हमारा सेवा न्यास निरंतर करता है। यह सब बच्चों को आज सीखना चाहिए।

## इनकी रही उपस्थिति :

गुरुवार को सतना में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से राजकुमार पांडे प्राचार्य, श्रीमती ऐश्वर्या श्रीवास्तव, श्री सी.एस. त्रिपाठी, श्री यू.सी. वर्मा, श्री ए.पी. सिंह, श्रीमती सीता सिंह, श्री आशुतोष विश्वकर्मा, श्रीमती अर्चना कुशवाहा, श्री मनोज कुमार दुबे, श्रीमती शीतल बाजपेई, श्रीमती अर्चना पांडे, श्री ए.के. मिश्रा, श्रीमती प्रीति अग्रवाल, श्रीमती संध्या चौधरी, श्री ए.के. द्विवेदी, श्री ए.के. पांडे, श्रीमती रचना श्रीवास्तव, श्रीमती नीलम तिवारी, श्री ए.के. कोल, श्रीमती ज्योति तिवारी, श्रीमती कविता तिवारी, श्री राजेश कुमार शुक्ला, श्रीमती स्नेह लता सिंह, श्रीमती रागनी आर्य, श्री डी.पी. सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती मधु बाल्मीकि, श्री अंकित सिंह, श्री शिवम बाड़ोलिया, श्री शिवम शुक्ला, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



*प्रसन्न मुद्रा में छात्रायें स्वास्थ्य पर्चा लहराते हुए*




*शा.उ.मा. विद्यालय घूरडॉग में ओम त्रिपाठी, राज सतनामी, हिंद प्रताप डोहर, सम्मान कार्यक्रम में प्राचार्य राजकुमार पांडे जी का सम्मान करते न्यास की कार्यकर्ता श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री शिवम बडौलिया, श्रीमती मनीषा सिंह एवं विद्यालय स्टाफ*



## कार्यक्रम : चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल का उद्घाटन

**दिनांक : 27 जुलाई, 2024 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी पर सतना–मैहर जिले को समर्पित चलता फिरता अस्पताल का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।




"आपका अस्पताल–आपके द्वार" एंबुलेंस के शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा बागरी, विशिष्ट अतिथि योगेश ताम्रकार (महापौर नगर निगम), डॉक्टर डी.के. सिंह, डॉक्टर श्रीमती डी. सिंह, डॉक्टर सुनील अग्रवाल, डॉक्टर नरेन्द्र शर्मा, डॉक्टर प्रवीण श्रीवास्तव, डॉक्टर आर.के. नेमा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने की। सर्वप्रथम दद्दा बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का सम्मान, अंग वस्त्र, प्रभु श्री राम का दुर्लभ चित्र, प्लास्टिक मुक्त भारत हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत कपड़े का थैला, सेवा न्यास की समस्त गतिविधियों पर आधारित सप्तम पुष्प भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

### चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल दद्दा जी की जन्मशताब्दी पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : श्रीमती प्रतिमा बागरी ( राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन )

आपका अस्पताल–आपके द्वार मुफ्त अस्पताल शुभारंभ के अवसर पर श्रीमती प्रतिमा बागरी राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन ने कहा कि परम पूज्य दद्दा जी स्वयं वैद्य थे। उच्चतम आधुनिक टेक्नोलॉजी से युक्त मेडिकल एम्बुलेंस उनसे प्रेरणा लेकर घर बैठे 23 प्रकार की जाँच आपके व्हाट्सएप पर उपलब्ध जाँच प्राप्त हो जाएगी।

अपने उद्बोधन में श्रीमती प्रतिमा बागरी राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन ने कहा कि सेवा न्यास द्वारा चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा चलाई जा रही योजना के अंतर्गत इसका लाभ दूर दराज गांव देहात में निवास करने वाले मरीज़ों को अवश्य मिलेगा इस **एंबुलेंस में डॉक्टर पैरामेडिकल की टीम**

**एंबुलेंस में उपस्थित होकर उन्हें परामर्श दिया जाएगा वह निःशुल्क दवाइयां भी दी जायेंगी।**

### ग्रीन एम्बुलेंस के बाद चलता फिरता-मुफ़्त अस्पताल सतना जिले हेतु बहुत बड़ी सौग़ात : योगेश ताम्रकार ( महापौर )

सतना महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि अभी ग्रीन एम्बुलेंस सतना में पेड लगाना व उनकी देखभाल करती है। अब उस कड़ी में आज मुफ़्त अस्पताल वह भी सर्व सुविधा युक्त है, तो यह सतना के लिये डॉ. राकेश मिश्र की दूरगामी सोच का असर है।अपना सपना-हरा भरा सतना का जो भाव पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने व्यक्त किया है आज वही सतना नगर निगम का ध्येय भाव बनकर 'हरा-भरा सतना लक्ष्य है अपना' नगर निगम सतना ने अपना लिया है। एक पेड माँ के नाम चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत माननीय प्रतिमा बागरी के सुझाव पर 11000 पेड़ लगाने का संकल्प जन सहयोग से पूरा किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण तैयारी हो चुकी है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए रविवार को 11:30 बजे टाउन हॉल में पर्यावरण प्रेमियों से आग्रह है कि सुझाव देने हेतु कार्यक्रम में पहुंचकर हरा भरा सतना लक्ष्य है अपना अभियान को मजबूती प्रदान करें। डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा निरंतर उपहार स्वरूप दिए जा रहे हैं सब्जियों के दुर्लभ बीज वितरित किये जाते हैं।

सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान की सराहना करते हुए महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा है कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा सर्टिफाइड कंपनी के सब्जियों के दुर्लभ बीज दिए जा रहे हैं, जिसका लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है। वे घर में सब्जियाँ उगाकर आत्म निर्भर बन सकते हैं। यह मिश्रा जी कि सर्वसमाज के लिए दूरगामी सोच हैं।

### सेवा न्यास का प्रयास बहुत ही उल्लेखनीय है : डॉ. डी.के. सिंह

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सतना के मशहूर डॉक्टर डी के सिंह ने कहा कि कई दशकों तक ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी सेवाएं मैंने दी हैं। मैं अपने अनुभव से यह कह सकता हूं कि डॉ. राकेश मिश्रा जी का चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल, ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले मरीजों को वरदान सिद्ध होगा।

### इनकी रही उपस्थिति :

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री राजेश चतुर्वेदी पालन (नगर निगम अध्यक्ष), श्री मणिकांत माहेश्वरी (प्रांत अध्यक्ष संस्कार भारती), श्री अनंत सोनी (अध्यक्ष AKS यूनिवर्सिटी), डॉ. राजेश जैन, डॉक्टर डी.के. सिंह, डॉक्टर श्रीमती डी. सिंह, डॉक्टर

आर.के. नेमा, डॉक्टर प्रवीण श्रीवास्तव, पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के पूर्व सदस्य लक्ष्मी यादव, श्री सुधीर रिछारिया, श्री देवेंद्र पांडे मैहर, श्री विष्णु अग्रवाल जी, श्री शुभम ताम्रकार, श्री वी.डी. पांडे पूर्व (डी.ए.एस.पी.) और सतना मैहर के न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*आपके द्वार आपका अस्पताल का उद्घाटन, सांसद श्री गणेश सिंह जी, श्रीमती प्रतिमा बागरी जी (राज्य मंत्री, मध्य प्रदेश शासन) एवं न्यास प्रमुख डॉ. राकेश मिश्र जी*






*आपके द्वार आपका अस्पताल का उद्घाटन श्रीमती प्रतिमा बागरी जी (राज्य मंत्री, मध्य प्रदेश शासन), श्री योगेश ताम्रकार जी,श्री राजेश चतुर्वेदी एवं न्यास प्रमुख डॉ. राकेश मिश्र जी*

## कार्यक्रम : निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**दिनांक : 29 जुलाई, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : अमौधा, सतना ( म.प्र. ) 485001**

**पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने "सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय"** योजना के अंतर्गत डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा "चलता फिरता-मुफ़्त अस्पताल" सतना-मैहर जिले को अनुपम सौगात के रूप में विगत दिवस समर्पित किया गया था।

"आपके द्वार-आपका अस्पताल" के प्रभारी विजय सिंह पटेल ने बताया है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की जन्म शताब्दी वर्ष पर क्षेत्र की जनता हेतु हर घर पर ही स्वास्थ्य सेवा पहुंचे, इस भाव से डॉ. राकेश मिश्र जी ने "चलता फिरता-मुफ्त अस्पताल" मेडिकल वैन तैयार की है। श्री पटेल ने कहा कि आज अमौधा वार्ड नंबर एक में संपन्न हुये इस कैंप में 57 मरीजों की जाँचें हुईं व मौसम के बदलाव की वजह से हो रही बीमारियों के 16 मरीज़ों को सर्दी जुकाम बुखार की निःशुल्क दवाइयां भी दी गई हैं।

अमौधा वार्ड क्रमांक एक मोहल्ले में निवास करने वाले मरीज़ों, सीनियर सिटीजन, माता बहिनों, वृद्ध जनों ने खुले मन से सेवा न्यास के प्रयासों की सराहना करते हुए श्रीमती उमाकली अहिरवार ने कहा कि हम बस्ती के वासी इस सेवा से बहुत ही प्रसन्न हैं। डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा चलता फिरता मुफ्त अस्पताल शुभारंभ करने हेतु बहुत-बहुत धन्यवाद प्रदान करते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी युग में भी ऐसे समाजसेवी हैं जो हमारे नगर के लिए गौरव का विषय है।

जिसमें एक डॉक्टर, एक नर्स और एक दवाई देने वाला व्यक्ति (फार्मासिस्ट) उपलब्ध रहेगा। वैन में जो विशेषताएं हैं वह आम आदमी के लिए बहुत ही लाभदायक हैं। इसमें एक साथ एक व्यक्ति खड़े होकर 23 प्रकार की महत्त्वपूर्ण जाँचें कुछ मिनटों में कर सकता है और उन जाँचों की रिपोर्ट प्रिंट होकर के उसको वहीं कैंप स्थान पर मिल जाती है। यह रिपोर्ट उसके व्हाट्सएप नंबर पर भी तुरंत प्रेषित कर दी जाएगी, जो सदैव उसके लिये उपयोगी रहेंगीं।

श्री पटेल ने आगे कहा कि जाँचें होने पर यदि कोई विशेष बीमारी पता चलती है तो मेडिकल टैब (टेली मेडिसिन) द्वारा बड़े शहरों के बड़े हॉस्पिटल के डॉक्टरों से हम सीधे परामर्श कर सकते हैं और उनके उचित निदान की व्यवस्था हमें प्राप्त हो सकती है। इसमें दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।




*अमौधा, सतना में स्वास्थ्य शिविर में जाँच कराते निवासी मरीज*



## कार्यक्रम : नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**दिनांक : 01 अगस्त, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : मटेहना, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "आपका अस्पताल-आपके द्वार" "चलता फिरता मुफ्त अस्पताल" द्वारा जे.पी. रोड मटेहना वार्ड नंबर 4, सतना में सेवायें दी गईं। सेवा बस्ती में सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय सभी नागरिकों का हित हो, सभी नागरिक सुखी रहें निरोगी रहें, इसी भाव को लेकर डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा सतना एवं मैहर जिले के किसानों व आर्थिक अभाव के कारण बड़े अस्पताल में जाकर परामर्श लेने में असमर्थ है और अपनी शरीर की जाँच नहीं करवा पा रहे हैं। ऐसे मरीजों की सेवा के लिए मुफ्त अस्पताल का लाभ जन-जन तक पहुंच रहा है।

### डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा इस योजना संचालन के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं। लाभार्थी :

जे.पी. रोड मटेहना वार्ड नंबर 4 के निवासी मुकेश वर्मा ने कहा कि सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा विगत कई वर्षों से नि:शुल्क कैंप के माध्यम से मरीजों की सेवा कर रहे हैं। साथ ही चलता फिरता अस्पताल प्रारंभ करके उनके द्वारा एक उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि अधिक से अधिक संख्या में कैंप में पहुंचकर सुविधा का लाभ उठाएं। 23 प्रकार की जाँचें जो कि बाजार मूल्य में हजारों रुपए की हैं वे सब नि:शुल्क कराई जाती हैं।

### 39 मरीजों की नि:शुल्क जाँचें हुईं एवं 18 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां दी गईं : श्री विजय सिंह पटेल

सेवा न्यास के कार्यकर्ता विजय सिंह पटेल ने बताया कि चलता फिरता अस्पताल में आज 39 मरीजों की नि:शुल्क जाँचें हुईं एवं साथ ही 18 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां दी गईं। कैंप में आने वाली माताओं, बहिनों ने अपने परिवार जनों के साथ स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। अधिकांश परिवार पूर्णत: स्वस्थ है। एक भी मरीज गंभीर रोगों से पीड़ित नहीं है जो कि हम सब के लिए गौरव का विषय है।

वृद्ध जनों ने डॉ. राकेश मिश्र को आशीर्वाद प्रदान करते हुए सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे चलता फिरता मुफ्त अस्पताल की सराहना की है।





*चलता फिरता अस्पताल द्वारा मरीजों की जाँच एवं दवाई वितरण मटेहना (सतना)*

## कार्यक्रम : निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**दिनांक : 02 अगस्त, 2024 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : बिरला सीमेंट फैक्ट्री, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलता फिरता मुफ्त अस्पताल द्वारा संतोषी माता मंदिर परिसर, बिरला रोड, में बसोर बस्ती, कृषि उपज मंडी, आईटीआई के पीछे सेवा बस्ती में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आगामी 10 एवं 11 अगस्त को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का घर-घर सघन प्रचार प्रसार किया गया। आज बिरला सीमेंट फैक्ट्री लेबर गेट में स्वास्थ्य परीक्षण हुये। आपका अस्पताल आपके द्वार मुफ्त अस्पताल के माध्यम से महिलाओं की जॉंच किया गया। बिरला सीमेंट फैक्ट्री में अपनी सेवाएं देने वाले गेट के बाहर उपस्थित सभी ने अपना-अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाते हुए सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे मुफ्त अस्पताल की सराहना की व इस अभियान को प्रारंभ करने के लिए हर्ष व्यक्त किया।

### डॉ. राकेश मिश्र जी हैं विशुद्ध समाजसेवी: श्री पुष्पराज मिश्रा

वार्ड क्रमांक 14 हनुमान नगर नई बस्ती के निवासी श्री पुष्पराज मिश्रा ने अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा विगत कई वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में कई कीर्तिमान अर्जित किए हैं। हमारे नगर सतना में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता सतना हाफ मैराथन का आयोजन भी डॉक्टर मिश्रा के द्वारा किया जाता है। जिससे हमारे सतना जिले को देश में नई पहचान अर्जित हुई है। डॉ. राकेश मिश्र जी विशुद्ध समाजसेवी हैं। उनके द्वारा नया अभिनव प्रयोग **"आपका अस्पताल आपके द्वार "अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर प्रारंभ किया गया है।** जो की हम सबके लिए प्रेरणादायक है।

पुष्पराज मिश्रा ने आगे कहा कि मैं पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कई कार्यक्रमों में शामिल हो चुका हूं। अपने अनुभव से मैं यह कह सकता हूं कि डॉ. राकेश मिश्र जी सच्चे समाजसेवी हैं और सतना के लिये हर दिन कुछ न कुछ करते रहते हैं।

### 89 मजदूरों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण एवं 27 मरीजों को दी गई दवाइयां : श्रीमती मनीषा सिंह

सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने बताया है कि बिरला सीमेंट फैक्ट्री में अपनी सेवाएं देने वाले

89 मजदूरों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ एवं 27 मरीजों को मुफ़्त दवाइयां प्रदान की गईं। श्रीमती मनीषा सिंह ने आगे कहा कि नर सेवा ही, नारायण की सेवा है। इसी भाव को लेकर सेवा न्यास का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी सुविधानुसार जरूरतमंदों की सेवा कर रहा है।

परम पूज्य दद्दा जी के सपनों को डॉ. राकेश मिश्र जी साकार कर रहे हैं। ऐसे दीन दुखियों को जो कि आर्थिक अभाव के कारण अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाने में असमर्थ हैं, उनका स्वास्थ्य परीक्षण उनके घर पर जाकर मुफ्त अस्पताल के द्वारा किया जा रहा है।

प्रमुख रूप से श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री विजय सिंह पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहकर सहयोग किया।



*बुजुर्ग मरीज की सहायता करते न्यास की कार्यकर्ता मनीषा सिंह*



*बिरला सीमेंट फैक्ट्री सतना के मजदूरों का स्वास्थ्य परीक्षण*



*बिरला सीमेंट फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों को जाँच एवं दवाई वितरण*

## कार्यक्रम : निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**दिनांक : 03 अगस्त, 2024 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नई बस्ती एवं बस स्टैंड, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा के लिए चलाए जा रहे चलता फिरता मुफ्त अस्पताल, आपका अस्पताल आपके द्वार के माध्यम से सही मायने में मानवता की सेवा हो रही है।

नई बस्ती वार्ड क्रमांक 17 के युवा करण सिंह ने चलता फिरता मुफ्त अस्पताल की सराहना करते हुए कहा कि यह सेवा ऐसे दीन दुखियों के लिए है जो कि आर्थिक अभाव के कारण अपना इलाज अपने शरीर की जाँच कराने में असमर्थ हैं। जिसकी फिक्र कोई नहीं करता, उन्हें याद करने वाले, उनकी सेवा करने वाले ऐसे समाजसेवी डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा विगत कई सालों से निःस्वार्थ सेवा सतना के नागरिकों की कर रहे हैं। हम अपने बस्ती वासियों की ओर से उन्हें साधुवाद देते हैं। मेरा सभी युवाओं से भी आग्रह है कि डॉ. राकेश मिश्र जी का सहयोग करें।

### नई बस्ती एवं बस स्टैंड में 51 मरीजों की हुई निःशुल्क जाँचें एवं 14 मरीजों को दी गई दवाईयां : श्रीमती मनीषा सिंह

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने बताया कि इस समय मौसम के बदलाव से घर-घर में वायरल फीवर, सर्दी जुकाम की बीमारियों ने छोटे-छोटे बच्चों को एवं बड़ों को घेर रखा है। आपका अस्पताल-आपके द्वार अभियान के अंतर्गत मरीज को जाँच के उपरांत ने शुल्क दवाइयां भी दी जा रही हैं।

श्रीमती मनीषा सिंह ने बताया कि चलता फिरता मुफ्त अस्पताल, हनुमान नगर नई बस्ती, वार्ड क्रमांक 17, 18 व शनि मंदिर बस स्टैंड सेमरिया चौक में 51 मरीजों की निःशुल्क जाँचें की गई एवं 14 मरीजों को दवाईयां दी गई।



*नई बस्ती एवं बस स्टैंड में 51 मरीजों की जाँचे एवं दवाई वितरण करते सेवा न्यास के कार्यकर्ता*



## कार्यक्रम : नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**दिनांक : 06 अगस्त, 2024 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल: हरिजन बस्ती, महादेवा सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आपका अस्पताल आपके द्वार चलता फिरता मुफ्त अस्पताल में वार्ड क्रमांक 36 चंद्रशेखर वार्ड गौशाला चौक, रामना टोला वार्ड क्रमांक 39, महात्मा गांधी वार्ड गौशाला, वार्ड क्रमांक 44 जवाहरलाल नेहरू टिकुरिया टोला, वार्ड क्रमांक 43 ठक्कर बप्पा वार्ड हरिजन बस्ती पानी की टंकी के पास चलता फिरता अस्पताल में कुल 68 मरीजों की मुफ्त जाँचें हुईं एवं 37 मरीजों को मौसमी सर्दी, जुकाम, बुखार की दवाइयां भी दी गई हैं। 88 वर्षीय रामना टोला निवासी श्रीमती मऊ सेन ने मुफ्त अस्पताल शुभारंभ के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के लिए डॉ. राकेश मिश्र जी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि हमारे घर में आकर बिल्कुल फ्री में जाँचें हो रही हैं।

### ऑन द रोड़ हो रहा है गरीबों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण : श्री एस.पी. सिंह

गुजराती पाठशाला के वरिष्ठ शिक्षक श्री एस.पी. सिंह ने कहा कि ऑन द रोड गरीबों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण अद्वितीय कार्य है। गली-गली मोहल्ले मोहल्ले में जाकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा हैं। अन्य समाजसेवियों को भी डॉ. राकेश मिश्र से प्रेरणा लेकर इसी प्रकार से सेवा कार्य करना चाहिए। जिसमें आपको जाँच के उपरांत नि:शुल्क दवाइयां भी दी जा रही हैं।

### डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा निरंतर चल रही है जनमानस की सेवा : श्रीमती श्वेता पांडे

प्रेमनगर प्रेम विहार में निवास करने वाली शिक्षिका श्रीमती श्वेता पांडे ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा विगत कई दिनों से चलता फिरता मुक्त अस्पताल सेवा लगातार चल रही है। साथ ही जनमानस की सेवा कार्य में न्यास के कार्यकर्ता अपना अमूल्य समय देकर यह पवित्र कार्य कर रहे हैं हम अपने परिचितों, मित्रों के साथ परिवार जनों को भी आने वाले 10 एवं 11 अगस्त को दो दिवसीय मेदांता द मेडिसिटी नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर सतना में देश के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की टीम के द्वारा हमारे जिले वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। यह जानकारी देकर व उन्हें आने के लिए प्रेरित करेंगे जिससे कि हमारा स्वस्थ भारत, स्वस्थ समाज की परिकल्पना साकार हो सके। ऐसा कहा

जाता है कि पहला सुख निरोगी काया, स्वस्थ शरीर में ईश्वर का वास होता है इसलिए हमें यह प्रयास करना चाहिए कि समय-समय पर अपना रूटीन चेकअप अवश्य कर लेना चाहिए।

आज के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में प्रमुख रूप से श्रीमती मनीषा सिंह, श्री शिवम बड़ोलिया, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्रीमती राजकुमारी कोरी, श्री उत्तम कुमार अहिरवार, सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





*हरिजन बस्ती मएेदेवा में 68 मरीजों की मुफ्त जाँच एवं दवाई वितरण*



## कार्यक्रम : नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**दिनांक : 07 अगस्त, 2024 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय इंदिरा कन्या महाविद्यालय, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का बुधवार को सब्जी मंडी, सिंधी कैंप और डिलौरा में सघन प्रचार प्रसार करते हुए सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने बताया की आज शासकीय इंदिरा कन्या महाविद्यालय में 34 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 16 छात्राओं को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। श्रीमती मनीषा सिंह ने आगे बताया कि देश के सुप्रसिद्ध डॉक्टरों की टीम के द्वारा आधुनिकतम हाई टेक्नोलॉजी से युक्त मशीनों से मरीजों का चेकअप किया जाएगा। साथ ही मल्टी स्पेश्यलिटी मेदांता द मेडिसिटी गुरुग्राम के ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोलॉजी, हृदय रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा मरीजों को नि:शुल्क परामर्श के उपरांत फ्री में दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। आज शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी में सघन संपर्क किया गया और सभी बहिनों को अपने परिवार के साथ स्तन कैंसर व सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की जाएगी।

सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि परम पूज्य दद्दाजी की जन्म शताब्दी समारोह पर आधुनिक टेक्नोलॉजी से युक्त मशीनों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जा रहा है। सेवा न्यास के प्रेरणा स्त्रोत मार्गदर्शक परम पूज्य दद्दा जी स्वयं वैद्य थे। अपने संपूर्ण जीवन काल में मरीजों की सेवा अंतिम दम तक करते रहे। वह हमेंशा कहा करते थे कि स्वस्थ समाज की परिकल्पना में स्वस्थ नागरिकों का होना नितांत आवश्यक है। उनके सपनों को साकार करने के लिए सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा सतना में "चलता फिरता मुफ्त अस्पताल" शुभारंभ किया गया है। जिसके सुखद परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। मरीजों को उनके घर बैठे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। जिससे कि हम यह कह सकते हैं कि परम पूज्य दद्दा जी के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर स्वस्थ समाज की परिकल्पना साकार हो रही है।





*"स्वास्थ्य परीक्षण करातीं इंदिरा कन्या महाविद्यालय की छात्रायें व प्राध्यापक गण"*



*शा. इंदिरा कन्या महाविद्यालय, में 34 छात्राओं का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण करते, प्राचार्य प्रो. अंजनी कुमार पांडे जी एवं श्रीमती मनीषा सिंह*



## कार्यक्रम : निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**दिनांक : 08 अगस्त, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल: बिट्स इंजीनियरिंग कॉलेज, सतना ( म.प्र. ) 485001**

बिटस इंजीनियरिंग कॉलेज में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाये जा रहे "चलता फिरता अस्पताल-आपके द्वार मुफ्त अस्पताल" में कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं, कॉलेज स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 47 छात्र-छात्राओं व कॉलेज के शैक्षणिक स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए रिपोर्ट दी गई। मौसम के बदलाव के कारण हल्का सर्दी, जुखाम, बुखार के कारण छात्र-छात्राओं 16 को मरीज निःशुल्क दवाइयां दी गई। साथ ही लालता चौक सब्जी मंडी, पतेरी, महदेवा की सेवा बस्तियों और धवारी में कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित दुकानों, विद्वान अभिभाषकों, पक्षकारों, स्टांप पेपर विक्रेताओं को आगामी 10 अगस्त को प्रातः 9:00 बजे उद्घाटन समारोह में आमंत्रित करते हुए प्रचार प्रसार किया गया। जनमानस को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की विस्तार से जानकारी दी गई।





*बिट्स इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्राओं एवं शिक्षकों की जाँचे एवं दवाई वितरण करते चिकित्सक*

**कार्यक्रम : 42वां मेदांता स्वास्थ्य शिविर (प्रथम दिवस)**

**दिनांक : 10 अगस्त, 2024 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्ण नगर, सतना ( म.प्र. )**

## "मेदांता दि मेडिसिटी अस्पताल गुरुग्राम द्वारा नि:शुल्क कैंप में पहले दिन 878 मरीजों का हुआ परीक्षण : डॉ. राकेश मिश्र"

## "डॉ. राकेश मिश्र के द्वारा पिताजी के नाम से सेवा न्यास बनाकर समर्पित भाव से पुनीत कार्य किया जा रहा है : श्री गणेश सिंह" ( सांसद )

पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की जन्मशताब्दी पर आयोजित 42वें मेदांता द मेडिसिटी हैल्थ चेकअप कैंप के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गणेश सिंह सांसद, कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश कुमार ताम्रकार महापौर, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री अनुराग वर्मा कलेक्टर व श्री सुधीर जैन पूर्व वाइस प्रेसिडेंट यूनिवर्सल केबल्स ने सर्वप्रथम सेवा न्यास के प्रेरणा स्त्रोत परम पूज्य दद्दा बाई एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की व उन्हें नमन किया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ने सेवा न्यास की गतिविधियों का वर्णन करते हुए कहा कि हमारे परम पूज्य पिताजी दद्दा जी क्षेत्र में वैद्य जी के नाम से मशहूर थे। दद्दा जी हमेंशा कहा करते थे कि स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ समाज की परिकल्पना साकार हो सकती है।

डॉ. राकेश मिश्र ने चलता फिरता मुफ्त अस्पताल के संदर्भ में कहा कि मेरे पुत्र संकल्प मिश्र ने अपनी वकालत की आमदनी से यह एम्बुलेंस सतना की जनता को समर्पित की है। यह संस्कार हमारे पूज्य पिताजी से परम्परागत रूप से प्राप्त हुये हैं। ऐसे मरीज जो अस्पताल में जाकर अपना इलाज करने में सक्षम नहीं है, उन्हें उनके घर में ही जाकर यह सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। 18 जुलाई से अब तक लगभग 896 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें से लगभग 278 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां दी गईं। इस प्रयोग से हम कह सकते हैं कि नर सेवा ही नारायण सेवा है का भाव चरितार्थ हो रहा है। तिरंगा अभियान में सेवा न्यास के कार्यकर्ता घर-घर तिरंगा वितरित करेंगे।

### डॉ. राकेश मिश्र के द्वारा पिताजी के नाम से सेवा न्यास बनाकर समर्पित भाव से पुनीत कार्य किया जा रहा है : श्री गणेश सिंह ( सांसद )

सतना लोकसभा के सांसद गणेश सिंह ने डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सेवा परमो धर्म: के भाव को चरित्रार्थ किया

जा रहा है चलता फिरता मुफ्त अस्पताल। श्री गणेश सिंह (सांसद) ने अपने उद्‌बोधन में आगे कहा कि अपने पिताजी के नाम से सेवा न्यास बनाकर समर्पित भाव से पुनीत कार्य किया जा रहा है। श्री गणेश सिंह (सांसद) ने डॉ. राकेश मिश्र की बात का समर्थन करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर यहां के पानी में कैल्शियम की मात्रा अधिक होने से हमारे क्षेत्र में किडनी, कैंसर के मरीज ज्यादा मिल रहे हैं। मैं जिला प्रशासन से यह मांग करता हूं कि एक बार क्यों ना यहां के पानी में मौजूद तत्वों, खनिज, लवण व अन्य पदार्थों की जाँच हो सके, जिससे स्वास्थ्य की समस्याओं में विराम लग सके।

### समय पर बीमारी का पता चले तो कैंसर का भी इलाज संभव है : श्री अनुराग वर्मा ( कलेक्टर )

सतना कलेक्टर अनुराग वर्मा ने अपने उद्‌बोधन में सेवा न्यास द्वारा आयोजित मेडिकल कैंपों की सराहना करते हुए कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में कई बार आने का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है। मैं यह कह सकता हूं कि हमें स्वास्थ्य को लेकर जागरूक होना आवश्यक है। अगर समय पर बीमारी का पता चले तो कैंसर का भी इलाज संभव है। सेवा न्यास की पूरी टीम को साधुवाद देता हूँ। साथ ही प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं।

### डॉ. राकेश मिश्र जी का हम तन मन धन से करेंगे पूरा सहयोग : श्री सुधीर जैन ( चेयरमैन लायंस क्लब )

यूनिवर्सल केबल्स के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट सुधीर जैन ने कहा कि अपने पिताजी की परंपरा को आगे बढ़ाने वाले डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा सतना जिले के मरीजों की सेवा की जा रही है। उनके इलाज में पूरा सहयोग किया जा रहा है। हम डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा विगत वर्षों से की जा रही सेवा से जिले वासियों को लाभ मिल रहा है डॉ. राकेश मिश्र जी का हम तन मन धन से सहयोग करेंगे।

### मन में कोई बात ठान लीजिए तो सब कुछ संभव है यह हमें सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र से सीखना चाहिए : श्री योगेश कुमार ताम्रकार ( महापौर )

श्री योगेश कुमार ताम्रकार (महापौर) ने कहा कि मन में कोई बात ठान लीजिए तो सब कुछ संभव है। यह हमें सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी से सीखना चाहिए। महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि डॉ. मिश्रा ने अपनी जन्मभूमि से लेकर कर्म भूमि का कर्ज उतारने का कार्य किया है। इनके गांव तक मैं होकर आया हूँ। गांव का सर्वांगीण विकास देखना हो तो धवर्री ज़रूर जायें।

एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए श्री ताम्रकार ने आगे कहा कि कोई भी सफलता तब होती है जब जन भागीदारी हो। प्रकृति का कर्ज़ उतारने के लिए पेड़ लगाएँ। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पेड़ मां के नाम से प्रेरणा लेते हुए सतना नगर निगम के द्वारा आगामी 15 अगस्त को वृहद वृक्षारोपण किया जा रहा है। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका रहेगी। जिसमें आप सबकी सहभागिता अनिवार्य है।

श्री योगेश ताम्रकार (महापौर) ने नगर वासियों से आग्रह किया कि अपनी-अपनी मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएं। दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर की संयोजिका श्रीमती मनीषा सिंह ने सफल मंच का संचालन किया व सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने आभार व्यक्त किया।

आज के उद्घाटन समारोह में प्रमुख रूप से नगर निगम स्पीकर श्री राजेश चतुर्वेदी पालन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री एल.के. तिवारी, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यवस्थापक श्री देवेंद्र माहेश्वरी, प्राचार्य श्री गणेश प्रसाद मिश्र, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष श्री सुधीर सिंह तोमर, वरिष्ठ उद्योगपति दीनदयाल शोध संस्थान के सदस्य श्री नरेन्द्र गुप्ता, पेंशनर समाज के अध्यक्ष श्री हरिप्रकाश गोस्वामी, वरिष्ठ पत्रकार श्री संजय शाह, भाजपा जिला महामंत्री श्री रमाकांत गौतम, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा यादव, श्री रविंद्र सिंह सेठी, श्री रतन मिश्रा, श्री प्रदीप अवस्थी, श्री देवेंद्र पांडे मैहर, श्रीश्रीकांत ओझा, श्री रमाकांत प्यासी, श्री बालकृष्ण शुक्ला बेटा, पार्षद, श्री विजय सिंह पटेल सेवा न्यास के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे।

दिन भर में कुल 878 मरीजों को डाक्टरों की कुशल देखरेख में उपचार किया गया।







42वां नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का दीप प्रज्ज्वल कर उदघाटन सतना सांसद श्री गणेश सिंह, योगेश ताम्रकार (महापौर) न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, लायन सुधीर जैन



सर्वसुविधा युक्त बस की पूर्ण जानकारी देते डॉ. राकेश मिश्र



श्री सुधीर सिंह तोमर, श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर सतना), श्रीमती सीमा सिंह यादव, श्रीबालकृष्ण शुक्ल 'बेटा'




श्री सुधीर जैन, श्री गणेश सिंह (सांसद), श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर सतना) एवं डॉ. राकेश मिश्र (मंच पर)

## कार्यक्रम : दद्दा जी की जन्म शताब्दी पर 42वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर (द्वितीय दिवस)

दिनांक : 11 अगस्त, 2024 ( रविवार )

कार्यक्रम स्थल : सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कृष्णा नगर, सतना ( म.प्र. )

### श्रावण मास में नर की सेवा ही नहीं साक्षात शिव की सेवा कर रहे हैं डॉ. राकेश मिश्र जी : जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य जी स्वामी श्री रामलालाचार्य जी महाराज खजुरी ताल




पं. गणेश प्रसाद मिश्र दद्दा जी की जन्म शताब्दी वर्ष में पर आयोजित मेदांता दि मेडिसिटी गुरुग्राम द्वारा दो दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के समापन अवसर के अतिथियों मानस पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी श्री राम लालाचार्य जी महाराज श्री मानस पीठ खजुरी ताल मैहर व विशिष्ट अतिथि श्री साकेत पांडे जी आईपीएस डीआईजी रीवा, श्री अनंत कुमार सोनी जी (अध्यक्ष ए.के.एस. यूनिवर्सिटी सतना) श्री शैलेंद्र प्रताप सिंह जी, अध्यक्ष सरस्वती विद्यालय द्वारा सेवा न्यास के मार्गदर्शन व प्रेरणा स्रोत परम पूज्य दद्दा-बाई एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर उन्हें नमन किया।अपने उद्बोधन में डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि आठ जिलों के मरीज स्वास्थ्य शिविर में आए **1661 कुल मरीजों ने दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया।**

डॉ. मिश्र ने आगे कहा कि दद्दा जी स्वयं वैद्य थे उनका यही भाव था कि गांव में ही मरीज का घर बैठे इलाज हो सके। इसी भाव को चरितार्थ करते हुए मेरे पुत्र संकल्प मिश्र ने दद्दा जी के भाव को आत्मसात करते हुए चलता फिरता मुफ्त अस्पताल तैयार कराया है जी आज मरीज की सेवा कर रहा है।

### श्रावण मास में नर की सेवा ही नहीं साक्षात शिव की सेवा कर रहे हैं डॉ. राकेश मिश्र जी : जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामललाचार्य जी महाराज खजुरी ताल

जगद्गुरु श्री रामानंदाचार्य जी स्वामी श्री रामलालचार्य जी महाराज खजुरी ताल ने कहा कि जब हम कोई यज्ञ करते हैं तो हमें शांति की प्राप्ति होती है। परमार्थ के

माध्यम से डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा ईश्वर की सेवा की जा रही है। डॉ. राकेश मिश्र जी सतना आकर सेवा न्यास के द्वारा विभिन्न प्रकल्प चला रहे हैं। यह साक्षात भगवान शिव की सेवा कर रहे हैं।

स्वामी श्री रामलालाचार्य जी महाराज खजुरी ताल ने आगे कहा इस संसार में अगर हमें शांति चाहिए तो सेवा भाव के साथ हमें सेवा करना चाहिए।

महाराज श्री ने आगे कहा कि मातृ देवो भवः, पितृ देवो भव, जिसने अपने माता-पिता के वचनों उनके संस्कारों को आत्मसात कर लिया मानो वह ईश्वर की सेवा कर रहे हैं।

## नर की सेवा निःस्वार्थ भाव से करने वाले ऐसे समाजसेवी डॉ. राकेश मिश्रा जी का कार्य प्रशंसनीय : श्री साकेत पांडे, डी.आई.जी. रीवा

पुलिस उप महानिदेशक साकेत पांडे ने कहा कि मैंने ईश्वर को नहीं देखा ईश्वर के रूप में दद्दा बाई के श्री चरणों में नमन करता हूं। डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा समाज सेवा के प्रति समर्पण भाव की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से नर की सेवा करना ही नारायण की सेवा है। जो भी सेवा डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा की जा रही है।मैं उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूँ। डॉक्टर राकेश मिश्रा जी का कार्य प्रशंसनीय है।

कार्यक्रम में शामिल हुए मेदांता दि मेडिसिटी मेडिकल टीम, आदित्य कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान अंतर्गत कपडे का थैला भेंट किया गया।

## अगले कार्यक्रम का हुआ आगाजः सतना हाफ मैराथन : 2024 आगामी 8 सितंबर को : श्री राजीव व्यास

सतना हाफ मैराथन के संयोजक अजय मिश्रा ने बताया कि आगामी 8 सितंबर रविवार को सतना हाफ मैराथन का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की हाफ मैराथन का लोगो जारी किया गया। पूरे देश के दस हज़ार धावकों को शामिल होने के सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

कार्यक्रम का मंच संचालन विष्णु नारायण पांडे ने किया एवं सेवा न्यास के कार्यालय प्रमुख विजय सिंह पटेल ने उपस्थित अतिथियों व कार्यकर्ताओं व नागरिकों का मधुर शब्दों में आभार व्यक्त किया।

## कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रही उपस्थिति :

स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज भीमकुंड, मेदांता हॉस्पिटल के हृदय रोग

विशेषज्ञ डॉ. एस.के. तनेजा, डॉ. मयूर मयंक, डॉ. पवन सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सह व्यवस्थापक श्री देवेंद्र माहेश्वरी, प्राचार्य श्री गणेश प्रसाद मिश्रा, श्री देवेंद्र पांडे, श्री कृष्ण ओझा, स्वास्थ्य शिविर की संयोजिका श्रीमती मनीषा सिंह, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्णा पांडे, श्री अशोक गुप्ता, श्री ललित माहेश्वरी, श्री सुनील यादव, श्री रवि शंकर द्विवेदी, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री शुभम बड़ोलिया, श्रीमती विजय श्री, श्रीमती चंदा शर्मा, श्री नितिन मिश्रा, श्री बलराम गुप्ता, सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी श्री राजेश त्रिपाठी नीलू आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*दीप प्रज्ज्वलन करते हुये अतिथि गण, श्री साकेत पांडेय (डी.आई.जी. रीवा) पूज्य श्री रामललाचार्य जी, श्री अनंत कुमार सोनी*




*मेदांता हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एसके तनेजा, डॉ. मयूर मयंक, डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. पवन सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सह व्यवस्थापक देवेंद्र माहेश्वरी, प्राचार्य गणेश प्रसाद मिश्रा*





महिला चिकित्सक मरीजों का परीक्षण करती हुईं




डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा समाज सेवा के प्रति समर्पण भाव की सराहना करते हुए।
सेवा न्यास के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई।





*द्वितीय दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी,*
*स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज भीमकुंड, एवं डॉ. एसके तनेजा जी*

## कार्यक्रम : हर घर तिरंगा अभियान

**दिनांक : 14 अगस्त, 2024 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : बम्हनगवां, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी पर सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बम्हनगवां वार्ड क्रमांक 6 में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर तिरंगा ध्वज भेंट किया।

इस दौरान सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने आवाहन किया कि डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत समस्त देशवासियों को अपने-अपने घरों में स्वतंत्रता दिवस के दिन तिरंगा ध्वज फहराना है।

सतना नगर के वार्ड क्रमांक 6 की बस्तियों में घर-घर जाकर नागरिकों को तिरंगा ध्वज भेंट किये गये। सभी को 15 अगस्त के दिन अपने-अपने घरों में तिरंगा ध्वज फहराने का संकल्प दिलाया।

### विभाजन की विभीषिका पर नौजवानों को प्रेरित किया : डॉ. राकेश मिश्र

आज़ादी का जश्न मनाने के बीच हमें विभाजन की विभीषिका को नहीं भूलना चाहिए। हमारे नौजवानों को इतिहास जानना चाहिये कि 14 अगस्त की मध्य रात्रि को भारत माता का विभाजन हुआ था। भारत माता के टुकड़े के रूप में पाकिस्तान नाम का देश बना। हमारे देश के तत्कालीन नेताओं की गलतियों के कारण मज़हब के आधार पर देश के विभाजन का दंश आज भी हम भुगत रहे हैं। हम भारत के लोग संविधान की प्रस्तावना को याद करें। अंग्रेजों ने हमें अधूरी आज़ादी दी। हमारे यहाँ पाकिस्तान बनने के बाद जिस तरह से क़त्लेआम हुआ और हिन्दुओं को पाकिस्तान में अपनी संपत्ति छोड़कर भागना पड़ा, वह आज याद करना ज़रूरी है। नौजवानों को सही इतिहास पढ़कर देश के लिये कुछ करने की चाहत पैदा करना होगी।

### इनकी रही उपस्थिति :

हर घर तिरंगा भेंट अभियान कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से श्रीमती मनीषा सिंह, श्री सुनील यादव, श्रीमती पूनम यादव, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्री करुणेश अनुरागी, श्री नितिन मिश्रा, श्री विजय सिंह पटेल, श्री राकेश सोनी, श्री संजय सिंह, श्री हेमराज गुप्ता, श्री मृगेंद्र सिंह परिहार, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।





सतना नगर में तिरंगा ध्वज वितरण करते सेवा न्यास के कार्यकर्ता



सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया।

## कार्यक्रम : न्यास मुख्यालय में ध्वजारोहण

**दिनांक : 15 अगस्त, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. ) 485001**

स्वतंत्रता दिवस पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय में ध्वजारोहण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर देवेश अग्रवाल अध्यक्षता डॉक्टर श्रीमती प्रतिमा अग्रवाल ने सर्वप्रथम ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाकर ध्वज वंदन किया।

### आजादी के जश्न में अमर शहीदों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए : डॉ. देवेश अग्रवाल

मुख्य अतिथि डॉक्टर देवेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के जश्न में हमें अमर शहीदों के बलिदान को नहीं भूलना चाहिए। लाखों अमर शहीदों के बलिदान को भेंट चढ़ने के उपरांत ही यह आजादी हमें प्राप्त हुई है। आज हम ऐसे सभी अमर शहीदों को याद करते हैं उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

उपस्थित जनसमुदाय को सेवा न्यास परिवार के द्वारा मिष्ठान वितरण कर तिरंगा ध्वज भेंट किया गया।

सिद्धार्थनगर पार्क में हुआ व्रहद पौधारोपण, प्रबुद्ध जनों ने लिया पौधारोपण करने का संकल्प

नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "अपना सपना-हरा भरा सतना" अभियान के अंतर्गत सिद्धार्थनगर पार्क में बृहद पौधारोपण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सबसे अधिक आक्सीजन प्रदान करने वाले बरगद, नीम, पीपल के पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान "अपना सपना हरा भरा सतना" अभियान प्रमुख श्री सुनील यादव ने कहा कि सेवा न्यास के द्वारा जो पौधारोपण किया जाता है उनकी ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा पांच वर्षों तक छोटे बच्चों की तरह उसका पालन पोषण किया जाता है, क्योंकि पौधारोपण से अधिक महत्त्वपूर्ण कार्य है पौधों की सेवा करना। श्रीमती मनीषा सिंह ने नगर को प्रदूषण मुक्त करने के लिए पर्यावरण प्रेमियों से आग्रह किया है कि अपने जन्म दिवस के अवसर पर पौधारोपण करने का संकल्प लें। आपके संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब आपके साथ हैं, क्योंकि पर्यावरण को संतुलित करने के लिए जन अभियान व जन जागरूकता के माध्यम से ही नगर को हम पर्यावरण युक्त कर सकते हैं। इसलिए हम सब साथ मिलकर अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करें।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. देवेश अग्रवाल, डॉ. प्रतिमा अग्रवाल, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री सुनील यादव, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्रीमती पूनम यादव, श्रीमती मधु बाल्मिक, श्री नितिन मिश्रा, श्री सचिन त्रिपाठी, श्री विजय सिंह पटेल, श्री संजय सिंह, श्री हेमराज गुप्ता, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के समाजसेवी उपस्थिति रहे।



*तिरंगा ध्वज वितरण करते कार्यकर्ता एवं एन.सी.सी. कैडेट्स*



*वृक्षारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता*



*'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना में न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण।*

**कार्यक्रम : अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव हेतु बैठक**

**दिनांक : 24 अगस्त, 2024 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : तुलसीपीठ, आमोद वन, चित्रकूट ( सतना, म.प्र. )**

## "अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव समिति एसोसिएशन एवं पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का भव्य आयोजन चित्रकूट में"

## "आचार्य रामचन्द्र दास जी के कुशल संयोजन में होगा भव्य आयोजन : डॉ. वेद प्रकाश टंडन"

## "दिल्ली के स्कूली छात्र छात्राओं व बाल कलाकारों द्वारा संपूर्ण रामलीला चित्रकूट में 14 से 16 सितंबर, 2024 तक : डॉ. राकेश मिश्र"

अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव आयोजन समिति, दिल्ली द्वारा समिति के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश टंडन व डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित हो रही है। गत चार वर्षों में भारत के विभिन्न ऐतिहासिक, धार्मिक स्थानों पर दिल्ली-एन.सी.आर. के विद्यालयों और गुरुकुल के बाल कलाकारों द्वारा मंचित भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन चित्रकूट में होगा। रामलीला को निर्बाध जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

### अयोध्या में रामलीला :

17 से 25 अक्तूबर, 2020 में रामलला की नगरी (अयोध्या) में विश्व की प्रथम आभासी रामलीला का मंचन किया गया। जिसे दूरदर्शन के सहयोग से विश्व के करोड़ों भारतवंशियों तक पहुंचाया गया। विशेष यह है कि इस रामलीला में प्रसिद्ध अभिनेता, गायक व सांसद श्री मनोज तिवारी, श्री रवि किशन, श्री बिंदु दारा सिंह, श्री असरानी सरीखे कलाकारों के साथ डॉ. वेद प्रकाश टंडन ने स्वयं भी अभिनय किया।

### ओरछा में रामलीला :

6 से 15 अक्तूबर, 2021 में राजा राम की नगरी ओरछा (मध्य प्रदेश) में बेतवा नदी के कंचना घाट पर हुई। जिसका सीधा प्रसारण विभिन्न चैनलों के माध्यम से 142 देशों में करोड़ों लोगों ने इसे देखा है।

### ऋषिकेश में रामलीला :

हिमालय की गोद में स्थित गंगा तट पर परमार्थ निकेतन ऋषिकेश (उत्तराखंड) में बाल कलाकारों की भव्य और दिव्य रामलीला आयोजित की गई। परमार्थ निकेतन

के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती जी व श्रद्धेय श्री अजय भाई के सानिध्य में आयोजित रामलीला का देश-विदेश में प्रसारण हुआ।

### कुरुक्षेत्र में रामलीला :

गीता प्राकट्य नगरी कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के गीता ज्ञान संस्थानम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी के सानिध्य में अक्तूबर, 2023 में दस दिन का मंचन किया गया। जिसमें देश-विदेश के प्रमुख लोग उपस्थित रहे। विविध राष्ट्रीय चैनलों से दुनिया भर में इसके जीवंत प्रसारण की लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### जगदगुरु रामभद्राचार्य जी के आशीर्वाद से चित्रकूट में होगा भव्य आयोजन : डॉ. वेद प्रकाश टंडन

डॉ. राकेश मिश्र व डॉ. वेदप्रकाश टंडन जी ने जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जगद्गुरु पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के सानिध्य में तुलसी पीठ के सभागार में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संपूर्ण रामलीला का मंचन होगा। इस अवसर पर दिल्ली के बाल कलाकार रामलीला की मनमोहक प्रस्तुतियों देंगे।

भगवान राम के वनवास प्रसंगों से जहां छात्र छात्राओं को स्वयं अनुभूति होगी वहीं वह चित्रकूट की पावन धरती से रूबरू होंगे।

### देश भर के रामभक्त जुटेंगे संपूर्ण रामलीला देखने चित्रकूट में : डॉ. राकेश मिश्र

संपूर्ण रामलीला मंचन को देखने के लिए चित्रकूट में देश भर के राम भक्त उपस्थित होंगे। डॉ. वेद प्रकाश टंडन जी के आह्वान पर भगवान राम वन पथ गमन के मार्ग को खोजने वाले श्री रामावतार जी स्वयं लीला में उपस्थित रहेंगे तथा विद्यालयीन छात्र छात्राओं को जो रात्रि में रामलीला करेंगे एवं दिन में भगवान राम के जीवन प्रसंगों को स्वयं जाकर देखेंगे। इन तीन दिनों में देश विदेश के अनेकों लोग जहाँ भगवान कामदगिरि की परिक्रमा करेंगे वहीं हनुमान धारा दर्शन, गुप्त गोदावरी एवं सती अनुसुइया जैसे स्थलों का दर्शन करके मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के जीवन प्रसंगों का जीवंत अध्ययन करेंगे। चित्रकूट में स्थित भारत रत्न श्रद्धेय नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित दीनदयाल शोध संस्थान के ग्रामीण विकास प्रकल्पों का अध्ययन भी छात्र छात्राएँ करेंगे। इस कार्य में कमल मॉडल स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं प्रबंधन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### दिल्ली में रामलीला :

कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन गार्डन, नई दिल्ली; वंदना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-10, द्वारका, दिल्ली; गुरुग्राम ग्लोबल हाइट्स स्कूल और गुरुकुल के बाल

कलाकारों को ऐसे रामकाज से जोड़ा गया, जो देश के भावी नागरिकों को उनकी जड़ों अर्थात सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के मूल बने।

युवा संस्कार योजना के अंतर्गत रामायण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने व बच्चो में अपने पूर्वजों की संस्कृति को आत्मसात करने, अपने माता पिता और गुरुजनों के प्रति व्यवहार, अन्याय को स्वीकार न करने व सभी महिलाओं के सम्मान जैसे सुंदर सूत्रों को सिखाने के लिए सम्पूर्ण रामायण के संक्षिप्त रूपांतर का अनेक स्थानों पर मंचन किया गया।

### "दिल्ली के स्कूली छात्र छात्राओं व बाल कलाकारों द्वारा संपूर्ण रामलीला चित्रकूट में 14 से 16 सितंबर, 2024 तक : डॉ. राकेश मिश्र"

डॉ. राकेश मिश्र व डॉ. वेदप्रकाश टंडन जी ने चित्रकूट में प्रेस वार्ता में बताया कि जगद्गुरु पूज्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के सानिध्य में तुलसी पीठ के सभागार में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संपूर्ण रामलीला का मंचन होगा। इस अवसर पर दिल्ली के बाल कलाकार रामलीला की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देंगे। भगवान राम के वनवास प्रसंगों से जहां छात्र छात्राओं को स्वयं अनुभूति होगी, वहीं वह चित्रकूट की पावन धरती से रूबरू होंगे।




### आचार्य रामचन्द्र दास जी के कुशल संयोजन में होगा भव्य आयोजन : डॉ. वेद प्रकाश टंडन

डॉ. वेद प्रकाश टंडन जी ने कहा कि आज सभी कार्यकर्ताओं के साथ व्यवस्थाओं की बैठक की। परम पूज्य गुरुदेव को प्रथम आमंत्रण पत्र भेंटकर सम्मान किया। आज आचार्य रामचन्द्र दास जी, डॉ. बी.के. जैन (निदेशक, सद्गुरु सेवा संघ), श्री अभय महाजन (संगठन सचिव दीनदयाल शोध संस्थान), डॉ. भरत मिश्र (कुलपति ग्रामोदय विश्व विद्यालय) को अंग वस्त्र व आमंत्रण पत्र भेंटकर सहयोग की प्रार्थना की।

### इनकी रही उपस्थिति :

चित्रकूट में श्री पी.एल. अवस्थी, डॉ. अश्वनी अवस्थी (जिला महामंत्री चित्रकूट), श्री आलोक पांडेय (महामंत्री चित्रकूट), श्री शिवशंकर सिंह, (उपाध्यक्ष

किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश), श्री आसुतोष जी, श्री राहुल पांडेय, सहित बड़ी संख्या में सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





*डॉ. भरत मिश्र (कुलपति ग्रामोदय विश्वविद्यालय) चित्रकूट को निमंत्रण पत्र देते डॉ. वी.पी. टंडन, डॉ. राकेश मिश्र, श्री पी.एल. अवस्थी जी (पूर्व एस.डी.ओ.पी.)*





*डॉ. बी.के. जैन, निदेशक सद्गुरु नेत्र चिकित्सलाय चित्रकूट को आमंत्रित करते डॉ. राकेश मिश्र, डॉ. वेद प्रकाश टंडन एवं श्री पी.एल. अवस्थी*



*प्रेस वार्ता सम्बोधन चित्रकूट (म.प्र.)*



*परामपूज्य स्वामी रामभद्राचार्य जी को सप्तम पुष्प भेंट करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी एवं डॉ. वेद प्रकाश टंडन*

**कार्यक्रम : सतना हाफ मैराथन : 2024 (पंचम संस्करण)**

**दिनांक : 08 सितम्बर-2024 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,**
**व्यंकट क्र.-1, का खेल मैदान, सतना ( म.प्र. )**

"सतना हाफ मैराथन में देश भर से 5144 धावक हुए शामिल"

"सतना नगर में तिरंगा ध्वज की आकृति आ रही है नजर : डॉ. वीरेंद्र कुमार (केंद्रीय मंत्री भारत सरकार)"

"डॉ. राकेश मिश्र जी की तीन माह से लगातार मेहनत का परिणाम है यह सफल आयोजन : श्री योगेश ताम्रकार (महापौर)"

"व्यंकट वन स्कूल में लघु भारत आ रहा है नजर : डॉ. राकेश मिश्र"

**राष्ट्रीय स्तर की मैराथन दौड़ प्रतिभागियों के लिए वरदान सिद्ध होगी : श्रीमती प्रतिमा बागरी ( राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन )**

**मेरी इच्छा है कि सतना हाफ मैराथन के विजेता ओलंपिक चैंपियन बने : श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार ( विधायक )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र जन्म शताब्दी पर आयोजित सतना हाफ मैराथन पंचम संस्करण शुभारंभ के मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र कुमार जी (भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री) कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती प्रतिमा बागरी (राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन) विशिष्ट अतिथि श्री योगेश कुमार ताम्रकार (महापौर नगर निगम), श्री अनुराग वर्मा (कलेक्टर), श्री आशुतोष गुप्ता (पुलिस अधीक्षक), श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार (विधायक चित्रकूट), श्री सतीश सुखेजा (अध्यक्ष विंध्य चैंबर ऑफ कॉमर्स), जिला पंचायत उपाध्यक्ष, श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, श्री राजेश चतुर्वेदी पालन(स्पीकर), श्री रामखिलावन पटेल (पूर्व राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन), भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सतीश शर्मा, पूर्व पुलिस अधिकारी श्री बी.डी. पांडे, श्री अनंत सोनी (ए.के.एस. यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर), डॉ. सुनील अग्रवाल (सार्थक हॉस्पिटल के डायरेक्टर), डॉ. राम भूषण मिश्रा (अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के डायरेक्टर), डॉ. संजीव मिश्रा एवं फिल्म अभिनेता श्री युवराज कुमार (मुंबई) ने सर्वप्रथम सेवा न्यास के प्रेरणा स्रोत व मार्गदर्शक परमपूज्य दद्दा जी, बाई जी एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हाफ मैराथन का शुभारंभ किया।

"सतना हाफ मैराथन 2024 पंचम संस्करण में देशभर से ऑनलाइन ऑफलाइन कुल मिलाकर 5762 धावकों ने अपने पंजीयन करवाए जिसमें से 5144 धावक दौड़े।"

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र कुमार (केंद्रीय मंत्री भारत सरकार) ने धावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सतना नगर तिरंगामय हो गया। केसरिया, सफेद, हरा रंग से शहर सराबोर दिख रहा है। पूरा नगर तिरंगा ध्वज की आकृति में नजर आ रहा है जो कि इस बात को दर्शाता है कि हमारे देश के खिलाड़ियों में कितना जोश भरा हुआ है। स्व. गणेश प्रसाद मिश्र जी संघ के प्रचारक रहते हुये पुरे बुंदेलखंड में आदर के साथ देखे जाते रहे। मेरी अनेकों बार भेंट हुई। उनसे मिलकर हर बार कुछ न कुछ नये अनुभव हमें मिलते थे। धवर्रा गांव का सम्पूर्ण विकास मिश्रा जी ने किया है, जो देखने को मिलता हैं।

डॉ. वीरेंद्र कुमार जी ने आगे कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी ने अपने पिताजी दद्दा जी की पुण्य स्मृति में उनके नाम से सेवा न्यास का गठन किया। साथ ही उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण और खेल के क्षेत्र में डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा उल्लेखनीय योगदान दिया जा रहा है। डॉ. वीरेंद्र कुमार केंद्रीय मंत्री भारत सरकार ने आगे कहा कि 19 राज्यों के 96 जिलों से मैराथन में शामिल हुए धावक हैं। इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों का यहां आना प्रतिभागियों की खेल भावना को दर्शाता है। डॉ. वीरेंद्र कुमार केंद्रीय मंत्री भारत सरकार ने आगे कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा पर्यावरण संरक्षण लिए ग्रीन एंबुलेंस का अनोखा कार्य किया जा रहा है जो की बहुत ही सराहनीय है। मिश्रा जी संपूर्ण क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर, संस्कृति संवर्धन की अलख जगाये हुये हैं।

### डॉ. राकेश मिश्र जी की तीन माह से लगातार मेहनत का परिणाम है यह सफल आयोजन : श्री योगेश ताम्रकार ( महापौर )

नगर के प्रथम नागरिक श्री योगेश कुमार ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि पांच हज़ार बेटे बेटियां एक साथ मैराथन में शामिल होना बड़े ही गौरव की बात है। इतने बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए डॉ. राकेश मिश्र जी व उनकी टीम के द्वारा लगातार तीन माह तक दिन-रात एक करके गांव-गांव गली, गली, नगर में प्रचार प्रसार करते हुए प्रत्येक खिलाड़ियों के पास पहुंचकर उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। साथ ही इतनी बड़ी संख्या में पंजीयन होना व खिलाड़ियों का मैराथन में दौड़ना बहुत ही सौभाग्य की बात है।

### "व्यंकट विद्यालय में लघु भारत आ रहा हैं नजर : डॉ. राकेश मिश्र"

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पिताजी पर परम पूज्य दद्दा जी हमेंशा से शिक्षा, खेल, पर्यावरण एवं संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए कल ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

जिनसे सेवा न्यास प्रेरणा लेकर उनके सपनों को साकार कर रहा है।आसाम, हिमांचल, महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश,बिहार व अन्य प्रदेशों के धावक शामिल हुए हैं। यहां उपस्थित सभी धावक विजेता हैं अपने मनोबल को बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजनों में धावकों को आवश्यक रूप से शामिल होना चाहिए।

**सतना हाफ मैराथन पंचम संस्करण 2024 में 21 किलोमीटर 10 किलोमीटर 5 किलोमीटर दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें से 5 कि.मी. पुरुष वर्ग में किसन कुमार प्रथम, मुकेश कुमार द्वितीय एवं दीपक तृतीय**

**5 कि.मी. महिला वर्ग में जुबैदा खातून प्रथम, नेहा पटेल द्वितीय एवं प्रीति यादव तृतीय**

**10 कि.मी. महिला वर्ग में मोनिका पटेल प्रथम, अंकिता द्वितीय एवं निहारिका तृतीय**

**10 कि.मी. पुरुष वर्ग में इन्द्रजीत प्रथम, दिलीप पटेल द्वितीय एवं अनुपम तृतीय**

**10 कि.मी. महिला वर्ग में ( 45 वर्ष ) प्रमिला प्रथम, शारदा द्वितीय रही।**

**10 कि.मी. पुरुष वर्ग में ( 45 वर्ष ) सुंदर पाल प्रथम, प्रमोद बाजीराव द्वितीय एवं मुकेश मिश्रा तृतीय**

**21 कि.मी. महिला वर्ग में अंकिता बेन प्रथम, अंजली कुमारी द्वितीय एवं प्रजाकता गडबोले तृतीय**

**21 कि.मी. पुरुष वर्ग में अक्षय कुमार प्रथम, पसलाम अली द्वितीय एवं अभिषेक सोनी तृतीय**

**21 कि.मी. पुरुष वर्ग में ( 45 वर्ष ) भास्क र कंबले प्रथम, विजेन्द्रक मालिक द्वितीय एवं गोरधन मीना तृतीय**

**21 कि.मी. महिला वर्ग में ( 45 वर्ष ) वंदना सिंह प्रथम, शोभा यादव द्वितीय**

**"राष्ट्रीय स्तर की मैराथन दौड़ खेल प्रतिभागियों के लिए वरदान सिद्ध होगी : श्रीमती प्रतिमा बागरी ( राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन )"**

श्रीमती प्रतिमा बागरी ने संबोधित करते हुये कहा कि डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर वासियों को राष्ट्रीय स्तर की मैराथन दौड़ खेल प्रतिभागियों के लिए वरदान सिद्ध होगी। पंचम संस्करण में हर वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जो सभी बधाई के पात्र हैं। डॉ. राकेश मिश्र जी की लगन से सतना का नाम मैराथन की सूची में जुड़ गया है। आज पांचवीं बार इतनी बड़ी संख्या में लोगो

का देश भरके 96 जिलों से आना बड़े गर्व की बात है। सतना नगर के धावकों को इनसे प्रेरणा लेना चाहिए। आज भारत का लघु स्वरूप सतना में उपस्थित करने के लिए हमारे बड़े भाई डॉ.। राकेश मिश्र जी व पूरी टीम को हार्दिक बधाइयाँ।

**मेरी इच्छा है कि सतना हाफ मैराथन के विजेता ओलंपिक चैंपियन बने : श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार ( विधायक चित्रकूट )**

चित्रकूट विधायक श्री सुरेंद्र सिंह गहरवार ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्रा जी को इतने बड़े आयोजन के लिए मैं साधुवाद देता हूं और मेरी इच्छा है कि सतना हाफ मैराथन के विजेता ओलंपिक चैंपियन बनें और मैं यह आश्वासन भी देना चाहता हूं कि बड़े मैराथन आयोजन के लिए खेल स्टेडियम की कमी नहीं होगी।



*कार्यक्रम में उपस्थित महानुभाव श्री डी.के.गौतम, श्री सुधीर सिंह तोमर,श्री राजेश चतुर्वेदी (पालन), डॉ. वीरेंद्र कुमार (केंद्रीय मंत्री) एवं डॉ. राकेश मिश्र के साथ आमंत्रित महुनभाव।*



*शहर की खेल प्रेमी जनता जनार्दन*



*सतना शहर के मार्ग पर धावकों ने तिरंगा आकृति बना दी*




*दौड़ने के लिए तैयार होते खिलाड़ी*




*मैराथन का शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार जी, श्री युवराज कुमार (अभिनेता), श्री सुरेन्द्र सिंह (विधायक), श्रमती प्रतिमा बागर (राज्य मंत्री)*




*डॉ. वीरेन्द्र कुमार जी, श्री रामखेलावन पटेल जी,डॉ. सुनीता गोधारा, श्री रामखेलावन पटेल, श्री सतीश सुखेज जी, श्री योगेश ताम्रकार जी, श्री मनमोहन माहेश्वरी जी*



*विराट धावक महिला पुरुष समूह लघु भारत के रूप में*





महिला धावक रेस पूरी करते हुये विजयी मुद्रा में




प्रसन्न मुद्रा में विजयी धावकों के साथ अतिथि गण

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.) 485001

FIT INDIA

सतना हाफ मैराथन® : 2024 (पंचम संस्करण)

## "पुरस्कार वितरण हेतु विजेता सूची"

08 सितम्बर, 2024 (रविवार) ; समय : प्रातः 9.30 बजे

स्थान : शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्यंकट क्र.-1, का खेल मैदान, सतना (म.प्र.)

## 1. हाफ मैराथन : 21 किमी

### I : 18 से 45 वर्ष आयु (07 सितम्बर ,2006 से 07 सितम्बर, 1979 तक)

- **महिला** (18 से 45 वर्ष आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | अंकिता बेन गावित | 21054 | 1:23:50 | 25000.00 | 360421 | वाघमल | गुजरात |
| द्वितीय | अंजलि कुमारी | 21058 | 1:24:07 | 15000.00 | 360425 | सारण | बिहार |
| तृतीय | प्राजक्ता गोडबोले | 21021 | 1:24:19 | 11000.00 | 360433 | नागपुर | महाराष्ट्र |
| सांत्वना | फूलन पाल | 21031 | 1:29:10 | 1100.00 | 360451 | अमेठी | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | वंदना | 21080 | 1:30:11 | 1100.00 | 360452 | सतना | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | सीमा | 21030 | 1:32:02 | 1100.00 | 360477 | नजफ़गढ़ | दिल्ली |

- **पुरुष** (18 से 45 वर्ष आयु) (07 सितम्बर ,2006 से 07 सितम्बर, 1979 तक)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | अक्षय कुमार | 21053 | 1:07:49 | 25000.00 | 360476 | मुजफ्फरनगर | उत्तर प्रदेश |
| द्वितीय | इस्लाम अली | 21060 | 1:09:57 | 15000.00 | 360426 | हरदोई | उत्तर प्रदेश |
| तृतीय | अभिषेक सोनी | 21026 | 1:13:05 | 11000.00 | 360434 | सतना | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | नवीन चौधरी | 21076 | 1:16:07 | 1100.00 | 360453 | सतना | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | विजय शाक्यवाल | 21044 | 1:16:07 | 1100.00 | 360454 | बारा | राजस्थान |
| सांत्वना | राजवीर | 21022 | 1:17:30 | 1100.00 | 360455 | अमरोहा | उत्तर प्रदेश |

### II : 45 वर्ष से अधिक आयु (07 सितम्बर, 1979 से पहले वाले )

- **महिला** (45 वर्ष से अधिक आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | वंदना सिंह | 21450 | 2:20:21 | 25000.00 | 360423 | देहरादून | उत्तराखण्ड |
| द्वितीय | शोभा यादव | 21455 | 2:23:42 | 15000.00 | 360427 | नागपुर | महाराष्ट्र |

- **पुरुष** (45 वर्ष से अधिक आयु) (07 सितम्बर, 1979 से पहले वाले)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | भास्कर कांबले | 21456 | 1:22:55 | 25000.00 | 360425 | वाशिम | महाराष्ट्र |
| द्वितीय | विजेंदर मलिक | 21451 | 1:27:12 | 15000.00 | 360428 | हिसार | हरियाणा |
| तृतीय | गोर्धन मीना | 21457 | 1:27:15 | 11000.00 | 360435 | जयपुर | राजस्थान |
| सांत्वना | संजय कुमार | 21459 | 1:29:15 | 1100.00 | 360456 | उत्तर पूर्व दिल्ली | दिल्ली |
| सांत्वना | नवीन पटेरिया | 21452 | 1:56:35 | 1100.00 | 360458 | छतरपुर | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | केशव | 21458 | 1:56:36 | 1100.00 | 360459 | ठाणे | महाराष्ट्र |

## 2. युवा दौड़ : 10 किमी (07 सितम्बर, 2012 से 07 सितम्बर, 1979 तक)

- **महिला** (12 से 45 वर्ष आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | मोनिका | 10465 | 37:30 | 15000.00 | 360429 | सोनीपत | हरियाणा |
| द्वितीय | अंकिता | 10113 | 37:34 | 11000.00 | 360436 | महेंद्रगढ़ | हरियाणा |
| तृतीय | निहारिका तिवारी | 10028 | 37:42 | 5100.00 | 360440 | शहडोल | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | खुशी रघुवंशी | 10107 | 38:37 | 1100.00 | 360460 | जबलपुर | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | कल्याणी बागरी | 10112 | 38:49 | 1100.00 | 360461 | सतना | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | बबीता कुमारी | 10134 | 38:55 | 1100.00 | 360462 | मिर्जापुर | उत्तर प्रदेश |

- **पुरुष** (12 से 45 वर्ष आयु)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | इंद्रजीत | 10087 | 31:28 | 15000.00 | 360430 | अमेठी | उत्तर प्रदेश |
| द्वितीय | दिलीप कुमार पटेल | 10157 | 32:30 | 11000.00 | 360437 | बनारस | उत्तर प्रदेश |
| तृतीय | अनुपम | 10096 | 32:31 | 5100.00 | 360441 | उन्नाव | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | यश शर्मा | 10160 | 32:44 | 1100.00 | 360463 | जबलपुर | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | एथलीट मनीष | 10062 | 33:25 | 1100.00 | 360464 | कोटा | राजस्थान |
| सांत्वना | संदीप | 10124 | 34:22 | 1100.00 | 360465 | हिसार | हरियाणा |

## II : 45 वर्ष से अधिक आयु (07 सितम्बर, 1979 से पहले वाले )

- **महिला**

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | प्रमिला लांबकणे | 10455 | 01:01:46 | 15000.00 | 360431 | बांद्रा | महाराष्ट्र |
| द्वितीय | शारदा नागोराव भोयर | 10458 | 1:02:53 | 11000.00 | 360438 | नागपुर | महाराष्ट्र |
| तृतीय | निर्मला पाटिल | 10181 | 1:20:02 | 5100.00 | 360485 | भोपाल | मध्य प्रदेश |

- **पुरुष** (07 सितम्बर, 1979 से पहले वाले )

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | सुंदर पाल | 10451 | 37:41 | 15000.00 | 360432 | पानीपत | हरियाणा |
| द्वितीय | प्रमोद बाजीराव उरकुडे | 10452 | 37:56 | 11000.00 | 360439 | उमरेड | महाराष्ट्र |
| तृतीय | मुकेश मिश्रा | 10459 | 38:07 | 5100.00 | 360443 | सीधी | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | गिरिजा सिंह यादव | 10457 | 39:17 | 1100.00 | 360467 | गाज़ीपुर | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | सुभाष राखडू चिमनकर | 10456 | 39:44 | 1100.00 | 360468 | बांद्रा | महाराष्ट्र |
| सांत्वना | समीर कोल्या | 10462 | 42:24 | 1100.00 | 360469 | पश्चिम मिदनापुर | पश्चिम बंगाल |

### 3. अमृत दौड़ 05 किमी (सभी आयु वर्ग)

- **महिला (सभी आयु वर्ग)**

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | जुबैदा खातून | 50017 | 18:21 | 5100.00 | 360445 | कुशीनगर | उत्तर प्रदेश |
| द्वितीय | नेहा पटेल | 50325 | 19:18 | 3100.00 | 360447 | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| तृतीय | प्रीति यादव | 50041 | 19:30 | 2100.00 | 360449 | नरसिंहपुर | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | संध्या यादव | 50089 | 20:23 | 1100.00 | 360473 | सतना | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | स्नेहा यादव | 50102 | 22:02 | 1100.00 | 360474 | सतना | मध्य प्रदेश |
| सांत्वना | रेनू केवट | 50105 | 22:27 | 1100.00 | 360475 | सतना | मध्य प्रदेश |

- **पुरुष** (सभी आयु वर्ग)

| स्थान | विजेता का नाम | बिब नं. | समय | राशि | चैक क्रं. | जिला | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम | किशन कुमार बिंद | 50326 | 16:02 | 5100.00 | 360444 | वाराणसी | उत्तर प्रदेश |
| द्वितीय | मुकेश कुमार | 50156 | 16:11 | 3100.00 | 360446 | सुल्तानपुर | उत्तर प्रदेश |
| तृतीय | दीपक | 50239 | 16:41 | 2100.00 | 360448 | चरखी दादरी | हरियाणा |
| सांत्वना | सउद हसन | 50299 | 16:52 | 1100.00 | 360470 | शामली | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | अमित सहनी | 52345 | 16:54 | 1100.00 | 360471 | गोरखपुर | उत्तर प्रदेश |
| सांत्वना | पवन कुमार | 50201 | 17:32 | 1100.00 | 360472 | कटनी | मध्य प्रदेश |

******

## कार्यक्रम : तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामलीला (प्रथम दिवस)

दिनांक : 14 सितंबर, 2024 ( शनिवार )

कार्यक्रम स्थल : श्री रामचरितमानस मंदिर, श्री तुलसी पीठ चित्रकूट ( म.प्र. )

### "श्री रामचरितमानस मंदिर तुलसी पीठ में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामलीला का हुआ भव्य शुभारंभ"

### डॉ. राकेश मिश्र के द्वारा प्रेरणादायक कार्य किया जा रहा है : श्रीमती सावित्री ठाकुर ( केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार )

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास एवं डॉ. वेद प्रकाश टंडन अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय रामलीला द्वारा तीन दिवसीय रामलीला का आयोजन तुलसी पीठ परिसर श्री रामचरितमानस मंदिर में जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी महाराज जी के सानिध्य में किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सावित्री ठाकुर (महिला बाल विकास मंत्री, भारत सरकार) समन्वयक डॉ. वंदना टंडन, संयोजक आचार्य रामचंद्र दास द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर गुरुकुल में अध्यनरत छोटे-छोटे नन्हे कलाकारों के द्वारा गणेश वंदना से प्रारम्भ हुआ। उपस्थित जन समुदाय श्रद्धालुओं भक्तजनों का मन मोह लिया।

### "मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम को अपने जीवन में लाएं : जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज"

श्री राम चरित्त मानस मंदिर श्री तुलसी पीठ आमोद वन, चित्रकूट, जिला सतना मध्य प्रदेश में प्रथम दिवस की लीला के शुभारंभ अवसर पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज ने श्रद्धालुओं व भक्तजनों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए डॉ. राकेश मिश्र एवं डॉ. वेद प्रकाश टंडन जी के द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव की सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि छात्र-छात्राओं द्वारा मंचन किया जा रहा है। प्रभु श्री राम मानवता के मापदंड हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामचंद्र जी को अपने जीवन में लाएं। मानवता जीवन मंत्र है।

### "चित्रकूट के घाट में भई संतन की भीर, तुलसीदास चंदन घिसें तिलक देत रघुवीर : राकेश मिश्र"

अंतर्राष्ट्रीय रामलीला का शुभारंभ सर्वप्रथम चित्रकूट रामघाट पर श्री हनुमान जी महाराज ने गोस्वामी तुलसीदास जी से कहा कि कल माघ अमावस्या है मर्यादा

पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जब घाट पर आएंगे तो आपको भगवान प्रभु श्री राम के दर्शन का पुण्य लाभ अर्जित होगा।

दूसरे दिवस वह पुण्य अवसर आया प्रभु श्री राम घाट पर स्नान करके जैसे ही गोस्वामी तुलसीदास जी के समक्ष गए श्री हनुमान जी महाराज ने कहा की गोस्वामी तुलसीदास जी ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के चरण पकड़ लिए और दर्शन के उपरांत गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा हे प्रभु मैं आपके चरित्र को जन-जन तक पहुंचाऊंगा। वह कार्य श्री रामचरितमानस महाकाव्य के माध्यम से आज घर-घर में प्रभु श्री राम के चरित्र को लेखबद्ध पूर्ण तरीके से गायन किया जा रहा है। और भक्ति की गंगा में भक्ति श्रद्धा ल पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। यह कार्य डॉ. वेद प्रकाश टंडन बखूबी कर रहे हैं।

### "डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा प्रेरणादायक कार्य किया जा रहा है : श्रीमती सावित्री ठाकुर"

श्रीमती सावित्री ठाकुर (महिला बाल विकास मंत्री भारत सरकार) ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. राकेश मिश्र एवं डॉ. वेद प्रकाश टंडन जी के द्वारा हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा संस्कृति को बचाने के लिए किया जा रहे कार्यों को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी को ऐतिहासिक बनाते हुए छात्र-छात्राओं में भगवान श्री कृष्ण के भाव को जगाने के उद्देश्य से स्कूलों में भी भगवान जन्माष्टमी मनाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे आयोजनों से ऐसे कार्यक्रमों से हमारी संस्कृति का प्रचार प्रसार हो रहा है।

आज की लीला में प्रभु श्री राम जन्म से सीता स्वयंवर तक रामलीला का मंचन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय रामलीला की विशेषता यह रही की प्रतिभा और प्रौद्योगिकी के माध्यम से भावपूर्ण प्रस्तुतियां देखकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

### "जहां दरस दिए प्रभु श्री राम ने वह चित्रकूट है मेरे सामने : आचार्य रामचंद्रदास जी महराज"

आज की लीला में मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश दिल्ली बिहार महाराष्ट्र कई प्रति के श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहे। जी के द्वारा प्रेरणादायक कार्य किया जा रहा है।

प्रथम दिवस की लीला में भारत के इतिहास में पहली बार जोड़े जा रहे चित्रकूट स्थान, जहां गोस्वामी तुलसीदास जी को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम भगवान ने इस धरा पर दर्शन दिया था। जिसमें गुरुकुल के बच्चों ने विशेष तैयारी की




मंचासीन परम पूज्य जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज, आचार्य रामचन्द्र दास, श्रीमती सावित्री ठाकुर (केन्द्रीय मंत्री) डॉ. वेदप्रकाश टंडन (चेयरमैन), डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास



दीप प्रज्जवलन करते पूज्य श्री रामभद्राचार्य जी, डॉ. वी.पी. टंडन, श्रीमती सावित्री ठाकुर, श्रीमती प्रमिला मिश्रा, डॉ. वंदना टंडन अदि महानुभाव



श्रीमती सावित्री ठाकुर जी को स्मृति चिन्ह भेंट करते डॉ. वेद प्रकाश टंडन एवं न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी




*आचार्य रामचन्द्र दास जी को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुये।*



*परम पूज्य जगद्गुरु से आशीर्वाद प्राप्त करतीं सावित्री ठाकुर,*
*डॉ. वेद प्रकाश टंढन, डॉ. राकेश मिश्र*




*रामलीला के पात्रों के साथ जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी एवं पदाधिकारी गण*

## कार्यक्रम : सम्पूर्ण रामायण (द्वितीय दिवस)

**दिनांक : 15 सितंबर, 2024 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : श्री रामचरितमानस मंदिर, श्री तुलसी पीठ चित्रकूट ( म.प्र. )**

### डॉ. राकेश मिश्र एवं डॉ. वेद प्रकाश टंडन के सराहनीय प्रयासों से संपूर्ण रामायण को मिली ऊंचाइयां : आचार्य रामचंद्र दास जी

### "तापस वेश विशेष उदासी चौदह वर्ष राम वनवासी : मांगी नाव न केवट आना कहंहू तुम्हार मर्म में जाना"

केवट संवाद की भावुक प्रस्तुतियां देख कर श्रद्धालुओं की आँखों में आंसू छलक उठे। अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन एवं डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास एवं डॉ. वेद प्रकाश टंडन अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय रामलीला नई दिल्ली के सराहनीय प्रयासों से भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट धाम में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य तुलसी पीठ आमोद वन में श्री रामचरितमानस मंदिर में द्वितीय दिवस की लीला में राम वन गमन, अत्री अनसुइया भेंट, सीता हरण एवं शबरी भेंट की रामलीला का मंचन गुरुकुल में अध्यनरत बालक बालिकाओं द्वारा प्रौद्योगिकी के आधार पर मनमोहक व भावुक प्रस्तुतियां देखकर श्रद्धालु भक्तजन भावुक हुए व संपूर्ण वातावरण राम मय हो गया।

देश के विभिन्न अंचलों से श्री राम भक्त रामलीला के इस आयोजन को देखने के लिए पहुंच रहे हैं।

### "डॉ. राकेश मिश्र एवं डॉ. वेद प्रकाश टंडन के सराहनीय प्रयासों से आयोजन को मिली ऊंचाइयां" : आचार्य रामचंद्र दास

अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव दिनों दिन ऊंचाईयां प्राप्त कर रहा है। इसके पूर्व अयोध्या, ऋषिकेश, कुरुक्षेत्र तथा दिल्ली के बाद अब भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में यह बृहद आयोजन गुरुकुल में अध्ययनरत बाल कलाकारों के द्वारा बड़े ही भावपूर्ण प्रस्तुतियों से परिपूर्ण है ।रामलीला का आयोजन बड़ा ही मनोहारी है। संगीत की सुरमई दोहे एवं चौपाइयों के साथ छात्र-छात्राओं की भाव थिरकन एवं बाल कलाकारों के द्वारा भगवान की लीला का सुंदर तरीके से प्रस्तुतिकरण देखकर उपस्थित साधु संत भक्त जनों के भाव विभोर होकर आंखों से आंसू छलक उठे।

### तापस वेश विशेष उदासी चौदह वर्ष राम वनवासी :

माता कैकई ने अपने प्रभु श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास दिया। भरत जी को

राजगद्दी का वरदान **महाराज चक्रवर्ती सम्राट महाराज दशरथ से मांगा। मांगी नाव न केवट आना कहंहू तुम्हार मर्म में जाना। प्रसंग पर बड़ा ही भाव विछल वातावरण हो गया।**

केवट संवाद की भावुक प्रस्तुतियां देखकर श्रद्धालुओं के आंख में आंसू छलक उठे।


प्रभु श्री राम माता सीता जी की अनुसुइया भेंट ने अपने तपस्या से माता मंदाकिनी को प्रकट किया। महर्षि अत्रि मुनि ने कहा कि माता महासती अनसूइया भेट के दर्शन से पुण्य की प्राप्ति होती है।




*द्वितीय दिवस पर दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि गण*




*केवट प्रसंग की जीवंत प्रस्तुति*



*श्री अभय महाजन (संगठन सचिव)को स्मृति चिन्ह भेंट करते डॉ. वेड प्रकाश टंडन एवं डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष)*

## कार्यक्रम : सम्पूर्ण रामायण (तृतीय दिवस)

**दिनांक : 16 सितंबर, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : श्री रामचरितमानस मंदिर, श्री तुलसी पीठ चित्रकूट ( म.प्र. )**

### "डॉ. राकेश मिश्र जी एवं डॉ. वेद प्रकाश टंडन जी के द्वारा बाल कलाकारों की मंचन लीला संपूर्ण रामायण का जीवंत अभिनय देख कर द्रवित हूं : पूज्य स्वामी जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज।

### "चित्रकूट महिमा अमित कहीं महामुनि गाई, आइ नहाए सरित बर सिय समेत दोऊ भाई : डॉ. वेद प्रकाश टंडन।"

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास एवं अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव एसोसिएशन नई दिल्ली द्वारा तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव के तीसरे व अंतिम दिन जगद्गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया। तुलसी पीठ, आमोद वन चित्रकूट में चल रही रामलीला में तृतीय दिवस की कथा में श्रीराम सुग्रीव मित्रता, कुंभकर्ण मेघनाथ वध, रावण वध, भरत मिलाप एवं राजतिलक जैसे प्रसंगों का मंचन किया गया, जिसके पूर्व तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय रामलीला के आयोजन में डॉ. राकेश मिश्र जी और डॉ. वेद प्रकाश टंडन जी अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय रामलीला महोत्सव, आचार्य रामचंद्र दास संयोजक, डॉ. वंदना टंडन और श्री राम पथ गमन के खोजकर्ता डॉ. रामावतार जी ने चित्रकूट की महिमा पत्रक का विमोचन किया।

### "डॉ. राकेश मिश्र जी एवं डॉ. वेद प्रकाश टंडन जी के द्वारा बाल कलाकारों की लीला संपूर्ण रामायण का जीवंत अभिनय देख कर आंखें हुई द्रवित : आचार्य रामचंद्र दास जी महाराज"

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष, पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चित्रकूट के ऐतिहासिक व पौराणिक महत्त्व पर लिखा हुआ आलेख का विमोचन आचार्य रामचंद्र दास जी ने किया। उपरोक्त चौपाई के साथ अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारत की भूमि अपनी अलग-अलग विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है। देश के ऐतिहासिक पौराणिक एवं धार्मिक दृष्टि से विशिष्ट एवं पवित्र स्थान में चित्रकूट धाम का विशेष महत्त्व है। हमारे धार्मिक ग्रंथों में मान्यता है कि भगवान प्रभु श्री राम ने अपने 14 वर्षों के वनवास के दौरान माता सीता एवं भाई लक्ष्मण के साथ साढ़े ग्यारह वर्षों तक चित्रकूट में ही निवास किया था। आज भी मानव हृदय को शुद्ध करने के लिए ही प्रकृति के सौंदर्य से परिपूर्ण धरती के रूप में चित्रकूट एक पवित्र स्थान है। आचार्य रामचंद्र दास जी महाराज ने बाल कलाकारों श्रद्धालुओं व भक्तजनों को संबोधित

करते हुए कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी एवं डॉ. वेद प्रकाश टंडन जी के द्वारा बाल कलाकारों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय रामलीला का आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण रामायण का जीवंत अभिनय देखकर मेरी आत्मा द्रवित हो गई।

बाल कलाकारों की प्रशंसा करते हुए आचार्य रामचंद्र दास जी ने कहा कि आज हमारे युवाओं को मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जीवन से सीखना चाहिए और उनके आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को सफल करना चाहिए।

पूज्य रामभद्राचार्य जी आज पूरे समय उपस्थित रहे व उन्होंने रामलीला को आशीर्वाद प्रदान किया। कामदगिरि के महंत मदनगोपाल दास जी, कर्णी मंदिर के प्रधान डॉ. साहब, पूज्य अर्जुन भाई देसाई (रंगपुर गुजरात), डॉ. इलेश जैन (डायरेक्टर सद्गुरु सेवा संघ) ने दीप प्रज्वलित कर रामलीला का शुभारंभ किया। देश ही नहीं दुनिया भर में घर बैठे अंतर्राष्ट्रीय रामलीला को विविध चैनलों में लाइव प्रसारण के माध्यम से करोड़ों श्रद्धालुओं ने लीला मंचन देखकर पुण्य लाभ अर्जित किया। डॉ. वेदप्रकाश टंडन जी ने सभी महानुभावों का आभार प्रकट किया। यह संपूर्ण रामायण सदैव संस्कार वर्धन में लगी हुई है।



*रामलीला के मनोहारी दृश्य*



*आचार्य पं. मदन गोपाल दास जी (कामदगिरी) का सम्मान करते डॉ. राकेश मिश्र एवं बब्बर जी*

संतो का सम्मान करतीं श्रीमती प्रमिला मिश्रा एवं डॉ. वंदना टंडन






डॉ. राकेश मिश्र द्वारा लिखित चित्रकूट महात्म्य का विमोचन करते विविध संत, महंत व रामलीला पदाधिकारी

श्री रामलीला समिति के कलाकार एवं पदाधिकारीयों का समूह चित्र



## कार्यक्रम : श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 17 सितंबर, 2024 ( मंगलवार )**
**कार्यक्रम स्थल : कृषि उपज मंडी परिसर, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के अंतर्गत, कृषि उपज मंडी सतना में "चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल" के माध्यम से बरसते पानी में पूर्व निर्धारित योजना से 23 प्रकार की नि:शुल्क जाँचें किसान भाइयों व बहिनों की हुईं एवं मरीजों को दवा प्रदान किया।

सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया है कि डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा विगत दिनों "आपका अस्पताल आपके द्वार चलता फिरता मुफ्त अस्पताल" का शुभारंभ किया था। यह सेवा ऐसे मरीजों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है जो कि समय व आर्थिक अभाव के कारण बड़े अस्पतालों में जाकर अपना इलाज व अपने रोगों की जाँचे करने में असमर्थ हैं। सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं की टीम और नर्सिंग पैरामेडिकल स्टाफ, डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य एटीएम जिसमें वजन, बीपी, हार्ट, शुगर अन्य रोगों की जाँचें की जा रही हैं और तुरंत ही जिसकी रिपोर्ट प्रदान की जा रही है। उनके गली मोहल्ले घर में पहुंचकर नि:शुल्क जाँच करने के उपरांत मुफ्त में दवाइयां भी दी जा रही हैं, जिसकी प्रशंसा चारों ओर हो रही है।

### "पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा मूसलाधार बारिश में नर सेवा नारायण सेवा का उत्तम प्रयास : मनीषा सिंह"

इसी तारतम्य में आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 74 वें जन्म दिवस के शुभ अवसर पर घनघोर बारिश में भी गांव देहातों से आए हुए किसानों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें मंगलवार को 17 मरीजों की नि:शुल्क जाँचें हुईं और पांच किसानों को फ्री में दवाइयां प्रदान की गईं। महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि दद्दाजी जी कहते थे कि पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम होना चाहिए चाहे पानी, आंधी तूफ़ान क्यों न आ जाये। इसी में सच्चे कार्यकर्ताओं की परीक्षा होती है।








*श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर*
*"चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल के माध्यम से जाँच कराते ग्रामीण किसान*

**कार्यक्रम : अपना सपना हरा भरा सतना अभियान**

**दिनांक : 26 सितंबर, 2024 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : जे.आर. बिरला मार्ग सतना ( म.प्र. )**

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा विश्व पर्यावरण, स्वास्थ्य दिवस पर हुआ पौधारोपण : राजेश त्रिपाठी 'नीलू'

### पौधों की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित करें : श्रीमती मनीषा सिंह

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'अपना सपना हरा भरा सतना' अभियान के अंतर्गत विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर जे.आर. बिरला मार्ग सतना में बरगद, नीम, पीपल के पौधों का रोपण किया गया।

ज्ञातव्य हो कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा संचालित ग्रीन एम्बुलेंस के माध्यम से रोपण किए गए पौधों की पांच वर्षों तक निरंतर देखभाल की जाती है। साथ ही उसमें पानी खाद मिट्टी डालकर अच्छी तरह से प्रतिदिन चिंता की जाती है।

सेवा न्यास के प्रेरणास्त्रोत परम पूज्य दद्दाजी ने अपने जीवन काल में पर्यावरण संरक्षण के लिए कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। जिसमें से पौधों का नि:शुल्क वितरण करना, जड़ी बूटियों के पौधारोपण कर छोटी-छोटी बीमारियों में उन औषधियों का उपयोग करना, विभिन्न प्रकार के प्रकल्पों के द्वारा नर सेवा ही नारायण सेवा है, इसी भाव को चरितार्थ करते हुए डॉ. राकेश मिश्र कार्य कर रहे हैं। सेवा न्यास की प्रेरणा स्त्रोत माताजी परम पूज्य श्रीमती शांति मिश्राजी की प्रेरणा से सेवा न्यास के प्रत्येक कार्यकर्ता नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से प्रतिदिन पौधारोपण कर रहे हैं। साथ ही रोपण किए गए पौधों की निरंतर सेवा भी की जा रही है। आज हम पितृपक्ष के अवसर पर सभी नागरिकों से व पर्यावरण प्रेमियों से यह अपील करते हैं कि अपने पितरों की पुण्य स्मृति में पीपल का पौधा अवश्य रोपण करें। साथ ही उसकी सेवा भी करें यह पुनीत अवसर चल रहा है, इसका लाभ अवश्य उठाएं।

### पौधों की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित करें : श्रीमती मनीषा सिंह

सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि अपने पूर्वजों पितरों की शांति के लिए हम श्राद्ध पक्ष में ब्राह्मण भोजन का आयोजन करते हैं। साथ ही हम सबका परम कर्तव्य है कि पितृपक्ष के पुनीत क्षणों में अपने पितरों के नाम से भी पीपल या बरगद का पौधा रोपण अवश्य करना चाहिए। क्योंकि हमारे शास्त्रों में

ऐसा कहा गया है कि पीपल व बरगद के पौधों में ईश्वर का वास होता है। हम जो भी पौधा रोपण करें उसमें प्रतिदिन पानी अवश्य डालें। एक नन्हें मुन्नें बच्चों की तरह उन पौधों की सेवा कर पुण्य लाभ अर्जित करें जिससे हमारे पूर्वज भी प्रसन्न होते हैं।

### पौधारोपण में इनकी रही उपस्थिति :

श्रीमती मनीषा सिंह, श्री विजय सिंह पटेल, श्री विजय निषाद, श्री आमिर सिसोदिया, श्री अभिषेक सिसोदिया, श्री अरुण कुमार वर्मा, श्री सिन्धू सिंह, श्री शुभ सिह, श्री विजय राजन, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं पर्यावरण प्रेमी नगर वासी सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







*पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा*
*विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर हुआ पौधारोपण।*

## कार्यक्रम : 'अपना सपना-हरा भरा सतना अभियान'

**दिनांक : 01 अक्तूबर, 2024 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सिद्धार्थनगर चौराहा, जे.आर. बिड़ला मार्ग सतना ( म.प्र. )**

### दद्दा जी हमेंशा कहा करते थे कि हमारे देश की आत्मा गांवों में निवास करती है : संकल्प मिश्र

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता संकल्प मिश्र ने अपने जीवन की पहली कमाई को दद्दा जी से प्रेरणा लेकर नागरिकों के लिए 'चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल' समर्पित कर दिया।

ज्ञातव्य हो कि एडवोकेट संकल्प मिश्र जी पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी के सुपुत्र हैं। संकल्प मिश्र ने जारी अपने संदेश में कहा है कि हमारे दद्दा जी हमेंशा कहा करते थे कि हमारे देश की आत्मा गांवों में निवास करती है। ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले मरीज समय एवं आर्थिक अभाव के कारण बड़े अस्पतालों में जाकर अपना इलाज करने में सक्षम नहीं होते। हम सबको उनकी चिंता करनी चाहिए, साथ ही निदान के लिए सदैव तत्पर रहते हुए कार्य करना चाहिए, जिससे कि हमारे अन्नदाता किसान स्वस्थ होकर अपना जीवन जी सकें। उनके गांव में ही उनके खेत खलियान में घरों में स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से उनका उचित इलाज उनके शरीर की जाँचें हो।

दद्दा जी के बताए गए मार्ग पर चलकर आज अधिकांश मरीजों को 'आपका अस्पताल–आपके द्वार' सेवा से लाभ पहुंच रहा है। साथ ही परामर्श के उपरांत मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी प्रदान की जा रही हैं।

### पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण अवश्य करें : डॉ. राकेश मिश्र

सिद्धार्थनगर चौराहा, जे. आर. बिड़ला मार्ग में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'अपना सपना–हरा भरा सतना अभियान' के अंतर्गत संकल्प मिश्र एडवोकेट उच्च न्यायालय नई दिल्ली के जन्म दिवस पर बरगद का पौधा रोपण किया गया।

इस दौरान सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने उपस्थित जन समुदाय से आग्रह किया कि आप भी अपने जन्मदिवस पर पर्यावरण को संरक्षण करने के लिए पौधारोपण अवश्य करें।सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने आगे कहा कि ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा 5 वर्षों तक रोपण किए गए पौधे की सेवा की जाती है। खाद, मिट्टी, पानी डालकर उसका पालन पोषण किया जाता है और जो भी पौधारोपण सेवा न्यास के द्वारा किया जाता है वह छह फीट का होता है एवं ट्री गार्ड लगाकर उसे व्यवस्थित किया जाता है।

पौधारोपण में प्रमुख रूप से सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा, श्रीमती आशा सेन, श्रीमती सुखमनिया यादव, श्रीमती लक्ष्मी कुशवाहा, श्री दीपू पांडे,श्री विकास सिंह, श्री अतुल सिंह, श्री सुखविंदर सिंह, श्री केसरी यादव, श्री अज्जू सिंह,श्री राम निहोर चौरसिया,श्री रामजी तिवारी, श्री चंदन सिंह, सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं क्षेत्रवासी पर्यावरण प्रेमी नागरिक बंधु उपस्थित रहे।






*पूज्य बापू जी महराज के द्वारा सद्कार्यों के लिए चि. संकल्प को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया*




*सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता श्री संकल्प मिश्र ने अपने जीवन की पहली कमाई से दद्दा जी से प्रेरणा लेकर 'चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल' नागरिकों के लिए समर्पित किया।*



## कार्यक्रम : डॉ. मानिकचंद्र गुप्ता जी के पूर्वजों की स्मृति में वृक्षारोपण

**दिनांक : 03 अक्तूबर, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नवरंग पार्क, बिरला रोड, सतना ( म.प्र. )**

### "अपना सपना-हरा भरा सतना अभियान में पितृ मोक्ष अमावस्या पर पौधा रोपण संस्कार देता है : डॉ. राकेश मिश्र"

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से पर्यावरण को संरक्षण करने के लिए चलाए जा रहे अभियान 'अपना सपना हरा भरा सतना' अभियान के अंतर्गत नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. मानिकचंद गुप्ता जी ने अपने पूर्वजों की स्मृति में वृक्षारोपण का संकल्प लिया था। नवरंग पार्क, बिरला रोड में स्वर्गीय बलराम गुप्ता जी शहडोल, स्वर्गीय दयानिधान गुप्ता जी शहडोल, स्वर्गीय हीरा चंद्र गुप्ता शहडोल की पुण्य स्मृति में डॉ. मानिकचंद गुप्ता जी ने पीपल, बरगद व नीम का पौधा रोपण किया। सर्व पितृमोक्ष अमावस्या के पुण्य अवसर पर यह पेड़ लगाकर डॉ. गुप्ता जी के परिवार जनों ने और सब लोगों को पेड लगाने की अपील की। जन जागरूकता के माध्यम से नागरिकों से अनुरोध करते हुए कहा कि नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। आप भी अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में पौधारोपण करने का संकल्प लें।

### डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा ग्रीन एंबुलेंस का संचालन अद्वितीय कार्यः डॉ. मानिकचंद गुप्ता

डॉ. मानिकचंद गुप्ता ने आगे कहा कि वृक्षारोपण करना आसान है, लेकिन उसकी सेवा करना कठिन कार्य है। इस कठिनाई को डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा संचालित ग्रीन एंबुलेंस के माध्यम से आसान बना दिया है। पांच वर्षों तक सेवा न्यास के द्वारा रोपण किए गए पौधे की एक छोटे बच्चे की तरह उसे उसका पालन पोषण किया जाता है। जिसमें मिट्टी पानी से निरंतर उसकी सेवा दी जाती है। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा इस अद्वितीय कार्य के लिए साधुवाद देता हूं। यह आशा करता हूं कि हमारे जिले के नागरिक भी अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधा रोपण करने का संकल्प लें। सबसे अच्छा है कि लगाये गये पेड़ों के ट्रीगार्ड पर हमारे पूर्वजों का नाम लिखा होता है, जिससे हमारा भावनात्मक लगाव हो जाता है। हम स्वयं पेड़ों की देखरेख करने लगते हैं। डॉ. राकेश मिश्र का यह प्रयास लाजवाब है।आपके द्वारा लिए गए संकल्प को पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा






*डॉ. मानिकचंद गुप्ता जी के पूर्वजों की स्मृति में वृक्षारोपण करते सेवा न्यास के कार्यकर्ता।*

पूरा किया जाएगा। डॉ. मानिकचंद गुप्ता जी के परिवार जन इस अवसर पर बोले कि पूर्व में हमारे निवास के सामने जो पौधारोपण हुआ था, आज वे सभी पौधे विशाल वृक्ष

का रूप ले रहे हैं। सभी वृक्ष लहलहा रहे हैं, उन्हें देखकर हमें आनंद की अनुभूतियों होती है। जीवन जीने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है। इसलिए हम सभी नागरिकों का परम कर्तव्य है कि पौधारोपण कार्य में सेवा न्यास का सहयोग प्रदान करें।

### स्वच्छता परमो धर्मः भाव से सांईं मंदिर परिसर में हुआ सेवा कार्य : मनीषा सिंह

स्वच्छता परमो धर्मः के भाव से महात्मा गांधी की जन्म जयंती पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सभी कार्यकर्ताओं ने सॉईं मंदिर धवारी में पूरे मंदिर की सफ़ाई की और उसे पानी से धोकर पूजा की। लोगों को जनजागरूकता की शपथ दिलायी कि इस कार्य को निजी जीवन में उतारना है। श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी, श्री नितिन मिश्रा, श्री विजय सिंह पटेल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सेवा न्यास के साथ हाथ बँटाया। श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि स्वच्छता का संदेश एक दिन के लिए नहीं है, बल्कि हम हमेंशा प्लास्टिक मुक्त, पॉलीथिन मुक्त सतना को देखना चाहते हैं। इसलिए सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपने साथ बाज़ार में सेवा न्यास द्वारा उपलब्ध कराए गए कपड़े के थैले लेकर अवश्य जायें और कम से कम प्लास्टिक का उपयोग करें।

### इनकी रही उपस्थिति :

पौधारोपण में प्रमुख रूप से श्रीमती मनीषा सिंह, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, श्री अनिल द्विवेदी, श्रीमाती प्रभा पांडे, श्री आदर्श त्रिपाठी, श्री राकेश सिंह, श्री नितिन मिश्रा, श्री अतुल सिंह, श्री विनय सिंह उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम : जन्मदिवस पर पौधारोपण

**दिनांक : 04 अक्टूबर, 2024 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : एस.एस. ग्रांड होटल के पास ,जे.आर. बिड़ला रोड, सतना ( म.प्र. )**

### "अपना सपना-हरा भरा सतना अभियान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी के जन्मदिवस पर हुआ पौधारोपण

डॉ. राकेश मिश्र जी (अध्यक्ष) पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान अपना सपना-हरा भरा सतना अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन पौधारोपण का कार्य निरंतर चल रहा है। इसी कार्यक्रम में शुक्रवार को एस.एस.ग्रांड होटल के पास, जे.आर. बिड़ला रोड, सतना में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा प्रतिदिन पौधारोपण में सतना वासी करें सहयोग : श्री राजेश चतुर्वेदी पालन ( स्पीकर )

इस दौरान नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान में अपना सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से देश के प्रत्येक नागरिक वृक्षारोपण कर रहे हैं।

हमारे नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा विगत कई वर्षों से प्रतिदिन पौधारोपण किया जा रहा है। मैं स्वयं अनेकों बार वृक्षारोपण किया हूँ। पांच साल में मेरे नगर निगम क्षेत्र में हज़ारों पौधे जो लगाये गये थे, आज वह वृक्ष बन चुके हैं।इस अभियान से प्रेरणा लेकर हमारे नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवियों ने भी अपने माता-पिता व पूर्वजों की याद में भी पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। ग्रीन एम्बुलेंस बच्चों की तरह उनकी सेवा करते हुये हर दिन गली-गली में घूमकर सेवा कर रही है।

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना में पर्यावरण व स्वास्थ्य जारूकता आ रही है : श्री संजय तीर्थवानी

संजय तीर्थवानी ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सौजन्य से अपने जन्मदिन पर मैं पौधे रोपित करता हूँ। आज वे पौधे सब वृक्ष का रूप ले चुके हैं। आप सभी से आग्रह है कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा इस अभियान से जुड़कर आप भी अपने नौनिहाल बच्चों के जन्म दिवस व अपने वैवाहिक वर्षगाँठ व पूर्वजों की याद में पौधारोपण करके इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें।

**इनकी रही उपस्थिति :**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने श्री संजय तीर्थवानी को शुभकामनाएँ देकर अभिनंदन किया। पौधारोपण में प्रमुख रूप से नगर निगम स्पीकर श्री राजेश चतुर्वेदी पालन, श्री अवनीश शुक्ला, श्री कमलेश शुक्ला, श्री उमेश सेन, श्री मुकेश सेन, श्री चंद्रभान विश्वकर्मा, श्री संदीप विश्वकर्मा, श्री मुन्ना गुप्ता, श्री पिंटू नामदेव, श्री दिलीप गुप्ता, श्री सुधा गुप्ता, श्री मंगलदीप नामदेव, श्री सुरेश प्रसाद नामदेव, श्रीमती मनीषा सिंह, श्री नितिन मिश्रा, श्री अनिल दिवेदी, श्री शिवम बड़ौलिया, श्री विजय सिंह पटेल सहित सेवा न्यास कार्यकर्ता एवं पर्यावरण प्रेमियों ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।










*श्री संजय तीर्थवानी भाजपा जिला उपाध्यक्ष के जन्मदिवस पर पौधारोपण करते न्यास के कार्यकर्ता।*

## कार्यक्रम : आगामी कार्यक्रमों हेतु बैठक

**दिनांक : 16 अक्तूबर, 2024 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय, नेह निकुंज में आगामी कार्यक्रमों हेतु बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सेवा न्यास कार्यकर्ताओं ने आगामी कार्यक्रमों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी दिल्ली से लाइव जुड़े व सेवा न्यास कार्यकर्ताओं द्वारा प्राप्त सुझावों के अनुसार जोन प्रमुखों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि चलता फिरता मुफ्त अस्पताल "आपके द्वार आपका अस्पताल" योजना के अंतर्गत मौसम के बदलाव के कारण मौसमी बुखार, सर्दी, खांसी बढ़ रही है। लोगों के इलाज के लिए सेवा बस्तियों में "चलता फिरता मुफ्त अस्पताल" नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाये जा रहे हैं। जिसमें 23 प्रकार की शारीरिक जाँचें हो रही हैं।तुरंत ही उनकी रिपोर्ट मौक़े पर ज़रूरत मंदों को दी जाती है।

डॉ. मिश्र ने आगे कहा कि आर्थिक अभाव के कारण ऐसे परिवार जो ग्रामीण क्षेत्र व नगर की सेवा बस्तियों में निवास करते हैं और बड़े शहरों में जाकर अपना इलाज व स्वास्थ्य परीक्षण करवाने में असमर्थ हैं, यह सुविधा उनके द्वार तक पहुँचना हमारा सेवा धर्म है। डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ उन्हें समुचित इलाज करते हैं। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत नि:शुल्क दवाइयां दी जाएँगीं।

### धनतेरस पर कार्यकर्ताओं के घर-घर धनवंतरि भगवान के चित्र भेंट होंगे : श्री राजीव व्यास

सेवा न्यास के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजीव व्यास ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वृक्षारोपण, ग्रीन एंबुलेंस संचालन, सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य परीक्षण, दीपावली के पूर्व घर-घर धनवंतरि भगवान के चित्र भेंट करना है। जिन्होंने पेड़ लगाए हैं, उनसे संपर्क करना व अनुभव जाँचना चाहिए।

### महाकुंभ प्रयागराज में जनवरी माह में अष्टोतर श्रीमद्भागवत कथा सहित होंगे आयोजन : श्री अजय मिश्रा

सेवा न्यास के खेल प्रमुख अजय मिश्रा ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि महाकुंभ प्रयागराज में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 108 श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। इस हेतु सभी श्रद्धालुओं, भक्तजनों व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि पुण्य यज्ञ में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सपरिवार पहुंचकर लाभ अर्जित करें।

## पूज्य दद्दा जी की अष्टम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा पर धवर्रा में होंगे अनेक आयोजन : श्री विजय सिंह पटेल

परम पूज्य दद्दा जी की पुण्यतिथि पर ग्राम धवर्रा में 2 एवं 3 नवंबर, 2024 को कई कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई है।जिसमें धार्मिक अनुष्ठान, श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। परम पूज्य दद्दा जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रमों में सेवा, स्वास्थ्य व सामग्री वितरण के कार्य होंगे।

## ऋषिकेश मैराथन का 10 नवम्बर को होगा राष्ट्रीय आयोजन : श्री रविशंकर द्विवेदी

विवेकानंद यूथ फ़ाउंडेशन व पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा 10 नवम्बर रविवार को 50 किमी, 21 किमी, 10 किमी एवं 5 किमी दौड़ आयोजित की जा रही है। इसका पंजीयन आनलाइन किया जा रहा है। सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये डॉ. राकेश मिश्र ने कहा है कि आप भी दौड़ने के लिये आमंत्रित हैं। यदि दौड़ नहीं सकते तो कम से कम ऋषिकेश मैराथन को देखने अवश्य पधारें।

इस विषय पर आगामी कार्यक्रम पर अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

बैठक में प्रमुख रूप से सेवा न्यास के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री अजय मिश्रा, श्री राजीव व्यास, श्री विजय सिंह पटेल, श्रीमती सीलम सैनी, श्री नितिन मिश्रा, श्री लखन लाल शुक्ला, श्री बलराम गुप्ता, श्री अनिल सैनी, श्री करुणेश अनुरागी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।











सेवा न्यास कार्यकर्ताओं द्वारा आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुये।



## कार्यक्रम : जन्म दिवस पर पौधारोपण एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 21अक्तूबर, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नई बस्ती एवं आदर्श नगर हवाई पट्टी सतना ( म.प्र. )**

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "अपना सपना हरा भरा सतना" के अंतर्गत भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री संजय तीर्थवानी की माताजी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर अपने निज निवास सिंधी कैंप में पौधा रोपण करते हुए श्रीमती कंचन तीर्थवानी ने कहा कि नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन पौधारोपण का कार्य किया जाता है। यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। नगर वासियों से अपील है कि अपने-अपने जन्म दिवस पर पौधारोपण करने का संकल्प लें। आपके द्वारा लिए गए संकल्प को सेवा न्यास पूरा करेगा। साथ ही ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा पांच वर्षों तक रोपण किए गए पौधों में खाद मिट्टी पानी डालकर उसे बड़ा किया जाएगा, निरंतर उसकी सेवा कार्यकर्ताओं द्वारा की जाएगी।

### "नई बस्ती एवं आदर्श नगर हवाई पट्टी में 62 मरीजों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण 39 मरीजों को दी गई निःशुल्क दवाइयां : श्री विजय सिंह"

'आपके द्वार-आपका अस्पताल' चलता फिरता मुफ्त अस्पताल योजनान्तर्गत रविवार को नई बस्ती एलआईसी मंडल कार्यालय सेवा बस्ती एवं सोमवार को आदर्श नगर हवाई पट्टी सेवा बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए 23 प्रकार की जाँचें की गईं और उन्हें तुरंत रिपोर्ट भी प्रदान की गई।

नई बस्ती स्थित सेवा बस्ती में रविवार को 57 एवं सोमवार को आदर्श नगर हवाई पट्टी में 62 मरीज़ों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें मौसम जनित सामान्य बीमारियों के लक्षण, वायरल इनफेक्शन, सर्दी-जुकाम बुखार, बदन दर्द के नई बस्ती में 39 एवं आदर्श नगर हवाई पट्टी में 26 मरीजों को मुफ्त में दवाइयां दी गई।

### डॉ. राकेश मिश्र जी को महान कार्यों हेतु बहुत-बहुत धन्यवाद : श्री बादल साकेत

"आपके द्वार-आपका अस्पताल" 'चलता फिरता मुफ्त अस्पताल' अभियान अंतर्गत रविवार को सेवा बस्ती दुर्गा नगर में स्थित एलआईसी मंडल कार्यालय के

समीप सेवा बस्ती एवं सोमवार को आदर्श नगर हवाई पट्टी में निवास करने वाले मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सेवा बस्तियों व फुटपाथ पर व्यापार करने वाले व्यापारियों ने उत्साहित होते हुए अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

दुर्गा नगर में निवास करने वाले बादल साकेत ने कहा कि आज तक हमारी बस्ती में कभी नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण नहीं हुआ। हमारे बस्ती के नागरिकों की चिंता करते हुए डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा फ्री में हमारे परिवार जनों, बस्ती वासियों की जाँच हुई साथ ही दवाई उन्हें दी गई है। डॉ. राकेश मिश्र जी को इस महान कार्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देते हैं।

बादल साकेत ने मरीजों से अपील करते हुए कहा कि चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल में मरीजों की मुफ्त में जाँचें हो रही हैं। दवाइयां भी दी जा रही है। इस सुविधा का लाभ अधिक से अधिक संख्या में उठाएं और अपने परिवार जनों, इष्ट मित्रों जरूरतमंदों को इस अभियान की जानकारी दें।

## डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा मुफ्त अस्पताल की सेवा ग़रीबों के लिए सच्ची सेवा : श्री हंसराज साकेत्र

आदर्श नगर हवाई पट्टी में निवास करने वाले हंसराज साकेत ने पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की मुफ्त अस्पताल सेवा की सराहना करते हुए कहा कि यह सेवा गरीब जनमानस के लिए सराहनीय वास्तविक सेवा है।

## चलता फिरता मुफ्त अस्पताल में इनकी रही उपस्थिति

श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती कंचन तीर्थवानी, श्री सुदामा तीर्थवानी, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा, श्रीमती राजकुमारी कुशवाहा, श्रीमती आरती कुशवाहा, श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा, श्रीमती राधा रजक, श्री आनंद रावत, श्री बादल साकेत, श्री आयुष वर्मा, श्री विनय रजक, श्रीमती शीला रजक, सीजू रावत, श्रीमती रेखा साकेत, श्री साहिल साकेत, श्री हीरालाल साकेत, श्री कैलाश साकेत, श्री रोहित सेन, सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





*चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल में मरीज अपनी जाँच कराते हुये।*




*श्रीमती कंचन तीर्थवानी अपने जन्म दिवस पर सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण करते हुये।*

## कार्यक्रम : चलता फिरता मुफ्त अस्पताल एवं स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 22 अक्तूबर, 2024 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : कृष्णनगर एवं बस स्टैंड सेवा बस्ती सतना ( म.प्र. )**

### "पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के चलते फिरते मुफ्त अस्पताल की हो रही सराहना"

डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास) द्वारा चलाए जा रहे अभियान अंतर्गत सोमवार को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर सेवा बस्ती एवं मंगलवार को बस स्टैंड एसबीआई के सामने सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी, शुगर, वजन के अलावा 23 प्रकार की शारीरिक जाँचे मुफ्त में हुईं। पीड़ित मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी दीं गईं।

डॉ. राकेश मिश्र जी ने कहा कि परम पूज्य दद्दा जी हमेंशा कहा करते थे कि बहुत से परिवार हमारे गांव, एवं इलाकों टोला बस्तियों में ऐसे रहते हैं जो आर्थिक अभाव के कारण अपनी बीमारियों का इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाओं को उनके घर पहुंचकर मरीज का इलाज हो तो बेहतर होगा।

इसी भाव को लेकर डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा "सर्व जन हिताय सर्वजन सुखाय" "आपके द्वार-आपका अस्पताल", "चलता फिरता-मुफ्त अस्पताल योजना" अंतर्गत ऐसे मरीजों के लिए यह सेवा प्रारंभ की गई है। जो मरीज समय और आर्थिक अभाव के कारण बड़े अस्पतालों में जाकर अपना इलाज करने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे मरीजों को ढूंढकर स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत दवाइयां दी जा रही है, जिसमें खासकर सेवा बस्तियों में निवास करने वालों के द्वार पर जाकर उनका जनरल फिजिशियन डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ के द्वारा जाँच के उपरांत समुचित इलाज किया जा रहा है। जिसमें मरीजों के द्वारा इस योजना को काफी सराहना मिल रही है।

### "कृष्ण नगर व बस स्टैंड सेवा बस्ती में 125 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 58 मरीजों को दी गई नि:शुल्क दवाइयां : श्री विजय सिंह पटेल"

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यालय प्रमुख विजय सिंह पटेल ने बताया है कि "चलता फिरता मुफ्त अस्पताल" योजना अंतर्गत सोमवार को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर के पीछे सेवा बस्ती में 57 मरीजों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हुआ एवं 23 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां प्रदान की गई।

बस स्टैंड स्थित सेवा बस्तियों में निवास करने वाले 68 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ एवं सर्दी, जुकाम, बदन दर्द, बुखार के लक्षण वाले 35 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां दी गई। विजय सिंह पटेल ने आगे बताया है कि चलता फिरता मुक्त अस्पताल प्रतिदिन किसी न किसी सेवा बस्तियों में मेडिकल शिविर लगाया जाता है और आधुनिक टेक्नोलॉजी से युक्त एंबुलेंस में शरीर की जाँचों की रिपोर्ट तुरंत प्रदान की जाती है।

### डॉ. राकेश मिश्र द्वारा किया जा रहा है स्वास्थ्य चेतना का कार्य : श्री विश्वनाथ रावत

बस स्टैंड सेवा बस्ती में निवास करने वाले विश्वनाथ रावत ने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा निरंतर जरूरतमंदों के इलाज के लिए मुफ्त अस्पताल की सेवा चलाई जा रही है जो कि बहुत ही सराहनीय कार्य है। आज हमारी बस्ती में शिविर लगाया गया है। सभी जाँचें फ्री में हो रही है। मरीजों को दवाइयां भी दी जा रही है यह बहुत ही नेक कार्य है। विश्वनाथ रावत ने आगे कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा यह कार्य हम सबको अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का कार्य है ऐसे कार्य समाज में होते रहना चाहिए।

विश्वनाथ रावत ने आगे कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा दीन दुखियों, समाज के अंतिम व्यक्ति की चिंता करते हुए उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, स्वास्थ्य चेतना का कार्य किया जा रहा है। इस सामाजिक कार्य में हम सबको सेवा न्यास का सहयोग करना चाहिए।

### इनकी रही उपस्थिति :

श्रीमती मनीषा सिंह, श्री विजय सिंह पटेल, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्रीमती राजकुमारी रावत, श्री संतोष सिंह, श्री विश्वनाथ रावत, श्रीमती रानी साकेत, सुरेश भैया, उरटिया साकेत, श्री प्रहलाद नामदेव, श्री राजेश श्रीवास्तव, श्री मनीष तिवारी, श्री राम कलेश, श्रीमती राजकुमारी सिंह, श्री दिलीप कुमार बारी, श्री त्रिभुवन तिवारी, श्री अंशु साकेत, श्री राजेश सेन न्यास, श्रीमती बसंती रावत, श्री रमेश रावत, श्री पुरुषोत्तम दुबे, श्री विक्रांत सिंह, सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






*सतना बस स्टैंड एसबीआई के सामने सेवा बस्तियों में स्वास्थ्य परीक्षण करते स्वास्थ्य कार्यकर्ता*



## कार्यक्रम : कलेक्ट्रेट एवं महदेवा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**दिनांक : 24 अक्तूबर, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : महादेवा सेवा बस्ती सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "आपके द्वार-आपका अस्पताल" चलता फिरता मुफ्त अस्पताल में 23 प्रकार की शारीरिक जाँचे मुफ्त में हो रही हैं, जिसमें दिन प्रतिदिन लोकप्रिय बढ़ती जा रही है। मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है।

गुरुवार को धवारी स्थित कलेक्ट्रेट व महदेवा के मेन चौराहा सेवा बस्ती में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 78 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। सामान्य बीमारियों के लक्षण वाले 49 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां दी गई।

### डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा विगत कई वर्षों से की जा रही है जरूरतमंदों की सेवा : श्री सत्येंद्र द्विवेदी

पतेरी निवासी सत्येंद्र द्विवेदी ने कहा कि न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा विगत कई वर्षों से प्रतिदिन जरूरतमंदों की सेवा की जा रही हैं और युवाओं को प्रोत्साहित करने, समाज सेवा में काम कर रहे हैं। जिसमें प्रमुख रूप से सतना हाफ मैराथन से सतना को नई पहचान दिलाने वाले डॉ. राकेश मिश्र जी का हम सब अभिनंदन करते हैं।

### मुफ्त अस्पताल योजना बहुत ही अच्छी योजना है : श्री प्रेमलाल चौधरी

महदेवा सेवा बस्ती में निवास करने वाले प्रेमलाल चौधरी ने सेवा न्यास के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। मुफ्त अस्पताल योजना बहुत ही अच्छी योजना है। हम लोग आलस्य के कारण अस्पताल जाकर अपना इलाज नहीं करवाते हैं तो एक दिन गंभीर स्थिति हो जाती है। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सराहनीय कार्य हो रहा है। डॉ. राकेश मिश्र जी को यह अभियान प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद देते हैं।

### डॉ. राकेश मिश्र जी से आग्रह है कि यह सेवा निरंतर इसी प्रकार करते रहें : श्री राम भगत कोल

सेवा न्यास कार्यकर्ताओं, जनरल फिजीशियन डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ की सराहना करते हुए राम भगत कोल ने कहा कि इतनी उम्र पार करने के बाद भी हमारा स्वास्थ्य परीक्षण नहीं हुआ था।लेकिन पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए

जा रहे अभियान के अंतर्गत हमारे घर में आकर हमारा एवं हमारे परिवार का सेवा बस्तियों में निवास करने वाले नागरिकों की फ्री में जाँचें हुई और दवाइयां भी दी गई। इस कार्य में अपनी सेवाएं दे रहे सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। डॉ. राकेश मिश्र जी से आग्रह है कि यह सेवा निरंतर इसी प्रकार करते रहें।

### "चलता फिरता मुफ्त अस्पताल में सभी प्रकार की शारीरिक जाँचे मुफ्त हो जाती : श्रीमती रामबाई कोल"

वार्ड क्रमांक 30 महदेवा में निवास करने वाली श्रीमती रामबाई कोल ने कहा कि इस योजना से जरूरतमंदों की वास्तविक सेवा का कार्य किया जा रहा है। महंगी जाँचें बिल्कुल फ्री हो रही है।

### इनकी रही उपस्थिति :

श्री मदन कुमार गुप्ता, श्री सत्येंद्र द्विवेदी, श्री पुष्पेन्द्र बागरी, श्री राजा राम त्रिपाठी, श्री रमेश त्रिपाठी, श्री राजमणि मिश्रा, श्री घनश्याम गुप्ता, श्री सौखी लाल चौधरी, श्रीमती राधा गुप्ता, श्री छेदी लाल सेन, श्रीमती रश्मि दहिया, श्री ओमप्रकाश मिश्रा, श्री अभिषेक द्विवेदी, श्री मेघराज त्रिपाठी, श्री रवि सिंह, श्री राम चंद्र सूबेदार, श्री नागेंद्र प्रताप सिंह, श्री राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, श्री राघवेंद्र तिवारी, श्री दिनेश कुमार, श्रीमती रामबाई कोल, श्री प्रेमलाल चौधरी, श्री संत लाल कुशवाहा, श्री दुर्गा प्रसाद पटेल,श्रीमती संगीता अहिरवार, श्री संतोष सोनी, श्री राम भगत कोल,श्रीमती रनिया कोल,श्रीमती राम सखी कोल, श्रीमती केस कली कोल, श्रीमती कलाबाई कोल, श्रीमती संगीता कोल एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




*कलेक्ट्रेट एवं महदेवा में स्वास्थ्य परीक्षण कराते ग्रामीण जन एवं महिलाओं की बड़ी संख्या उपस्थित रही।*


अब बड़े
सागर

## कार्यक्रम : स्वास्थ्य शिविर में सम्पूर्ण जाँचें

**दिनांक : 25 अक्तूबर, 2024 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : मल्लाह टोला धवारी, सतना ( म.प्र. )**

### "पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का अभियान"

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "आपके द्वार-आपका अस्पताल चलता फिरता मुफ्त अस्पताल" योजना अंतर्गत जनरल फिजिशियन डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टॉफ के द्वारा बीपी, शुगर,वजन के अलावा 23 प्रकार की जाँचों की तुरंत रिपोर्ट प्रदान की जा रही है साथ ही पीड़ित मरीजों को मुफ्त में दवाइयां भी प्रदान की जाती है सेवा बस्तियों में निवास करने वाले प्रबुद्ध जनों ने डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा चलाई जा रहे अभियान के संदर्भ में कहा की यह सबसे बड़ी बात है कि हमारे घर में ही आकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है यह कार्य है सर्वोत्तम सेवा है।

### "मल्लाह टोला धवारी में 67 मरीजों का हुआ हेल्थ चेकअप, 23 मरीजों को दी गई मुफ्त में दवाइयां : श्री विजय सिंह पटेल"

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यालय प्रमुख श्री विजय सिंह पटेल ने बताया है कि इस समय मौसम के बदलने से सर्दी-जुखाम-बुखार मलेरिया बीमारियों के लक्षण वाले लोगों को उच्च गुणवत्ता युक्त मशीनों से जाँचों के उपरांत डॉक्टर के परामर्श के अनुसार पीड़ित मरीजों को दवाइयां दी जाती हैं। शुक्रवार को मल्लाह टोला में 67 मरीजों का हेल्थ चेकअप हुआ एवं 23 मरीजों को मुफ्त में दवाइयां प्रदान की गई।

### मुफ्त अस्पताल हम लोगों के लिए बहुत ही अच्छी सेवा है : श्रीमती आकांक्षा प्रजापति

वार्ड नंबर 34 में निवास करने वाली श्रीमती आकांक्षा प्रजापति ने जाँच के उपरांत सेवा न्यास के अभियान के संदर्भ में कहा कि हम लोग घरेलू महिला हैं आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। हम लोग मजदूरी करके अपना परिवार का भरण पोषण करते हैं। हमारे जैसे परिवारों की चिंता करते हुए डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा चलाए जा रहे मुफ्त अस्पताल योजना, दैनिक मजदूरी कर अपना भरण पोषण करने वाले परिवार जनों के लिए बहुत ही अच्छी योजना है।

### डॉ. राकेश मिश्र जी हमारे सच्चे शुभचिंतक हैं: श्री मुन्ना लाल मल्लाह

धवारी गली नंबर 5 मल्लाहन टोला में निवास करने वाले मुन्नालाल मल्लाह ने

अपना बीपी, शुगर टेस्ट करवाया जो कि नॉर्मल रहा। मुन्नालाल मल्लाह ने तदुपरांत कहा कि सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान से हम सब खुश हैं। डॉ. राकेश मिश्र जी हमारे सच्चे शुभचिंतक हैं। जिनके द्वारा हम लोगों के इलाज की चिंता करते हुए बीमारियों का इलाज व फ्री में दवाइयां हमारे घर पहुंच कर दी जा रही है।

आपका अस्पताल आपके द्वार सेवा में प्रमुख रूप से श्रीमती नीलम मल्लाह, श्रीमती संगीता मल्लाह, श्रीमती राखी मल्लाह, श्री धीरु सेन, मोहम्मद सलीम, श्री मुन्ना लाल मल्लाह, श्री लव कुश केवट, श्रीमती मीनाक्षी मल्लाह, श्रीमती राखी सोनी, श्रीमती मंजू मल्लाह, श्रीमती शकुंतला शाहू, श्रीमती रानी मल्लाह, श्रीमती संजू देवी वर्मन, श्रीमती गीता यादव, श्रीमती लक्ष्मी रजक, श्री नीतीश, श्रीमती नजमा, मुन्नालाल वर्मा, श्रीमती आकांक्षा प्रजापति, श्री विजय कुमार सिंह, श्री जिनेंद्र रैकवार, श्रीमती राजकुमारी दहिया, श्रीमती राजकुमारी प्रजापति, श्रीमती जानकी यादव, श्रीमती लक्ष्मी प्रजापति, श्री दीपू यादव, श्रीमती विमला यादव, श्री अच्छे लाल यादव, श्री विनय गुप्ता, मोहम्मद समीर खान, श्री राजू यादव, श्री दादू लाल चौधरी, श्री बाबूलाल कोल, श्री लालबाबू अहिरवार, श्रीमती चंदनिया यादव, श्रीमती रामलली त्रिपाठी, श्री राज ललन केवट, श्री राजेश पांडे, श्री रामबाबू दहिया, श्रीमती सपना खरे, श्रीमती अंजलि खरे, श्रीमती राज कली खरे, श्री श्याम सुंदर गुप्ता, श्री रविंद्र सिंह, श्री धर्मराज तिवारी, श्री दीनानाथ चौधरी, श्रीमती रीना चौधरी, श्रीमती राधा गुप्ता एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





*मल्लाह टोला धवारी में जाँच कराते ग्रामीण जन एवं दवाई प्राप्त करते मरीज*

## कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दाजी) की अष्टम पुण्यतिथि पर भक्तमाल कथा एवं श्रद्धांजलि सभा

**दिनांक : 02 नवंबर, 2024 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नीलकंठ धाम, धवर्रा ( नौगाँव ), जिला महोबा-471201 ( उ.प्र. )**

नौगांव के सीमावर्ती ग्राम-धवर्रा, जनपद महोबा की पावन पवित्र भूमि पर स्वर्गीय पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व सम्मान समारोह आयोजित किया गया।




पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा संपूर्ण भारत में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्य निरंतर किये जाते हैं। सामाजिक, आध्यात्मिक एवं लोक भलाई की योजनाओं को लेकर न्यास काम कर रहा है। न्यास का उद्देश्य प्रतिभावान, ग़रीब विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है। खेल और खिलाड़ियों को आगे लाने हेतु मैराथन का आयोजन तथा भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म को बचाना, बच्चों में शिक्षा, संस्कार व संस्कृति जागृत करना मुख्य उद्देश्य है। पूरे देश की प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें उचित स्थान पर सम्मान दिलाना हमारा पहला कर्तव्य बनता है। उपरोक्त विचार सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा समारोह के मंच पर व्यक्त किए गए। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास बुंदेलखंड के गरीबों की स्वास्थ्य सेवाओं में सदैव मदद करता है।डॉ. राकेश मिश्र ने कहा हमारे पूज्य पिताजी पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दा जी) आज से आठ वर्ष पूर्व इस लोक से विदा होकर परम पिता परमेश्वर के चरणों में लीन हो गये हैं। उनकी आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विभिन्न आयोजन किये गये।

इसके पूर्व पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में सभी क्षेत्रवासियों द्वारा दद्दाजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम में स्वामी शंकर्षणाचार्य जी भीमकुंड, संत-महात्मा, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, महोबा के दद्दाजी के साथी गुप्ता जी, बुंदेलखंड के समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी मंचासीन रहे।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली बेटियों, महिलाओं एवं सामाजिक व्यक्तियों का सम्मान किया गया।

छतरपुर के वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। आपातकाल में दद्दाजी के सहयोगी अनूप तिवारी, डॉ. लक्ष्मी नारायण रावत को घड़ी व बैग देकर सम्मानित किया गया। धवर्रा स्कूल के विद्यार्थियों व आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं श्रीमती रेखा दीक्षित व तीन साथियों, टीकाकरण करने वाली ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी बैग व घडियाँ देकर सम्मानित किया गया।

### भक्तमाल कथा का दो दिवसीय आयोजन पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी द्वारा किया गया :

इस अवसर पर श्री सूरज देव मिश्र, श्री मंटू खरे, श्री हरसू महाराज, श्री अंजुल सक्सेना, श्री धीरेन्द्र गौर, श्री सुशील द्विवेदी, श्री धीरेंद्र गुप्ता, श्री रमाशंकर मनीषी, श्री ललित नायक, श्री विनायक श्रीवास्तव, श्री कमलेश सिंह, श्री रवि रिछारिया, श्री नीरज भार्गव, श्री नीरज रावत, सतना से श्री विजय पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू, श्री नरेन्द्र मिश्रा टिबलू, श्री राधे शुक्ला, श्री कन्हैया अग्रवाल, श्री दिनेश अग्निहोत्री, श्री सन्नो सक्सेना, श्री डॉ. पुरुषोत्तम गंगेले, श्री राकेश पाठक मुखर्रा, श्री मोनू शर्मा, श्री आर के त्रिवेदी, श्री सौरभ, श्री मनोज तिवारी, श्री सहित बुंदेलखंड क्षेत्र के विभिन्न महानुभावों की उपस्थिति रही। श्री अनूप मिश्रा, श्रीराम रिछारिया, श्री प्रवीण दुबे, श्री बृजेश बाजपेई, श्री रिंकू राजा, श्री संतोष रिछारिया, श्री साहित्य मिश्रा, श्री मोहित मिश्रा, श्री बबलू पाल, श्री गौरव मिश्रा, श्री नारायण अनुरागी, श्री देवी पाल, श्री मुकेश राजपूत आदि कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।




*पं. राहुल शास्त्री जी द्वारा कथा एवं श्रवण करते परिवार जन*



*खेल परिसर में श्रद्धांजलि सभा देते परिवार जन एवं स्वामी शंकर्षणाचार्य जी,*
*प. राहुल कृष्ण शास्त्री जी, श्री संतोष गंगेले (वरिष्ठ पत्रकार)*




*पूज्य दद्दा जी को खेल परिसर में श्रद्धा सुमन अर्पित करते विशिष्ट जन*

## कार्यक्रम : सतना महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी के जन्मदिन पर वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 11 नवंबर, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : खेरमाई माता मंदिर परिसर, सतना ( म.प्र. )**

सतना के लोकप्रिय महापौर श्री योगेस कुमार जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। आज महापौर जी के जन्मदिन के अवसर पर खेरमाई माता मंदिर परिसर में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं के सौजन्य से वृक्षारोपण किया गया। न्यास परिवार के सभी सदस्यों ने प्रभु श्री राम जी से **महापौर_सतना** के उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगल में जीवन की कामना की।






*वृक्षारोपण करते श्री योगेश ताम्रकार एवं अन्य महानुभाव*

## कार्यक्रम : सेवा न्यास की कार्य योजना बैठक

**दिनांक : 17 नवंबर, 2024 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : 'नेह निकुंज', बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास कार्यालय में आगामी कार्य योजना विषय पर बैठक का आयोजन किया गया।

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष ने "अपना सपना हरा भरा सतना" अभियान के सभी जोन प्रमुखों से संवाद किया।

कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि पर्यावरण जन जागरूकता के लिए कार्यकर्ता नगर के समाजसेवियों प्रतिष्ठानों में व्यक्तिगत रूप से संपर्क करके संकल्प पत्र के माध्यम से प्राप्त जानकारी के हिसाब से पौधा रोपण के कार्य को गति प्रदान करें।

समस्त न्यास कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किया व अग्रिम कार्य योजना के संदर्भ में रूपरेखा का निर्माण किया गया।

### महाकुंभ प्रयागराज में कल्पवासियों के लिये हज़ार तीर्थयात्रियों की होगी संपूर्ण व्यवस्था :

अखिल कोटि ब्रह्माण्ड नायक श्री मन्न नारायण की कृपा से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सन् 14 जनवरी, 2025 से पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वावधान में तीर्थराज प्रयाग में महाकुंभ पर्व के अवसर पर श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं बटुक ब्राह्मणों का यज्ञोपवीत संस्कार तथा अन्न क्षेत्र भण्डारा एवं अष्टोत्तरशत् श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।विंध्य क्षेत्र के एक हज़ार कल्पवासियों हेतु संपूर्ण व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई।

### दो दिवसीय एकल पात्रीय नाट्य ( मोनो प्ले ) कार्यक्रम 11 एवं 12 जनवरी, 2025 को टाउन हॉल सतना में :

डॉ. राकेश मिश्र जी ने कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए कहा कि सांस्कृतिक चेतना के अग्रदूत, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत एवं विश्व को सनातन से अवगत कराने वाले स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर आगामी 11 एवं 12 जनवरी, 2025 को दो दिवसीय एकल पात्रीय नाट्य (मोनो प्ले) का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम दिनांक 11 जनवरी ( शनिवार) को "श्रीराम" एकल नाट्य में श्री राम जन्म से राज्याभिषेक तक एकल पात्रीय नाट्य के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र को प्रदर्शित किया जाएगा।

'योद्धा सन्यासी' के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के साथ ही सनातन धर्म पर उनके विचारों से नई पीढ़ी को अवगत कराया जाएगा। इससे युवाओं में स्वामी जी का संदेश प्रसारित होगा।

इस एक पात्रीय मंचन की प्रस्तुति ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय नाटककार श्री दामोदर रामदासी जी (पुणे) द्वारा की जाएगी। जिन्होंने अभी तक पांच सौ से अधिक शो आयोजित किये हैं।

इस कार्यक्रम का आयोजन टाउन हाल सिमरिया चौक, सतना में दोनों दिन दोपहर तीन से पांच बजे तक किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति :

बैठक में प्रमुख रूप से बालकृष्ण शुक्ला बेटा, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती शीलम सैनी, श्री अजय मिश्रा, श्री राजीव व्यास, श्री नर्मदा प्रसाद मिश्रा, कीर्ति रतवानी, श्री जितेंद्र त्रिपाठी, श्री बी.डी. पांडे, श्री पी.एल. शर्मा, श्री विष्णु पांडे, श्री चंदन कश्यप, श्रीमती वंदना बागरी, श्री देवेंद्र पांडे, श्री विजय पटेल, श्री शिवाकांत त्रिपाठी, श्री सचिन त्रिपाठी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में
महाकुंभ मेला प्रयागराज
!! पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की उपलब्धियाँ !!


अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा
का एक वर्ष पूर्ण होने एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में
'दो दिवसीय भव्य समारोह'
एक पात्रीय नाट्य मंचन
(श्री दामोदर रामदासी, पुणे द्वारा मोनो प्ले)
11.01.2025 (शनिवार)
समय: दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक
12.01.2025 (रविवार)
समय: दोपहर 3 बजे से सायं 5 बजे तक
श्रीराम
रामजन्म से राज्याभिषेक तक
योद्धा सन्यासी
स्वामी विवेकानंद का गौरवशाली इतिहास
स्थान: टाउन हॉल, सिमरिया चौराहा, सतना, (म.प्र.)
डॉ. राकेश मिश्र
आयोजक : पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना (म.प्र.), दूरभाष : (07672) 35100
gpmsevanyas.org gpmsnyas@gmail.com gpmsevanyas gpmsnyas


पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की
पुण्य स्मृति में
श्री श्री 1008 स्वामी शंकर्षणाचार्य जी, महाराज भीमकुंड धाम, छतरपुर (म.प्र.)
के पावन सानिध्य में
महाकुंभ मेला प्रयागराज
पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा
विशिष्ट आयोजन :
अष्टोत्तरशत् श्रीमद् भागवद् ज्ञान यज्ञ
दिनांक: 04.02.2025 से 10.02.2025 तक
पौष शुक्ल पूर्णिमा (सोमवार) दिनांक 13.01.2025 से प्रारम्भ
माघ शुक्ल पूर्णिमा (बुधवार) दिनांक 12.02.2025 तक
कथा प्रवक्ता: श्री राहुल कृष्ण महाराज जी (वृन्दावन)
स्थान: महाकुंभ मेला परिसर, संगम तट, प्रयागराज (उ.प्र.)
कुंभ मेला के मुख्य स्नान एवं पर्व
दिनांक: 14.01.2025
दिनांक: 29.01.2025
दिनांक: 04.02.2025
दिनांक: 03.02.2025
दिनांक: 12.02.2025
निवेदक
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
सम्पर्क सूत्र: 09977843521, 09340210080
डॉ. राकेश मिश्र
अध्यक्ष

## कार्यक्रम : वृक्षारोपण अभियान

**दिनांक : 28 एवं 29 नवंबर, 2024 ( गुरुवार एवं शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : खेरमाई मंदिर एवं यादव पेट्रोल पंप, बिरला रोड सतना ( म.प्र. ) 485001**




पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 28 नवंबर 2024 गुरुवार को भोला प्रसाद एंड संस के सौजन्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।




पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नगर को प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 29 नवंबर 2024 शुक्रवार को श्री प्रभात जैन जी के पिता की पुण्यतिथि पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

## कार्यक्रम : 43वां निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 12 दिसंबर, 2024 ( गुरुवार )**
**कार्यक्रम स्थल : ग्राम पुरवा, कोठी सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्राम पुरवा में स्वर्गीय अरविंद मिश्रा की पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी एवं विशिष्ट अतिथियों ने सर्वप्रथम माता सरस्वती एवं स्वर्गीय अरुणेंद्र मिश्रा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। समाजसेवी तरुणेद्र मिश्रा हीरु ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों को पुष्प हार भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा कई वर्षों से विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा न्यास की पूरी टीम भावना के साथ मरीजों की सेवा करने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि ऐसे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में आईं दूर दराज गाँवों में निवास करने वाले मरीजों के लिए चलता फिरता मुफ्त अस्पताल वरदान है। "आपका अस्पताल आपके द्वार" योजना अंतर्गत हम सबको भी प्रेरणा लेकर अपने-अपने जन्म दिवस पर या अपने परिजनों की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से मरीजों की सेवा करना चाहिए। ऐसा कहा गया है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। अगर हम किसी मरीज की सेवा करते हैं तो ईश्वर की सेवा हो जाती है।

सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि हमारे सेवा न्यास ने तरुणेन्द्र कुमार मिश्रा हीरु भैया के अनुज स्व. अरविंद कुमार मिश्रा जी की प्रथम पुण्यतिथि पर जनरल फिजिशियन, सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट एवं सेवा न्यास की महत्त्वाकांक्षी योजना "आपका अस्पताल आपके द्वार" चलता फिरता मुफ़्त अस्पताल के माध्यम से आसपास के दूर दराज गाँवों में निवास करने वाले 278 मरीजों व प्रबुद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं 128 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां दी गई।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में स्कूली बच्चों के दाँत की जॉच व आँखों की जाँच की गई। प्रमुख रूप से डॉ. सत्यम बागरी, डॉ. शिवंम मित्तल, डॉ. सुशील पांडे, डॉ. सौरभ प्यासी, श्री धीरेंद्र सिंह, श्री राजेश गर्ग, श्री पीतल प्रसाद मिश्रा, श्री कृष्णा प्रसाद

मिश्रा, श्री राम सोहावन मिश्रा, श्री लक्ष्मण प्रसाद मिश्रा, श्री उत्तम अहिरवार, श्रीमती रानी कोरी, श्री अजय दुबे, नितिन मिश्रा, श्री विजय सिंह पटेल, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।



*श्रीमती प्रतिमा बागरी (राज्य मंत्री, म.प्र. शासन) अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराती हुईं*









*मंचासीन पदाधिकारी गण श्रीमती प्रतिमा बागरी जी, श्रीमती मनीषा सिंह एवं ग्रामीण वरिष्ठ महानुभाव*

## कार्यक्रम : स्व. श्रीमती बिमला रानी मल्होत्रा की स्मृति में सौ वृक्षों का रोपण

**दिनांक : 18 दिसंबर, 2024 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : अमृत पार्क, हवाई पट्टी, सतना ( म.प्र. ) 485001**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "अपना सपना हरा भरा सतना" अभियान के अंतर्गत बुधवार को अमृत पार्क, हवाई पट्टी में चिरंजीव मल्होत्रा जी के द्वारा अपनी माताजी स्व. श्रीमती बिमला रानी मल्होत्रा जी की स्मृति में सौ वृक्षों का वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि श्री योगेश ताम्रकार (महापौर) जी एवं अध्यक्षता स्पीकर श्री राजेश चतुर्वेदी पालन ने की।

नगर निगम महापौर योगेश ताम्रकार जी ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा देवतुल्य कार्य किया जा रहा है सराहनीय कार्य किया जा रहा है। महापौर योगेश ताम्रकार जी ने कहा कि सामाजिक कार्यों में सेवा न्यास की पूरी टीम दिन-रात नगर को हरा भरा करने व प्रदूषण मुक्त करने के उद्देश्य से हजारों पेड़ों का रोपण करके मिसाल कायम की है। रोपण किए गए पेड़ों की देखभाल करने के लिए ग्रीन एम्बुलेंस का संचालन डॉ. राकेश मिश्र जी की उत्कृष्ट सोच का परिणाम है।

महापौर योगेश ताम्रकार ने आगे कहा की ग्रीन एंबुलेंस के द्वारा पौधों की निरंतर सेवा की जा रही है और उनका पालन पोषण किया जा रहा है जो कि हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।

### "डॉ. राकेश मिश्र जी के प्रयास से नगर में हो रहा सघन पौधारोपण : श्री राजेश चतुर्वेदी पालन ( स्पीकर )"

श्री राजेश चतुर्वेदी पालन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण करने के लिए डॉ. राकेश मिश्र जी के प्रयास से विभिन्न स्थानों पर विगत वर्षों पूर्व जो पौधारोपण हुए थे, आज वह सभी पौधे विशाल वृक्ष बनकर तैयार हो चुके हैं। नगर के पर्यावरण प्रेमियों से आग्रह करता हूं कि अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में पौधारोपण करने का संकल्प लें। सेवा न्यास आपके द्वारा लिए गए संकल्प को न्यास द्वारा पूरा किया जाएगा।

स्व. श्रीमती बिमला रानी मल्होत्रा जी की पहली पुण्यतिथि पर सतना नगर में वृक्षारोपण किया जाना विशेष उल्लेखनीय हो जाता है। देश विदेश में लोग पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की गतिविधियों पर भरोसा करके यहाँ पर "अपना सपना हरा भरा सतना" बनाने में सहयोग कर रहे हैं।

## इनकी रही उपस्थिति :

पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री राजेंद्र कुशवाहा पार्षद, प्रो. क्रांति राजौरिया, श्री राजीव व्यास, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा, श्री अनुराग तिवारी, श्री अनिल द्विवेदी, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






*श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), श्री राजेश चतुर्वेदी (स्पीकर), श्री राजीव व्यास, प्रो. क्रांति मिश्रा, श्रीमती सलिम सैनी, श्री विजय सिंह एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्रायें*

## कार्यक्रम : अष्टम व्याख्यानमाला

**दिनांक : 22 दिसंबर, 2024 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम, किशोर सागर, छतरपुर ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा अष्टम व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि डॉ. श्रेयांश द्विवेदी जी का परिचय देते हुये बताया गया कि उन्होंने तीन विषयों में स्नातकोत्तर तक पढ़ाई और काशी हिंदू विश्वविद्यालय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। गाजियाबाद में महर्षि वैदिक विश्वविद्यालय में प्राध्यापक, धर्म संघ संस्कृति महाविद्यालय




दिल्ली में प्राध्यापक, गौड़ ब्राह्मण कॉलेज रोहतक में प्राध्यापक रहे। एनसीईआरटी में विषय विशेषज्ञ रहते हुए वर्तमान में हरियाणा सरकार में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। राज्य व राष्ट्र स्तरीय सेमिनारों में पाठयपुस्तक लेखन आदि का आयोजन करते रहते हैं। हरियाणा में नैतिक शिक्षा की पाठ्यपुस्तकों के निर्माण, संयोजन, लेखन की भूमिकाएं निभाई हैं।

हरियाणा संस्कृत अकादमी पंचकुला के उपाध्यक्ष भी आप रहे हैं। 2018 से 2021 तक कैथल हरियाणा में महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय में संस्थापक कुलपति के पद पर रहे। आप उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थान के सदस्य हैं। 35 लेखों, सैकड़ों कविताओं का संपादन आपने किया है। पूरे देश में संस्कृत और संस्कारों का प्रचार प्रसार और प्रशिक्षण में आप तत्पर रहे हैं। 17वें विश्व संस्कृत सम्मेलन जुलाई, 2017 में आपने कोलंबिया विश्वविद्यालय कनाडा में हरियाणा सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए व्याकरण एवं शोध एवं कवि संवाद में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया है। आप छतरपुर जिले के करीब झांसी जिले के मऊरानीपुर के मूल निवासी हैं और संस्कृत में पूरे विश्व में अपना डंका बजा रहे हैं।

छतरपुर में अष्टम व्याख्यान माला के आयोजन में सर्वप्रथम कार्यक्रम के आरंभ में सभी अतिथियों का अंगवस्त्र से किया। विश्व हिंदू परिषद के विभागीय

मंत्री प्रखर भट्ट जी ने मुख्य वक्ता डॉ. श्रेयांश द्विवेदी जी का स्वागत किया। इसके पश्चात् प्राध्यापक परिषद के संगठन मंत्री व संघ प्रचारक दयानिधि उरमलिया जी का जनअभियान परिषद के मनीष जी ने अंगवस्त्र से स्वागत किया। हनुमान टौरिया समिति के सचिव श्री नीरज भार्गव ने पं. गणेश प्रसाद सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र का स्वागत किया। धवर्रा के प्रतिष्ठित समाजसेवी श्रीराम रिछारिया जी ने व्याख्यानमाला के संयोजक डॉ. विनोद रावत जी का स्वागत किया।

### सनातन जीवन जीने की कला है : डॉ. राकेश मिश्र

व्याख्यान माला के प्रास्ताविक भाषण में पं. गणेश प्रसाद सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि डॉ. श्रेयांश के नाम में श्रेय का अंश है और संस्कृत के प्रकांड विद्वान हैं और अपने बुंदेलखंड क्षेत्र के होकर पूरी दुनिया में नैतिक शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, ये हमारे लिए गौरव की बात है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी ने कैथल में जो पहला संस्कृत विश्वविद्यालय बनाया, उसके आप संस्थापक कुलपति रहे हैं। हम उनको सच्चा अतिथि मानकर उनका विनम्र स्वागत करते हैं।

डॉ. मिश्र ने कहा कि प्राध्यापक परिषद के संगठन मंत्री व संघ प्रचारक दयानिधि उरमलिया जी की बड़ी इच्छा थी कि पूज्य दद्दा जी की याद में छतरपुर विश्वविद्यालय में शोधपीठ शुरू हो और उसके माध्यम से एक व्याख्यान माला का आयोजन हो। उन्होंने बेहद प्रयास किया और तत्कालीन महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने इसकी स्वीकृति दी। जैसे जैसे भवन आदि का निर्माण होगा यह कार्य आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आज भले ही व्याख्यान माला बड़ी नीरस लगती हो पर बुद्धिजीवियों के बीच यह अति लोकप्रिय होती है। अब तक सात व्याख्यान मालाएं की जा चुकी हैं जिसमें अलग-अलग विषयों पर सार्थक चर्चा हुई है। सात पुस्तकें भी इस पर प्रकाशित हो चुकी हैं। आज हम 2024 के अंतिम सप्ताह में एकत्रित हैं और समय के साथ प्रकृति आगे बढ़ती है। इसी तरह हमें आगे का सिंहावलोकन करना चाहिए, जैसे सिंह आगे बढ़ने के लिए दो कदम पीछे हटता है ऐसे ही हम दद्दा जी की भावानुसार पीछे देखकर आगे का सुखद मार्ग प्रशस्त करते हैं। हमने सेवा के माध्यम से किसान, आम आदमी के लिए कई जनसेवा के कार्य किए हैं और वह अनवरत चल रहे हैं। जिनसे समाज का हित हुआ है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में जो प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है उसमें सेवा न्यास के माध्यम से लगभग 500 कल्पवासियों के लिए हम सात साल से व्यवस्था करते हैं लेकिन इस बार यह संख्या 1000 तक पहुंचेगी। इसके लिए

व्यापक इंतजाम रहेंगे। 108 श्रीमद्भागवत कथाओं के लिए 108 पंडित रहेंगे। जिसमें इच्छुक भक्त परजिनों के निमित्त अपना नामांकन कर इस धार्मिक कार्य में भागीदार बन सकता है। आगामी 4 से 10 फरवरी तक इस कथा में शामिल होकर उसका लाभ उठाया जा सकता है। आज कथाकारों द्वारा रामकथा के माध्यम से समाज में बदलाव आ रहा है।

उन्होंने कहा कि इस देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व मिला है। वह स्वयं पर ध्यान न देते हुए देश का मान पूर विश्व में बढ़े इसके लिए काम कर रहे हैं। बस ऐसे ही हमें भी सनातन के उत्थान के लिए समर्पित होकर काम करना होगा। हमें भी उनसे सीखकर समाज और देश को कुछ सार्थक देना चाहिए।

उन्होंने व्याख्यान माला के विषय के संबंध में कहा कि 11 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरा होने जा रहा है। इस उपलक्ष्य में सतना नगर के टाउन हॉल में एक विशिष्ट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सनातन की यात्रा में जो भी सहयोगी हैं, सनातन को आगे बढ़ाने के लिए, संस्कृतियों के संगम के लिए प्रयागराज में मेला स्थल में आएं और दुनिया के अनोखे उत्सव में शामिल होकर पुण्य के सहभागी बनें।

उन्होंने कहा कि सनातन धर्म शाश्वत धर्म है। सनातन जीने की कला है। यह कई दर्शनों से मिलकर बना है। अलग-अलग दर्शन में इसे विभिन्न प्रकार से प्रतिपादित किया गया है। सनातन और हिंदू धर्म एक ही है, पर लोग इसे अलग समझ लेते हैं। पर इनमें एक सूक्ष्म अंतर यह है कि सनातन में वेद, उपनिषद, गीता को महत्त्व दिया जाता है तो वहीं हिंदू धर्म में शास्त्रों और ग्रंथों को महत्त्व दिया जाता है। हिंदू धर्म जहां मंदिर, पूजा, व्रत, अनुष्ठान, त्योहारों को महत्त्व देता है तो वहीं सनातन धर्म यज्ञ, साधना, तप और ध्यान को प्राथमिकता देता है। सनातन धर्म में अनेक संप्रदायों सिख, जैन, बौद्ध आदि का धार्मिक संप्रदाय है तो हिंदू धर्म में केवल हिंदू संप्रदाय ही शामिल है। इसमें विभिन्न देवी-देवताओं और रीति-रिवाजों, परंपराओं को प्राथमिकता दी जाती है। वेदांत दर्शन को काफी महत्त्व दिया जाता है।

आज प्रत्येक संप्रदाय के समर्थक अपने-अपने देवता को दूसरे के संप्रदाय से श्रेष्ठ बनाने पर तुले हैं। बस यहीं संघर्ष की स्थिति निर्मित होती है। इस होड़ से हमें प्रयागराज जैसे कुंभ बचाते हैं, क्योंकि इससे हमें एकता की शिक्षा मिलती है। सनातन का पूरा साहित्य संस्कृत में रचा गया। मुगल काल में इसको नष्ट करने का कुचक्र रचा गया है और संस्कृत से इतर देशज भाषा में तुलसीदास जी ने रामचरितमानस के माध्यम से सनातन को मजबूत करने का काम किया है। सनातन धार्मिक की बुनियाद सत्यं शिवम् सुंदरम् पर आधारित है।

**डॉ. श्रेयांश द्विवेदी का संबोधन :**

व्याख्यान माला के मुख्य अतिथि शिक्षाविद्, चिंतक एवं संस्थापक कुलपति, महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल हरियाणा, पूर्व उपाध्यक्ष हरियाणा संस्कृत अकादमी पंचकुला के डॉ. श्रेयांश द्विवेदी ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की तरफ से समाज को एक अनन्य मार्गदर्शन दिया है। बुंदेलखंड सनातन का हमेंशा प्रशंसक रहा है। सनातन का स्रोत भारत है। सनातन और प्रतिभा की भूमि भारत है। भारत की संस्कृति सार्वभौमिक है। हम सबके उत्थान के लिए काम करते हैं। आज मैकाले की शिक्षा पद्धति ने पूरे विश्व में बेरोजगारी पैदा की है। उन्होंने हिंदी गिनती की विस्तृत व्याख्या करते हुए बताया कि हमारी तो गिनती भी एक विशिष्ट संकेत देती है। जो जीवन के अनुभव को प्रकट करती है। इसलिए हमारी ज्ञान परंपरा कहीं अधिक समृद्ध रही है।

उन्होंने कहा कि भारत भूमि अर्पण-तर्पण-समर्पण की भूमि है। सनातन न कभी मिटा है ना मिटेगा। ना कभी झुका है ना कभी झुकेगा। यह आगे बढ़ता ही रहेगा। हमारे तन मन को पावन करने वाली गंगा जहां बहती हो उस देश के सनातन को कोई नहीं मिटा सकता। उन्होंने कहा कि गाय हमारी माता क्यों है ? क्योंकि वह रुखा सूखा जूठा खाती है और पवित्र दूध देती है। उसमें हरेक पौष्टिक तत्व मौजूद होता है। ऋग्वेद में सनातन के महत्त्व को बताया गया। सूर्य हमारा प्राण है, चंद्र हमारा मन है। अगर इनमें कभी बदलााव दिखे तो समझो कि सनातन खतरे में है।

मनुस्मृति कहती है अपने आप को कमजोर नहीं आंकना है। निरंतर आगे बढ़ना है। विपरीत परिस्थितियों में जो धैर्य नहीं खोता, वही सनातनी है। जिस देश के पुस्तकालय में लंबे समय तक आग में जलते रहे, पर ज्ञान को नहीं जला पाए। जैसे अग्नि में सनातन गुण से विचलित नहीं होती, उसमें दाहकता है, ऐसे ही अनादि काल से जो परंपरा चली आई है उसी प्रकार सनातन जीवित है।

महर्षि दयानंद, आचार्य रामानुज, आचार्य शंकर वो हमारे सनातन को अपने स्वभाव से कभी विचलित नहीं हुए और सनातन को जीवंत रखा। गंगा का पावन तट, उसका पावन जल हमारे तन और मन को पावन कर देता है। सनातन सीमित नहीं असीमित है और इसी आधार पर हमारे देश को विश्वगुरु कहा जाता है। अमेरिका में भी आज सनातन है। आज जो संस्कृत का अध्ययन करते हैं, वेदों को अध्ययन करते हैं, काशी, वृंदावन में आकर रहते हैं वे इसे जीवित रखते हैं। विप्र का मतलब ब्राह्मण नहीं है क्योंकि जब हम सनातन की बात करते हैं। तो सार्वभौमिक संस्कृति की बात करते हैं। प्रकृति के संरक्षण की चुनौती को पाटने और नैतिक शिक्षा के लिए पूरे विश्व को भारत की ओर देखना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि औषधियां प्रस्तुत करने के लिए जैसे वैद्य की जरूरत है। शास्त्र प्रस्तुत करने के लिए अच्छे गुरु की जरूरत है, जीवन में मार्गदर्शन के लिए वैसे ही सनातन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संसार की हरेक वस्तु और जीव का महत्त्व है। उन्होंने सनातन परिवार को भगवान शिव के परिवार से जोड़कर मार्मिक व्याख्या की और समझाया कि कैसे सनातन परिवार में सामंजस्य स्थापित करता है।

उन्होंने कहा कि जो विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं खोता, वही सच्चा सनातनवादी है। ये देश अपने ज्ञान, विज्ञान के बल पर ही जाना गया है और सनातन ने इसे सम्माननीय बनाया है। हमारे संत, गुरुओं ने अपने ज्ञान से इसे समृद्ध बनाया है। प्रिय बोलना, सत्य बोलना, संतुलन स्थापित कर बोलना ही सनातन है। सनातन का मूल दृष्टांत देखना हो तो हमारे मंदिर आदि इतिहास को संजोए हुए हैं। जब हम विश्वगुरु बनने की बात करते हैं तो सनातन के बल पर ही एक बार फिर हम उस पद पर आसीन हो सकते हैं। हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। सनातन हमें यही शिक्षा देता है। उन्होंने भगवान राम के चरित्र के माध्यम से सनातन की मार्मिक व्याख्या की। नैतिक मूल्यों के आधार पर जीवन जीना हमें सनातन सिखाता है। आज हमें मनुष्य बनने की आवश्यकता है और सनातन हमें मानवता सिखाता है। सनातन हमें दया, दान, तप, सत्य, अहिंसा, क्षमा, यम, नियम सिखाता है और संस्कारी बनाता है। उन्होंने अपने संबोधन के अंत में सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की जनसेवा की प्रशंसा की।

### श्री दयानंद उरमलिया जी ( विशिष्ट अतिथि ) का संबोधनः

नागपुर से पधारे विशिष्ट अतिथि श्री दयानिधि उरमलिया ने कहा कि व्याख्यान माला के आलोक में आज सनातन की अनुभूति हो रही है। दुनिया में कोई भी पद्धति आज सनातन जैसी नहीं है। यह हमें जीवन जीने का सही मार्ग दिखाती है। सनातन हमें कहीं नैराश्य नहीं है अर्थात यह हमें निराशा के भाव से दूर रखती है।

छत्रपति शिवाजी, विक्रमादित्य, बप्पा रावल, समुद्रगुप्त या कोई भी महपुरुष हो सभी के भीतर शौर्य भाव इसलिए आया क्योंकि इनकी जड़ों में सनातन था। सनातन के तात्विक दृष्टि को हमें समझकर नई पीढ़ी को इससे जोड़ना होगा।

### समापन

व्याख्यान माला के अंत में न्यास के सहयोगी, महाराजपुर महाविद्यालय के जनभागीदारी के अध्यक्ष श्री नीरज भार्गव ने सभी अतिथियों, श्रोताओं, मीडिया बंधुओं और कार्यकर्ताओं का आभार प्रदर्शन किया। अंत में वंदे मातरम् गीत के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



दीप प्रज्ज्वलन करते मुख्य वक्ता डॉ. श्रेयांश द्विवेदी जी, दयानिधि उरमलिया जी, जनअभियान परिषद के श्री मनीष शर्मा जी हनुमान टौरिया समिति के सचिव श्री नीरज भार्गव, पं. गणेश प्रसाद सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी एवं डॉ. विनोद रावत जी






मंचासीन अतिथियों का स्वागत करते श्री प्रखर भट्ट, श्री नीरज भार्गव



उपस्थित विद्वत जन एवं मातृशक्ति बहिनें

## कार्यक्रम : एक पात्रीय नाट्य मंचन (श्रीराम)

**दिनांक : 11 जनवरी, 2025 ( शनिवार )**
**कार्यक्रम स्थल : टाउन हॉल, सिमरिया चौराहा, सतना, ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा दो दिवसीय एक पात्रीय नाट्य मंचन पुणे से आए हुए विश्व विख्यात श्री दामोदर रामदासी जी द्वारा टाउन हॉल में आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश ताम्रकार जी, विशिष्ट अतिथि उत्तम बनर्जी जी (प्रांत कार्यवाह महाकौशल प्रांत), भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सतीश शर्मा, श्री मणिकांत माहेश्वरी (संयोजक हिंदू पर्व समन्वय समिति), श्री शंकर लाल तिवारी (पूर्व विधायक), श्री राजेश चतुर्वेदी पालन (स्पीकर नगर निगम) श्री अनंत सोनी (चेयरमैन, ए.के.एस. यूनिवर्सिटी) श्री सतीश सूखेजा (अध्यक्ष, विंध्य चैंवर) ने सर्वप्रथम भारत माता एवं सेवा न्यास के प्रेरणा स्त्रोत एवं मार्गदर्शक परम पूज्य दद्दा जी एवं बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तदुपरांत कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हुआ।

अयोध्या में श्री रामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष 11 जनवरी को विक्रम संवत के अनुसार वर्षगांठ के शुभ अवसर पर शनिवार को ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रभु श्री रामचंद्र जी के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की कथा को श्री दामोदर रामदासी पुणे द्वारा प्रदर्शित किया गया। जिसमें प्रभु श्री राम के जन्म की कथा, भगवान के वनवास, सीता हरण, माता शबरी की भक्ति भाव की कथा, भगवान श्री राम राज्याभिषेक की कथा को श्रवण कर उपस्थित धर्म स्वावलंबी जन समुदाय भाव विभोर हो गए और जय जय श्रीराम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमन हो गया।

डॉ. राकेश मिश्र ने कहा कि हमारे भारत की सबसे पुरानी विधा है जिसमें एक व्यक्ति के द्वारा पूरा नाटक मंचन किया जाता है। पुणे से पधारे श्री दामोदर रामदासी जी के द्वारा विगत 14 वर्षों से विभिन्न महापुरुषों के जीवन परआधारित 414 नाट्य मंचन किया जा रहा है।

### "डॉ. राकेश मिश्र जी कर रहे सांस्कृतिक जनजागरण का प्रचार प्रसार : श्री उत्तम बनर्जी"

श्री उत्तम बनर्जी प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कहा कि सतना नगर का यह पहला नाट्य मंचन है जिसमें प्रभु श्री राम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक की कथा को नाट्य मंचन किया जा रहा है। राकेश जी सांस्कृतिक जागरण का अभिनव कार्य कर रहे हैं। पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की पूरी टीम बधाई के पात्र हैं।

## “प्रभु श्रीराम के चरित्र को अपने जीवन में उतारें : श्री योगेश ताम्रकार”

महापौर श्री योगेश ताम्रकार ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र का अपने जीवन में अनुसरण कर हम अपने जीवन को सफल बनाएं। डॉ. राकेश मिश्र जी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा यह आयोजन बहुत ही सराहनीय आयोजन है। युवाओं का अनुसरण करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का सहयोग करना चाहिए।





*एक पात्रीय नाट्य मंचन देश के सुप्रसिद्ध नाट्य का शुभारंभ करते हुये,*
*श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), श्री उत्तम बनर्जी (महाकोशल प्रांत कार्यवाह),*
*श्री शंकर लाल तिवारी (पूर्व विधायक) श्री अनंत सोनी (चेयरमैन, ए.के.एस. यूनिवर्सिटी),*
*डॉ. मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास।*





*प्रभु श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में कैसे उतारें का विहंगम दृश्य?*






*एक पात्रीय नाट्य को देखने के लिए दर्शक गणों से खचाखच भरा टाउन हॉल*

## कार्यक्रम : एक पात्रीय नाट्य मंचन (योद्धा सन्यासी)

**दिनांक : 12 जनवरी, 2025 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : टाउन हॉल, सिमरिया चौराहा, सतना, ( म.प्र. )**

### "महाकुंभ शिविर में पधारने का दिया आमंत्रण : डॉ. राकेश मिश्र"

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा एक पात्रीय नाट्य मंचन देश के सुप्रसिद्ध नाट्य कलाकार श्री दामोदर रामदासी जी पुणे द्वारा आयोजन टाउन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती प्रतिमा बागरी (राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन), श्री गणेश सिंह (सांसद), श्री योगेश ताम्रकार (महापौर), श्री उत्तम बनर्जी (महाकोशल प्रांत कार्यवाह), श्री पीयूष दास जी महराज।



*देश के सुप्रसिद्ध नाट्य कलाकार श्री दामोदर रामदासी जी (पुणे) द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चरित्र को अपने जीवन में कैसे उतारें?*



## कार्यक्रम : प्रयागराज महाकुंभ शुभारंभ (श्रीमद्भागवत कथा)

**दिनांक : 13 जनवरी, 2025 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड,**
**महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा, श्री राम कथा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ आज सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र, श्रीमती प्रमिला मिश्रा एवं संकल्प मिश्र जी ने **सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयः** के उद्देश्य से भगवान की प्रतिष्ठा की। सभी के निरोगी व सुखी जीवन के लिए गंगा मैया से प्रार्थना की।




### "तीर्थ क्षेत्र में किया गया पुण्य, जप, हवन करने से करोड़ों गुना पुण्य की प्राप्ति होती है : शंकर्षणाचार्य जी महाराज ( भीमकुंड धाम )"

श्रद्धेय शंकर्षणचार्य जी महाराज भीमकुंड धाम ने कहा कि तीर्थ क्षेत्र में किया गया पुण्य, जप, हवन करने से करोड़ों गुना पुण्य की प्राप्ति होती है। डॉ. राकेश मिश्र, श्रीमती प्रमिला मिश्रा, संकल्प मिश्र ने नवग्रह पूजा पाठ के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा की। पूजा पाठ के उपरांत शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में माताएं बहनें अपने सिर पर कलश रखकर संगम तट के विभिन्न मांगों से होते हुए पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास शिविर में शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

### "पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी व शांति मिश्रा जी का जीवन प्रेरणादायी : पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी"

सेवा न्यास द्वारा पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में महाकुम्भ मेला प्रयागराज में न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी के सानिध्य में श्रीश्री 1008 स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज, भीमकुंड धाम जिला छतरपुर(मध्य प्रदेश) के पावन सानिध्य में माघ माहात्म्य कथा,श्रीमद्भागवत कथा, श्रीराम कथा, श्री अष्टोत्तर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रवक्ता पं.

राहुल कृष्ण शास्त्री जी द्वारा किया जा रहा है।यह वृहद संयोग है कि यह 144 वर्षो में होने बाला विशेष नक्षत्र में हो रहा है।

प्रयागराज महाकुम्भ में आए हुए श्रद्धालुओं के रुकने, भोजन आदि की भव्य-दिव्य व्यवस्था न्यास की ओर से की गई है। पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी ने बताते हुये कहा कि पूज्य दद्दा जी ने अपने पौत्र का नाम संकल्प रखा था और संकल्प के नामकरण के दिन से सदा धार्मिक आयोजन व समाज सेवा का संकल्प किया था। जो निरंतर भव्य रूप में चल रहा है।

**"पूज्य दद्दा बाई के आशीर्वाद से अनवरत आयोजन किये जा रहे है।" स्वामी जी**

श्रीश्री 1008 श्री स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज भीमकुंड धाम छतरपुर के पावन सानिध्य में माघ महात्म्य कथा, श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, अष्टोत्तर श्रीमद्भागवत कथा होगी। प्रवक्ता श्री राहुल कृष्ण महाराज वृंदावन के मुखारविंद से शिविर में प्रमुख रूप से पूरे देश भर के साधु संतों की उपस्थिति में प्रथम दिवस पूजन पाठ हवन के उपरांत विशाल शोभायात्रा निकालकर सनातन धर्म की रक्षा के लिए पुण्य सलिला संगम तट पर गंगा यमुना सरस्वती मैया के पूजन दर्शन आरती कर परम पूज्य दद्दा जी एवं बाई के चित्र को संस्कृत विद्यालय भीमकुंड को समर्पित किया गया।




*पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा। श्रद्धेय शंकर्षणचार्य जी महाराज भीमकुंड धाम,पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी को न्यास के अध्यक्ष, डॉ. राकेश मिश्र, श्रीमती प्रमिला मिश्रा एवं संकल्प मिश्र जी ने चित्र भेंट कर शुभारंभ किया।*

*भोजन भंडारे का दृश्य प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हुये*



## कार्यक्रम : श्रीमद्भागवत कथा का समापन व पूर्णाहुति

**दिनांक : 20 जनवरी, 2025 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर न.-5, खाक चौक,**
**ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

"पं. गणेश प्रसाद मिश्र महाकुंभ शिविर में श्रीमद्भागवत महापुराण की पूर्णाहुति में साधु संतों का जन सैलाब"

"महाकुंभ में स्नान मात्र से ही समस्त देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है : शंकर्षणचार्य जी महाराज भीमकुंड धाम"

"भंडारा प्रसाद में साधु संतों ने ग्रहण किया भोग प्रसाद"

"बुंदेलखंड एवं विंध्य क्षेत्र के श्रद्धालु ले रहे हैं शिविर में आश्रय"

डॉ. राकेश मिश्र, ने कहा कि प्रयागराज में चल रही कथाओं में से आज श्रीमद्भागवत कथा का समापन व पूर्णाहुति में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के शिविर में भक्तों का ताँता लगा हुआ है। इस दौरान साधु संतों व भक्तजनों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

महाकुंभ में स्नान मात्र से ही समस्त देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है : ज्यादा से ज्यादा लोग मेला में पधारें




*भोजन भंडारा प्रसाद ग्रहण करते तीर्थयात्री*




*पं. गणेश प्रसाद मिश्र महाकुंभ शिविर में यजमानो द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण की पूर्णाहुति एवं प्रसाद ग्रहण।*

## कार्यक्रम : 76वां गणतंत्र महोत्सव सतना

**दिनांक : 26 जनवरी, 2025 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : "नेह निकुंज" बम्हनगवां, रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास मुख्यालय "नेह निकुंज" बम्हनगवां रीवा रोड, सतना (म.प्र.) में हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी 76वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर ध्वजारोहण किया गया है।

झंडा वंदन करते हुए सेवा न्यास के समस्त कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान ध्वज वंदन, वंदे मातरम, भारत माता की जय के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजय मान हो गया। सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ध्वजारोहण में लाइव जुड़कर गणतंत्र दिवस की नगर वासियों को शुभकामनाएं दी।

सेवा न्यास के प्रचार प्रमुख श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने अपने उद्बोधन में कहा कि

हम लाए हैं तूफान से किस्ती निकालकर... इस देश को रखना मेरे बच्चों संभाल कर... आगे उन्होंने कहा कि हमारे देश के संविधान को आज ही के दिन लागू किया गया था। हम सब नागरिकों का दायित्व है कि अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें और देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कार्य करें।


*न्यास मुख्यालय नेह निकुंज में कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण किया गया व नागरिक कर्तव्यों को स्मरण कराया।*

सेवा न्यास की महिला प्रमुख श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस देश पर नागरिकों को समर्पित किया गया था। संविधान सभी की भलाई के लिए सरकार और नागरिकों के मौलिक अधिकार बुनियादी नियम ढांचा, शक्तियां और जिम्मेवारियां तय करता है।

ध्वजारोहण के उपरांत मिष्ठान वितरण किया गया और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती मनीषा सिंह,श्रीमती वंदना अभिमन्यु

बागरी, श्रीमती शीलम सैनी, श्रीमती कीर्ति रतवानी, सेवा न्यास के कार्यालय प्रमुख श्री विजय सिंह पटेल, श्री नितिन मिश्रा, श्री करुणेश अनुरागी, श्री अनिल द्विवेदी सेवा न्यास के प्रचार प्रमुख श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय संविधान में नागरिकों के मूल कर्तव्य

**भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि**

(1) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे।

(2) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले, उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे।

(3) भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करें और उसे अक्षुण्ण रखें।

(4) देश की रक्षा करें और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे।

(5) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध है।

(6) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे।

(7) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखे।

(8) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे।

(9) सार्वजनिक संपति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे।

(10) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊंचाइयों को छू ले।

(11) यदि माता-पिता या संरक्षक हैं, छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करें।

## कार्यक्रम : 76वां गणतंत्र महोत्सव धवर्रा

**दिनांक : 26 जनवरी, 2025 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा, ( नौगांव ) महोबा ( उ.प्र. )**

**"76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा में धूमधाम से फहराया गया तिरंगा!"**

खिलाड़ियों की ओर से स्टेट खिलाड़ी श्री राम रिछारिया के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित किया गया! सभी ग्राम वासियों को संविधान में वर्णित नागरिक कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई गई।

आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे श्री रिंकू राजा, श्री राहुल दुबे, श्री जयप्रकाश द्विवेदी, श्री मृदुल खरे, श्री मनोज तिवारी, श्री हैप्पी राजा, श्री कान्हा, श्री प्रिंस, श्री राकेश राजपूत, श्री कालीचरण कुशवाहा, श्री राजकुमार राजपूत, श्री नंदराम राजपूत, श्री नारायण दास अनुरागी, श्री देवेंद्र कुशवाहा, श्री विजेंद्र राजपूत, श्री राजू कुशवाहा, श्री राकेश कुशवाहा, श्री पिट्टू कुशवाहा, आदि न्यास के कार्यकर्ता एवं सम्माननीय ग्रामवासी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात सभी उपस्थित ग्राम वासियों ने पं. श्री गणेश प्रसाद मिश्र जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात न्यास के कार्यकर्ता रिंकू राजा के द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया। इसके उपरांत पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा मिष्ठान का वितरण करवाया!

**॥ जय हिंद जय भारत॥**



*पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा में ग्रामीणों द्वारा ध्वजारोहण किया गया व पूज्य दद्दा जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।*



*पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा में ग्रामीणो द्वारा ध्वजारोहण व नागरिक कर्तव्यों के पालन की शपथ ली गई।*

## कार्यक्रम : सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार (बसंत पंचमी)

**दिनांक : 3 फरवरी, 2025, सोमवार**
**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड,**
**महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ के पावन अवसर पर तीर्थराज प्रयागराज में 13 जनवरी से आरंभ हुए धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में 03 फरवरी सोमवार को बसंत पंचमी के अवसर पर समूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वैदिक रीति रिवाज से लगभग दर्जन भर नवबटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। यह सामूहिक आयोजन लोगों में अपनी संस्कृति एवं संस्कार के संवर्धन के लिए जागृति पैदा कर रहा है। श्रीश्री 1008 स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज भीमकुंड धाम, छत्तरपुर (म.प्र.) के सान्निध्य में महाकुंभ शिविर आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बना हुआ है। साथ ही 04 फरवरी से 10 फरवरी तक अष्टोत्तरसत श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इसमें 108 पंडितों द्वारा अष्टोत्तर शत श्रीमद भागवत मूल पाठ किया जाएगा। 108 यजमान द्वारा मूल भागवत की पूजा की जाएगी। कथावाचक पं. श्री राहुल कृष्ण महाराज जी के द्वारा कथा का प्रवचन होगा। इन आयोजनों को लेकर श्रद्धालुओं ने सेवा न्यास एवं उसके अध्यक्ष शिक्षाविद व समाजसेवी डॉ. राकेश मिश्र के प्रति आभार जताया है।

### "सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार से संस्कारों का संवर्धन : डॉ. राकेश मिश्र"

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार में संस्कारित हुए नव बटुकों को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि न्यास गत कई वर्षों से सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम का आयोजन करता रहा है। ऐसे आयोजनों से संस्कारों का संवर्धन होता है। डॉ. मिश्र ने बताया कि महाकुंभ के अवसर पर 13 जनवरी से ही कथाओं का आयोजन किया जा रहा है। 04 फरवरी से 10 फरवरी तक अष्टोत्तरसत श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होगा। इससे पूर्व 13 से 20 जनवरी तक श्रीमद भागवद कथा, फिर 22 जनवरी से 27 जनवरी तक श्री मद भागवत कथा का दूसरा चरण और 28 जनवरी से 03 फरवरी तक श्रीराम कथा का आयोजन किया गया।

### “देश के विभिन्न क्षेत्रों से न्यास के शिविर में आ रहे हैं श्रद्धालु : स्वामी शंकर्षणाचार्य जी”

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास विगत आठ वर्षों से प्रयागराज में संगम तट पर माघ मेला एवं अर्द्धकुंभ में कल्पवासियों के लिए शिविर का आयोजन करता रहा है। इस महाकुंभ में भी न्यास की ओर से लगाया गया शिविर अध्यात्म का केंद्र बना हुआ है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन शिविर में आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, बिहार, झारखंड व बंगाल समेत कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने शिविर में आश्रय लेने के साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों एवं प्रवचन के माध्यम से पुण्य लाभ अर्जित किया। शिविर में 26 फरवरी, 2025 तक आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।









*नव बटुकों द्वारा यज्ञ एवं जनेऊ संस्कार में प्रसन्नचित्त संस्कृत पाठशाला के विद्यार्थी*

## कार्यक्रम : सरस्वती पूजन समारोह

**दिनांक : 3 फरवरी, 2025 ( सोमवार )**

**कार्यक्रम स्थल : "नेह निकुंज" बम्हनगवां रीवा रोड, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के मुख्यालय, सतना (म.प्र.) में विद्या और ज्ञान की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। शास्त्रीय विधि से पूजन के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती सभी को अपना आशीर्वाद प्रदान करते हुए सभी के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करें।

### इनकी रही उपस्थिति :

श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती मधु वाल्मीकि, श्री विजय पटेल, श्री नितिन मिश्रा, श्री करूणेश अनुरागी सहित बड़ी संख्या में सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







*माता सरस्वती की पूजा अर्चना करते सेवा न्यास के कार्यकर्ता श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती सीलम सैनी, श्रीमती मधु वाल्मीकि, श्री विजय पटेल, श्री नितिन मिश्रा व श्री करूणेश अनुरागी*

## कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (प्रथम दिवस)

**दिनांक : 04 फरवरी, 2025 ( मंगलवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज**

प्रयागराज महाकुंभ के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के शिविर में 108 भागवत कथाओं का शुभारंभ हुआ। पं. राहुल शास्त्री के मुखारबिंद से पूजन हुआ। गंगाजी तक कलश यात्रा धूमधाम से हुई। इस कलश यात्रा में पूरे देश भर के एक सौ आठ यजमानों ने सिर पर पोथी रखी एवं महिलाओं ने मंगल कलश स्थापित कर शिविर स्थल से संगम तट पर शोभा यात्रा निकाली। स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज की प्रेरणा से चलने वाली इस 108 श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ हुई। प्रथम दिन डॉ. राकेश मिश्र एवं श्रीमती प्रमिला मिश्रा ने मुख्य यजमान के रूप में पूजा की एवं संकल्प ग्रहण किया।




इस कथा के श्रवण में जहाँ देश भर के यजमानों उपस्थित हुए, वहीं पर प्रयागराज शहर के पूर्व विधायक श्री उदयभान करवरिया, महापौर श्री गणेश केसरवानी, श्री हर्ष वाजपेयी, (विधायक उत्तरी) श्री दीपक पटेल (विधायक,फूलपुर), श्री गुरु प्रसाद मौर्या (विधायक फाफामऊ),श्री दिलीप चौरसिया, श्री पुष्पराज पटेल, श्री विवेक स्वरूप, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।






*पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी एवं 108 पंडितों द्वारा पूजन कराते यजमान*




एक सौ आठ यजमानों द्वारा सिर पर पोथी रखी एवं महिलाओं द्वारा
मंगल कलश स्थापित कर शिविर स्थल से संगम तट तक शोभा यात्रा निकली गई।



## कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (द्वितीय दिवस)

**दिनांक : 05 फरवरी, 2025 ( बुधवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज**


पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के शिविर, महाकुंभ प्रयागराज में अष्टोत्तर श्रीमद्भागवत कथा (द्वितीय दिवस) का सीधा प्रसारण किया गया। प्रयागराज में त्रिवेणी संगम तट पर आज 5 फरवरी, 2025 (बुधवार) को बहुत ही सुंदर दृश्य रहा। हल्की ठंडक के बीच प्रात: 5:00 बजे से तीर्थ यात्री स्नान करने के लिए गये।

पूज्य स्वामी संकर्षणाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में लगभग 1000 से अधिक तीर्थ यात्री निवास कर रहे थे। हर दिन नए लोगों का आना और कुछ पुराने का चले जाना यही क्रम निरंतर जारी रहा। सभी लोग श्रद्धा भाव से अलग-अलग साधनों से पहुंच रहे हैं। सबके मन में हर हर गंगे-जय मां गंगे का भाव चल रहा है। प्रशासन ने और उत्तर प्रदेश सरकार ने यहां बहुत अच्छी व्यवस्थाएं थी। सभी जगह महाकुंभ मेला परिसर तक वाहनों का चलना जारी है। किसी भी तरह की अफवाहों में ना आएँ। आपसे अनुरोध है कि एक बार त्रिवेणी संगम में आकर के यहाँ स्नान करें।

हमारे शिविर में प्रात: 5:00 बजे से गतिविधियां शुरू हो जाती है। सवेरे 8:00 बजे माघ महात्म्य कथा, 9:00 बजे श्रीमद्भागवत कथा का मूल पाठ एवं लक्ष्मी नारायण यज्ञ, तत्पश्चात एक बजे भोजन भंडारा एवं दोपहर 2:00 बजे से श्रीमद्भागवत कथा का कार्यक्रम निरंतर जारी है।

पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी के यूट्यूब चैनल पर एवं हमारे सेवा न्यास की फेसबुक पर सीधा प्रसारण देख सकते हैं।



*श्रीमद्भागवत कथा का मूल पाठ करते पंडित गण*





*108 यजमानों की पूजा संकल्प एवं मंचासीन पं. राहुल शास्त्री*

## कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (तृतीय दिवस)

**दिनांक : 06 फरवरी, 2025 ( गुरुवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के शिविर, महाकुंभ प्रयागराज में अष्टोत्तर श्रीमद्भागवत कथा का द्वितीय दिवस की कथा सीधा प्रसारण 2:00 बजे से हुआ। प्रयागराज में त्रिवेणी संगम तट पर आज 6 फरवरी, 2025 (गुरुवार) को बहुत ही सुंदर दृश्य है। हल्की ठंडक के बीच प्रात: 5:00 बजे से तीर्थ यात्री स्नान करने के लिए जा रहे हैं।




पूज्य स्वामी संकर्षणाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में यहां लगभग 2000 से अधिक तीर्थ यात्री निवास कर रहे थे। हर दिन नए लोगों का आना और कुछ पुराने का चले जाना यही क्रम निरंतर पिछले 23 दिनों से चल रहा है। सभी लोग श्रद्धा भाव से अलग-अलग साधनों से पहुंच रहे हैं। सबके मन में हर हर गंगे-जय मां गंगे का भाव चल रहा है। प्रशासन ने और उत्तर प्रदेश सरकार ने यहां बहुत अच्छी व्यवस्थाएं की हैं। सभी जगह महाकुंभ मेला परिसर तक वाहनों का चलना जारी है। किसी भी तरह की अफवाहों में ना आएँ।

हमारे शिविर में प्रात: 5:00 बजे से गतिविधियां शुरू हो जाती रही। सवेरे 8:00 बजे माघ महात्म्य कथा, 9:00 बजे श्रीमद्भागवत कथा का मूल पाठ एवं लक्ष्मी नारायण यज्ञ, तत्पश्चात एक बजे भोजन भंडारा एवं दोपहर 2:00 बजे से श्रीमद्भागवत कथा का कार्यक्रम निरंतर जारी रहा।

पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी के यूट्यूब चैनल पर एवं हमारे सेवा न्यास की फेसबुक पर सीधा प्रसारण देख सकते हैं।



*अपने पूर्वजों की स्मृति में भागवत कथा करते श्रद्धालु यजमान*



## कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (चतुर्थ दिवस)

**दिनांक : 07 फरवरी, 2025 ( शुक्रवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज**

महीने भर से अधिक दिनों से तीर्थराज प्रयाग में महाकुंभ का आयोजन चल रहा है जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पहुंचकर धर्म लाभ ले रहे हैं। इस बीच पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास, सतना के द्वारा विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ के पावन अवसर पर प्रयागराज में कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।




पिछले 25 दिनों से पंडाल में सत्संग का दौर चल रहा है। दिनांक 04 फरवरी से 10 फरवरी तक अष्टोत्तरसत श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार उमड़ रही है। कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथावाचक पं. श्री राहुल कृष्ण महाराज जी की कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा रसपान किया।

### "पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास शिविर में कार्यों को देखकर अभिभूत हूँ : डॉ. रामविलास वेदांती जी"

संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में डॉ. रामविलास वेदांती जी महाराज पधारे। उनका अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। सेवा न्यास के कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उन्होने कहा कि दद्दाजी महान व्यक्ति थे और उनकी परिवार टोली बहुत बढ़िया काम कर रही है। सभी लोग बधाई के पात्र हैं।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि महाकुंभ के अवसर पर 13 जनवरी से धार्मिक सत्संग आदि का आयोजन शुरू हुआ है जो शिवरात्रि तक चलेगा। इसके साथ ही भक्तों के लिए खास बात ये है कि पहले 13 जनवरी से 12 फरवरी तक शिविर का कार्यक्रम था, लेकिन अब यह कार्यक्रम 26 फरवरी तक चलेगा। बता दें कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास विगत आठ वर्षों से प्रयागराज में संगम तट पर माघ मेला एवं अर्द्धकुंभ में कल्पवासियों के लिए व्यवस्थाएं

करता रहा है। इस महाकुंभ में भी बुंदेलखंड एवं विंध्य क्षेत्र के हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन शिविर में आ रहे हैं। उनके भोजन एवं विश्राम की नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। पं. श्रीश्री 1008 स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज भीमकुंड धाम, छत्तरपुर के सानिध्य में महाकुंभ शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें श्रद्धालु धर्मलाभ ले रहे हैं।

### सत्संग पंडाल में हर दिन हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम :

कथा सत्संग पंडाल में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहे हैं। शुक्रवार को मशहूर भजन गायक श्री संदीप द्विवेदी जी की भजन संध्या हुई और उसमें सचित्र जीवन्त झांकियों को दर्शाया गया। स्वामी जी महाराज ने कहा है कि संगीतमय प्रस्तुतियों से संजय वर्मा (फिल्म कलाकार मुंबई) सबका मन मोह रहे हैं। बड़ी संख्या में महिलााएं, बुजुर्ग सहित सभी श्रद्धालु इन कार्यक्रमों का भरपूर लाभ उठा रहे हैं।

### इनकी रही उपस्थिति :

इस कथा के श्रवण में जहाँ देश भर के यजमान व परिवार सहित लोग उपस्थित हुए। डॉ. भागवत् पांडेय, श्री संदीप द्विवेदी, श्री मयंक दुबे, श्री गणेश श्रीवास्तव, श्री ज्ञानेश्वर शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।



*आरती करते श्रद्धालु गण एवं कथा श्रवण*

## कार्यक्रम : भजन संध्या एवं मनमोहक जीवंत प्रस्तुतियाँ

**दिनांक : 07 फरवरी, 2025 ( शुक्रवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर नं.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड,**
**महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

प्रयागराज महाकुंभ मेला में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा भजन संध्या एवं मनमोहक जीवंत प्रस्तुतियों का आयोजन सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री संदीप द्विवेदी जी (प्रयागराज) ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। डॉ. राकेश मिश्र जी एवं स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज ने उनका अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। आज की प्रस्तुतियों में श्री हनुमान जी महाराज का नृत्य, हृदय में राम सिया, काली मां द्वारा अद्भुत आरती, राधा कृष्ण का नृत्य सहित अन्य झांकियों से आबाल, वृद्ध एवं साधु सन्यासियों का मां मोह लिया।




सभी कलाकारों का अंगवस्त्र, थैला, चित्र भेंटकर श्री संजीव कुमार जी ने आभार व्यक्त किया।







*श्री हनुमान जी एवं कालीमाँ की प्रस्तुतियाँ*

## कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (पंचम दिवस)

**दिनांक : 08 फरवरी, 2025 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज**

प्रयागराज महाकुंभ में जया एकादशी की पावन तिथि के अवसर पर अष्टोत्तर श्रीमद्भागवत (108) कथा का पाठ चल रहा है। पंचम दिन (08.02.2025) की इस कथा में पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी ने सभी यजमानों से पोथी का पूजन कराया। तत्पश्चात आज के दिन के लिए श्रीमद्भागवत का सस्वर वाचन हुआ।

प्रयागराज में बहुत अधिक भीड़ एवं सनातनियों की बढ़ती हुई संख्या देखते हुए यहां चारों तरफ बहुत ही मधुर वातावरण रहा।

एकादशी के फलाहार एवं भंडारे का आयोजन किया गया। हर दिन की भांति आज लगभग 1000 नए तीर्थ यात्री आए हैं। शनिवार रविवार होने से और भी संख्या बढ़ी रही। दोपहर को संगीत मय कथा हुई।




*श्रीमद्भागवत (108) कथा का पाठ करते पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी।*





नित्य हवन करते यजमानगण



श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करते
यजमान एवं तीर्थ यात्री



श्रीमद्भागवत भागवत (108)
कथा का पाठ करते पंडित जी

## कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (षष्टम् दिवस)

**दिनांक : 09 फरवरी, 2025 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

प्रयागराज महाकुंभ में माघ शुक्ल द्वादशी की पावन तिथि के अवसर पर अष्टोत्तर श्रीमद्भागवत (108) कथा का पाठ जारी रहा। षष्टम् दिन (09.02.2025) के इस कथा में पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी ने सभी यजमानों से पोथी का पूजन कराया। तत्पश्चात 2.30 बजे से श्रीमद्भागवत का सस्वर वाचन हुआ।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के पंडाल में आप सबका हृदय से स्वागत है।

आपके सबके लिए आज भंडारे का आयोजन किया गया। हर दिन की भांति आज लगभग 1000 नए तीर्थ यात्री आए। रविवार होने से और भी संख्या काफी बढ़ गई।



*श्रीमद्भागवत (108) कथा का पाठ करते पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी*






*श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करते यजमान एवं तीर्थ यात्री*

## कार्यक्रम : भजन संध्या एवं संगीतमय सजीव झांकियाँ

**दिनांक : 09 फरवरी, 2025 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड,**
**महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

महाकुंभ के अवसर पर पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के तत्वाधान में रविवार को मशहूर भजन सम्राट श्री गणेश श्रीवास्तव जी द्वारा भजन संध्या एवं संगीतमय सजीव झांकियाँ रखी गई। गणेश जी हर वर्ष सेवा न्यास पंडाल में अपनी प्रस्तुतियाँ देते हैं। राधा कृष्ण रासलीला एवं फूलों की होली के प्रसंग पर क्षेत्र भर के तीर्थयात्रियों ने नृत्य किया। हनुमान जी नृत्य, गोपियों का नृत्य, गणेश वंदना, गंगा आरती की मनमोहक झांकियों से जनता, जनार्दन का मन मोह लिया।








*श्री राधा कृष्ण नृत्य, फूलों की होली, रासलीला*



*मयूर नृत्य करते राधा कृष्ण एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ता मंत्र मुग्ध हैं।*

## कार्यक्रम : पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं श्रीमती शांति मिश्रा जी की पुण्य स्मृति में अष्टोत्तरसत् श्रीमद्भागवद् कथा (सप्तम दिवस)

**दिनांक : 10 फरवरी, 2025 ( सोमवार )**
**कार्यक्रम स्थल : सेक्टर न.-5, खाक चौक, ओल्ड जी.टी. रोड, महाकुंभ मेला परिसर, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

प्रयागराज महाकुंभ में प्रदोष की पावन तिथि के अवसर पर अष्टोत्तर श्रीमद्भागवत (108) कथा का पाठ चल रहा है। सप्तम् दिन (10.02.2025) की इस कथा में पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी ने सभी यजमानों से पोथी का पूजन कराया। तत्पश्चात आज के दिन के लिए प्रातः 9 बजे से श्रीमद्भागवत का सस्वर वाचन हुआ।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का शिविर 26 फरवरी, 2025 (महाशिवरात्रि) तक चलाने का निर्णय हुआ। आज पूर्णाहुति, हवन एवं भंडारे के साथ अष्टोत्तर श्रीमद्भागवद् गीता ज्ञान यज्ञ को विराम हुआ।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने सहयोग के लिए सभी का आभार जताया।




*श्रीमद्भागवत (108) कथा का पाठ करते पं. राहुल कृष्ण शास्त्री जी (भीमकुंड)*

## कार्यक्रम : महाशिवरात्रि महोत्सव

**दिनांक : 26 फरवरी, 2025 ( बुधवार )**
**कार्यक्रम स्थल : : नीलकंठ धाम, धवर्रा ( नौगाँव ),जिला-महोबा- 471201 ( उ.प्र. )**

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर धवर्रा के नीलकंठ धाम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भोलेनाथ का जलाभिषेक किया, दोपहर 3:00 बजे महा रुद्राभिषेक किया, जिसे पं. रमाकांत पटैरिया जी एवं तीन अन्य पंडितों के सानिध्य में विधि विधान से शंकर जी की पूजा की गई। तत्पश्चात सायं 5:00 बजे क्षेत्र के कल्याण के लिए भगवान भोलेनाथ के सहस्त्र धारा जल से स्नान कराया गया। जिसे हज़ारा भी कहते हैं। यह हजारा भरना बुंदेलखंड में एक महत्त्वपूर्ण बात माना गया है। कहते हैं कि जब हज़ारा भरता ता है तो वहां सूखा नहीं पड़ता है और हम पिछले तीन वर्षों से देख रहे हैं कि यह ऐसा ही हुआ है।




शिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ एवं मां पार्वती के स्वरूप सजाकर परिवार के सब जन इकट्ठे हुए। गांव वालों के साथ पूरे गांव में भगवान शिव की बारात निकाली गई। बग्घी गाड़ी में स्वरूपों को बिठाया और ढोल नगाड़ों के बीच में पूरे गांव के शिवालियों से होते हुए सभी लोग मंदिर पहुंचे।


भगवान भोलेनाथ का विवाह संपन्न हुआ और तत्पश्चात ग्रामीण जनों के साथ भोजन भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई। यह कार्यक्रम बहुत ही अच्छी तैयारी के साथ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में माता बहनों ने हिस्सा लिया।





महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करते न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र





शिव-पार्वती बारात ग्राम भ्रमण करते हुए



नीलकंठ धाम में हजारा भरकर भोलेनाथ को प्रसन्न करता मिश्र परिवार

## कार्यक्रम : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**दिनांक : 08 मार्च, 2025 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना ( म.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक दिवसीय सर्वाइकल कैंसर जन जागरूकता अभियान शासकीय स्वशासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रीवा रोड में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम सर्वाइकल कैंसर जन जागरूकता कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. श्रीमती मनीषा अग्रवाल (वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, एम.पी. बिड़ला हॉस्पिटल, सतना), कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. एस.सी. राय (प्राचार्य) शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती नंदिता पाठक वरिष्ठ समाजसेविका ने माता सरस्वती व सेवा न्यास के मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत परम पूज्य दद्दा जी एवं बाई के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की और विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। श्री मती मनीषा सिंह ने कार्यक्रम का प्रास्ताविक भाषण देते हुये सेवा न्यास की गतिविधियों का विवरण दिया और बताया कि यह संगठन महिलाओं के हित के लिए हमेंशा काम करता है।

### सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में 40 वर्ष की उम्र पार करने के बाद दिखते हैं लक्षण : डॉ. मनीषा अग्रवाल

मुख्य वक्ता डॉ. श्रीमती मनीषा अग्रवाल (वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ, एम.पी. बिड़ला हॉस्पिटल ने कहा कि 40 वर्ष की उम्र पार करने के बाद अधिकांश महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर, गर्भाशय में गांठ के लक्षण प्रकट होते हैं। हमारी माताएं बहिनें सामाजिक, पारिवारिक लोक लज्जा के कारण सर्वाइकल कैंसर के लक्षणों को प्रगट नहीं करतीं हैं। जिसके कारण एक न एक दिन यह विकराल रूप धारण कर लेती है।

हमारी माता बहिनों को चाहिए कि लोक लज्जा को छोड़कर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत ही विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क करें और अपना समुचित इलाज कराए। हारमोंस संतुलन के कारण अनियमित पीरियड से प्रभावित बहनों को चाहिए कि उचित परामर्श लेकर भविष्य में होने वाली समस्याओं से बच सकती हैं।

सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला मध्य प्रदेश देश में 15वें नंबर पर है इसलिए सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग नियमित रूप से अवश्य करवाना चाहिए। डॉ. मनीषा अग्रवाल ने छात्राओं को कैंसर से बचाव व कैंसर को कैसे पहचानें? इसकी जानकारी दी।

छात्राओं ने डॉ. मनीषा अग्रवाल जी से महिलाओं में होने वाली बीमारियों के बारे में प्रश्नोत्तर किए।

## सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का सराहनीय कार्य : प्रो. एस.सी. राय ( प्राचार्य )

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा जन जागरूकता के माध्यम से बहिनों को जागरूक करने का कार्य बहुत ही सराहनीय है। हमारी माताएं बहने समाज को नई दिशा देने का कार्य करती हैं। वह अपनी सेहत को अक्सर नजर अंदाज कर देती हैं।सेवा न्यास द्वारा किए जा रहे जागरूकता अभियान से बेहतर इलाज करवाने में मदद साबित होगी व मील का पत्थर साबित होगी।

डॉ. एस.के. राय जी ने कहा कि आज के समय में कैंसर जैसे विषय पर कॉलेज में डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा कार्यक्रम कराकर व छात्राओं को जागरूक करने का बहुत बड़ा कार्य किया है। कैंसर की जागरूकता के साथ ही कार्यक्रम खत्म होने के पश्चात पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा संचालित "चलता फिरता मुफ्त अस्पताल" द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में स्टाफ व छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

श्रीमती नंदिता पाठक जी ने कहा कि राकेश भैया द्वारा अपने माता पिता जी के नाम से किए जा रहे सारे सेवा का्रर्यक्रम सराहनीय व प्रशंसनीय हैं। इतना बड़ा कार्यक्रम करना अपने आप में बड़ी बात है। वह पेड़ लगाना, ग्रीन एंबुलेंस, स्वास्थ्य शिविर, बीज बाँटना, कपड़ा थैला के माध्यम से जनजागरण करते रहते हैं।

## इनकी रही विशेष उपस्थिति :

कार्यक्रम में महाविद्यालय की सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक छात्राएँ एवं अन्य परिवारी जन उपस्थित थे। सेवा न्यास की श्रीमति मधु वाल्मीकि, श्रीमती रश्मि सैनी, श्रीमती सीलम सैनी, श्री अनुराग तिवारी, श्री अनिल सैनी, श्री विजय सिंह पटेल सहित बड़ी संख्या में सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






*मंचासीन डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. नंदिता पाठक, प्रो. एस.सी. राय, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती अंजना तिवारी एवं प्राध्यापक*




*न्यास की महिला कार्यकर्ताओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर*
*एक दिवसीय सर्वाइकल कैंसर जन जागरूकता अभियान की पट्टियों पर उद्घोषणायें की,*
*स्वास्थ्य परीक्षण करातीं छात्रायें*



## कार्यक्रम : "भूले बिसरों का महाकुंभ मिलन" एवं सम्मान समारोह

**दिनांक : 09 मार्च, 2025 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : मेलाधिकारी कार्यालय, महाकुंभ मेला, त्रिवेणी, प्रयागराज ( उ.प्र. )**

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास सतना द्वारा आयोजित महाकुंभ परिक्षेत्र प्रयागराज में परम पूज्य श्रीश्री 1008 स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज (भीमकुंड धाम) के सानिध्य में व न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने महाकुम्भ के सफल आयोजन की व्यवस्था में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों का न्यास की ओर से मेलाधिकारी के सभागार में एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सेवा न्यास अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि सेवा न्यास के शिविर में पूरे महाकुम्भ क्षेत्र से 45 दिनों में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर संगम स्नान किया एवं अष्टोत्तर श्रीमद्भागवत कथा का रसास्वादन किया। स्वामी जी के सानिध्य व आशीर्वाद से सभी श्रद्धालुओं के आवास एवं भोजन की व्यवस्थाएँ भी अच्छी तरह से संपन्न हुईं। अनेक महानुभाव, बुजुर्ग, महिलाएँ व बच्चे भीड़ के कारण नहीं पहुँच सके हैं। अत : ऐसे श्रद्धालुओं को संगम तट पर स्नान कराने के लिए हमने एक विशेष व्यवस्था रविवार को संगम तट पर एक विशेष आयोजन किया है जिसका नाम "भूले बिसरों का महाकुंभ मिलन" रखा गया है। आज इस अवसर पर प्रातः सात बजे सतना, लखनऊ, नागपुर, महोबा, दिल्ली से वाराणसी न्यास परिवार के सदस्यो ने मोटर बोट से त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। बड़े हनुमानजी एवं अक्षयवट का दर्शन किया।

### "पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के सम्मान से अभिभूत हूँ : विजय किरण आनंद ( महाकुंभ मेलाधिकारी )"

महाकुंभ मेला कार्यालय के सभागार में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने कहा कि यह बड़ा आयोजन समाज के योगदान से ही सम्पन्न हो सका है भगवान की कृपा रही है और जनता का आशीर्वाद रहा है जिससे यह कुंभ भव्य और दिव्य हो चुका है। आज पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास जैसी संस्थाओं ने आभार व्यक्त करने के लिए यहाँ उपस्थित हुए हम उन सबके आभारी हैं क्योंकि बिना संस्थाओं के सहयोग के इतने लोगों के भोजन आदि की व्यवस्थाएं करना बहुत ही कठिन होता। सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने अपनी पूरी टीम के साथ डटकर पूरे दिनों में देश के 29 राज्यों से महिलाएँ बच्चे एवं दिव्यांगों की जो सेवा की है वह अभिनंदनीय है। ऐसे मातृ पितृ-भक्त श्रवण कुमार को मेरी अनंत बधाइयाँ एवं शुभकामनायें।

**सेवा न्यास जैसी संस्थाओं के सहयोग से महाकुम्भ ने विश्व रिकॉर्ड बनाये : हर्ष वाजपेयी ( विधायक )**

विधायक श्री हर्ष वाजपेयी ने कहा कि यह मेला मेरी विधानसभा में हुआ। जिसने अनेक विश्व रिकॉर्ड बनाकर दुनिया में भारत का नाम गौरवान्वित किया। यह सब यहाँ बैठे परिश्रमी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कारण ही संभव हो सका। मैं तहेदिल से सबका धन्यवाद करता हूँ और राकेश भैया का अभिनंदन करता हूँ कि उन्होंने महाकुंभ समाप्त होने के बाद भी यहाँ पर सभी का अभिनंदन आयोजन रखा वह निश्चित रूप से सबके लिए प्रेरणादायी है।

**"सेवा न्यास ने स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित : स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज"**

आज समारोह में सभी अधिकारियों को शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज ने सभी को प्रमाण पत्र एवं मोतियों की माला पहनाकर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों की नाम एवं काम से प्रशंसा करते हुए सभी के उन्नत जीवन की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। जिसमें ओ एस डी सुश्री आकांक्षा राणा, अपर मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद, विवेक चतुर्वेदी, संजीव ओझा, विपिन वर्मा, उप-जिलाधिकारी विवेक शुक्ला, उप-मेलाधिकारी अभिनव पाठक, श्रीमती नीलम उपाध्याय (एस डीएम), आर आई प्रेम सिंह, मनोज त्रिपाठी,अंबरीश तिवारी सहित लगभग सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, नायब तहसीलदार, लेखपाल, सफाई कर्मचारी आदि का सम्मान किया। सभी महिलाओं को साड़ी व पुरुष वर्गों के कर्मचारियों को टीशर्ट, माला, भगवान धन्वंतरि का चित्र, छल्ला व कपड़े का थैला प्रदान किये। सभी अतिथियों व कर्मचारियों को दोपहर का भोजन प्रसाद न्यास द्वारा किया गया। सभी सम्मानित सदस्यों ने आभार जताया। लगभग 350 अधिकारी कर्मचारी ) नाविक व स्वच्छ्ताकर्मी सहित) सभी को सम्मान किया व भोजन कराया गया।

कार्यक्रम का सफल संचालन स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आनंद सिंह ने स्वरचित शेर ओ शायरी से सभी का परिचय कराया। न्यास के प्रयागराज के सदस्य श्री रमेश ओझा, श्री दिलीप चौरसिया, श्री विवेक स्वरूप, श्री राजेश पाण्डे, श्री सुमित शुक्ला, डॉ. एल. एस. ओझा, डॉ. भागवत पाण्डे, श्री अतुल गुप्ता, प्रसिद्द गायक श्री गणेश श्रीवास्तव, श्री सन्दीप द्विवेदी, श्री अतुल अस्थाना, श्री सुभाष केशरवानी, श्री दीपू पांडे, श्री विजय मिश्रा, श्री असुतोष ओझा (वाराणसी) एवं सतना से श्रीमती नीलम कुशवाहा, श्रीमती सीलन सैनी, श्रीमती रश्मि सैनी व श्री अनिल सैनी आदि उपस्थित रहे।






मंचासीन श्री विजय किरण आनंद (मेलाधिकारी), सुश्री आकांक्षा राणा (IAS) ओ.एस.डी. मेला, श्री हर्ष वाजपेयी (विधायक), डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष), स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज, श्री दिलीप चौरसिया जी



श्री विवेक शुक्ला (एस.डी.एम.) का सम्मान करते स्वामी शंकर्षणाचार्य जी महाराज



अक्षय वट दर्शन करते कार्यकर्त्ता




संगम तट पर स्नान करते सेवा न्यास के कार्यकर्ता

## कार्यक्रम : चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 22 मार्च, 2025 ( शनिवार )**

**कार्यक्रम स्थल : टिकुरिया टोला की सेवा बस्ती सतना, ( म.प्र. )**

"पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर"

डॉ. राकेश मिश्र (अध्यक्ष) के मार्गदर्शन में चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल द्वारा आज स्वास्थ्य शिविर लगाकर 85 मरीजों की जाँचें की गई एवं नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

इस मौके पर सेवा न्यास के कार्यकर्ता वार्ड के पूर्व संयोजक श्री राजेंद्र मिश्रा जी, बी.एल. हाईस्कूल के संचालक श्री मोहनलाल सेन जी, श्री विमल नामदेव जी, श्रीमती मनीषा सिंह, रश्मि सैनी, दिलीप गुप्ता,राजेश त्रिपाठी, वंदना बागरी, नीलिमा गर्ग, सुशीला सिंगरौल, सरला यादव, विजय सिंह पटेल सहित सेवा न्यास के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



*स्वास्थ्य परीक्षण कराती महिलायें एवं बच्चे*



## कार्यक्रम : चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 23 मार्च, 2025 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : वार्ड क्रमांक 37 डिलौरा की सेवा बस्ती सतना,( म.प्र. )**

### "पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा वार्ड क्रमांक 37 डॉलीबाबा की सेवा बस्ती में शिविर लगाकर 40 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 36 मरीजों को दी गई मुफ्त दवाइयां"

### "मुफ्त अस्पताल योजना बहुत ही अच्छी योजना है : श्री उमेश दहिया"

### "डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा विगत कई वर्षों से की जा रही है जरूरतमंदों की सेवा: श्री विमल नामदेव"

### डॉ. राकेश मिश्र जी से आग्रह है कि यह सेवा निरंतर चलती रहे : श्री भगवानदास रामनानी

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान "चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल" आप के द्वार-आपका अस्पताल शिविर में आज रविवार को वार्ड क्रमांक 37 डॉलीबाबा में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 40 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। सामान्य बीमारियों के लक्षण वाले 36 मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं।

**इनकी रही उपस्थिति :**

श्री भगवानदास रामनानी, श्री मनोज पांडे, श्री उमेश दहिया, श्री पीयूष पांडे, श्री विमल नामदेव, श्री जय रामनानी, श्रीमती यशोदा गुप्ता, श्रीमती माया कुशवाहा, श्री चंद्रपाल त्रिपाठी, श्री रामलखन अग्रवाल, श्रीमती अंजना साहू, श्री राजू केशरवानी, श्री घनश्यामदास रामनानी, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री अनिल सैनी, श्री अमर सिंह परिहार, श्री विजय सिंह पटेल सहित सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक एवं ग्रामीणजन



23 प्रकार की जाँच करते डॉक्टर



## कार्यक्रम : पौधारोपण अभियान

दिनांक : 27 मार्च, 2025 ( गुरुवार )
कार्यक्रम स्थल : संतोषी माता मंदिर, सतना, ( म.प्र. )

### डॉ. राकेश मिश्र जी की प्रेरणा से आस्था क्लीनिक की संचालिका डॉ. पूनम श्रीवास्तव ने अपने 06 माह के पोते के जन्म पर पौधारोपण किया।

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलाए जा रहे अभियान अपना सपना हरा भरा सतना अभियान के अंतर्गत गुरुवार को संतोषी माता मंदिर जे.आर.बिड़ला रोड में श्रीमती पूनम श्रीवास्तव जी के द्वारा अपने 06 माह के पोते के जन्म पर जामुन के पौधे का पौधारोपण किया गया।

### भगवान श्रीकृष्ण के गहरे श्यामवर्ण की तुलना जामुन के रंग से की जाती है व इसको रामफल भी कहा जाता है: श्रीमती मनीषा सिंह

श्रीमती मनीषा सिंह जी ने कहा कि भारतीय परंपराओं में जामुन श्रद्धा-कर्म और पितृ तर्पण में जामुन के पत्तों का उपयोग पितरों को अर्पण किए जाने वाले जल में किया जाता है व गुरु पूर्णिमा व बटसावित्री व्रत में जामुन के फल और पत्ते का विशेष रूप से प्रयोग किया जाता है। कृषि और धार्मिक स्थानों पर इसे शुभ मानकर मंदिरों के पास लगाया जाता है, ज्योतिष और वास्तु के अनुसार नकारात्मक ऊर्जा को हटाने के लिए जामुन का वृक्ष घरों में लगाया जाता है।

डॉ. श्रीमती पूनम श्रीवास्तव जी के द्वारा अपने 06 वर्ष के पोते के जन्म के अवसर पर जामुन के पौधे का पौधारोपण किया गया। अगर इसी प्रकार हर व्यक्ति की सोच हो जाए तो वो दिन दूर नहीं जब अपना सतना हरा-भरा सतना कहलायेंगे।

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है : डॉ. पूनम श्रीवास्तव

ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा हमारे पोते के जन्म के अवसर पर पौधारोपण किया गया।

इससे पहले भी पिछले वर्ष पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा मैंने अपने जन्मदिवस के अवसर पर पौधारोपण किया था। यह हम लोगों के लिए गर्व का विषय है कि हमारे सतना शहर में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सतना शहर को हरा-भरा करने के उद्देश्य से प्रतिदिन शहर में पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है।






वृक्षारोपण करते न्यास कार्यकर्ता एवं डॉ. पूनम श्रीवास्तव परिवार

## कार्यक्रम : चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल स्वास्थ्य शिविर

**दिनांक : 29 मार्च, 2025 ( रविवार )**

**कार्यक्रम स्थल : बी.एल. स्कूल डिलौरा-65, सतना, ( म.प्र. )**

### "पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का अभिनव अभियान : आपके द्वार-आपका अस्पताल"

सतना वार्ड क्रमांक 37 में 185 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण एवं 173 मरीजों कों दी गई मुफ्त में दवाइयां

पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सही मायने में मानवता की हो रही है सेवा : श्री राजू दहिया

चलता फिरता अस्पताल-आपका अस्पताल आपके द्वार मरीजों को मिल रहा है लाभ : श्री मोहनलाल सेन

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा चलता फिरता मुफ्त अस्पताल, आपका अस्पताल आपके द्वार योजना अंतर्गत बी.एल.स्कूल डेलोरा-65, माता वैष्णो मंदिर के पास 35, कोलन बस्ती डेलोरा-37 एवं दुर्गा नगर बाईपास में वार्ड 48 में कुल 185 मरीजों का हुआ स्वास्थ परीक्षण एवं जुखाम, बुखार व सामान्य रोगों के 173 मरीजों को दी गई मुफ्त में दवाइयां।

सेवा न्यास के मीडिया प्रभारी श्री राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया कि सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी के द्वारा ऐसे मरीजों के लिए जो समय व आर्थिक अभाव के कारण अस्पताल में जाकर अपना इलाज कराने में सक्षम नहीं है ऐसे मरीजों के लिए चलता फिरता अस्पताल योजना चल रही है।

चलता फिरता मुफ्त अस्पताल के द्वारा सेवा बस्तियों में निवास करने वाले मरीजों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सही मायने में मानवता की हो रही है सेवा : श्री राजू दहिया

दुर्गा नगर बाईपास निवासी राजू दाहिया ने कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा सही मायने में की जा रही है।

मरीजों के निवास में पहुंचकर 23 प्रकार की निःशुल्क जाँचों के उपरांत पीड़ित मरीजों को मुफ्त में दवाइयां भी दी जा रही हैं।

चलता फिरता अस्पताल आपका अस्पताल आपके द्वार मरीजों को मिल रहा है लाभ : श्री मोहनलाल सेन बी. एल. स्कूल के संचालक मोहनलाल सेन ने अपना

स्वास्थ्य परीक्षण करवाने के उपरांत कहा कि चलता फिरता अस्पताल योजना के अंतर्गत मरीजों को लाभ मिल रहा है। डॉ. राकेश मिश्र जी द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

सभी नगर वासियों को सेवा न्यास कार्यकर्ताओ का सहयोग करना चाहिए।

**इनकी रही उपस्थिति :**

श्री मोहन लाल सेन, श्री पुष्पेंद्र दहिया, श्री राजेंद्र मिश्रा, श्री दिलीप गुप्ता, श्री यश गुप्ता, श्री अंकित कुशवाहा, श्री शशि कुशवाहा, श्रीमती उर्मिला विश्वकर्मा, श्री राजू दहिया, श्रीमती मनीषा सिंह, श्रीमती रश्मि सैनी, श्री अनिल सैनी, श्री विजय सिंह पटेल, श्री विमल नामदेव, श्री राजेश त्रिपाठी नीलू एवं सेवा न्यास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






*चलता फिरता मुफ्त अस्पताल द्वारा जाँच कराते ग्रामीण जन*



## कार्यक्रम : गंगाजल पूजन एवं वितरण शुभारंभ

**दिनांक : 30 मार्च, 2025 ( रविवार )**
**कार्यक्रम स्थल : नेह निकुंज बम्हनगवां, सतना, ( म.प्र. )**

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का गंगाजल वितरण का अनोखा अभियान शुरू : श्री योगेश ताम्रकार ( महापौर )

डॉ. राकेश मिश्र अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा नेह निकुंज बम्हनगवां में गंगाजल का पूजन कार्यक्रम किया गया।

सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र जी ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिल्ली से जुड़कर उपस्थित श्रद्धालुओं व भक्तजनों को संबोधित करते हुए कहा कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा महाकुंभ प्रयागराज संगम का पवित्र गंगाजल वितरण अभियान समाज में समरसता स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने आगे कहा कि आज सेवा न्यास मुख्यालय में गंगाजल का पूजन करते सतना महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी, श्री मणिकांत माहेश्वरी जी (अध्यक्ष, संस्कार भारती), श्री राजेश 'पालन' चतुर्वेदी जी (स्पीकर), श्री मक्खन गोयल जी (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम, एकल विद्यालय, बैंगलुरु), श्रीमती शांति पटेल जी (जिला संयोजक) सतना एवं सेवा न्यास के कार्यकर्ताओं ने भजन गाकर गंगा मैया का आव्हान किया।

डॉ. राकेश मिश्र ने आगे कहा कि यह गंगा जल की 250 मिली। की शीशी श्रीराम नवमी शोभायात्रा में वितरित की जाएगी।जो लोग प्रयागराज नहीं पहुंच सके इउनके लिये यह भेंट संस्कृति संवर्धन अभियान का हिस्सा है।

### पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का गंगाजल वितरण का अनोखा अभियान शुरू : श्री योगेश ताम्रकार महापौर

सतना नगर के प्रथम नागरिक योगेश कुमार ताम्रकार महापौर नगर निगम ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी ने प्रयागराज महाकुंभ में 45 दिनों तक आयोजित शिविर में हजारों लोगों ने आश्रय लिया और कडाके की ठंड में भी लोगों को भोजन, चायपान सहिते सर्वसुविधा युक्त व्यवस्था की जितनी प्रशंसा की जाये वह कम है। आज उसी के अनुपालन में जो लोग नहीं पहुंच पाये उनके लिए भी हर घर गंगाजल प्रदान करने के लिए यह आयोजन किया गया है। आज गंगा यमुना सरस्वती मैया की विधिवत पूजा की गई है।

समाज सेवा के क्षेत्र में डॉ. राकेश मिश्र जी हमेंशा से नित्य नए प्रयोगों के लिए जाने जाते हैं पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का अनोखा अभियान शुरू किया गया है।

सभी नगर वासियों को सेवा न्यास का सहयोग करना चाहिए और अपने-अपने घरों में गंगाजल को प्रतिष्ठित करना चाहिए।

डॉ. राकेश मिश्र सेवा के बने पर्याय : श्री मणिकांत माहेश्वरी

संस्कार भारती के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी सेवा के पर्याय बन चुके हैं। हम सबके लिए वह नगर वासियों के लिए बड़े ही गौरव का विषय है कि पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के द्वारा ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है।

सेवा न्यास के द्वारा प्रेरणादायक किया जा रहा है कार्य: श्री राजेश चतुर्वेदी पालन स्पीकर

नगर निगम स्पीकर श्री राजेश चतुर्वेदी पालन ने कहा कि सेवा न्यास के द्वारा प्रेरणादायक कार्य किया जा रहा है।

स्पीकर श्री राजेश चतुर्वेदी पालन ने आगे कहा कि पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में मुझे अनेकों बार कार्यक्रमों में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है डॉ. राकेश मिश्रा एवं सेवा न्यास परिवार को हमारी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं और भविष्य में आने वाली पीढ़ी सेवा न्यास की गतिविधियों से प्रेरणा लेकर कार्य करेगी।

**इनकी रही उपस्थिति :**

महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी, श्री मणिकांत माहेश्वरी जी, श्री अजय मिश्रा जी, श्री राजीव व्यास जी, श्री प्रेमलाल शर्मा जी, श्री शिवम् बड़ौलिया, श्री अनिल द्विवेदी जी, श्री कपिलकांत केवट जी, श्री अनिल सैनी जी, श्री कमलेश्वर अग्रवाल जी, श्री शत्रुघ्न प्रताप, श्री अमरजीत कुशवाहा जी, श्री अनिल द्विवेदी जी, श्री अनुराग तिवारी जी, श्री राजेश त्रिपाठी जी, विजय सिंह पटेल।

श्रीमती मनीषा सिंह जी, श्रीमती शीलम सैनी जी, श्रीमती रश्मि सैनी जी, श्रीमती प्रिया त्रिपाठी जी, श्रीमती कीर्ति रतवानी जी, श्रीमती पूनम यादव जी, श्रीमती आरती मंडल जी, श्रीमती ममता गुप्ता जी, श्रीमती शर्मिला सिंह, श्रीमती संगीता मल्लाह जी, श्रीमती मंजू विश्वकर्मा, श्री सुरेंद्र बर्मन जी, श्री जीतू सिंह आदि उपस्थित रहे।



*कार्यक्रम का शुभारंभ एवं मां गंगा का आव्हान करते महापौर श्री योगेश ताम्रकार जी, श्री मणिकांत माहेश्वरी जी, श्री अजय मिश्रा जी, श्री राजीव व्यास जी, श्री राजीव व्यास जी, श्रीराम नवमी शोभायात्रा में भेंट हेतु पवित्र गंगा जल*



*न्यास कार्यकर्ताओं द्वारा गंगा जल भरते हुये*

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

"चलता फिरता मुफ्त अस्पताल का विवरण"
(1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक का विवरण)

| क्र. | दिनांक | समय | क्षेत्र का नाम | मरीजो की संख्या | दवाई वितरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30.07.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | पन्ना नाका उमरी | 2 | 2 |
| 2 | 01.08.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | सतना | 7 | 5 |
| 3 | 02.08.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | पन्ना नाका उमरी | 102 | 29 |
| 4 | 03.08.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | नई बस्ती, खामा खूजा, सिविल लाईन, संग्राम कालोनी, टिकुरिया टोला, झुग्गी झोपड़ी | 41 | 15 |
| 5 | 04.08.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | हरिजन बस्ती, कृपालपुर | 40 | 9 |
| 6 | 06.08.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | आई.टी.आई. मैदान,बिरला सीमेंट प्लांट,हनुमान नगर नई बस्ती,कृपालपुर हरिजन बस्ती, कृपालपुर वार्ड नं. 16, रामना टोला, | 278 | 75 |
| 7 | 07.08.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | शा. कन्या महाविद्यालय सतना | 74 | 12 |
| 8 | 08.08.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | विट्स कालेज सतना | 20 | 0 |
| 9 | 20.10.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | एल.आई.सी. ऑफिस नई बस्ती, दुर्गानगर नई बस्ती | 52 | 40 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 21.10.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | टिकुरिया टोला वार्ड नं. 43 | 58 | 35 |
| 11 | 22.10.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | सर्किट हाउस, कृष्ण नगर हवाई पट्टी | 67 | 57 |
| 12 | 23.10.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | सेमरिया चौराहा | 58 | 34 |
| 13 | 24.10.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | कलेक्ट्रेड धवारी, महादेवा | 69 | 50 |
| 14 | 25.10.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | मल्लहान टोला गली नं. 5 | 49 | 34 |
| 15 | 09.11.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | महादेवा वार्ड नं. 30 | 61 | 42 |
| 16 | 12.12.2024 | प्रात:12.00 से 04.00 बजे तक | कोठी | 71 | 66 |
| 17 | 22.03.2025 | प्रात:11.00 से 03.00 बजे तक | बी.एल. हाईस्कूल, वार्ड क्रमांक 37 डिलौरा, सतना | 87 | 53 |
| 18 | 23.03.2025 | प्रात:11.00 से 03.00 बजे तक | वार्ड नं. 37 राजेश दाल मिल के पास वैष्णो मंदिर टिकुरिया टोला, सतना | 40 | 28 |
| 19 | 29.03.2025 | प्रात:11.00 से 03.00 बजे तक | बी.एल.स्कूल डेलोरा-65, सतना (म.प्र.) | 185 | 173 |
| | | | **कुल संख्या** | **1361** | **759** |

# पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित मैराथन-सूची

| क्र. | दिनांक | मैराथन का नाम | मैराथन स्थल | प्रतिभागियों की संख्या | महिला/पुरुष | स्थान | मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 12 जनवरी, 2021 (मंगलवार) | बुंदेलखंड मैराथन-2021 | पं. बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम, छतरपुर (म.प्र.) से प्रारम्भ होकर पं गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर धवर्रा | 2263 | 30KM-1241<br>10KM-981<br>07KM- 41<br>MALE-2098<br>FEMALE-165 | धवर्रा | (1) श्री हरीश द्विवेदी जी, (राष्ट्रीय मंत्री) एवं सांसद, बस्ती (उ.प्र.<br>(2) श्री संजीव चौरसिया जी (विधायक, दीघा (पटना) एवं सह-प्रभारी, उ.प्र.भाजपा)<br>(3) श्री गंगाचरण राजपूत (पूर्व सांसद,हमीरपुर)<br>(4) श्री हरिशंकर खटीक (पूर्व मंत्री म.प्र एवं महामंत्री भाजपा)<br>(5) श्री पी.एल. तंतुवाय (विधायक)<br>(6) श्री पुष्पेंद्र चंदेल (सांसद)<br>(7) श्री दया शंकर सिंह (प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा,उ.प्र.)<br>(8) श्री जीतेंद्र सिंह (जिलाध्यक्ष) |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 05 दिसंबर, 2021 (रविवार) | सतना हाफ मैराथन : 2021 (द्वितीय संस्करण) | दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, जवाहर नगर, सतना (म.प्र.) | 2186 | 21KM-212<br>10KM-760<br>05KM-1214<br>MALE-1766<br>FEMALE-420 | सतना | (1) श्री रामखेलावन पटेल (राज्य मंत्री, मध्य प्रदेश शासन)<br>(2) श्री गणेश सिंह, (सांसद)<br>(3) श्री योगेश ताम्रकार (महापौर, सतना)<br>(4) डॉ. सुनीता गोदरा<br>(5) श्री नरेंद्र त्रिपाठी (जिलाध्यक्ष)<br>(6) श्री विनोद तोमर<br>(7) श्री ए.के. सोनी (चेयरमैन, एकेएस. यूनिवर्सिटी<br>(8) श्री दिलीप चौरसिया (प्रयागराज) |
| 3 | 20 नवम्बर, 2022 (रविवार) | सतना हाफ मैराथन : 2022 (तृतीय संस्करण) | दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम, जवाहर नगर, सतना (म.प्र.) | 1411 | 21KM-135<br>10KM-304<br>05KM-972<br>MALE-1075<br>FEMALE-336 | सतना | (1) श्री गिरीश गौतम, (विधानसभा अध्यक्ष, मध्य प्रदेश)<br>(2) श्री योगेश ताम्रकार (महापौर, सतना)<br>(3) डॉ. सुनीता गोदरा<br>(4) श्री रामखेलावन पटेल (राज्य मंत्री, मध्य प्रदेश शासन)<br>(5) श्री गणेश सिंह, (सांसद)<br>(6) श्री जीतेंद्र लटौरिया (अध्यक्ष, खादी एवं ग्रामोद्दोग म.प्र.) |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 03 सितम्बर, 2023 (रविवार) | सतना हाफ मैराथन : 2023 (चतुर्थ संस्करण) (आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत) | शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्यंकट क्र.-1, का खेल मैदान, सतना (म.प्र.) | 2648 | 21KM-111<br>10KM-261<br>05KM-2276<br>MALE-1957<br>FEMALE-689<br>OTHER-02 | सतना | (1) श्री रामखेलावन पटेल (राज्य मंत्री, मध्य प्रदेश शासन)<br>(2) डॉ. संजय मयूख, भाजपा राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी<br>(3) श्री पुष्पेंद्र नाथ पाठक (पूर्व विधायक)<br>(4) श्री गौरी शंकर वर्मा (विधायक उरई)<br>(5) श्रीश्रीकांत चतुर्वेदी<br>(6) श्री संजय तीर्थवानी (मंडल अध्यक्ष)<br>(7) श्री सतीश सुखेजा (अध्यक्ष, विंध्य चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज) |
| | 08 सितम्बर, 2024 (रविवार) | "सतना हाफ मैराथन: 2024 (पंचम संस्करण) " | शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, व्यंकट क्र.-1, का खेल मैदान, सतना (म.प्र.) | 3227 | 21KM-95<br>10KM-216<br>05KM-2916<br>MALE-1825<br>FEMALE-1402 | सतना | (1) डॉ. वीरेन्द्र कुमार, केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार<br>(2) श्रीमती प्रतिमा बागरी, राज्य मंत्री नगरीय प्रशासन<br>(3) श्री सुरेन्द्र गहरवार, विधायक, चित्रकूट<br>(4) श्री योगेश कुमार ताम्रकार जी, महापौर, सतना (म.प्र.) |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | (5) श्रीमती सुष्मिता डॉ. पंकज सिंह जी, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत, सतना (म.प्र.)<br>(6) श्री युवराज कुमार जी, (फिल्म अभिनेता, मुंबई)<br>(7) श्री संजीव कुमार जी, (सदस्य, आयुष राजभाषा विभाग)<br>(8) श्री अनंत कुमार सोनी जी,चेयरमैन, ए.के.एस. यूनिवर्सिटी,सतना (मध्य प्रदेश)<br>(9) डॉ. राजेश सर्वज्ञ जी, अध्यक्ष विवेकान्द यूथ कनेट, मैराथन विशेषज्ञ, मुंबई<br>(10) श्री सतीश सुखेजा जी, अध्यक्ष, विंध्य चैम्बर आफ कामर्स<br>(11) श्री अनुराग वर्मा, कलेक्टर सतना<br>(12) श्री आसुतोष गुप्ता, एस.पी., सतना<br>(13) श्री दुर्गा दीक्षित, टीकमगढ<br>(14) श्री देवेन्द्र पांडे, मैहर |
| **योग** | | | | | | | |

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित व्याख्यानमालाओं का विवरण :
## ( 23.10.2017 से 22.12.2024 तक )

1. **प्रथम व्याख्यानमाला दिनांक : 23.10.2017 को छतरपुर में**
   स्थान : ऑडिटोरियम हॉल, छतरपुर (म.प्र.)
   **विषय : 'तपस्वी जीवन का आधुनिक स्वरूप'**
   मुख्य वक्ता—श्री शिवराम समदडिया (क्षेत्र प्रचारक प्रमुख-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ)
   अतिथि—श्री उमाशंकर पचौरी (संयुक्त महामंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल, ग्वालियर)
   अध्यक्षता—श्री भालचंद्र नातू (विभाग संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, छतरपुर)

2. **द्वितीय व्याख्यानमाला दिनांक : 30.12.2018 को छतरपुर में**
   स्थान : किशोर सागर ऑडिटोरियम हॉल, छतरपुर (म.प्र.)
   **विषय : 'आदर्श व्यक्त्वि : प्रेरणा की आवश्यकता'**
   मुख्य वक्ता—श्री रामाशीष जी (वरिष्ठ संघ प्रचारक, काशी)
   अध्यक्षता—प्रो. जे.पी. वैशंपायन, कुलपति, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी (उ.प्र.)

3. **तृतीय व्याख्यानमाला दिनांक : 15.11.2019 को छतरपुर में**
   स्थान : नगर पालिका सभागार, किशोर सागर तालाब के पास, छतरपुर (म.प्र.)
   **विषय : 'राष्ट्र व शिक्षा-भारतीय दृष्टिकोण का प्रतिस्थापन'**
   मुख्य वक्ता—सुश्री इंदुमति काटदरे, कुलपति, पुनरुत्थान विद्यापीठ, अहमदाबाद (गुजरात)
   अध्यक्षता—डॉ. अखिलेश गुमाश्ता, प्रख्यात सेवाधर्मी चिकित्सक, जबलपुर (म.प्र.)

4. **चतुर्थ व्याख्यानमाला दिनांक : 13.12.2020 को छतरपुर में**
   स्थान : महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम, किशोर सागर तालाब के पास, छतरपुर (म.प्र.)
   **विषय : 'भारतीय प्राचीन काल गणना : ऐतिहासिक महत्त्व व वैज्ञानिक विश्लेषण'**
   मुख्य वक्ता—डॉ. मोहन यादव, उच्च शिक्षा मंत्री, मध्य प्रदेश शासन
   प्रास्ताविक भाषण—डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

5. **पंचम व्याख्यानमाला दिनांक : 26.12.2021 को छतरपुर में**

स्थान : न्यू बॉटनी हॉल, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.)

**विषय : 'बदलते परिवेश में संयुक्त परिवार की आवश्यकता।'**

मुख्य वक्ता—प्रो. टी.आर. थापक, कुलपति, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर

प्रास्ताविक भाषण—डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

6. **षष्टम् व्याख्यानमाला दिनांक : 30.12.2022 को छतरपुर में**

स्थान : नगर पालिका सभागार, किशोर सागर तालाब के पास, छतरपुर (म.प्र.)

**विषय : 'समाज में सनातन संस्कृति का प्रभाव और उसकी प्रासंगिकता।'**

मुख्य वक्ता—पद्मश्री डॉ. कपिल तिवारी, भोपाल

अध्यक्षता—श्री वीरेन्द्र असाटी, (विभाग सह संघचालक, छतरपुर)

प्रास्ताविक भाषण—डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

7. **सप्तम व्याख्यानमाला दिनांक : 30.12.2023 को छतरपुर में**

स्थान : महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम, किशोर सागर तालाब के पास, छतरपुर (म.प्र.)

**विषय : 'राम राज्य, सुराज एवं सुशासन।'**

मुख्य वक्ता—पूज्य अनंत विभूषित जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री स्वामी रामराजेश्वराचार्य जी महराज (माउली सरकार) पीठाधीश्वर श्री रुक्मिणी विदर्भ पीठ, कौडन्यपुर, अमरावती (महाराष्ट्र)

अध्यक्षता—श्री उमाशंकर पांडे, पद्म सम्मान से अलंकृत, जल योद्धा, जल ग्राम जखनी, बांदा (बुंदेलखंड)

विशिष्ट अतिथि—श्री दयानिधि उर्मलिया, जबलपुर (म.प्र.)

प्रास्ताविक भाषण—डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास

8. **अष्टम् व्याख्यानमाला दिनांक : 22.12.2024 को छतरपुर में**

स्थान : महाराजा छत्रसाल ऑडिटोरियम, किशोर सागर तालाब के पास, छतरपुर (म.प्र.)

**विषय : 'वर्तमान में सनातन धर्म की महत्ता।'**

मुख्य वक्ता—डॉ. श्रेयांश द्विवेदी जी, (संस्थापक कुलपति, महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल, हरियाणा) (पूर्व उपाध्यक्ष हरियाणा संस्कृत अकादमी पंचकूला)

विशिष्ट अतिथि—श्री दयानिधि उर्मलिया, संगठन मंत्री, प्राध्यापक परिषद ERDC

प्रास्ताविक भाषण—डॉ. राकेश मिश्र, अध्यक्ष पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, महाकोशल


।। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः ।।
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
योजनांतर्गत सर्व सुविधा युक्त
चलता-फिरता मुफ्त अस्पताल
'आपके द्वार - आपका अस्पताल'
23 प्रकार की मुफ्त जाँचें व तुरंत प्रिंट रिपोर्ट मिलेगी।
जरूरत की दवाइयों का निःशुल्क वितरण होगा।
सुविधाएँ
1 ऊँचाई
2 वजन
3 बुखार की जाँच
4 ऑक्सीजन लेवल की जाँच
5 $O_2$ नाड़ी की गति
6 उच्च रक्तचाप
7 निम्न रक्तचाप
8 बीएमआई
9 बीएमआर (मैटाबॉलिज्म)
10 शरीर में पानी की मात्रा की जाँच
11 वसा रहित वजन - शरीर का वजन
12 मांसपेशियों की जाँच
13 कंकाल की मांसपेशी की जाँच
14 शरीर की चर्बी की जाँच
15 उप वसा की जाँच
16 आंत की चर्बी की जाँच
17 हड्डी की जांच
18 प्रोटीन मात्रा की जाँच
19 मेटाबॉलिक आयु
20 शारीरिक रेटिंग
21 स्वास्थ्य स्कोर
22 आँख की जाँच
23 कान की जाँच
डॉ. राकेश मिश्र
अपने मोहल्ले, गाँव व शैक्षणिक संस्थानों में प्रारंभिक चिकित्सा जाँच हेतु संपर्क करें।
कार्यालय : 'नेह निकुंज', बम्हनगवाँ, रीवा रोड, सतना (म.प्र.)
gpmanyas@gmail.com gpmsevanyas.org gpmsevanyas gpmanyas
संपर्क : 9311563100, (07672) 351005



सतना हाफ मैराथन
के आयोजन के प्रसंग
सतना हॉफ मैराथन
5144 धावक हुए शामिल
नगर
अंतरराष्ट्रीय रामलीला का भव्य शुभारंभ
परामर्शः डॉ. राकेश मिश्र
डॉ. डी.के. सिंह
बड़ी सौग़ातः योगेश ताम्रकार
हिन्दुस्तान एक्सप्रेस
प्रसाद मिश्र सेवा न्यास का नर सेवा- नारायण सेवा अभियान का


स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित थे दद्दा जी
दद्दा जी के सपनों को साकार कर रहा है पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास
41 स्वास्थ्य शिविरों का वृहद आयोजन
प्रेरणामूर्ति स्व. पं गणेश प्रसादजी मिश्र : एक तपस्वी जीवन
जन्मतिथि
स्मृतिशेष
496 मरीजों का हु
जनसेवा
City भास्कर
वैज्ञानिक पद्धति से खेती के साथ पशुपालन पर किसान जोर दें-उप मुख्यमंत्री पाठ
धवारी में आयोजित हुआ समृद्ध बुन्देलखण्ड किसान सम्मेलन
05
जन जन जागरण
अपना सपना - हरा भरा सतना अभियान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी के जन्मदिवस पर हुआ पौधा


हिन्दुस्तान एक्सप्रेस
समृद्ध किसान – समृद्ध बुंदेलखंड सम्मेलन हेतु
धवर्रा में किसान महाकुंभ की तैयारियां पूर्ण
पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा सप्तम
पुण्य स्मृति पर आयोजित हुए भव्य कार्यक्र
राम जी के सेवकों की सेवा भावना हुई सम्मानि
नजरिया
शिक्षित समाज के निर्माण का मार्ग दिखा गए पं. गणेश प्रसाद मिश्र (दद्दा जी)


6/21
रामायण का तीन
आयोजन 14 से
हिन्दुस्तान एक्सप्रेस
स्मृति पर आयोजित
का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, 49 मरीज को दी गई मुफ्त दवाइयां
मुफ्त अस्पताल योजना बहुत ही अच्छी योजना है: प्रेमलाल
हिन्दुस्तान एक्सप्रेस
अपना सपना - हरा भरा सतना अभियान में भाजपा जिला अध्यक्ष संजय तीर्थवानी के जन्मदिवस पर हुआ पौधारोपण


नगर में तिरंगा ध्वज की आकृति आ रही है न
: डॉ वीरेंद्र कुमार केंद्रीय मंत्री भारत सरक
डॉ. राकेश मिश्र के माग
प्रतिभाओं का हुआ स
निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का प्रचार प्रसा
08 सितंबर को आयोजित होगी सतना हाफ मैराथन
राज्यों के 96 जिलों से 5144 धावक सतन
चलता फिरता मुफ्त अस्पताल द्वारा बिरला सीमेंट फैक्ट्री लेबर गेट में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण
डॉ राकेश मिश्र हैं विशुद्ध समाजसेवी : पुष्पराज मिश्रा
श प्रसाद मिश्र जी आज
में रहे तत्पर : उपमु
अतिथियों व किसानों को अनुपम उप
हिन्दुस्तान एक्सप्रेस
सतना हाफ मैराथन : 202
के आयोजन के प्रसंग प
तनावमुक्त और शक्तियुक्त बनाती है
शरीर को स्वस्थ रखने की सहज क्रिया
सतना हाफ मैराथन ने विश्व पटल पर खींची